RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 30
लखनऊ, बुधवार, 18 नवंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



बीएफसी की दूत बनीं प्रियंका चोपड़ा
विविध-12

# आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों की तय हो जवाबदेही : प्रधानमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आतंकवाद** के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने की वकालत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अनुरोध किया कि जो भी देश इसका समर्थन करें उनकी जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी), अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) तथा विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में सुधार की मांग की।

प्रधानमंत्री मोदी ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) देशों के शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भी इस बैठक में शामिल होना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद आज विश्व के सामने सबसे बड़ी समस्या है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि आतंकवादियों को समर्थन और सहायता देने वाले देशों को भी दोषी ठहराया जाए और इस समस्या का संगठित तरीके से मुकाबला किया जाए।' मोदी ने इस बात पर खुशी

## ● यूएनएससी, आईएमएफ और डब्ल्यूटीओ में सुधार को समय की जरूरत बताई

जताई कि रूस की अध्यक्षता के दौरान ब्रिक्स ने आतंकवाद विरोधी रणनीति को अंतिम रूप दे दिया है। उन्होंने इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि करार देते हुए कहा कि भारत इस कार्य को अपनी अध्यक्षता के दौरान और आगे बढ़ाएगा।' संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इसके संस्थापक सदस्य के रूप में भारत बहुपक्षवाद का दृढ़ समर्थक रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में भी पूरे विश्व को एक परिवार की तरह माना गया है, अत: हमारे लिए संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्था का समर्थन स्वाभाविक था। संयुक्त राष्ट्र के मूल्यों प्रति हमारी प्रतिबद्धता अडिग रही है। शांति मिशन में सबसे अधिक वीर सैनिक भारत ने ही खोए हैं। किन्तु आज बहुपक्षीय प्रणाली एक संकट के दौर से गुजर रही है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक शासन प्रणाली से

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन




जुड़े संस्थानों की विश्वसनीयता और वे कितने प्रभावी हैं, इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं इसका प्रमुख कारण समय के साथ इनमें उचित बदलाव न किया जाना है। उन्होंने कहा कि ये अभी भी 75 साल पुराने विश्व की मानसिकता और वास्तविकता पर आधारित हैं।

मोदी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की आवश्यकता को 'बहुत अनिवार्य' बताया और कहा कि इस विषय पर भारत ब्रिक्स में शामिल सहयोगी देशों के समर्थन की अपेक्षा करता है। उन्होंने कहा, 'संयुक्त राष्ट्र के अतिरिक्त, कई अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भी वर्तमान वास्तविकताओं के अनुसार काम नहीं कर रही हैं। डब्ल्यूटीओ, आईएमएफ, डब्ल्यूएचओ, जैसे संस्थानों में भी सुधार होना चाहिए।' प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना के बाद की वैश्विक अर्थव्यवस्था की बहाली में ब्रिक्स देशों की अहम भूमिका होगी क्योंकि इन देशों में विश्व की 42 प्रतिशत से अधिक आबादी बसती है। उन्होंने कहा कि ये देश वैश्विक अर्थव्यवस्था के इंजनों में हैं और ब्रिक्स देशों के बीच आपसी व्यापर बढ़ाने का बहुत अवसर है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के बाद वैश्विक हिंदुस्तान ने 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत एक व्यापक सुधार प्रक्तिया शुरू की है और यह अभियान इस विश्वास पर आधारित है कि एक 'आत्मनिर्भर और लचीला' भारत कोविड-19 महामारी के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए 'फोर्स मल्टीप्लायर' हो सकता है और वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में एक मजबूत योगदान दे सकता है। उन्होंने कहा कि इसका उदाहरण हमने कोरोना महामारी के दौरान भी देखा, जब भारतीय फार्मा उद्योग की क्षमता के कारण हम 150 से अधिक देशों को आवश्यक दवाइयां भेज पाए।

हमारी वैक्सीन उत्पादन और डिलीवरी क्षमता भी इस तरह मानवता के हित में काम आएगी।' मोदी ने कहा कि 2021 में ब्रिक्स के 15 वर्ष पूरे हो जाएंगे और जब भारत इसकी अध्यक्षता करेगा तब ब्रिक्स के तीनों स्तंभों में 'इंट्रा-ब्रिक्स' सहयोग को मजबूत करने का प्रयत्न किया जाएगा। बैठक में अगले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए भारत को अध्यक्षता सौंपी जाएगी। भारत 2021 में होने वाले 13वें ब्रिक्स देशों के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। इससे पहले भारत ने 2012 और 2016 में ब्रिक्स देशों के शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की थी। ब्रिक्स देशों का यह सम्मेलन (शेष पेज 9)

# प्रदेश में 23 से खुलेंगे डिग्री कालेजों और विवि के ताले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** महामारी के चलते ऑनलाइन पैटर्न पर चल रही शिक्षण व्यवस्था के बीच 23 नवम्बर से डिग्री कालेजों से लेकर महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों के ताले खुल जाएंगे। तकरीबन आठ माह से बन्द चल रहे शिक्षण संस्थानों में शुरू में केवल 50 फीसदी स्टूडेंट्स को ही कैम्पस में बुलाने की राज्य सरकार ने अनुमति दी है। इस बाबत मंगलवार को राज्य सरकार की तरफ से यूनिवर्सिटी और डिग्री कॉलेजों को खोले जाने को लेकर दिशानिर्देश जारी कर दिए गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव मोनिका गर्ग ने सभी जिला मजिस्ट्रेट और यूनिवर्सिटीं के रजिस्ट्रार को भेजे अपने आदेश में कहा है कि क्लासेस चरणबद्ध तरीके से फिर से शुरू की जाएं। क्लासेस इस तरह से लगें कि कैंपस में छात्रों की भीड़ न एकत्र हो। अभी तक सिर्फ पीएचडी और पीजी साइंस ग्रुप के स्टूडेंट्स को ही पढ़ाई के लिए कैंपस बुलाया जा रहा था लेकिन अब सभी पाठ्यक्रमों के स्टूडेंट्स की क्लासेस कैंपस में लगेंगी। आदेश में कहा गया है कि क्लासेस का रोस्टर इस तरह तैयार किया जाएगा कि स्टूडेंट्स एक दिन के गैप पर बुलाए जाएंगे। आदेश में कहा गया कि संस्थान में यदि हॉल या कमरे बड़े हैं, तब भी अधिकतम

## ● शुरू में 50 फीसदी विद्यार्थी ही आएंगे कैम्पस, राज्य सरकार ने जारी किए आदेश

## ● दो गज की शारीरिक दूरी और मास्क का सख्ती से कराया जाएगा पालन

200 स्टूडेंट्स फेस मास्क और दो गज की शारीरिक दूरी के नियम का सख्ती से पालन करते हुए ही बैठाए जाएंगे। क्लास का आकार यदि छोटा है तो उसे और सेक्शन में बांटा जा सकेगा। स्टूडेंट्स को ऑनलाइन क्लासेस का भी विकल्प दिया जाएगा। कोर्स का एक निर्धारित हिस्सा स्टूडेंट्स ऑनलाइन ही पढ़ेंगे और ऑनलाइन क्लासेज को बढ़ावा दिया जाएगा। इस दौरान बाहरी लोगों का कैंपस में प्रवेश प्रतिबंधित होगा। कैंपस में थूकने पर भी प्रतिबंध रहेगा। अगर कोई स्टूडेंट्स थूकते हुए पकड़ा गया तो अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। कैंपस में प्रवेश द्वार पर स्टूडेंट्स की थर्मल स्क्रीनिंग के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया जाएगा। प्रयोगशालाओं में भी स्टूडेंट्स के छोटे छोटे बैच बनाए जाएंगे ताकि शारीरिक दूरी के नियमों का पालन किया जा सके। स्टूडेंट्स, शिक्षक और कर्मचारी अनिवार्य रूप से आइकार्ड पहनेंगे। बुजुर्ग, गर्भवती महिला और गंभीर रोगों से ग्रस्त कर्मचारी सीधे स्टूडेंट्स के संपर्क में नहीं आएंगे। कोविड 19 से बचाव के लिए संस्थान अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों के साथ संपर्क में रहेंगे और जागरूकता के लिए टीमें बनाएंगे। कैंपस व कक्षाओं का नियमित सैनिटाइजेशन होगा। वहीं यूनिवर्सिटी व कॉलेजों के हॉस्टल में स्टूडेंट्स को चरणबद्ध ढंग से बुलाया जाएगा। विभिन्न स्थानों से आ रहे स्टूडेंट्स को 14 दिन तक क्वारंटाइन किया जाएगा। एक कमरे में एक स्टूडेंट्स ही रहेगा। वहीं मेस में भीड़ न हो इसके लिए उसका समय बढ़ाया जाएगा। हॉल में छोटे छोटे बैच बनाकर अलग अलग समय पर स्टूडेंट्स भेजे जाएंगे। स्टूडेंट्स नकद लेन देन नहीं कर सकेंगे। उच्च शिक्षण संस्थानों में जिम को खोला जाएगा ताकि स्टूडेंट्स कसरत कर सकें लेकिन स्विमिंग पूल पूरी तरह बंद रहेंगे। स्टूडेंट्स को प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उपाय बताए जाएंगे। मानसिक तनाव से बचने के लिए काउंसलर की भी व्यवस्था रहेगी। स्टूडेंट्स मनोदर्पण नाम से बने वेब पेज और राष्ट्रीय टोल फ्री नंबर 8445440632 पर भी ऑनलाइन काउंसलिंग करा सकेंगे।

# देश के आखिरी गांव पहुंचे योगी ने जवानों का बढ़ाया हौसला



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तराखंड** यात्रा पर गए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को देश के आखिरी गांव माणा पहुंचे। सीएम योगी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के साथ भीम पुल एवं सरस्वती पुल का भ्रमण भी किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने आईटीबीपी, गढ़वाल राइफल्स और बीआरओ के जवानों से मुलाकात की। उनके राष्ट्रसेवा भाव को नमन करते हुए जवानों का मुंह मीठा कराया। आईटीबीपी के जवानों ने मुख्यमंत्री को सलामी भी दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आईटीबीपी, बीआरओ तथा गढ़वाल

## ● कहा, राष्ट्रधर्म का निर्वहन कर रहे जवानों का राष्ट्र सेवा भाव प्रेरणादायक

राइफल्स के जवानों का उत्तराखंड की विषम परिस्थितियों में अडिग रहकर इस सीमांत प्रदेश में देश की सुरक्षा करना प्रेरणास्पद है।

उन्होंने कहा कि बद्रीनाथ धाम सनातन हिन्दू धर्म का केंद्र है तो इस सीमांत गांव माणा में हमारे वीर जवान राष्ट्रधर्म का निर्वहन कर रहे हैं। आज वर्षों बाद बद्रीनाथ धाम के दर्शन के सुअवसर का लाभ मिला तो सैनिकों से मिलने का लोभ संवरण नहीं कर सका। दोनों मुख्यमंत्रियों को अपने बीच पाकर जवान भी खासे निहाल थे। जवानों ने भारत माता की जय के नारे के साथ दोनों का अभिनन्दन किया। इससे पहले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के साथ मुख्यमंत्री योगी (शेष पेज 9)

# मुख्यमंत्री ने रखी पर्यटक आवास गृह की आधारशिला

## ● 40 कमरों की क्षमता वाले आवास गृह से प्रदेश के श्रद्धालुओं को होगी सुविधा

## ● कुभ से पहले हरिद्वार में श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध होगा भागीरथी अतिथि गृह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**धर्मनगरी** अयोध्या में दिव्य दीपोत्सव का विश्व कीर्तिमान रचने के बाद देवभूमि उत्तराखंड पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को भगवान बद्रीविशाल के दर्शन कर लोकमंगल की कामना की। इस विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने बद्रीनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्यटक आवास गृह का शिलान्यास भी किया।

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से उत्तराखंड के चमोली जिले अंतर्गत तहसील जोशीमठ में स्थित श्री बद्रीनाथ धाम में एक एकड़ भूमि पर प्रस्तावित यह पर्यटक आवास गृह 40 कमरों का होगा। करीब 11 करोड़ की लागत वाले इस पर्यटक आवास गृह में रेस्टोरेंट, कॉन्फ्रेंस हाल, डॉरमेट्री और पार्किंग की सुविधा होगी। इस भवन का निर्माण गढ़वाल शैली के आर्किटेक्चर और ग्रीन बिल्डिंग के रूप में कराया जा रहा है। भगवान बद्रीनाथ के दर्शन पूजन के बाद सीएम योगी ने कहा कि पवित्र धाम भारत की सनातन आस्था का (शेष पेज 9)

# शाह ने किया सवाल तो कांग्रेस ने गुपकर गठबंधन से बनाई दूरी

## ● जम्मू-कश्मीर को फिर से आतंक के लिए युग में ले जाना चाहता है 'गुपकर गैंग': शाह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह द्वारा गुपकर गठबंधन पर सोनिया गांधी और राहुल गांधी से अपना रुख स्पष्ट करने की मांग करने के बाद कांग्रेस ने मंगलवार को गठबंधन से दूरी बनाते हुए आरोप लगाया कि इस मामले में शाह का बयान 'भ्रामक, शरारतपूर्ण और सरासर झूठ' है।

यह गठबंधन कश्मीर घाटी के नेताओं द्वारा बनाया गया है। अपने सिलसिलेवार ट्वीट में शाह ने गुपकर 'गैंग' को अपवित्र गठबंधन करार दिया और कहा कि सोनिया तथा राहुल को भारत की जनता के समक्ष अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस और गुपकर गैंग जम्मू कश्मीर को आतंक और अशांति



के युग में वापस ले जाना चाहते हैं। अनुच्छेद 370 को हटाकर हमने वहां के दलितों, महिलाओं और आदिवासियों को जो अधिकार प्रदान किए हैं उसे वे वापस लेना चाहते हैं।

यही कारण है कि उन्हें देश की जनता हर जगह से खारिज कर रही है।' शाह ने जोर देकर कहा कि जम्मू एवं कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत की जनता राष्ट्रीय हितों के खिलाफ बने 'नापाक गठबंधन' को बर्दाश्त नहीं करेगी। गुपकर गैंग या तो राष्ट्रीय भावना के अनुरूप चले, नहीं तो देश की जनता उसे डुबो देगी।' उन्होंने कहा, 'गुपकर गैंग ने भारत के तिरंगे का भी अपमान किया है। क्या सोनिया जी और राहुल जी गुपकर गैंग के ऐसे कदमों का समर्थन करते हैं? उन्हें भारत के लोगों के सामने अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। शाह पर पलटवार करते हुए कांग्रेस के प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला आरोप लगाया कि इस मामले में शाह का बयान 'भ्रामक, शरारतपूर्ण और सरासर झूठ' है।

उन्होंने कहा कि झूठ और भ्रमजाल फैलाना मोदी सरकार का तौर तरीका बन गया है। यह शर्म की बात है कि गृह मंत्री अमित शाह राष्ट्रीय सुरक्षा की जिम्मेदारी को दरकिनार कर जम्मू-कश्मीर और लद्दाख पर झूठे, भ्रामक और शरारतपूर्ण बयान दे रहे हैं। सुरजेवाला ने यह भी कहा कि कांग्रेस पीएजीडी में शामिल नहीं है और वह जम्मू-कश्मीर में जिला विकास परिषद का चुनाव लड़ रही है ताकि भाजपा का 'जनविरोधी चेहरा' बेनकाब हो सके। सुरजेवाला ने एक बयान जारी कर कहा, 'आए दिन झूठ बोलना, कपट (शेष पेज 9)

# दर्जनों बच्चों के यौन उत्पीड़न का आरोपी जेई गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** चित्रकूट, लखनऊ

**मासूम** बच्चों के साथ यौन शोषण और उनके अश्लील वीडियो इंटरनेट पर डालने के मामले में सीबीआई टीम ने जिले में सिंचाई विभाग के निर्माण खंड में तैनात अवर अभियंता रामभवन को गिरफ्तार कर लिया है। लगभग एक पखवाड़े से चल रही इस बड़ी कार्रवाई में सीबीआई टीम ने आरोपी अवर अभियंता के पास से 8 लाख रुपए नगद, आठ मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद किया है। उधर इस मामले को संज्ञान में लेते हुए जलशक्ति मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह ने आरोपी अवर अभियंता को तत्काल निलंबित करते हुए कठोरतम कार्रवाई के निर्देश सक्षम अधिकारी को दिये हैं। मिली जानकारी के मुताबिक बांदा जिले के नरैनी कस्बा का रहने वाला जेई रामभवन वर्मा पिछले एक दशक से सिंचाई विभाग में कार्यरत है। सीबीआई के अधिकारियों ने रामभवन को गिरफ्तार करने के बाद बताया कि इस अवर अभियंता पर (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 43,952 | ↑ | 314 | |
| निफ्टी | 12,874 | ↑ | 93 | |
| सोना | 50,115 | ↑ | 03 | /10g |
| चांदी | 62,023 | ↑ | 451 | /kg |

## क्विक न्यूज

### डीके ठाकुर बने लखनऊ के नए पुलिस कमिश्नर

**लखनऊ।** राज्य की योगी सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मंगलवार की देर रात लखनऊ के पुलिस कमिश्नर सुजीत पांडे को हटा दिया। उनके स्थान पर वर्ष 1994 बैच के डीके ठाकुर को लखनऊ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ठाकुर अभी तक एडीजी एटीएस के पद पर तैनात थे। सुजीत पांडे को एडीजी एटीसी सीतापुर के पद पर भेजा गया है। इसके अलावा प्रतिनियुक्ति से वापस लौटे वर्ष 1997 बैच के जीके गोस्वामी को आईजी एटीएस नियुक्त किया गया है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर वह सीबीआई में तैनात थे और यूपी वापस लौटने के बाद अभी प्रतीक्षारत चल रहे थे। वर्ष 1995 बैच के प्रतीक्षारत चल रहे आईपीएस राजकुमार को एडीजी कार्मिक मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश पद की जिम्मेदारी दी गई है।

# दो बांग्लादेशियों को आतंकवाद निरोधक दस्ते ने किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आतंकवाद** निरोधक दस्ते ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अवैध रूप से भारत में रह रहे और विदेशी लोगों के साथ संपर्क में रहे दो बांग्लादेशी सगे भाइयों को सहारनपुर से गिरफ्तार किया है। उनके पास से आधार कार्ड, चेक बुक, एम्प्लाई कार्ड, वोटर कार्ड, डेबिट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, जाति प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, पासपोर्ट फाइल नंबर, आय प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक बरामद हुई है। एटीएस दोनों अभियुक्तों को न्यायालय से पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगा। एटीएस के डीजे डीके ठाकुर ने बताया कि सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति जो भारत के निवासी नहीं हैं, विदेशी लोगों के संपर्क में आकर भारत के विरुद्ध कोई षडयंत्र रच रहे हैं। इस सूचना को एटीएस द्वारा विकसित करने पर (शेष पेज 9)

# रामायण-महाभारत सुनकर बड़े हुए ओबामा

## ● पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने ए प्रोमिस्ड लैंड नामक अपनी पुस्तक में भारत के प्रति आकर्षण के बारे में विस्तार से बताया

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा कि वह बचपन में इंडोनेशिया में गुजारे वर्षों के दौरान हिंदू महाकाव्यों रामायण एवं महाभारत की कथाएं सुना करते थे, इसलिए उनके मन में भारत के लिए हमेशा विशेष स्थान रहा है। ओबामा ने ए प्रोमिस्ड लैंड नामक अपनी पुस्तक में भारत के प्रति आकर्षण के बारे में लिखा है। उन्होंने कहा, हो सकता है कि यह उसका (भारत का) आकार है (जो आकर्षित करता है), जहां दुनिया




की जनसंख्या का छठा हिस्सा रहता है, जहां करीब दो हजार विभिन्न जातीय समुदाय रहते हैं और जहां सात सौ से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं। ओबामा ने बताया कि उन्होंने 2010 में राष्ट्रपति के रूप में भारत की पहली यात्रा की थी और वह इससे पहले कभी भारत नहीं गए थे। उन्होंने कहा, लेकिन इस देश का मेरी कल्पना में हमेशा विशेष स्थान रहा। ओबामा ने कहा, इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि इंडोनेशिया में अपने बचपन का कुछ हिस्सा मैंने हिंदू महाकाव्यों रामायण और महाभारत की कथाएं सुनते हुए बिताया या इसका कारण पूर्वी धर्मों में मेरी रुचि हो सकती है या इसका कारण कॉलेज के मेरे पाकिस्तानी एवं भारतीय मित्रों का समूह है, जिन्होंने मुझे दाल और कीमा बनाना सिखाया और मुझे बॉलीवुड की फिल्में दिखाईं। ए प्रोमिस्ड लैंड में ओबामा ने 2008 के चुनाव प्रचार अभियान से लेकर राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले कार्यकाल के अंत में एबटाबाद (पाकिस्तान) में अलकायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन को मारने के अभियान तक की अपनी यात्रा का विवरण दिया है। इस किताब के दो भाग हैं। पहला भाग मंगलवार को दुनियाभर में जारी हुआ।

## भारतीय उद्योगपतियों पर साधा निशाना

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपनी नई किताब में भारतीय उद्योगपतियों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने ठाठ बाट में राजाओं और मुगलों को भी पीछे छोड़ दिया है, जबकि लाखों लोग बेघर हैं। अमेरिका के 44वें राष्ट्रपति रहे ओबामा ने अपनी नवीनतम किताब ए प्रॉमिस्ड लैंड में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ

### ● लाखों लोग बेघर लेकिन उन्होंने ठाठ बाट में राजाओं और मुगलों को भी पीछे छोड़ दिया है: बराक

अपनी मुलाकात और अनौपचारिक बातचीत का जिक्र करते हुए भारतीय उद्योगपतियों पर सवाल उठाए। किताब में लिखा है कि सहयोगियों के बिना हुई बातचीत के दौरान सिंह ने उनसे कहा, अनिश्चितता भरे समय में, राष्ट्रपति महोदय, धार्मिक और जातीय एकजुटता का आह्वान बहकाने वाला हो सकता है और भारत में या कहीं भी राजनेताओं के लिए इसका दोहन करना बुहत कठिन नहीं है। ओबामा ने लिखा, मैंने सर हिलाते हुए, प्राग यात्रा के दौरान (चेकोस्लोवाकिया के पूर्व राष्ट्रपति) वक्लाव हवेल के साथ हुई बातचीत और यूरोप में असमानता के बढ़ते प्रकोप के बारे में उनकी चेतावनी याद की।

# जहरीली शराब कांड में दो जिला आबकारी अधिकारी हटाए गए, दो आबकारी इंस्पेक्टर व तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की राजधानी लखनऊ और फिरोजाबाद में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों पर योगी सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। इन मामलों में प्रारंभिक जांच के बाद मंगलवार की देर रात दोनों जिलों के आबकारी अधिकारियों को हटा दिया गया है जबकि दो आबकारी निरीक्षकों को निलंबित कर आबकारी आयुक्त इलाहाबाद कार्यालय से संबद्ध किया गया है। मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में लखनऊ के पुलिस आयुक्त सुजीत पांडे द्वारा इंस्पेक्टर बंथरा रमेश रावत, दरोगा गोपी श्याम और सिपाही प्रभाशंकर प्रजापति को निलंबित कर दिया गया है। बंथरा के लतीफनगर और रसूलपुर गांव में जहरीली शराब पीने से छह लोगों की मौत हुई (शेष पेज 9)

# अभियान चलाकर श्रमिकों का पंजीयन व नवीनीकरण कराएं

● सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाओं का लाभ श्रमिकों को उपलब्ध कराने के निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक निर्माण श्रमिकों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि निर्माण श्रमिक बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें, इसके लिए अभियान चलाकर श्रमिक पंजीयन एवं श्रमिक नवीनीकरण की कार्यवाही की जाए। इस सम्बन्ध में प्रदेश के श्रम विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी जानकारी के अनुसार वर्तमान में वैश्विक महामारी कोविड-19 के दृष्टिगत उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा श्रमिक पंजीयन एवं नवीनीकरण हेतु निर्धारित शुल्क में 30 नवम्बर तक छूट प्रदान की गयी है। इसके अंतर्गत आगामी 30 नवम्बर तक पंजीयन शुल्क, नवीनीकरण शुल्क एवं विलम्ब शुल्क में शत प्रतिशत छूट देते हुये इसे निःशुल्क कर दिया गया है। प्रदेश में अब तक 65,92,852 निर्माण श्रमिकों का पंजीयन किया जा चुका है।

### छठ पर्व पर घाटों की साफ-सफाई सहित सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश

**लखनऊ।** सीएम योगी ने छठ पर्व के दृष्टिगत घाटों की साफ-सफाई सहित सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि छठ पर्व लोक आस्था के साथ ही, प्रकृति के प्रति हमारी भावनाओं को उजागर करता है। पूरी सात्विकता और आत्मिक शुद्धि के साथ मनाया जाने वाला यह पर्व सामाजिक समरसता का पर्व भी है। मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास पर आहूत एक बैठक में छठ पर्व के आयोजन के सम्बन्ध में की जा रही तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

# अधिक पॉजिटिव केस वाले जिलों में टेस्टिंग टारगेट की करें समीक्षा

## हवाई जहाज, प्रमुख ट्रेनों व बसों से आने वालों का रैण्डम एन्टीजन टेस्ट कराया जाए: मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कोविड-19 की समीक्षा बैठक में 5 प्रतिशत या उससे अधिक पॉजिटिव केसेज वाले जिलों में टेस्टिंग टारगेट्स को रिव्यू करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में अधिक संख्या में पॉजिटिव केसेज आ रहे हैं। वहां कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग को बढ़ाया जाए तथा फोकस्ड टेस्टिंग की जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि दिल्ली में पॉजिटिव केसे बढ़ रहे हैं अतः सीमावर्ती जनपदों में विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। बाहर से आने वाली प्रमुख ट्रेनों, हवाई जहाज एवं बसों के पैसेंजर्स की भी रैण्डम आधार पर एण्टीजन टेस्ट किया जाये। उन्होंने प्रमुख रेलवे स्टेशनों में कोविड हेल्प डेस्क स्थापित कर प्रमुख ट्रेनों से उतरने वाली सवारियों की रैण्डम टेस्टिंग करने के लिए जरूरी इंतजाम करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कोविड चिकित्सालयों में पर्याप्त स्टॉफ, दवाएं, ऑक्सीजन, बेड्स अन्य जरूरी उपकरणों की उपलब्धता रहे तथा इसकी नियमित मॉनीटरिंग भी की जाये। इसके अतिरिक्त कोविड चिकित्सालयों में तैनात एवं राउण्ड पर जाने वाले चिकित्सकों का राउण्ड लेने के समय नोटिस बोर्ड में चस्पा किया जाए तथा सभी चिकित्सक अपने नाम का बैज भी लगाएं ताकि मरीज को यह पता रहे कि किस चिकित्सक ने कब विजिट किया है। इसके अलावा ड्यूटी पर तैनात पैरा मेडिकल स्टॉफ भी अपने नाम का बैज लगाएं। उन्होंने कहा कि सभी कोविड हॉस्पीटल्स में अलग से 1-1 अधिकारी तैनात किया जाए जो कि सीसीटीवी फुटेज व वीडियो रिकॉर्डिंग को चेक कर नियमित रूप से अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें कि डॉक्टर्स एवं पैरा मेडिकल स्टॉफ द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल एवं जरूरत के अनुसार मरीज को देख रहे हैं इससे मरीज को भी संतुष्टि होगी।

मुख्य सचिव ने कहा कि जिन जिलों से अधिक पॉजिटिव केस आ रहे हैं उनकी गूगल मैपिंग भी कराई जाए तथा कान्टेक्ट ट्रेसिंग बढ़ाकर फोकस्ड टेस्टिंग पर बल दिया जाए। कोविड-19 के फलस्वरूप मृत्यु के मामलों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि मृत्यु के सभी प्रकरणों का सर्विलांस चेक कराया जाए।

### कांटेक्ट ट्रेसिंग की रणनीति ने रोकी यूपी में कोरोना की रफ्तार

● डब्लूएचओ ने कहा यूपी सरकार की रणनीति दूसरे राज्यों के लिए नजीर

**लखनऊ।** कोरोना संक्रमण से बचाव में योगी प्रदेश सरकार की रणनीति की विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने सराहनीय बताया है। डब्लूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश सरकार ने कोरोना पीड़ित मरीजों के सम्पर्क में आए 93 प्रतिशत लोगों की कांटेक्ट ट्रेसिंग कर कोरोना की रफ्तार पर लगाम कसी है। कोविड 19 बचाव के लिए यूपी सरकार ने जो कांटेक्ट ट्रेसिंग की रणनीति अपनाई है। वह दूसरे प्रदेशों के लिए नजीर बन सकती है।

मुख्यमंत्री की पहल पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए शुरुआत से ही ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार यूपी में कोरोना के 474054 सक्रिय केस हैं। देश की जनसंख्या के हिसाब से सबसे बडा प्रदेश होने के बावजूद कोविड-19 संक्रमण को रोकने के लिए यूपी सरकार ने जो कदम उठाए हैं, वह दूसरी सरकारों को आईना दिखाने वाले है। यूपी सरकार के राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य निगरानी परियोजना ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर कोविड.19 संक्रमण की रोकथाम के लिए यूपी के 75 जिलों में 800 चिकित्सा अधिकारियों की तैनाती की, जिन्होंने 1 से 14 अगस्त के बीच 58 हजार लोगों की जांच की। प्रदेश सरकार के राज्य निगरानी अधिकारी डॉ विकासेंदु अग्रवाल बताते हैं कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए पूरे उत्तर प्रदेश में 70000 से अधिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता फ्रंट लाइन पर काम कर रहे हैं। जो कोविड.19 बीमारी से ग्रस्त अत्यंत गंभीर मरीजों तक पहुंच कर उनके सम्पर्क में आए लोगों की कांटेक्ट ट्रेसिंग कर रहे हैं।

# माहवार लक्ष्य व पूर्ति की समय-सारिणी बनाकर किए जाएं निर्माण कार्य

● मुख्य सचिव ने की प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक में नमामि गंगे परियोजना, अमृत योजना, स्मार्ट सिटी योजना, श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर कॉरीडोर का विकास एवं मेट्रो परियोजना की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी प्रस्तावित कार्य निर्धारित टाइम लाइन के अनुसार पूरे किये जाएं तथा इसके लिए माहवार लक्ष्य एवं पूर्ति की समय-सारिणी बना ली जाए।

नमामि गंगे कार्यक्रम की प्रगति समीक्षा में बताया गया कि कुल 44 प्रोजेक्ट्स स्वीकृत किए गए हैं जिनमें से 16 पूरे किये जा चुके हैं। 22 परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है। 6 परियोजनाओं की टेण्डर प्रक्रिया चल रही है। पूर्ण परियोजनाओं में प्रयागराज की आठ सीवरेज एवं एसटीपी के कार्य, सीवरेज परियोजना कन्नौज, सीवरेज परियोजना नरौरा एवं अनूप शहर बुलन्दशहर, सीवरेज परियोजना गढ़मुक्तेश्वर, इंटरसेक्शन एवं नाला डायवर्जन सीसामऊ कानपुर, अयोध्या नगर में आईएडडी के कार्य, बिठूर कानपुर में आईएडडी व एसटीपी के कार्य तथा वृन्दावन मथुरा में नवीनीकरण एवं उच्चीकरण के कार्य शामिल हैं। श्री काशी विश्वनाथ कॉरीडोर के निर्माण की प्रगति के बारे में बैठक में अधिकारियों ने बताया कि द्वितीय चरण के निर्माण कार्यों का अक्टूबर 2020 के लिए लक्ष्य 28 प्रतिशत के सापेक्ष 22.50 प्रतिशत कार्यपूर्ति की गयी है। परियोजना के लिए निर्गत प्रथम किश्त की धनराशि रुपये 127.50 करोड़ है जिसके सापेक्ष अक्टूबर तक 37.50 करोड़ रुपये व्यय किए गए हैं।

# प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के 68 सौ शिक्षक सीखेंगे संस्कृत

**लखनऊ।** योगी सरकार संस्कृत भाषा के प्रचार और प्रसार के रास्ते पर लगातार अपने कदम बढ़ा रही है। यूपी संस्कृत संस्थान और राज्य शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद के साथ मिलकर प्रदेश के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को संस्कृत भाषा का प्रशिक्षण देगी। इसके लिए ऑनलाइन गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। संस्कृत भाषा के प्रसार के लिए इस अनूठी पहल की शुरुआत कल बुधवार से होगी। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. वाचस्पति मिश्र ने कहा कि संस्कृत भाषा संस्कारों की शुरुआत प्राथमिक शिक्षा से होना जरूरी है। कोरोना काल में भी शिक्षक संस्कृत भाषा के प्रशिक्षण से वंचित न रहें। इसके लिए संस्थान इस बार डायट के साथ मिलकर ऑनलाइन प्रशिक्षण देगा। इसमें प्रदेश के 68 डायट केन्द्रों से शिक्षकों के लिए संस्कृत भाषा का प्रशिक्षण शिविर आयोजित कराने की सहमति मिल चुकी है। पहले चरण में हर डायट से 100-100 शिक्षकों को संस्कृत सम्भाषण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस तरह प्रदेश के करीब 6800 शिक्षक पूरे प्रशिक्षण के दौरान संस्कृत का ज्ञान हासिल करेंगे। इस 14 दिवसीय प्रशिक्षण के बाद शिक्षक छात्रों को कक्षा में बेहतर तरीके से संस्कृत भाषा का ज्ञान दे पाएंगे। प्रदेश के 72 संस्कृत पाठशालाओं में छात्र-छात्राओं को पांच दिवसीय ऑनलाइन कंप्यूटर से संस्कृत भाषा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वही शेष संस्कृत पाठशालाओं में कंप्यूटर लगाए जाने की तैयारी चल रही है।

# छठ पूजा को लेकर प्रदेश में किए जाएंगे सुरक्षा के विशेष इंतजाम

● डीजीपी ने सभी पुलिस अफसरों को जारी किए निर्देश

**लखनऊ।** आगामी 20 नवंबर को मनाए जाने वाले छठ पूजा पर्व को लेकर प्रदेश में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाएंगे। इस संबंध में राज्य के डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने सभी पुलिस अफसरों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। सभी जिलों के पुलिस कप्तानों, लखनऊ और नोएडा के पुलिस कमिश्नर सहित सभी जोन व रेंज के एडीजी, आईजी व डीआईजी और रेलवे पुलिस के एडीजी को जारी निर्देशों में डीजीपी ने कहा है कि कोविड.19 के दृष्टिगत जारी एसओपी, गाइड लाइन्स का पूरी तरह से पालन कराया जाए। इस पर्व पर नदियों, तालाबों, जलाशयो आदि पर उचित प्रकाश व्यवस्था एवं गोताखोरों की व्यवस्था कर ली जाए। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत उचित पुलिस प्रबन्ध, यातायात, पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। महिला पुलिस कर्मियों की सादे वस्त्रों में भी ड्यूटी लगाई जाए। रेल एवं सड़क मार्ग से इस अवसर पर आवागमन के दृष्टिगत पूर्व से ही आवश्यक प्रबन्ध कर एक कार्य योजना बना ली जाए। सोशल मीडिया की राउण्ड द क्लाक मानिटरिंग की जाए। सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों जैसे ट्विटर, व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि विभिन्न प्लेटफार्मों पर सर्तक दृष्टि रखी जाए। आपत्तिजनक पोस्ट व अफवाहों का सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए खंडन व आवश्यक वैधानिक कारवाई की जाए।

# नव निर्वाचित विधायक सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी को दिलायी शपथ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने मंगलवार को विधान भवन स्थित टण्डन हाल में देवरिया विधानसभा से नव निर्वाचित विधायक डा. सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी को विधान सभा की सदस्यता की शपथ दिलायी। विधान सभा अध्यक्ष ने उन्हें संविधान, विधान सभा कार्य संचालन नियमावली, स्वलिखित पुस्तक हिन्द स्वराज्य का पुनर्पाठ, भारत बोध एवं संसदीय दीपिका के अक्टूबर अंक की प्रति भेंट की। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि वह विधान सभा में एक जागरूक एवं सफल विधायक के रूप में कामयाब हों और जीवन में यशस्वी हों तथा सदन में होने वाले वाद-विवाद में हिस्सा लेकर अपने क्षेत्र की जनता के जनहित की समस्याओं के निराकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

**सीएम ने शोक जताया: लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सांसद रीता बहुगुणा जोशी की पौत्री किया जोशी की असामयिक मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपना नाम रजनीलता से बदलकर रजनी वर्मा कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए, रजनी वर्मा पुत्री मन्नी लाल R/o 2-सी, संजीवनगर अहिरवां, कानपुर।

**सूचना**

मैंने अपना नाम मन्नी लाल वर्मा से बदलकर मन्नि लाल कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए, मन्नी लाल पुत्र बोरे R/o 2-सी, संजीवनगर अहिरवां, कानपुर।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Imran Rahman था, जो अब बदलकर Imran Rehman हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। Imran Rehman S/o Habibul Rehman, 14/16A, Shivram Das Gulati Marg, Labour Office, Prayagraj.

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र राहुल को गलत चाल चलन के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल कर दिया है। आज से मेरा राहुल से कोई वास्ता व सरोकार नहीं रह गया है। राम सिंह उर्फ पप्पू पुत्र लाल बहादुर निवासी ग्राम सिहोली थाना टिकैत नगर बाराबंकी।

# स्कूली बच्चों को पढ़ाया जा रहा शिक्षा, सुरक्षा और संरक्षा का पाठ

● मिशन शक्ति अभियान के तहत प्रदेश के सरकारी स्कूलों में चल रहा जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार के मिशन शक्ति अभियान के तहत पूरे प्रदेश के 5 लाख 68 हजार शिक्षक छात्र-छात्राओं को सप्ताह में तीन दिन एक घंटे तक शिक्षा, सुरक्षा एवं संरक्षा का पाठ पढ़ा रहे हैं। छात्राओं की जागरूकता के लिए मिशन प्रेरणा की वेबसाइट से शिक्षकों को वीडियोज और अन्य सामग्री भी उपलब्ध कराई जा रही है। मिशन शक्ति अभियान के तहत अब तक 6 लाख 71 हजार 236 छात्र छात्राओं को जागरूक किया जा चुका है। मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्र छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों को भी जागरूक किया जा रहा है। रोजाना दस-दस अभिभावकों को स्कूल बुलाकर अरमान माडयूल की मदद से मेरे बच्चे मेरे सपने, क्यों करें हम इनमें अंतर, हमारी जिम्मेदारी, चलो हम भी जाने, बंद करों अब अत्याचार जैसे मुददों पर चर्चा कर उनको बाल अधिकारों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा अभिभावकों को बाल विवाह, बालश्रम, दहेज प्रथा जैसी कुप्रथाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है।

प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान के तहत खेल विभाग महिला खिलाड़ियों को अपनी खेल विधा के साथ आत्मरक्षा के गुर भी सिखा रहा है। खेल विभाग की ओर से 31 खेलों के प्रशिक्षण शिविर में मिशन शक्ति अभियान के तहत आत्मरक्षार्थ ताइक्वांडो, जूडो, वुशू एवं कराटे की ट्रेनिंग दी गई। निदेशक खेल डॉ आरपी सिंह के मुताबिक मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला व पुरूष दोनों ही खिलाड़ियों को महिला सम्मान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# भाजपा जानबूझकर बुनकरों को परेशान कर रही: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा जानबूझकर बुनकरों को परेशान कर रही है। उसे उनकी तरक्की और खुशहाली नापसंद है। भाजपा सरकार ने समाजवादी सरकार के समय की बुनकरों की सन् 2006 की विद्युत फ्लैट रेट योजना को समाप्त कर उनकी रोजी रोटी पर वार किया है। लोकभवन में बैठकर सरकार को कमजोर समाज के लोगों पर अन्याय नहीं करना चाहिए। समाजवादी सरकार बनने पर बुनकरों पर अन्याय नहीं होने देंगे। उनको ज्यादा से ज्यादा सहूलियतें दी जाएंगी। अखिलेश यादव से मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में मेरठ विधायक रफीक अंसारी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश बुनकर सभा के अध्यक्ष हाजी इफ्तेखार अहमद अंसारी और मीडिया प्रभारी नसीम अंसारी के साथ आए सैकड़ों बुनकरों ने मुलाकात की और अपना ज्ञापन सौंपा। श्री यादव ने बुनकर समाज के लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कोरोना संकट और लॉकडाउन से सबसे ज्यादा आर्थिक संकट में बुनकर हैं। उन्हें बिजली की पुरानी सुविधा मिलनी चाहिए। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में वाराणसी में 24 घंटे बिजली दी जा रही थी यद्यपि यूपी का बिजली कोटा केन्द्र ने नहीं बढ़ाया था। भाजपा राज में एक यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं हुआ। समाजवादी सरकार में भदोही में एक्सपोमार्ट बनाया गया था, कारपेट बाजार बनाया था।

# प्रियंका ने उठाए मिशन शक्ति की सफलता पर सवाल

**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक बार फिर महिला अपराधों को लेकर योगी सरकार पर हमला किया है। बीते दो दिनों में उत्तर प्रदेश में हुई प्रमुख आपराधिक घटनाओं की लिस्ट जारी करते हुए प्रियंका ने पूछा है कि क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे उनका मिशन शक्ति कितना सफल रहा। प्रियंका गांधी ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा है कि यूपी से महिलाओं के खिलाफ अपराधों की खबरें तो कह रही हैं कि यूपी महिलाओं के लिए एकदम सुरक्षित नहीं है। कई जगहों पर तो लड़कियों ने जान दे दी क्योंकि उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने योगी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि फतेहपुर, कानपुर गोरखपुर, अयोध्या की घटनाओं ने यह साबित कर दिया है कि उप्र में कानून व्यवस्था नियंत्रित करना योगी सरकार के बस में नहीं है। योगी सरकार अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों व नैतिकता से विमुख होकर सिर्फ प्रदेश की जनता को भ्रमित करने तक सीमित रह गयी है।

# पराली के नाम पर किसानों का शोषण तत्काल बंद हो: लल्लू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि एक तरफ सरकार पराली के नाम पर किसानों को प्रताड़ित कर रही है, वहीं दूसरी तरफ उनके धान का तौल न होने के कारण बेमौसम बारिश में उन्हें परेशान होना पड़ा। इससे किसानों की हालत दयनीय हो गयी है। उन्होंने प्रदेश सरकार से किसानों का शोषण तत्काल बंद किये जाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि पराली को लेकर प्रदेश की योगी सरकार किसानों के साथ दोहरा मापदण्ड अपना रही है। एक तरफ तो आए दिन बयान देकर कि किसानों का उत्पीड़न न किया जाए, दूसरी ओर रोजाना पराली के मुद्दे पर किसानों का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। पराली जलाने को लेकर कभी पुलिस तो कभी लेखपाल आदि सरकारी कर्मचारी किसानों का दोहन करने में जुटे हुए हैं। लल्लू ने कहा कि न्यायालय ने पराली के मुद्दे पर स्पष्ट रूप से राज्य सरकारों को पराली के निस्तारण और इसकी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया था किन्तु आज प्रदेश की योगी सरकार अपनी जिम्मेदारी से इतर किसानों का ही शोषण करने पर उतारू है।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

General Services Administration Division
BSNL BUILDING OFFICE, CIVIL LINES ROAD, SITAPUR
**E-TENDER NOTICE**

Punjab National Bank, CIRCLE OFFICE, invites e-tender for Civil Interior, Furnishing & Allied Works at Ground floor of BSNL Exchange Office Building, CIVIL LINES ROAD, SITAPUR.
Estimated cost of the work is Rs. 43,52,570/- EMD: Rs.87,000/-. Tender cost Rs. 1180/- (including GST). Last date for re-encryption and bid submission is 24.11.2020 upto 1700 hrs.
For details, visit our website https://pnbindia.biz
Any corrigendum/clarification in respect of above said work shall be released only at our website https://pnbindia.in and https://pnbindia.biz which may be visited regularly.
**Chief Manager**

# दिवाली पर ओडीओपी हिट, तो माटीकला सुपरहिट

## वैश्विक स्तर पर वर्चुअल मेले में 35 देशों ने हिस्सा लिया और 57 हजार लोगों ने उत्पादों की खरीद में रुचि दिखाई

● 10 दिवसीय माटी कला मेले में बिके करीब 50 लाख रुपये के उत्पाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**इस** दिवाली ओडीओपी (एक जिला, एक उत्पाद) हिट रहा तो माटीकला सुपरहिट। सरकार (माटीकला बोर्ड) से प्रशिक्षण, उन्नत टूल किट, पग मिल, आधुनिक भट्ठी, इलेक्ट्रिक चॉक, स्प्रे मशीन आदि के रूप में मिले प्रोत्साहन के चलते हुनरमंद हाथों ने मिट्टी को लक्ष्मी, गणेश, डिजानइनर दीयों और अन्य उत्पादों के रूप में जीवंत कर दिया। वोकल फॉर लोकल को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील और एक जिला, एक उत्पाद और माटी कला को प्रोत्साहन देने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लगातार निर्देशों का खासा असर देखने को मिला। देश के किसी भी प्रदेश में पहली बार ओडीओपी उत्पादों के लिए वर्चुअल मेले का आयोजन हुआ। इसमें सभी जिलों के उत्पादों के 572 स्टॉल लगे थे। 35 देशों ने इसमें भाग लिया। 57000 लोगों ने उत्पादों के खरीद में रुचि दिखाई। भदोही के कालीन के अलावा चिकनकारी, पीतल, रेशम, चमड़े और लकड़ी के नक्काशीदार कामों की सर्वाधिक पूछ रही।

प्रदेश में इस बार दीपावाली पर मिट्टी के बने उत्पादों की धूम रही। माटी कला बोर्ड द्वारा पहली बार लखनऊ के खादी भवन परिसर में 10 दिवसीय माटी कला मेले का आयोजन किया गया था, जिसमें करीब 40 से 50 लाख रुपये के मिट्टी के लक्ष्मी, गणेश, दीये और अन्य उत्पाद बिके। इसके अलावा अन्य स्थानों पर अलग से मिट्टी के उत्पादों की बिक्री की गई। गोरखपुर के मिट्टी के कारोबारियों के अनुसार वहां एक करोड़ रुपये से अधिक के मिट्टी के उत्पादों की बिक्री हुई है। स्वाभाविक है कि अन्य महानगरों, शहरों और कस्बों में भी ऐसा ही हुआ। मुख्यमंत्री द्वारा माटी कला मेले में आए कलाकारों के बचे सामानों को खरीदने का भी बहुत अच्छा संदेश गया। मूर्तिकार कृष्ण कुमार कहते हैं कि माटीकला बोर्ड की पहल ने उत्प्रेरक का काम किया है। इससे बहुत फर्क आया है। यही निरंतरता जारी रही, तो अगली दिवाली में बहुत बड़ा फर्क दिखेगा। मूर्तिकार अमरपाल के अनुसार अगर हम अपने काम को कैलेंडर में बांटें तो फरवरी से अप्रैल तक का समय उत्पाद बनाने के लिए सर्वाधिक उचित है। अप्रैल से मानसून आने तक का समय तैयार कच्चे उत्पाद को सुखाने का सबसे मुफीद समय होता है। उम्मीद है कि मुख्यमंत्री की प्राथमिकता के कारण माटी कला बोर्ड इस साल ऐसी ही कार्य योजना तैयार करेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में पहली बार मिट्टी के उत्पाद बनाने वालों शिल्पकारों और मूर्तिकारों के हित में माटीकला बोर्ड का गठन किया है। बोर्ड की मेहनत का नतीजा इस बार सबके सामने है। अपर मुख्य सचिव एमएसएमई डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि ओडीओपी उत्पादों के वर्चुअल फेयर और माटी कला मेले से इन उत्पादों की ब्रांडिंग हुई है। इनसे जुड़े हर वर्ग को लाभ हुआ। गुणवत्ता सुधार और ब्रांडिंग पर अभी और काम किया जाएगा।

**कार्यालय जिलाधिकारी/लाइसेन्स प्राधिकारी, सीतापुर**

सख्या-655(19-28)/जि0आ0अ0/दैनिक-व्यव0/सीतापुर दिनाक-17.11.2020

**विज्ञप्ति**

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि व्यतिक्रम के कारण निलम्बित देशी मदिरा दुकान-बीहटगौड़ (शाप आई0डी0 - 8957) का अन्तरिम व्यवस्थापन निलम्बन की अवधि के लिये दिनाक-17.11.2020 से दिनाक 30.11.2020 अधिकतम 14 दिवसों के लिये अथवा नियमित व्यवस्थापन होने तक, जो भी पहले हो, दैनिक आधार पर आफर मॉग कर दिनाक-19.11.2020 को अपरान्ह 13.00 बजे किया जाना है। इसके लिये आवेदन/आफर दिनांक-19.11.2020 को प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 12.30 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, सीतापुर में जमा कर सकते हैं।

इच्छुक ऑफरदाता उक्त दुकान की दैनिक बेसिक लाइसेन्स फीस/लाइसेन्स फीस इत्यादि की जानकारी क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक तथा कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, सीतापुर से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

**जिला आबकारी अधिकारी सीतापुर** **जिलाधिकारी/लाईसन्स प्राधिकारी सीतापुर**

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# कोराना उपचार में लापरवाही पड़ेगी भारी, तय होगी जवाबदेही

## कोरोना की संभावित वेव-टू को लेकर डीएम ने की बैठक



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** की संभावित वेव-टू पर जिला प्रशासन ने इलाज की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मंगलवार को जिलाधिकारी ने कोविड-19 उपचार में हीलाहवाली की शिकायत मिलने पर प्रसाद इंस्टिट्यूट, टीएस मिश्रा मेडिकल कॉलेज व अन्य मेडिकल संस्थानों के पेच कसे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को चेताया, लापरवाही पर अधिकारियों का उत्तर दायित्व तय किया जाएगा। साथ ही निजी कोविड टेस्टिंग लैब्स को बायोमेडिकल वेस्ट का समुचित निस्तारण कराने का आदेश दिया है। साथ ही आदेशों की अवहेलना पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, 2 दिन में सभी कोविड और नान कोविड हास्पिटल अपने स्टाफ का कोविड टेस्ट कराने का निर्देश दिया है।

मंगलवार को जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने स्वास्थ्य विभाग, पीजीआई, केजीएमयू, लोहिया हॉस्पिटल समेत चिकित्सा संस्थानों की हाई लेवल मीटिंग की। मीटिंग में कोरोना के उपचार और प्रभावी रोकथाम के रोड मैप पर विस्तार से चर्चा कर प्लान एक्टिवेट करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों व चिकित्सकों को दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी हास्पिटलों को कोविड से होने वाली मृत्यु की दर को कम करने सभी प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी कोविड हास्पिटल अपने यहां भर्ती होने वाले मरीज़ों का डेटा मेंटेन कर उच्च स्तर का उपचार करके कोविड रोगियों को स्वस्थ होने में मदद करे। साथ ही निर्देश दिया कि आज और कल इन दो दिनों में समस्त कोविड व नान कोविड हास्पिटल अपने सभी स्टाफ का कोविड टेस्ट कराएं ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।

बैठक में कोविड टेस्टिंग लैबों के बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा कड़े निर्देश दिए गए कि समस्त कोविड टेस्टिंग लैब अपने यहां बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण की व्यवस्था रखे। यदि किसी भी लैब के द्वारा बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण सही से होता नहीं पाया गया तो उस लैब के विरुद्ध एपेडेमिक एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

डीएम ने कोविड हास्पिटलों द्वारा दिए जा रहे इलाज की भी समीक्षा की गई। समीक्षा में प्रसाद इंस्टिट्यूट, टीएस मिश्रा मेडिकल कॉलेज को कोविड-19 उपचार में हीलाहवाली की शिकायत मिलने पर कड़ी नाराजगी जताई। मेडिकल कालेज के विरुद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि किसी भी हास्पिटल द्वारा कोविड 19 के उपचार में हीलाहवाली की गई तो उसका उत्तरदायित्व तय करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसजीपीजीआई व एरा मेडिकल कालेज के विशेषज्ञ सभी कोविड हास्पिटलों का भ्रमण करेंगे और वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का निरीक्षण करके उसमें सुधार करवाएंगे। डीएम ने 20 नवंबर तक निरीक्षण की रिपोर्ट तलब की है।

## राजधानी में 202, सूबे में मिले कोरोना के 1455 नए केस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सूबे में** मंगलवार को कोरोना वायरस के 1455 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि राजधानी लखनऊ में 202 केस सामने आए हैं। सूबे में 22166 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3198 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7412 मरीजों की और राजधानी में 941 की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 514270 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 1838 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 484692 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज कानपुर में 72, प्रयागराज में 119, गाजियाबाद में 44, गोरखपुर में 23, नोएडा में 141, वाराणसी में 75, मेरठ में 108, बरेली में 12, मुरादाबाद में 16, अलीगढ़ में 34, झांसी में 27, सहारनपुर में 20, आगरा में 85, अयोध्या में 32, बाराबंकी में 17, बलिया में 33, लखीमपुर खीरी में 13, शाहजहांपुर में 13, देवरिया में 16, मुजफ्फरनगर में 35, जौनपुर में 15, महाराजगंज में 14, आजमगढ़ में 19, कुशीनगर में 16, हरदोई में 19, मथुरा में 59, रामपुर में 2, इटावा में 32, बुलंदशहर में 62, बस्ती में 13, गोंडा में 66, प्रतापगढ़ में 19, गाजीपुर में 6, सीतापुर में 18, रायबरेली में 56, सुल्तानपुर में 22, उन्नाव में 6, फर्रुखाबाद में 17, सोनभद्र में 16, चंदौली में 10, अमरोहा में 3, सिद्धार्थनगर में 3, पीलीभीत में 3, बहराइच में 5, बिजनौर में 6, हापुड़ में 19, बदायूं में 6, मैनपुरी में 15, फतेहपुर में 19, फिरोजाबाद में 17, कन्नौज में 11, जालौर में 26, अमेठी में 3, संत कबीर नगर में 11, मिर्जापुर में 19, शामली में 11, बांदा में 30, ललितपुर में 12, औरैया में 20, मऊ में 3, संभल में 13, एटा में 15, कानपुर देहात में 2 केस मिले हैं।

## नीट-2020 की उत्तर कुंजी को दी गई चुनौती

विधि संवाददाता। लखनऊ

**नीट-2020** की उत्तर पुस्तिका को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में जरिए याचिका चुनौती दी गई है। पीठ ने इस याचिका पर नेशनल टेस्टिंग एंजेसी के साथ ही राज्य व केंद्र सरकार को भी नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 23 नवंबर को होगी।

जस्टिस रजनीश कुमार की एकल पीठ ने यह आदेश सालिहा खान व अन्य अभ्यर्थियों की ओर से दाखिल की गई याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि उन्होंने दो प्रश्न के जवाब पर अपनी आपत्तियां भेजीं। इसके लिये दो हजार का शुल्क भी अदा किया गया। लेकिन उनकी आपत्तियों पर कोई जवाब नहीं दिया गया। बीते 16 अक्टूबर को बगैर जवाब के नीट का परिणाम भी घोषित कर दिया गया। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि बुकलेट नंबर जी-4 के प्रश्न संख्या 19 और 148 के उत्तरों में गड़बड़ी है। प्रश्न संख्या 19 का सही उत्तर विकल्प संख्या 4 में दिया गया था। जबकि उत्तर पुस्तिका में विकल्प संख्या 1 को सही उत्तर माना गया है। इसी प्रकार प्रश्न संख्या 148 का विकल्प संख्या 1 सही उत्तर है। लेकिन उत्तर पुस्तिका में विकल्प संख्या 3 को सही उत्तर बताया गया है। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि उनकी आपत्तियों का निस्तारण किए बगैर परिणाम घोषित किया जाना अनुचित और मनमाना है।

## 23 से तेजस का संचालन स्थगित

लखनऊ। आगामी 23 नवंबर से लखनऊ से नई दिल्ली के बीच चल रही देश की पहली कारपोरेट ट्रेन तेजस एक्सप्रेस का संचालन स्थगित कर दिया गया है। लखनऊ स्थित आईआरटीसी क्षेत्रीय मुख्यालय के रेल अधिकारियों का कहना है कि कोरोना पीरियड में चूंकि तेजस ट्रेन में चलने वाले यात्रियों की संख्या निरंतर घटती जा रही है। ऐसे में अगले आदेशों तक इस ट्रेन का संचालन स्थगित किया जा रहा है।

## सड़क पर पालतू कुत्ते को लैट्रिन कराने पर भुगतना पड़ा जुर्माना

### गंदगी मिलने पर कार्यदायी संस्था पर 20 हजार का जुर्माना ठोंका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहरवासियों** को सड़क पर पालतू कुत्ते को लैट्रिन कराने पर जुर्माना देना होगा। नगर आयुक्त के निरीक्षण में गुलिस्ता कालोनी मुख्य मार्ग पर कुत्ते को लैट्रिन कराते पाए जाने पर नगर निगम ने दो लोगों पर कड़ी कार्रवाई की। साथ ही नगर निगम ने पॉटी कूपर में स्वान पालकों को लैट्रिन कराने का आदेश दिया। वहीं गंदगी मिलने पर कार्यदायी संस्था पर 20 हजार का जुर्माना ठोंका गया।

मंगलवार को विक्रमादित्य, शहीद पथ, कानपुर रोड और अर्जुनगंज रोड का नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गुलिस्तां कालोनी मुख्य मार्ग के संतुष्टि अपार्टमेंट पास पालतू कुत्ते को सड़क पर लैट्रिन कराने पर नगर निगम ने कार्रवाई की। नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी के आदेश पर सफाई निरीक्षक द्वारा मार्ग पर लैट्रिन कराने पर जुर्माना लगाया गया। नगर आयुक्त ने पॉटी कूपर में स्वान पालकों को लैट्रिन कराने की अपील की। सार्वजनिक स्थल पर गंदगी न करके शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करने की अपील की। वहीं निरीक्षण में गौतमपल्ली मार्ग पर नियमित सफाई होते नहीं मिली। अपर पुलिस अधीक्षक यातायात कार्यालय के पास पराग बूथ द्वारा गंदगी मिली, जहां खान पान की सामग्री बेचने के दौरान बदतर स्थिति पायी गयी। विक्रमादित्य मार्ग के पास पुलिस यातायात बूथ के पीछे मलबा, कूड़ा पाया गया। साइकिल ट्रैक के पीछे सूखे पत्ते पड़े पाए गए। सफाई सुपरवाइज का गंदगी मिलने पर एक दिन का वेतन काटा गया। इसके साथ ही जोनल अधिकारी दिलीप डे को सफाई सुपरवाइजर के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने का आदेश दिया गया। यही नहीं कार्यदायी संस्था वर्षा इंटर प्राइजेज के क्षेत्र में गंदगी मिलने पर 20 हजार का जुर्माना ठोंका गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित पॉलिथीन पाए जाने पर दुकानदार पर एक हजार का जुर्माना किया गया।

## लविवि शताब्दी वर्ष के शुभारंभ व समापन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, क्रिकेटर सुरेश रैना भी करेंगे शिरकत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**19 नवंबर** से शुरू हो रहे लखनऊ विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के आकर्षण के रूप में जहाँ पीएम नरेंद्र मोदी वर्चुअल तौर शामिल होंगे, वहीं आयोजन के शुभारंभ व समापन के मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहेंगे। समापन के मौके पर मुख्यमंत्री के साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व क्रिकेटर सुरेश रैना भी शामिल होंगे। मंगलवार को यह जानकारी विवि के कुलपति प्रो. आलोक राय ने दी है।

विवि के कुलपति प्रो आलोक राय ने बताया कि 19 नवम्बर से 25 नवम्बर तक यूनिवर्सिटी की तरफ से आयोजित साइंस, आर्ट्स, लिटरेचर, स्पोर्ट्स फेस्टिवल और कल्चरल सेलिब्रेशन में स्टूडेंट्स व सेलिब्रिटी शामिल होंगे। इनमे कुमार विश्वास को छोड़ सभी लोग विवि से जुड़े रहे हैं। शताब्दी वर्ष का शुभारंभ दिन में 11 बजे से 12 बजे के बीच होगा। जिसमें सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम डॉ दिनेश शर्मा शामिल होंगे। 21 नवम्बर को दीक्षांत समारोह में राज्यपाल व डिप्टी सीएम शामिल होंगे। 24 नवम्बर को अंतराष्ट्रीय एलुमिनाई मीट का आयोजन होगा। जिसमें देश विदेश से काफी लोग जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि 25 नवम्बर को पीएम नरेंद्र मोदी शाम साढ़े पांच बजे वर्चुअल तौर पर जुड़कर सम्बोधन देंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री व देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह कार्यक्रम में शामिल होंगे। कोविड प्रोटोकॉल को देखते हुए हर कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन से 500 लोगों की परमिशन मांगी गई है।

## प्री बोर्ड की परीक्षाएं दिसंबर के अंत में होने की संभावना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** के दौर में कक्षा 10वीं और 12 वी की प्री बोर्ड परीक्षाएं दिसम्बर के आखिरी सप्ताह से लेकर जनवरी के पहले सप्ताह के बीच शुरू होने की संभावना है। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सलेबस के पूरा होने के बीच प्री बोर्ड की परीक्षा के आयोजन से छात्रों की तैयारी हो जाएगी।

राजधानी में कक्षा 9 से कक्षा 12 तक करीब 600 से अधिक माध्यमिक स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या करीब दो लाख से अधिक है। जिले स्तर के अधिकारियों का कहना है कि बच्चों की कक्षाएं अभी ऑनलाइन संचालित की जा रही हैं। समय से आधा कोर्स पूरा हो जाए और उसकी परीक्षाएं हो जाएं इस बात पर अभी फोकस किया जा रहा है।

## दिवाली पर गये थे गांव, घरों को चोरों ने बनाया निशाना

**लखनऊ।** कृष्णा नगर थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने एक कारोबारी के बंद मकान पर धावा बोल लॉकर में रखे लाखों रुपए नगदी समेत लगभग दस लाख के किमती जेवरों पर हाथ साफ कर दिया और फरार हो गए। मंगलवार सुबह अपने पैतृक गांव से वापस लौटे कारोबारी के छोटे भाई ने घर मे समान अस्त व्यस्त देख कंट्रोल रूम नंबर पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर स्थानीय थाने की पुलिस जांच में जुटी हुई हैं। इसी प्रकार मड़ियांव थाना क्षेत्र के केशवनगर चौकी के पास बेखौफ चोरों ने एसबीआई के रिटायर्ड मैनेजर के बंद मकान को निशाना बनाते हुए हजारों की नकदी समेत लाखों के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय पीड़ित परिवार दिवाली मनाने के लिए अपने मूल निवास कानपुर गया हुआ था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

मुलरूप से रामपुरसोहो अशोहा जनपद उन्नाव के रहने वाले श्यामू चौरसिया पुत्र राम लखन चौरसिया अपनी पत्नी अंकिता व छोटे भाइयों संग संयुक्त रूप से कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के आजाद नगर मोहल्ले में रहते हैं और पेशे से ट्रेडर्स का कारोबार करते है।पीड़ित के मुताबिक वह अपने पूरे परिवार संग बीते चौदह नवंबर की शाम घर पर ताला बंद कर दिपावली मनाने अपने पैतृक गांव गए थे। मंगलवार सुबह छोटा भाई गांव से वापस घर लौटा तो घर के मुख्य द्वार पर ताला लगा हुआ था और कमरों के ताले टूटा हुआ था। पीड़ित के मुताबिक चोरो ने घर मे रखा एक लाख दस हजार रुपये नगद व लगभग दस लाख के किमती जेवरों को चोरी कर ले गए है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी डीके उपाध्याय ने चोरी की पुष्टि करते हुए बताया कि चोरी की सूचना पर जांच किया जा रहा है आसपास लगे सीसी कैमरों में चोरो का फुटेज खंगाला जा रहा है पीड़ित ने अभी तक कोई लिखित शिकायत नही की है। शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा। इसी प्रकार की घटना मड़ियांव थाना क्षेत्र के केशवनगर चौकी के पास हुई। इन्सपेक्टर मड़ियांव विपिन कुमार सिंह ने बताया कि केशवनगर निवासी नंदकिशोर एसबीआई से मैनेजर के पद से रिटायर है। दिवाली मनाने के लिए वह 14 नवंबर को घर मे ताला लगाकर सपरिवार अपने मूल निवास कानपुर गए थे। मंगलवार को लौटने पर घर का ताला टूटा मिला। अंदर जाने पर कमरे और अलमारियों के भी ताले टूटे और सामान बिखरा हुआ मिला। पीड़ित के मुताबिक चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर काफी मात्रा में जेवर और करीब 50 हजार रुपये चोरी कर ले गए।

## आरटीओ आफिस के सर्वर ने आवेदकों को रुलाया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आरटीओ** ऑफिस में सर्वर खराब होने के कारण आवेदक परेशान हो उठे। जो लोग अपने कार्य के लिए मंगलवार को आरटीओ ऑफिस सुबह पहुंचे उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ा। कई आवेदक तो बिना काम कराए ही वापस लौटने को मजबूर हो गए। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सर्वर की सिर्फ लखनऊ में ही नहीं बल्कि कई अन्य जिलों में भी इसकी दिक्कत रही। हैदराबाद से कई राउंड बात चीत होने के बाद दोपहर के बाद सर्वर पर काम शुरू हो सका। सर्वर की खराबी के चलते आरटीओ ऑफिस में लाइसेंस के साथ ही वाहनों के रजिस्ट्रेशन, री रजिस्ट्रेशन और ट्रांसफर जैसे मामले फंसे रहे।

**कर्मचारियों और आवेदकों में हुई नोक-झोंक:** आरटीओ ऑफिस खुलते ही आवेदकों की भीड़ यहां पर जुटनी शुरू हो गई। कुछ लोग वाहनों के ट्रांसफर कराने तो सबसे अधिक भीड़ लाइसेंस प्रक्रिया पूरी करने वालों की रही। लेकिन सर्वर काम ना करने के कारण आवेदक विभिन्न काउंटर से लेकर सारथी भवन तक चक्कर लगाते नजर आए। सारथी भवन में आवेदक और वहां पर तैनात कर्मचारियों में खासी नोंक झोंक भी हुई। आवेदक एआरटीओ और आरआई से मिलने पहुंचे तो उनसे भी मिलने नहीं दिया गया।

> **सर्वर के चलते आवेदकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लखनऊ के साथ ही कई अन्य जगहों पर इस तरह की दिक्कतें सामने आई है। जल्द ही सर्वर ठीक कर लिया गया और आवेदकों के काम किए गए।**
> **-रामफेर द्विवेदी, आरटीओ लखनऊ**

**बुधवार की डेट लेकर वापस लौटे:** काउंटर पर खड़े आवेदकों से कहा गया कि सर्वर सही होते ही काम शुरू हो जाएगा। सर्वर आज भी शुरू हो सकता है या फिर कल भी। यह सुनते ही आवेदकों को धैर्य जवाब दे गया। मौके पर पहुंचे पुलिस के जवानों ने आवेदकों को समझा बुझा कर शांत कराया। इसके बाद कई आवेदक बुधवार की डेट लेकर वापस लौट गए।

**आवेदकों को टोकन के लिए करना पड़ा लंबा इंतजार:** लखनऊ। लर्निंग और स्थाई लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी करने के लिए आरटीओ ऑफिस पहुंचे आवेदकों को टोकन के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। टोकन की कमी के चलते उन्हें खासी परेशानी उठानी पड़ी। आरटीओ ऑफिस के अधिकारियों के अनुसार कई आवेदक अपने साथ टोकन लेकर यहां से रवाना हो गए। व्यवस्था की जा रही है कि कागज पर मुहर लगाकर टोकन दिया जाए। दरअसल दीपावली की छुट्टी के बाद आरटीओ ऑफिस मंगलवार को खुला। सामान्य दिनों की तुलना में आज आरटीओ ऑफिस में अधिक भीड़ देखने को मिली। कर्मचारियों ने बताया कि कई आवेदकों को दीपावली और बीते सोमवार का टाइम स्लॉट दे दिया गया था। इन सभी को टाइम स्लॉट बढ़ा कर मंगलवार को कर दिया गया था, इस बारे में एआरटीओ आईटी प्रभात पाण्डेय ने बताया कि टोकन व्यवस्था सोशल डिस्टेसिंग को मेनटेन करने के लिए शुरू की गई है। इमरजेंसी में कई बार आवेदक टोकन लेकर चले जाते हैं। लेकिन आवेदकों को दिक्कत नहीं होने दी जाती है।

## एयरपोर्ट पर अवैध सिगरेट व ब्यूटीक्रीम के साथ युवक गिरफ्तार

संवाददाता। सरोजनीनगर

**चौधरी** चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सोमवार को कस्टम अधिकारियों ने एक हवाई यात्री के कब्जे से लाखों रूपये की विदेशी सिगरेट व ब्यूटीक्रीम बरामद करने का दावा किया है। कस्टम विभाग के अधिकारियों ने बरामद की गई सिगरेट व ब्यूटी क्रीम को जब्त करने के साथ ही युवक को गिरफ्तार कर लिया।

एयरपोर्ट कस्टम विभाग की उपायुक्त निहारिका लाखा ने बताया कि सोमवार की देररात स्पाइसजेट एयरलाइंस की उड़ान (एसजी-138) से एक युवक राजधानी स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पहुंचा। उक्त युवक के पास से कस्टम अधिकारियों ने सिगरेट की 18 हजार स्टिक एवं ब्यूटी क्रीम की 138 डिब्बी बरामद की। अधिकारियों ने उक्त यात्री से काफी पूछताछ की लेकिन वह अपने सामान की कोई रसीद नहीं दिखा सका। उन्होंने बताया कि बरामद की गई सिगरेट में इंडोनेशिया की गरम गोदाम, स्वीटजरलैंड की डनहिल एवं कोरिया की फाइन सुपर स्लिम शामिल है। इन सिगरेट की संख्या 18000 है।

## सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

संवाददाता। सरोजनीनगर

**बंथरा** थाना क्षेत्र में मंगलवार देरशाम सामने से आ रही बाइक में ट्रक ने जोरदार ठोकर मार दी। इस सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं पारा थाना क्षेत्र में निजी बस की चपेट में आकर एक मोटरसाइकिल सवार की मृत्यु हो गयी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने मृतक युवक का शव पोस्टमार्टम के लिये भेजने के साथ ही घायल युवक इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया है। उन्नाव जिले के हसनगंज थाना क्षेत्र के कौडिया गांव मे रहने वाला 25 वर्षीय कौशल यही के ऊंचगांव में रहने वाले अपने साथी के साथ बंथरा के सैदपुर पुरही गांव रिश्तेदारी मे आया था। इसी बनी-मोहान मार्ग पर सामने से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक मे ठोकर मार दी। इस सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल कौशल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं पारा थाना क्षेत्र में निजी बस की चपेट में आकर एक मोटरसाइकिल सवार की मृत्यु हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कानपुर रोड पर हंस खेड़ा पुलिस चौकी के पास सुबह करीब सात बजे यह हादसा उस समय हुआ। बताया जा रहा है कि जब टूरिस्ट बस ने एक बाइक को चपेट में ले लिया। इस हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चालक की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे है। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है।

## 24 घंटे में चोरी का खुलासा तीन शातिर चोर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**ठाकुरगंज** पुलिस ने चोरी के मामले में 24 घंटे के अंदर ही आरोपी तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से चोरी की गई नकदी बरामद करते हुए अन्य चोरी की घटनाओं का भी खुलासा किया है।

प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि पुलिस आयुक्त सुजीत पांडे के निर्देश पर डीसीपी पश्चिम देवेश कुमार पांडे एसीपी चौक आईपी सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था। इसी अभियान के दौरान 16 तारीख को चोरी की घटना को अंजाम देने वाले शातिर चोरों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली। चोरों ने अपना नाम और पता ठाकुरगंज निवासी अब्दुल्ला, नेपियर रोड निवासी दिलशाद व मोहम्मद फाजिल बताया। इनमें से अब्दुला पर 7 संगीन मामले, दिलशाद व मो फाजिल पर पांच -पांच मामले दर्ज हैं। पकड़े गए आरोपियों ने कबूल किया है कि वह क्षेत्र में घटित हुई अन्य चोरी घटनाओं में भी शामिल थे।

## वीआईपी नंबरों के लिए 23 से 25 तक लगा सकेंगे बोली

**लखनऊ।** धनतेरस और दीपावली के दौरान खरीदे गए दो और चार पहिया नए वाहनों पर वीआईपी नंबर लेने के लिए गाड़ी मालिक नीलामी बोली में हिस्सा लेंगे। ये बोली 23 नवम्बर से शुरू होगी। वीआईपी नंबरों की सीरीज इस बार यूपी 32 एलटी शुरू हो रही है। वीआईपी नंबरों की चाहत रखने वाले आवेदक 22 नवम्बर तक पंजीकरण करा सकते है। ये जानकारी आरटीओ प्रशासन आरपी द्विवेदी ने दी। आरटीओ प्रशासन ने बताया कि लखनऊ आरटीओ कार्यालय में गुरुवार से वाहनों के वीआईपी नंबरों की नई सीरीज यूपी 32 एलटी शुरू हो रही है। सीरीज में शामिल नंबरों की बोली लगाने के लिए रविवार तक पंजीकरण कराना होगा। जिसके बाद सोमवार से आवेदक अगले तीन दिनों तक नंबर के लिए ऑनलाइन बोली लगा सकेंगे।

## सोनू गैंग के दो शातिर चोर गिरफ्तार

**लखनऊ।** गोमती नगर पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने सोनू गैंग के दो शातिर नकबजनों को गिरफ्तार कर बीते माह गोमती नगर के एल्डिको ग्रीन में हुई चोरी की वारदात का खुलासा किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से दो कारए 6 मोबाइल और 16 हजार रुपए बरामद हुए हैं। गोमती नगर इंस्पेक्टर के मुताबिक हरियाणा के रहने वाले सोमवीर उर्फ सोनू व जयपुर राजस्थान के रहने वाले आलोक चौमाल उर्फ लोकेश को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए दोनों शातिर चोर चर्चित सोनू गैंग के सदस्य हैं। यह वह सोनू गैंग है जिसे गुडग़ांव हरियाणा का रहने वाला गुरु जी उर्फ सतपाल सिंह चौहान चलाता है। सतपाल सिंह चौहान करगिल युद्ध के बाद अनफिट होने के कारण सेना से वापस आया था।

## रोडवेज की साधारण बसें खस्ताहाल, ठिठुर रहे यात्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**अगर** आप रोडवेज बसों में सफर करने जा रहे हैं तो कंबल साथ में लेकर जाएं। कहीं ऐसा ना हो कि रोडवेज बस में आपको ठिठुरते हुए सफर करना पड़े। बसों की खिड़कियों के साथ ही इनमें सामने और पीछे की तरफ लगे शीशे गायब हैं। रोडवेज के अधिकारियों के अनुसार परिवहन निगम के पास सबसे अधिक साधारण बसें शामिल हैं। इन बसों में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या सबसे अधिक है। इसके बावाजूद इन बसों को रखरखाव नहीं हो रहा है। बसों में शीशे ना होने से यात्री ठिठरते हुए यात्रा करने को मजबूर हैं।

सफर के दौरान कई यात्रियों ने परिवहन निगम के हेल्प लाइन नंबर पर बसों के शिकायत ना होने की जानकारी दी। रोडवेज के अधिकारियों के अनुसार सभी डिपो के फोरमैन को निर्देशित किया गया है वे बिना शीशे की बसों को रोडवेज से बाहर ना निकालें।

> **प्रदेश भर में सभी एआरएम को निर्देशित किया गया है कि वह बसों में शीशे की प्रापर व्यवस्था करवाएं। जिन बसों में शीशें नहीं हैं, उन्हें रूट पर ना भेजा जाए। सभी बसों को मेनटेन कर ही यात्रियों के लिए रवाना किया जाए।**
> **-जयदीप वर्मा, सीजीएम टेक्निकल**

**खराब हो चुके हैं वीटीएस:** रोडवेज के अधिकारियों के अनुसार रोडवेज की साधारण बसों की सेवा बेहद खराब है। इनमें कई बसें ऐसी है जो अपनी लाइफलाइन पूरी कर चुकी हैं। लेकिन बसों के अभाव में इन्हें बस बेड़े से बाहर नहीं किया गया है। मेंटीनेंस कर इन बसों का संचालन जारी है। छोटी दूरी के साथ ही लंबी दूरी के लिए इन बसों का संचालन किया जाता है। बसों में सीटें फटी हैं। इनमें लगे वीटीएस खराब हो चुके हैं। पूर्व एमडी राजशेखर के जाने के बाद से रोडवेज बसों की मेंटीनेंस की व्यवसथा पटरी से उतर गई है। उन्होंने निर्देश दिए थे कि जब तब बसों की फिटनेस ना परख ली जाए तक उन्हें बाहर ना भेजा जाए। बसों के डिपो से रवाना होने की मंजूरी मिलने के बाद ही उसे रूट पर भेजा जाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है। अधिकारी फिटनेस की औपचारिकता पूरी कर उन्हें रूट पर रवाना कर रहे हैं। कई बसों में शीशे तक नहीं है, इससे ठंड के मौसम में यात्रियों को परेशानी हो रही है।

UPTEC
Computer Consultancy Limited
*Regd. Office:* 16, Rana Pratap Marg, Lucknow-226001

NOTICE

Notice is hereby given pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013, that the Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from 23.11.2020 to 27.11.2020 (both days inclusive).

By order of the Board
for UPTEC Computer Consultancy Ltd.

Place : Lucknow
Date : 27.10.2020

Executive Director & CEO

# शिक्षक-स्नातक चुनावः नाम वापसी के बाद 199 प्रत्याशी मैदान में

## सपा व बीजेपी दोनों की प्रतिष्ठा दांव पर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** में हो रहे शिक्षक स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में नामांकन वापसी के अंतिम दिन 11 प्रत्याशियों के नाम वापसी के बाद अब चुनाव मैदान में कुल 199 प्रत्याशी हैं। इसमें बीजेपी, सपा के साथ-साथ निर्दलीय प्रत्याशी सबसे अधिक हैं। अभी तक इस चुनाव में सपा का दबदबा रहा है लेकिन इस बार इस चुनाव में बीजेपी की प्रतिष्ठा दांव है। सपा भी वापस अपना गढ़ बचाने की जद्दोजहद में है। वह इसलिए क्योंकि लंबे समय बाद सत्ता में रहते हुए बीजेपी यह चुनाव लड़ रही है। बीजेपी की रणनीति सभी सीटों पर विजय पाने की है। इसलिए बीजेपी सरकार से लेकर संगठन दोनों का जोर इस चुनाव में लगा रही है। सबसे अधिक मेरठ खण्ड स्नातक क्षेत्र में 30 और फिर लखनऊ खंड स्नातक क्षेत्र में 24 प्रत्याशी हैं।

दरअसल विधान परिषद के भीतर दशकों से दबदबा बनाए रखने वाले शिक्षक संघों को भी राजनीतिक दलों की सक्रियता बढ़ने से इस बार वजूद बचाने के लिए पूरा जोर लगाना पड़ रहा है। पिछले चुनाव में शिक्षक संघों को बड़े उलटफेर का शिकार होना पड़ा था। इस बार राजनीतिक दलों का दखल बढ़ने से संघर्ष और कड़ा होगा। कर्मचारी संगठनों के भी मैदान में उतर आने से मुकाबले और रोचक होने के संभावना है। विधान परिषद की 11 सीटों में से छह शिक्षक और पांच स्नातक कोटे से हैं। इनमें से दो भाजपा, दो सपा, चार शिक्षक संघ शर्मा गुट तथा तीन अन्य के कब्जे में थीं। 2014 में स्नातक कोटे की पांच सीटों में आगरा सपा, वाराणसी व इलाहाबाद-झांसी भाजपा, मेरठ शिक्षक संघ शर्मा गुट और लखनऊ निर्दलीय के कब्जे में रही थी। भाजपा उच्च सदन में अपनी ताकत बढ़ाने के लिए चुनाव में हर रणनीति आजमा रही है। वित्तविहीन संघ के उमेश द्विवेदी को लखनऊ शिक्षक क्षेत्र से उम्मीदवार बनाकर बाजी अपने हक में रखने को दांव चला है। इतना ही नहीं भाजपा ने वाराणसी व गोरखपुर में अपना उम्मीदवार सीधे न उतारने की रणनीति अपनायी है। समाजवादी पार्टी वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में खुद को मुख्य विकल्प सिद्ध करने के लिए विधान परिषद चुनाव को भी गंभीरता से ले रही है। सपा ने अपने दोनों निवर्तमान एमएलसी संजय मिश्र व असीम यादव को फिर प्रत्याशी घोषित किया है। अन्य सीटों पर भी जातीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवार उतारे गए हैं।

## ग्राम रोजगार संगठन ने भाजपा प्रत्याशी को दिया समर्थन

**स्नातक खण्ड निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**स्नातक** खण्ड निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में ग्राम रोजगार सेवक संगठन ने अपना समर्थन दिया है। मंगलवार को पार्टी मुख्यालय पर कैबिनेट मंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में हुई बैठक में संगठन के अध्यक्ष शरद सिंह ने स्नातक चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देने की घोषणा की।

बैठक में उपस्थित ग्राम रोजगार सेवकों व उनके संगठन के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार लगातार लोक कल्याण के कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता का समर्थन भाजपा को लगातार मिल रहा है। पाठक ने ग्रामीण रोजगार सेवकों द्वारा स्नातक चुनाव में भाजपा का समर्थन किये जाने का स्वागत करते हुए कहा कि निश्चित रूप से उनके समर्थन से भाजपा प्रत्याशी की जीत भारी बहुमत से सुनिश्चित होगी। अनुसूचित मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के पथ पर लगातार आगे बढ़ रही भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के मूलमंत्र पर काम कर रही है। उन्होंने स्नातक चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों का समर्थन करने वाले ग्रामीण रोजगार सेवकों का अवाहन किया कि वह गांव-गांव घर-घर मतदाताओं से सम्पर्क व संवाद स्थापित कर भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए कार्य करें। ग्रामीण रोजगार सेवक संगठन के अध्यक्ष शरद सिंह ने कहा कि ग्रामीण रोजगार सेवकों के हितों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए है। ग्रामीण रोजगार सेवकों के अरसे से लम्बित मानदेय का भुगतान कराने की पहल राज्य की योगी सरकार के द्वारा की गई है। श्री सिंह ने स्नातक चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन की घोषणा करते हुए संगठन के प्रतिनिधियों का अवाहन किया कि वे योजनापूर्वक कार्य करते हुए स्नातक चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए कार्य करें।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान आज से

**लखनऊ।** विधानसभा या लोकसभा की मतदाता सूची में जिन लोगों के नाम अब तक नहीं हैं, वे बुधवार से शुरू हो रहे पुनरीक्षण अभियान में नाम शामिल करा सकते हैं। यह अभियान एक महीने चलेगा। केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 17 नवंबर से 15 दिसंबर तक मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान चलेगा। इसमें ऐसे लोग भी शामिल हो सकते हैं, जिनकी आयु एक जनवरी 2021 को 18 वर्ष हो जाएगी। मतदाता सूची का प्रकाशन 15 जनवरी को किया जाएगा। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि लखनऊ समेत सभी जिलों में आयोग के निर्देशानुसार 17 नवंबर से 15 दिसंबर तक मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान चलेगा। इसमें ऐसे लोग भी शामिल हो सकते हैं, जिनकी आयु एक जनवरी 2021 को 18 वर्ष हो जाएगी। मतदाता सूची का प्रकाशन 15 जनवरी को किया जाएगा। 22, 28 नवंबर तथा पांच और 13 दिसंबर को सभी मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा।

## फ्लैटों के आवंटन के लिए आवास विकास का शिविर 23 नवंबर तक



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप्र** आवास एवं विकास परिषद द्वारा रेडी टू मूव इन फ्लैट्स के लिए अवध शिल्प ग्राम में 17 से 23 नवंबर शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें आवंटी धनराशि जमा कर फ्लैट ले सकता है। इसमें पूर्ण धनराशि जमा करने पर 5 प्रतिशत की छूट भी मिलेगी। मंगलवार को हिमालयन, भागीरथी, मंदाकिनी सहित विभिन्न योजनाओं के फ्लैट्स की बिक्री के लिए शिविर का आयोजन उप्र आवास एवं विकास परिषद ने किया। आवास विकास परिषद की प्रवक्ता के अनुसार अवध शिल्प ग्राम में 17 से 23 नवंबर शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें आवंटी धनराशि जमा कर फ्लैट ले सकता हैं। साथ ही आवंटी द्वारा 60 दिनों में पूर्ण पूर्ण धनराशि जमा करने पर 5 प्रतिशत की छूट भी मिलेगी। पहले दिन फ्लैट में रुचि दिखाने वालों की संख्या काफी रही। संयुक्त आवास आयुक्त अनिल कुमार ने आवंटी को आवंटन पत्र भी सौंपा। गौरतलब है कि दीवाली से पूर्व परिषद ने 7 से 12 नवंबर को शिविर का आयोजन किया था, जिसमें कई लोगों ने फ्लैट लिए।

## दुकानदारों से बदसलूकी करने वाले शराबी भेजे गए जेल

**निगोहां।** निगोहां थाने से चन्द दूरी पर स्थित नगराम मोड़ पर शराब के नशे में धुत दो शराबियों ने जमकर उत्पात मचाते हुए दुकानदारों को परेशान किया और उनसे जबरन खाने पीने की सामान छीन कर खाने पीने लगे। मौजूद लोगों ने इसकी सूचना निगोहां पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची निगोहां पुलिस उत्पात मचाने वाले शराबियों को पकड़कर थाने ले आई और शांति भंग में उनका चालान कर दिया। उदयपुर गांव के रहने वाले प्रभाकर उर्फ दीपू सिंह ने सोमवार रात करीब 9 बजे अपने साथी बंगाल निवासी अमित कर्मकार के साथ पहले जमकर शराब पी उसके बाद शराब के नशे में धुत होकर निगोहा नगराम मोड़ पर स्थित ठेले, मिठाई व पानमसाले के दुकानदारों से बदसलूकी की व जमकर उत्पात मचाया और खाने पीने की वस्तुएं जबरन लेकर खाने लगे इनका उत्पात काफी देर चलता रहा, सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस दोनों उत्पातियों को पकड़कर थाने ले आई।

## पत्रकारों की मदद के लिए कल्याण योजना संचालित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा पत्रकारों की मदद के लिए पत्रकार कल्याण योजना संचालित की जा रही है। योजना की पात्रता के लिए पत्रकार का देश का नागरिक होना आवश्यक है। साथ ही उन्हें भारत सरकार अथवा किसी राज्यध्केन्द्र शासित प्रदेश की सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त होना चाहिए। किन्तु यदि मान्यता प्राप्त नहीं है तथा वे प्रिन्ट-इलेक्ट्रानिक अथवा वेब आधारित सेवाओं से पिछले कम से कम 5 वर्षों से जुड़े हैं तो भी वे इस योजना के दायरे में आयेंगे।

पत्रकार की मृत्यु होने की दशा में इस योजना के अन्तर्गत उसके आश्रितों को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दिए जाने का प्राविधान है। स्थाई दिव्यांगता के मामले में पत्रकार को 5 लाख रुपये, कैंसर, रीनल फेल्योर, बाई पास-ओपेन हार्ट सर्जरी-एंजियोप्लास्टी, ब्रेन हैमरेज और लकवाग्रस्त होने जैसी गम्भीर बीमारी की दशा में 3 लाख रुपये तथा किसी गम्भीर दुर्घटना के कारण उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होने पर 2 लाख रुपये देने का प्राविधान है।

स्थाई दिव्यांगता अथवा कैंसर, रीनल फेल्योर, बाई पास, ओपेन हार्ट सर्जरी, एंजियोप्लास्टी, ब्रेन हैमरेज और लकवाग्रस्त होने जैसी गम्भीर बीमारी से ग्रसित होने पर या किसी गम्भीर दुर्घटना के कारण उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होने की दशा में गैर-मान्यता प्राप्त पत्रकार को 5 वर्ष का अनुभव होने पर 1 लाख रुपये और उसके बाद अगले प्रत्येक अतिरिक्त 5 वर्षों के लिए 1-1 लाख रुपये की मदद प्रदान किए जाने की व्यवस्था भी इस योजना में है। गम्भीर बीमारियों के इलाज के मामले में गैर मान्यता प्राप्त पत्रकार को यह सुविधा 65 वर्ष की आयु तक ही अनुमन्य होगी।

## एसएसबी के प्रशिक्षु अफसरों ने जानी यूपी-112 की कार्यप्रणाली

**लखनऊ।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के 44 प्रशिक्षु सहायक कमान्डेंट ने मंगलवार को यूपी-112 के मुख्यालय का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों ने 112 की कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से जाना। प्रशिक्षु अधिकारियों का दल एसएसबी के भोपाल अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। सशस्त्र सीमा बल के प्रशिक्षु अधिकारियों के दल को 112 मुख्यालय के अपर पुलिस अधीक्षक दिगम्बर कुशवाहा ने विस्तार से जानकारी दी कि आपात सेवा किस तरह लोगों तक मदद पहुंचाने का कार्य करती है। 112 की पीआरवी कम समय में जरूरतमंद लोगों तक किस तरह पहुंच जाती है।112 का किन-किन सरकारी सेवाओं के साथ एकीकरण हुआ हैए इसकी जानकारी भी एसएसबी के अधिकारियों को दी गयी।

## मेधावी छात्रा संध्यिका श्रीवास्तव को किया सम्मानित



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को आईएससी बोर्ड 2020 की इंटरमीडिएट परीक्षा में 99.5 प्रतिशत अंक पाने वाली संध्यिका श्रीवास्तव पुत्री गौरव कुमार श्रीवास्तव को लैपटाप देकर सम्मानित किया। संध्यिका सिटी मांटेसरी स्कूल महानगर शाखा की छात्रा है। अखिलेश यादव के द्वारा अपने मुख्यमंत्रित्व काल से अभी तक 20 लाख लैपटाप मेधावी छात्र-छात्राओं को दिए जा चुके हैं और यह अभियान अभी भी जारी है। इस अवसर पर संध्यिका की माता पल्लवी श्रीवास्तव जो शिक्षिका हैं, दीपक रंजन तथा निशांत सक्सेना शिक्षक भी उपस्थित थे।

## साइन्स एवं मैथ्स ओलम्पियाड में सीएमएस छात्र ने जीता सिल्वर मैडल



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) के कक्षा-11 के मेधावी छात्र प्रांजल वर्मा ने इण्टरनेशनल सोसाइटी फॉर ओलम्पियाड के तत्वावधान में ऑनलाइन आयोजित साइन्स एवं मैथ्स ओलम्पियाड में सिल्वर मैडल जीतकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश-विदेश के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपने ज्ञान-विज्ञान का प्रदर्शन किया जिसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) के इस मेधावी छात्र ने सिल्वर मैडल प्राप्त कर जीत हासिल की।

## जन्म व मृत्युदर की सूचना पोर्टल पर दें

**लखनऊ।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय भटनागर की अध्यक्षता में आज एक बैठक निजी नर्सिंग होम व लैब की हुई। बैठक में सीएमओ ने सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सिस्टम पोर्टल पर जन्म व मृत्युदर के आंकड़ों को तुरंत अपलोड करने के निर्देश दिए। सीएमओ ने बताया कि इसके लिए राजधानी में नगर निगम के आठ जोन की अलग अलग आईडी बनाई गई है। जबकि गांवों में पंचायत सेक्रेटरी को यह जानकारी देनी होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के पालन होने से टीकाकरण की मॉनिटरिंग की जा सकेगी।

## स्वास्थ्यकर्मी की स्कूटी में बस ने मारी ठोकर, घायल

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात महिला स्वास्थ्य कर्मी नीलम वर्मा मंगलवार सुबह करीब नौ बजे अपनी स्कूटी से सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ड्यूटी पर जा रही थी। तभी सरोजनीनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने कानपुर रोड पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने उसकी स्कूटी में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे नीलम स्कूटी सहित रोड पर जा गिरी। इस हादसे में नीलम घायल हो गई। बाद में घायलावस्था में उसे सरोजनीनगर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत पहले से बेहतर बताई जा रही है।

## नलकूप खराब होने से फसलें बर्बाद

**निगोहां।** क्षेत्र के रामपुर गढ़ जमुनी में सरकारी नलकूप खराब होने के कारण बिना सिंचाई के फसले बर्बाद हो रहीं हैं, धान की फसल तो बर्बाद हुई ही अब गेहूं की फसल बिना सिंचाई के बर्बाद हो सकती है, किसानो ने अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई लेकिन तीन माह से खराब नलकूप को ठीक नहीं किया जा सका। रामपुर गढी जमुनी गाँव में स्थित सरकारी नलकूप 59 की मोटर तीन माह पहले खराब हो गई थी किसानों ने कई बार पत्र देकर अधिशासी अभियंता से मोटर ठीक कराने की गुहार लगाई लेकिन नलकूप की खराब मोटर न बदली गयीं और न ही उसकी मरम्मत कराई गई जिससे किसानो की लगभग 80 एकड धान की फसल बिना सिंचाई के बर्बाद हो गई, किसानों ने खण्ड विकास अधिकारी से भी गुहार लगाई लेकिन यहाँ भी किसान को निराशा ही हाथ लगी, धान की फसल की बर्बादी झेल चुके किसानों की अब गेहूं की फसल भी दांव पर लगीं है, गाँव के खेतों की फसल की सिंचाई का एक मात्र साधन सरकारी नलकूप के खराब होने से किसान गेहूं की फसल बोने की तैयारी नहीं कर पा रहें हैं। एसडीएम विकास सिंह के मुताबिक मामला संज्ञान मे आया हैं त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध खनन मामले में एसएसपी आगरा की भूमिका की जांच कराने की मांग

**लखनऊ।** एक्टिविस्ट डॉ. नूतन ठाकुर ने आगरा के खैरागढ़ तथा अन्य इलाकों में अवैध खनन में आगरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बबलू कुमार की भूमिका की जांच की मांग की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजी अपनी शिकायत में नूतन ने कहा कि 8 नवम्बर 2020 को खनन माफिया द्वारा ग्राम नगला सोन थाना खैरागढ़ में सिपाही सोनू चौधरी की हत्या कर दी गयी। इससे पहले भी 5 जून 2019 को खैरागढ़ थाने में सिपाही संजीव कुमार को चम्बल माफियाओं ने गोली मार दी थी, जिस संबंध में एसआई प्रमोद कुमार ने 18 माफियाओं पर नामजद मुकदमा दर्ज किया था। 2 जुलाई 2019 को बबलू कुमार एसएसपी आगरा तैनात हुए और उनके एसएसपी रहते इस मुकदमे में 18 में से 15 आरोपितों के नाम विवेचना से निकाल दिये थे तथा 24 अक्टूबर 2019 को मात्र तीन नामजद आरोपितों के खिलाफ आरोपपत्र भेजा गया। यह आरोपपत्र भी विगत एक साल से सीओ खैरागढ़ आफिस में लंबित है। नूतन के अनुसार छह महीने पहले आईजी रेंज आगरा ने खैरागढ़ के छह थानों में खनन होने पर कार्रवाई को कहा था लेकिन बबलू कुमार के स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## बदलते मौसम-प्रदूषण से सांस फूलना बन सकती घातक बीमारी

**लखनऊ।** चाहे गर्मी से सर्दी में बदलता मौसम हो या सर्दी से गर्मी, बदलते मौसम के साथ नाक बहना, आंखों में जलन और छाती जमना आम बात होती है। यह एलर्जी बहुत परेशान करने वाली होती है और अगर तुरंत इसका इलाज न किया जाए तो यह गंभीर रूप ले सकती है। ऐसे में बचाव के लिए सतर्कता जरूरी है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनंत शील चौधरी ने कहा कि एलर्जी शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रणाली के धूलकणो, परागकणों और जानवरों के रेशों के प्रति प्रतिक्रिया की वजह से होती है, इन कणों के प्रतिरोध की वजह से शरीर में हेस्टामाइन निकलता है जो तेजी से फैल कर एलर्जी के जलन वाले लक्षण पैदा करता है। एलर्जी के लक्षणों में जुकाम, आंखों में जलन, गला खराब होना, बहती या बंद नाक, कमजोरी और बुखार प्रमुख है। अगर समय पर इलाज न किया जाए तो यह हल्की एलर्जी साइनस संक्रमणए लिम्फ नोड संक्रमण और अस्थमा जैसी गंभीर समस्याएं पैदा कर सकती है। इस बात की जानकारी होनी चाहिए कि आपको किस चीज से एलर्जी है। तभी आप एलर्जी से बच सकते हैं और होने पर इलाज भी हो सकता है।

## जागरूकता के माध्यम से नवजात शिशु की मृत्यु दर में कमी सम्भव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** भर में 21 नवम्बर तक चल रहे नवजात शिशु देखभाल सप्ताह को लेकर प्रदेश की मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अपर्णा उपाध्याय ने कहा है कि भारत सरकार द्वारा जारी एसआरएस .2018 की रिपोर्ट के अनुसार उप्र की शिशु मृत्यु दर 43 प्रति 1000 जीवित जन्म हैए जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह सूचकांक 32 प्रति 1000 जीवित जन्म है। उन्होंने कहा कि यह सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश्य जन समुदाय को जागरूक कर नवजात शिशु की मृत्यु दर में कमी लाना है। डफरिन में आज एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नवजात शिशु की देखभाल संबंधी विशेष रूप से 25 किलोग्राम से कम वजन के बच्चों की विशेष देखभाल की जानकारियां प्रदान की गई। चिकित्सालय की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षिका डा. सुधा वर्मा ने कार्यक्रम में बताया कि प्रसव चिकित्सालय में ही करायें तथा उचित देखभाल के लिए मां और शिशु को 48 घंटे तक अस्पताल में रखें, जिससे तत्काल आवश्यक सभी टीकाकरण तथा जरूरी देखभाल हो सके। उन्होंने कहा जन्म उपरान्त शिशु को तुरन्त नहलायें नहीं बल्कि शरीर पोंछ कर साफ कपड़े पहनायें और बच्चे के शरीर को सूखा, साफ और गर्म रखें जिससे उसे किसी प्रकार का संक्रमण न हो सके। उन्होंने शिशु की नाभि को विशेष रूप से साफ और सूखा रखने की आवश्यकता बताते हुये नियमित और सम्पूर्ण टीकाकरण कराने पर भी जोर दिया। कम वजन के जन्में शिशुओं की विशेष देखभाल की चर्चा करते हुए उन्होंने देखभाल के लिए कंगारू मदर केयर विधि अपनाने को कहा। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में नवजात शिशु देखभाल संबंधी बैनरए छह माह तक शिशु को केवल मां का दूध पिलाने जन्म के 1 घंटे के भीतर माँ का दूध पिलाने तथा देखभाल संबंधी विविध जानकारियां प्रदर्शित की गईं।

## पराग प्रबंधन ने लॉन्च किया एप, अब घर बैठे मिलेंगे उत्पाद



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**● एप को सब्सक्राइब करने वाले को पांच दिन तक आधा लीटर दूध निशुल्कः मोहन स्वरूप**

**अब** घर बैठे लोग पराग के उत्पाद प्राप्त कर सकते हैं इसके लिए पराग प्रबंधन ने खोजो खाओ डॉट काम एप लॉन्च किया है। इस एप के माध्यम से लोग पराग के उत्पाद घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी पराग के महाप्रबन्धक डा मोहन स्वरूप ने दी। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था प्रथम चरण में इंदिरानगर, गोमती नगर, कल्याणपुर, विकासनगर, महानगर, डालीगंज, जानकीपुरम, हजरतगंज, निरालानगर व अलीगंज क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए लागू की गई है। होम डिलिवरी का कोई चार्ज नहीं लिया जायेगा। योजना के अन्तर्गत खोजो खाओ ऐप को सब्सक्राइब करने वाले को पांच दिन तक 500 एमएल दूध नि:शुल्क प्राप्त होगा। डा. मोहन स्वरूप ने बताया कि योजना के दूसरे चरण में लखनऊ शहर के अन्य क्षेत्रों को भी अच्छादित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यदि एप डाउनलोड करने में दिक्कत हो तो उपभोक्ता मोबाईल नंण् 8318449679 पर सम्पर्क कर सकते है । महाप्रबन्धक डा मोहन स्वरूप ने कहा कि पराग प्रबंधन अपने उपभोक्ताओं को शुद्ध उत्पाद उनके घर तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में पराग का यह एप महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

## शेरपुर लवल गांव में हुआ ज्ञान केंद्र का उद्घाटन

**निगोहां।** मंगलवार को निगोहां के शेरपुर लवल गांव मे ज्ञान केंद्र का उद्धघाटन किया गया, इसके अलावा लालपुर गांव में खेल के मैदान, व्यायाम शाला और सार्वजनिक शौचालय का भी उद्धघाटन किया गया। इस दौरान बीडीओ मोहनलालगंज के साथ ब्लाक के कई अधिकारी और गांवों के ग्राम प्रधान मौजूद रहें। शेरपुर लवल में ज्ञान केंद्र का निर्माण किया गया जिसमें गरीब असहाय समेत अन्य लोगों को गांव में ही जन्मे ग्राम प्रधान अरविंद सिंह के इंजीनियर बेटे सचिन कुमार सिंह और इंजीनियर बहु साक्षी सिंह द्वारा तरह तरह की शिक्षा का ज्ञान दिया जायगा। जिसका उद्धघाटन मंगलवार को सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर शमशेर बहादुर सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर विकास में खण्ड विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह, जेई अरविंद चौरसिया, सचिव राजकरन, जे एमआई जुबेर अहमद व ग्राम प्रधान अरविंद सिंह, एसबीएन इण्टर कॉलेज के प्रबंधक अमरेंद्र बहादुर सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा लालपुर गांव में क्रीड़ा पार्क एवं व्यायाम स्थल का निर्माण मनरेगा के द्वारा किया गया हैण्इस अभियान में क्रीड़ा पार्क में ही पंचायती राज विभाग के द्वारा सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण किया गया है, जिसका लोकार्पण गांव के पूर्व प्रधान सुरेंद्र बहादुर सिंह और समाज सेवी शैलेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर विकास में खण्ड विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंहए ग्राम प्रधान ज्ञानेंद्र सिंह, तकनीकी सहायक राजकिशोर शुक्ल व ग्राम पंचायत अधिकारी मुकेश बाजपेई मौजूद रहें।

## फिल्म बब्लू संग बब्ली की शूटिंग शुरू




पायनियर सामचार सेवा। लखनऊ

**भोजपुरी** सुपर स्टार गौरव झा और ऋतु सिंह स्टारर भोजपुरी फिल्म बब्लू संग बब्ली का शुभ मुहूर्त मंगलवार मलिहाबाद स्थित आम्रपाली रिसोर्ट में किया गया। मुहूर्त के साथ ही फिल्म की शूटिंग का भी शुभारंभ हो गया। फिल्म के निर्माता संजीव कुमार तिवारी और निर्देशक दीपक सिंह है। वहीं मुहूर्त शॉट के बाद गौरव झा ने कहा कि फिल्म बब्लू संग बब्ली एक बेहतरीन फिल्म है। इसकी पटकथा ने मुझे फिल्म से जोड़ दिया है। उम्मीद है जब यह बनकर तैयार होगी और सिनेमाघरों में आयेगी, तब यह दर्शकों को बेहद पसंद आने वाली है। ऋतु सिंह ने फिल्म को बेहद इंटरटेंनिंग बताया। उन्होंने कहा कि अभी तो शूटिंग शुरू हुई है बस दर्शकों का आशीर्वाद और समर्थन मिलता रहे। आगे भी हम एक से बढ़कर एक फिल्म के साथ आयेंगे। फिल्म के निर्देशक दीपक सिंह ने कहा कि फिल्म लोग एंटरटेनमेंट के लिए देखते हैं। निर्माता संजीव कुमार तिवारी ने कहा कि फिल्म को व्यापक पैमाने पर शूट किया जा रहा है। हमारी कोशिश है कि फिल्म का स्तर वैसा हो, जो बॉलीवुड फिल्मों के साथ खड़ा हो सके। हम यूपी सरकार का और यहां के लोगों के शुक्रगुजार हैं, क्योंकि इनके सहयोग के बिना यूपी में शूटिंग आसानी से कर पाना संभव नहीं होगा। बबलू संग बबली में कलाकारों की बात करे तो मनमोहन तिवारी, संजय पांडे, नन्दनी वर्मा, कल्याणी झा, ग्लोरी मोहन्ता, शिवांगी शाही, विनोद मिश्रा अहम भूमिकाओं में है, वहीं बाल कलाकार में ऐश्वर्या तिवारी हैं, पीआरओ संजय भूषण पटियाला हैं।

## निकाय कर्मचारी महासंघ ने 30 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**नगर** निगम मुख्यालय पर पूर्व घोषित आन्दोलन पर प्रदेश के निकाय कर्मचारी महासंघ ने अपनी 30 सूत्रीय मांग पत्र के समाधान के लिए चरणबद्ध प्रदर्शन किया। पूरे प्रदेश के निकायों में 14 अक्टूबर से धरना कर प्रदेश सरकार व शासन को जगाया जा रहा, जिसके तहत 28 अक्टूबर व 17 नव बर को दोबारा सांकेतिक धरना देकर लंबित मांगों के समाधान की मांग की है।

मंगलवार को महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार मिश्र ने बताया कि प्रदेश सरकार/शासन निकाय कर्मचारियों के लंबित मामले यथाशीघ्र निस्तारित कराने को मजबूर होगा। साथ ही महासंघ द्वारा अगले आन्दोलन में 2 दिसंबर से प्रत्येक इकाई पर 5 प्रतिनिधि क्रमिक अनशन पर बैठ कर सरकार का ध्यानाकर्षण करायेंगे। वहीं महासंघ ने यह भी तय किया है कि यदि सरकार एवं शासन द्वारा समय रहते निकाय कर्मचारियों के लंबित मामलों का समाधान नहीं किया गया तो महासंघ आगामी बड़ा आन्दोलन करने के लिए बाध्य होगा।

धरने में प्रमुख तौर पर सै कैसर रज़ा, गोमती त्रिवेदी, चन्द मोहन, प्रदीप सिंह, गुड्डू, विजय शंकर पाण्डेय, आरपी सिंह, शैलेन्द्र तिवारी, आनन्द मिश्र, कुंवर जय सिंह, संजय चन्द्र, मनोज वर्मा, काली शंकर पाण्डेय, मो हनीफ, अतिम सिंह, जितेन्द्र सिद्धार्थ, राकेश तिवारी, प्रेम सागर, विजय यादव, हरिशंकर पाण्डेय, विवेक अवस्थी, कुलदीप चैधरी आदि सैकड़ों कर्मचारी धरना देकर मांग की।

# अधिकारीगण प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध ढंग से करें निस्तारण : अनुज कुमार झा

● जिलाधिकारी ने तहसील सदर में आयोजित जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित अधिकारियों के वेतन रोकने के दिये निर्देश

संवाददाता। अयोध्या

**जिलाधिकारी** अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में तहसील सदर में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी ने कोविड.19 के प्रोटोकाल संबंधित दिशा. निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए एक.एक फरियादी की समस्याध्शिकायत को गम्भीरता पूर्वक सुनकर मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारियों को उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किये जाने के दिये निर्देश। जिलाधिकारी श्री झा ने तहसील सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित अधिकारियों के वेतन रोकने के दिए निर्देश देने के साथ ही उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाली जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग करते हुए तत्सम्बन्धी आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी से स्वामीनाथ वर्मा पुत्र राम पदारथ वर्माए ग्राम कस्तूरी पुरए विकासखंड पूरा बाजारए थाना महाराजगंज द्वारा ग्राम आशापुरए परगना हवेली अवध के चक मार्ग ;गाटा संख्या.478द्ध पर दबंगों द्वारा अवैध अतिक्रमण किए जाने के शिकायत तथा उसे अतिक्रमण मुक्त कराने के प्रार्थना पत्र पर जिलाधिकारी ने उक्त चकमार्ग की यथाशीघ्र पैमाइश कराने तथा पैमाइश होने तक संबंधित लेखपाल का वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा भूमि विवादए विद्युतए चकबन्दीए पुलिसए आपूर्तिए सिंचाईए कृषिए शौचालयए आवास की मांग आदि के प्रकरण पर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौके पर निरीक्षण कर भूमि विवाद का निपटारा करायें एवं शौचालय व आवास की मांग सहित विभिन्न समस्याओं का भी निस्तारण प्राथमिकता के साथ किये जायें। उन्होंने राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व विभाग के प्रकरणों को गम्भीरता से लेते हुए निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी अपने अपने विभाग के प्रार्थना पत्र का निस्तारण समयबद्ध ढंग से करना सुनिश्चत करें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर विजयपाल सिंह, उप जिलाधिकारी सदर ज्योति सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी निपुण अग्रवाल, तहसील सदर विजय कुमार, नायब तहसीलदर नगर हृदय राम तिवारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीए तहसील अन्तर्गत सम्बन्धित विभागों के अधिकारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारीगण एवं फरियादीगण उपस्थित रहे।



### एसडीएम ने मिल्कीपुर तहसील में सुनी जन शिकायतें

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील मुख्यालय पर एसडीएम अशोक कुमार शर्मा अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 99 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की जिनमें से 8 मामलों का निस्तारण मौके पर ही एसडीएम ने करा दिया। कोविड.19 को लेकर सरकार की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार मंगलवार को मिल्कीपुर तहसील मुख्यालय पर सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया समाधान दिवस में पहुंचे क्षेत्रवासी पीड़ितों ने अपनी फरियाद में पेश की प्रस्तुत शिकायतों का निस्तारण करते हुए एसडीएम ने शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण निर्धारित समयावधि के अंदर किए जाने के निर्देश विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों को दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में प्रस्तुत शिकायतों में सबसे ज्यादा मामले राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग से संबंधित रहे। समाधान दिवस में प्रमुख रूप से तहसीलदार अरविंद त्रिपाठी सहित अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

## हत्या नहीं दुर्घटना थी ओमकार की मौत का कारण

**अम्बेडकरनगर।** टांडा थाना क्षेत्र के डबहवा चौराहे पर मिले युवक के शव के प्रकरण में परिजनों ने ओमकार की हत्या कर फेंके जाने की घटना से इनकार करते हुए वाहन की टक्कर से हुई दुर्घटना की प्राथमिकी दर्ज कराई है। मृतक के भाई आज्ञाराम द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। गौरतलब हो कि मुकुंदपुर कोल्हुआ निवासी ओमकार का शव 13 नवम्बर की रात डबहवा चौराहे के पास पाया गया था। 14 नवम्बर को परिजनों ने गांव के ही तीन लोगों के विरुद्ध हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। ओमकार इन्ही तीन लोगों के साथ 13 को सुबह घर से गया था। बाद मे पता चला कि ओमकार की मौत एक कार की टक्कर से हुई है जिसे एक भट्ठा पर खड़ी किया गया है। इस जानकारी के बाद मृतक के भाई ने दुर्घटना में मौत की तहरीर दी जिसके बाद पुलिस ने इब्राहिमपुर थानान्तर्गत भारीडीहा गांव निवासी विशाल पुत्र कामता प्रसाद के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पहितीपुर पंहुचा प्रतिनिधि मंडल

● बोले, भाजपा सरकार में दंगा -फसाद की कोई जगह नहीं

● बाजारवासियों से शांति बनाये रखने की अपील

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



बाजार में लोगों से जानकारी लेते जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा

**भारतीय** जनता पार्टी के शासन काल में सभी धर्मों का सम्मान सुरक्षित है।बिना भेद भाव के सरकार की योजनाओं और परियोजनाओं को जनता तक पहुंचाने वाली भाजपा सरकार में सभी धर्मों को सभी प्रकार का लाभ प्राप्त हो रहा है। भाजपा सरकार में किसी को भी कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जायेगा वह चाहे कितना भी सबल क्यों नहीं हो। भाजपा सरकार में किसी भी प्रकार के दंगा फसाद की कोई जगह नहीं है।उपरोक्त विचार भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने कटेहरी विधान सभा क्षेत्र के पहितीपुर बाजार में लक्ष्मी गणेश जी की प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे बजाने को लेकर विगत दिनों हुए मारपीट की घटनाओं की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करने के लिए गए प्रतिनिधि मण्डल के साथ दौरा के दौरान व्यक्त किया।भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा के नेतृत्व में गए भाजपा प्रतिनिधिमंडल में शामिल भाजपा नेताओं ने पहिती पुर बाजार में जाकर पीड़ित लोगों से मुलाकात कर सच्चाई जाना।भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल वर्मा ने दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही हेतु अधिकारियों से वार्ता किया।भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि निर्दोष किसी भी व्यक्ति के ऊपर किसी भी व्यक्ति का उत्पीड़न नहीं हो इसका भी विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।उन्होंने बाजार वासियों से शान्ति बनाए रखने की अपील किया। भाजपा प्रतिनिधि मंडल में भाजपा जिला महामंत्री डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी,जिला उपाध्यक्ष डाक्टर राना रणधीर सिंह, विमलेंद्र प्रताप सिंह ''मोनू'',कटेहरी विधान सभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय,जिला मंत्री दीपक तिवारी,राम बहाल वर्मा,शिव पूजन राजभर, मण्डल अध्यक्ष सुभाष वर्मा, पूर्व गो रक्षा प्रमुख भीष्म द्विवेदी,आईटी सोशल मीडिया विभाग जिला संयोजक मनीष मिश्र,अरविंद सिंह ''डिंपू'', कमलेश मौर्य,संजय सिंह,सीता राम सिंह,संजय सिंह,राम प्रकाश सिंह,शामिल रहे।

# भीटी में डीएम व एसपी ने सुनी जन समस्याएं

● सम्पूर्ण समाधान दिवस में दस शिकायतों का ही हो सका निस्तारण

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



सम्पूर्ण समाधान दिवस में भाग लेते जिलाधिकारी व अन्य — पायनियर

**शासन की** मंशा के अनुसार जनसमस्याओं के त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संपूर्ण समाधान दिवस माह के तृतीय मंगलवार को जनपद के समस्त तहसीलों में आयोजित किया गया। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में भीटी तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा, उप जिला अधिकारी भूमिका यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार एवं जनपद के संबंधित समस्त अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि भूमि विवाद एवं छोटे-मोटे मामलों में अधिकारी टीम बनाकर मौके पर उपस्थित होकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर थाना भीटी अंतर्गत अधिक मामले आए जिस पर जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष भीटी को सचेत करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाएं साथ ही साथ इस बात पर विशेष ध्यान दें कि शिकायतों की पुनरावृत्ति ना होने पाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन का मंशा है कि पात्र किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड पात्रों को चयन कर कैंप लगाकर लाभार्थियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित किया जाए। जनहित के कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। असहाय एवं मजलूम लोगों की सहायता करना हमारी प्रथम प्राथमिकताओं में है आला अधिकारीगण अपने कार्यों को निर्भीक होकर ऐसे लोगों के शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शिता पूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। धान समर्थन मूल्य योजना अंतर्गत जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि किसानों के धान क्रय में किसी प्रकार की शिथिलता माफ नहीं होगी। संपूर्ण समाधान दिवस भीटी में जिलाधिकारी के समक्ष कुल 210 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें से 10 प्रार्थना पत्र मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष 200 जन शिकायती पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण हेतु प्राप्त करा दिया गया। तहसील टांडा में अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा के समक्ष कुल 53 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें से 8 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष 45 शिकायती प्रार्थना पत्र को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण हेतु प्राप्त करा दिया गया। तहसील अकबरपुर में उप जिलाधिकारी के समक्ष कुल 86 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए जिसमें से 3 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष 83 प्रार्थना पत्र को निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी को प्राप्त करा दिया गया।

# चुनाव प्रचार को लेकर बनी रणनीति

● शिक्षक एमएलसी चुनाव

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**शिक्षक** एमएलसी चुनाव को लेकर उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई की बैठक डीएवी इंटर कालेज में हुई। बैठक में उप्र वित्तविहीन शिक्षक महासभा के प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रसार को लेकर रणनीति तय की गई। साथ ही तहसीलवार टीमों का गठन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश पांडेय ठकुराई ने कहा कि इस बार शिक्षा माफियाओं के गठजोड़ को शिकस्त देने के लिए संघ ने उप्र वित्तविहीन शिक्षक महासभा के प्रदेश महासचिव अजय सिंह को प्रत्याशी बनाया है। यह साढ़े तीन लाख वित्तविहीन शिक्षकों के नेता हैं, जो शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण कराने को लेकर चुनाव लड़ रहे हैं। बैठक में जय प्रकाश नायक, देवेंद्र प्रताप सिंह गौतम, जगतारन शरण, दुर्गेश दत्त पांडेय, शशि शेखर पांडेय, कृष्ण कुमार पांडेय, सत्यपाल सिंह, राणा प्रताप सिंह, सुभाष यादव, अतुल राय, श्रीकांत यादव, अरविंद सिंह, उपेंद्र मिश्रा, रवि प्रकाश आदि मौजूद रहें।

## गैंगस्टर व्यक्ति को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जानाबाजार, अयोध्या।** हैदरगंज थाने की पुलिस टीम के उपनिरीक्षक थीरेंद्र कुमार आजाद, उपनिरीक्षक अमित सिंह, कांस्टेबल मनोज मौर्या, कांस्टेबल शरद यादव ने थाना क्षेत्र के धमहर लमुहिया निवासी शफीक खान पुत्र दाऊद खान को सुमित्रा इंटर कॉलेज मोड़ से अवैध 303 बोर के तमंचे व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। वही क्षेत्राधिकारी बीकापुर अजय कुमार ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ सुल्तानपुर जनपद के कूरेभार थाने में मुकदमा अपराध संख्या 248 व गोवध निवारण अधिनियम पशु क्रूरता व मुकदमा अपराध संख्या 378 व यूपी गैंगस्टर एक्ट पशु क्रूरता के तहत मुकदमा दर्ज है।

# हत्या के प्रयास के नामजद वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**गोरखपुर।** गगहा थाने की पुलिस टीम ने हत्या के प्रयास के नामजद फरार चल रहे तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी तथा घटना के अनावरण में लगी पुलिस टीम क्षेत्र में मामूर थी कि मुखबिर की खास सूचना पर कहला मेन रोड पुलिया के पास से मुखबिर के निशानदेही पर सूरज पुत्र रामदेव निवासी ग्राम कहला थाना गगहा, आकाश पुत्र लाल बचन निवासी ग्राम कहला थाना गगहा, हदीश पुत्र मुसाफिर निवासी ग्राम कहला थाना गगहा को गिरफ्तार किया। पुलिस की माने तो छठ पूजा हेतु बेदी बनाने की बात को लेकर ग्राम कहला में दो पक्षो में विवाद हो गया था। जिसमें प्रतिवादीगण द्वारा जान से मारने की नियत से फावड़ा व राड से सचिन राय व प्रिन्श राय पुत्रगण कपिल राय निवासी कहला, पर हमला कर दिया जिसमें गम्भीर चोट लगी जिनका इलाज चल रहा है। उक्त प्रकरण में वादी विनय राय पुत्र स्व. कपिलदेव राय के तहरीरी सूचना पर लालबचन धोबी पुत्र स्व. परदेशी धोबी आदि 7 नफर पंजीकृत किया गया। शेष वांछित अभियुक्तों की तलाश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. अख्तर आलम, हे.का. बैजनाथ यादव, सन्तोष चौरसिया, राजेन्द्र यादव शामिल रहें।

### नाबालिग अपहृता बरामद अभियुक्त गिरफ्तार

**सोहगौरा** की रहने वाली नाबालिग अपहरण के खोज में लगी गगहा थाने की पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कौड़ीराम तिराहे से मुखबिर के निशानदेही पर महिला कां. की मदद से सचिन साहनी पुत्र लक्ष्मण साहनी निवासी राजधानी थाना झंगहा को गिरफ्तार कर अपहृता की बरामद की गई।

# कोविड-19 मरीजों का निशुल्क जांच शिविर का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**कोविड**-19 महामारी के द्वारा जो मरीज कोविड पॉजिटिव हैं और वह स्वास्थ्य विभाग के हॉस्पिटल एवं लैबोरेट्री में जाने में असमर्थ हैं उनको घर बैठे स्वास्थ्य जांच के लिए ब्लड सैंपल कलेक्शन करने के लिए मेडिवर डिजिटल हॉस्पिटल का शुभारंभ किया गया। इसमें जो व्यक्ति घर पर होम आइसोलेटेड हैं उनके लिए टीम मेडिवर घर से ब्लड सैंपल कलेक्ट करेगी और जांच करके रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग एवं कोविड कमांड सेन्टर के साथ-साथ मरीज को भी दी जाएगी। अभी शुरुआत में सीआरपी जांच की जा रही है। उसके बाद जिस मरीज को किसी और जांच की जरूरत होगी। कोई व्यक्ति इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम के नंबरों 0551-2201796, 2202205, 9532041882, 9532797104 या मेडिवर डिजिटल हॉस्पिटल के नंबर 7084001122 पर कॉल कर सकता है। इसके अतिरिक्त नीरज श्रीवास्तव (ई.डी.एम.), मो. न. 9451065121, रामेश्वर मिश्रा 9670559966 पर भी काल करके सहायता ले सकते हैं।

इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी के. विजयेन्द्र पाण्डियन ने फीता काटकर मेडिवर डिजिटल हॉस्पिटल के जाँच शिविर का उद्घाटन इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम में किया। जिलाधिकारी ने बताया गया कि होम आइसोलेशन मरीजों का एक फार्मेट के अनुरूप लक्षण, स्वास्थ्य की स्थिति, श्वसन दर डाक्टर की, आवश्यकता, दवा की उपलब्धता कम्लीट ब्लड काउंट ,सी.पी. स्कोर सी.आर.पी. आदि की जानकारी प्राप्त करते किया जाता है। अब मेडिवर के सहयोग से जांच रिपोर्ट मिलने पर मरीजों की और बेहतर देखभाल हो सकती हैं। इस अवसर पर गणेश शंकर यादव (ए.सी.एम.ओ.), बलजीत सिंह (डी.एच.ओ.) के साथ-साथ मेडिकल हॉस्पिटल की टीम रामेश्वर मिश्रा, विजय यादव, लियाकत, मुरली, एवं शिव त्रिपाठी के साथ साथ ई.डी.एम. नीरज श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहें।

## बसपा नेता के भतीजे ने की आत्महत्या

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**बसपा नेता** एवं टांडा के जाने-माने उद्योगपति के भतीजे ने सोमवार की देर रात अपने ही आवास में फांसी लगाकर जान दे दी । टांडा कस्बे के कश्मीरिया मोहल्ले में विश्वकर्मा फाऊंडरी वर्क्स के प्रोपराइटर रामप्यारे विश्वकर्मा के भतीजे 20 वर्षीय अनुज पुत्र हरिशंकर ने सोमवार की रात अपने ही घर में फांसी लगाकर जान दे दी। बताया जाता है कि अनुज ने प्रेम प्रसंग के चलते घटना को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद अनुज को जिला चिकित्सालय लाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने के बाद अलीगंज थाना प्रभारी दयाशंकर मिश्र ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। अकबरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार के युवा पुत्र की मौत के बाद घर में कोहराम मचा हुआ है।

# होटल व्यवसायी ने की खुदकुशी, महिला पर करोड़ों रुपए हड़पने का आरोप

**गोरखपुर।** होटल व्यवसायी संजय मल्ल ने खुदकुशी कर ली है। उनका शव जेमिनी अपार्टमेंट के उनके फ्लैट में फंदे से लटकता मिला। वह यहां पिछले एक साल से किराए पर रहते थे। संजय रेलवे स्टेशन रोड पर किराए पर एक होटल का संचालन करते थे। पुलिस को संजय के कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें उन्होंने एक महिला पर करोड़ों रुपए हड़प लेने का आरोप लगाया है। संजय की खुदकुशी को लेकर उनका परिवार सकते में आ गया है। मूल रूप से मऊ के मधुबन के रहने वाले संजय का गोरखपुर के रामजानकी नगर में अपना मकान है। इसके बावजूद उन्होंने शहर में किराए का फ्लैट क्यों ले रखा था इस बारे में कोई कुछ नहीं बता पा रहा है। यहां तक कि उनके परिवार को भी इस बारे में जानकारी नहीं थी। बताया जा रहा है कि सुसाइड नोट में संजय ने इन सारी बातों का खुलासा किया है। उन्होंने एक महिला पर करोड़ों रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस उस महिला की तलाश में जुट गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महिला की पहचान कर ली गई है। संजय अपने पीछे एक बेटा, एक बेटी और पत्नी को छोड़ गए हैं। जानकारी के अनुसार संजय दिखावे के लिए रामजानकीनगर में अपने निजी आवास पर परिवार के साथ भी रहते थे। लेकिन दो दिन से वह वहां नहीं गए। परिवार उनकी तलाश में जुटा था। इसी दौरान उन्हें जेमिनी अपार्टमेंट में किराए के फ्लैट के बारे में पता चला। परिवार वहां पहुंचा तो कमरा अंदर से बंद था। काफी खटखटाने के बावजूद दरवाजा नहीं खुला तब परिवार ने सोसाइटी के लोगों और पुलिस को सूचना देकर बुलाया। सीसी कैमरे की फुटेज देखी गई तो पता चला कि फ्लैट में गए तो थे लेकिन काफी समय से बाहर नहीं निकले थे। इसके बाद पुलिस ने बढ़ई बुलाकर दरवाजे का लॉक तुड़वाया। अंदर संजय का शव फंदे से लटकता मिला।

# सेवा निवृत्त दरोगा को ही खाकी से नहीं मिल पा रहा न्याय

● माह भर से सीओ कार्यालय का चक्कर लगा रहा पीड़ित

● ठगी का शिकार हुआ है सेवानिवृत्त दरोगा

**अम्बेडकरनगर। पुलिस विभाग** में सेवा के उपरांत रिटायर्ड हुए दरोगा को पुलिस विभाग द्वारा ही न्याय नहीं मिल पा रहा है बीते 1 माह से रिटायर्ड दरोगा सीओ कार्यालय का चक्कर काट रहा है। मामला जिले के आलापुर थाना अंतर्गत गोहनारपुर गांव का है। गांव निवासी रिटायर्ड दरोगा रामचेत निषाद का आरोप है कि बीते वर्ष 2019 में उनकी मुलाकात आलापुर तहसील मुख्यालय पर स्थित एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र संचालक संतोष कुमार से हुई।संचालक द्वारा उन्हें बताया गया कि निजी कंपनी में एक प्लान है जिसमें 10 लाख रुपए जमा करने पर पत्नी-पति को आजीवन 15 हजार रुपए मिलते रहेंगे। इसके उपरांत दरोगा ने चेक के माध्यम से 12 अप्रैल 2019 को संचालक के खाते में 10 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए।दरोगा के मुताबिक 3 माह तक उनके व पत्नी के खाते में 15-15 हजार रुपए आए।बाद में जब पैसे आना बंद हो गया तो संचालक से संपर्क किया तो संचालक द्वारा त्रुटि का हवाला देकर मामले को टरकाया गया।रिटायर्ड दरोगा को ठगी का अहसास होने पर ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक से रुपए मांगना शुरू किया तो संचालक ने अभद्रता के साथ धमकी भी दी।रामचेत निषाद ने आलापुर पुलिस के अलावा अन्य उच्चाधिकारियों को भी पत्र प्रेषित कर कार्रवाई की मांग किया। बीते एक माह पूर्व रामचेत निषाद नें आईजी अयोध्या रेंज से मुलाकात कर मामले की जानकारी दिया था। आईजी रेंज ने मामले की जांच क्षेत्राधिकारी आलापुर को सौंपी थी। रिटायर्ड दरोगा रामचेत निषाद के मुताबिक वह बीते एक माह से सीओ कार्यालय का चक्कर काट रहा है लेकिन अभी तक मामले में कार्रवाई नहीं हो सकी है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी जगदीश लाल ने बताया कि त्यौहार में व्यस्तता के चलते जांच नहीं हो पाई है, जल्द ही जांच कर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फरार चल रहे वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में गोरखनाथ थाने की पुलिस टीम ने मु.अ.सं. 1029/2020 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित वाँछित अभियुक्त गुड्डु पुत्र कल्लन निवासी दशहरी बाग रसूलपुर थाना गोखनाथ को स्प्रिगर मोड़ से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर टीम ने चोरी गयी मड पम्प बरामद किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. शैलेन्द्र कुमार, कां. प्रदीप कुमार सिंह, रोहित कुमार राम शामिल रहें।

## परम्परागत खेल को प्रोत्साहन देने की जरूरतः राजेश त्रिपाठी

**गोरखपुर।** आधुनिकता के इस दौर में परम्परागत खेल से युवा वर्ग विमुख होता जा रहा है। सिर्फ मोबाइल व कम्प्यूटर खेल के प्रति युवा वर्ग का आकर्षण बढ़ रहा है जो सोचनीय है। उक्त बातें रकहट योद्धा कबड्डी प्रतियोगिता रकहट में आयोजित क्वार्टर फाइनल में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजेश त्रिपाठी ने कही। उन्होंने कहा कि परम्परागत खेल को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। इसके लिए कबड्डी जैसे अन्य परम्परागत खेलों का आयोजन किया जाना चाहिए ताकि खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि खेल कोटा से सेना व रेलवे जैसे अन्य सरकारी विभागों में नौकरी मिलती है। युवा वर्ग खेल को कैरियर के रुप में अपना सकते हैं। क्वार्टर फाइनल मैच बघराई बनाम यादव वैरियर्स के बीच खेला गया जिसमें यादव वैरियर्स की टीम जीत हासिल की। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाध्यापक कृष्ण मुरारी पांडेय, अवनिश, प्रवीण, विनोद पांडेय, रामचीज, झपटी, नागरसिंह यादव सहित क्षेत्र के लोगों ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

# अशोक सिंघल का जन्म हिंदुत्व को उच्च शिखर पर स्थापित करने के लिए हुआ था : कन्हैया दास

संवाददाता। अयोध्या

● हिंदू हृदय सम्राट राम जन्मभूमि आंदोलन के पुरोधा अशोक सिंघल की पांचवी पुण्यतिथि पर अर्पित किए गए श्रद्धा सुमन

**श्रीराम** जन्मभूमि आंदोलन के धर्मयोद्धा स्व अशोक सिंहल की पाँचवी पुण्यतिथि पर स्मरण कर भावांजलि अर्पित की गई। विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य पुरुषोत्तम नारायण सिंह ने इस अवसर पर कहा श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के मेरुदंड थे अशोक सिंहल। राम मंदिर आंदोलन चलाने के लिए जनसमर्थन जुटाने में विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक स्व सिंहल की अहम भूमिका रही। वह ऐसे धर्मरक्षक थे जिन्हो ने जन जन को एक सूत्र में पिरो दिया। उन्हों ने कहा विगत पांच दशक से ऐसे संत मनीषी के साथ संगठन तंत्र तथा आंदोलन को खड़ा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आज भी वह हम सभी की स्मृतियों हैं। अयोध्या संत समिति के अध्यक्ष और केन्द्रीय मार्गदर्शक मंडल के सदस्य महंत कन्हैया दास ने कहा साकेतवासी अशोक जी का जन्म ही हिन्दुत्व को उच्चशिखर पर स्थापित करने और मंदिर निर्माण हेतु हुआ था। उन्होंने समाज को संगठित कर कथित धर्मनिरपेक्ष ताकतों को भी हाशिये पर लाकर खड़ा कर दिया। उनकी ओज शक्ति ही उन्हे इस आंदोलन का अजेय योद्धा बनाकर जन जन मे लोकप्रिय बना दिया। मंडलेश्वर प्रेम शंकर दास ने कहा अशोक सिंहल श्रीराम योद्धा थे जिनकी वांणी पर लाखो नवयुवक रक्त देने को तत्पर हो उठते थे। वह अब नही है परंतु वह आज भी राम जन्मभूमि निर्माण के संकल्प की सिद्धि मे जीवित हैं। उनका स्वप्न साकार रूप प्राप्त कर रहा यही उनको



हम सभी की ओर से श्रद्धांजलि है। विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने अशोक सिंहल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा अशोक सिंघल का जन्म 15 सितंबर 1926 में हुआ और पढ़ाई के दौरान वह संघ के संपर्क में आए और फिर प्रचारक बन गए। उन्हें वर्ष 1981 में विश्व हिंदू परिषद में भेज दिया गया और देश में हिंदुत्व की भावना को फिर से मजबूत करने के लिए 1984 में धर्मसंसद के आयोजन में अशोक सिंहल जी ने मुख्य भूमिका निभाई। इसी धर्म संसद में साधु.संतों की बैठक के बाद राम जन्मभूमि आंदोलन की नींव पड़ी थी और उन्होंने इसका विस्तार पूरे देश में किया।राममंदिर के शिलान्यास से लेकर कारसेवा और कलंक विध्वंस में अशोक सिंहल जी अहम भूमिका में रहेण् 1989 में अयोध्या में राम मंदिर के शिलान्यास के बाद अशोक सिंहल ने कहा था, यह मात्र एक मंदिर का नहीं, हिंदू राष्ट्र का शिलान्यास हैण्श् राम मंदिर के शिलान्यास के बाद अशोक सिंहल ने राम मंदिर आंदोलन को हिंदुओं के सम्मान से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई और देश भर में आंदोलन के लिए लोगों को एकजुट कियाण् वह 2011 तक विहिप के अध्यक्ष रहे और फिर स्वास्थ्य कारणों से उन्होंने स्वत: अपने पद से मुक्ति ले ली था परन्तु कार्यकर्ताओं के विशेष निवेदन पर वह आजीवन संत धर्माचार्यों से संपर्क और मंदिर निर्माण हेतु अयोध्या प्रवास करते रहे। 17 नवंबर 2015 को उनका निधन दिल्ली में हो गया। आज भी वह हम जैसे लाखों कार्यकर्ताओं के हृदय मे विराजमान हैं। आज उनके संकल्प की पूर्णता भव्य मंदिर से हो रही है।

# कांग्रेस में उठापटक

## सीडब्लूसी चुनाव की मांग

**वरिष्ठ** कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने एक बार फिर सीडब्लूसी चुनाव की मांग करते हुए कहा है कि पार्टी अब जनता की पसंद नहीं रह गई है ओर उसे कारगर पुनर्जीवन योजना की आवश्याकता है। लेकिन कांग्रेस में समस्या यह है कि ऐसा फार्मूला पेश करने वाले को आमतौर से विद्रोही मान कर खारिज कर दिया जाता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि पार्टी को इस प्रक्रिया में बेहतरीन नेताओं से हाथ धोने पड़ते हैं। कांग्रेस पार्टी धीरे-धीरे राष्ट्रीय पार्टी के रूप में अपनी प्रासांगिकता खोती जा रही है तथा अब तीसरे-चौथे स्थान पर पहुंचने वाली क्षेत्रीय पार्टी की तरह हो गई है। यदि यही स्थिति बनी रही तो भाजपा देश की एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी बन जाएगी। इसके बावजूद एक के बाद दूसरी पराजय के पश्चात वास्तविक स्थिति पर चर्चा का कोई प्रयास नहीं होता है तथा कोई बहाना बताया या किसी को गद्दार ठहराया जाता है। अगस्त में पार्टी नेतृत्व को 'विरोध पत्र' लिखने वाले 23 वरिष्ठ नेताओं को हाशिए पर धकेल दिया गया, जबकि वे पार्टी के प्रथम परिवार से पार्टी में लोकतंत्र की मांग कर रहे थे। इसके बावजूद एक पत्र लेखक कपिल सिब्बल ने फिर बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन पर सवाल उठाया है। कांग्रेस 70 सीटें लड़ कर केवल 19 सीटें जीत सकी। राजद नेता कह रहे हैं कि कांग्रेस सबसे कमजोर कड़ी थी जो अपने परंपरागत वोटबैंक उच्च जातियों व दलितों को अपने पक्ष में लामबंद करने में विफल रही। कांग्रेस बहाना बना रही है कि जिन 70 सीटों पर वह चुनाव लड़ी, वे उसकी मजबूत सीटें नहीं थीं। लेकिन सिब्बल ने साफ-साफ कहा है कि न केवल बिहार, बल्कि सभी स्थानों पर जनता 'कांग्रेस को प्रभावी विकल्प नहीं मानती है।' उन्होंने कहा कि पार्टी गुजरात में



सभी उपचुनावों में हारने तथा उत्तर प्रदेश में कुछ सीटों पर दो प्रतिशत से कम वोट पाने के बावजूद 'दीवाल की लिखावट' पढ़ने तथा आत्मनिरीक्षण करने में अक्षम है। उन्होंने यह कह कर नेतृत्व में उथलपुथल पैदा कर दी है कि उसके पास जवाब हैं, पर वह उनको सुनने की इच्छुक नहीं है। उन्होंने कांग्रेस कार्यसमिति-सीडब्लूसी में परिवर्तन की मांग करते हुए नामांकित समिति के स्थान पर निर्वाचित व प्रतिनिधिक लोगों को लाने की पैरवी की है जिससे जमीनी स्तर पर कार्यकर्ता उत्साहित होंगे। लेकिन नेहरू-गांधी परिवार अपनी प्रासांगिकता समाप्त होने के भय से ऐसा कोई कदम उठाने के पक्ष में नहीं है। मूल पत्र लेखकों में से केवल सिब्बल ने एक बार फिर जुझारू तेवर दिखाए हैं। लेकिन सोनिया गांधी यह समझ नहीं पा रही हैं कि राजनीतिक रूप से सशक्त भारत में कांग्रेस कार्यकर्ता उनके बच्चों में नेतृत्व की कोई संभावना नहीं देख पा रहे हैं और उनको पार्टी का पुनर्निर्माण करना होगा। मतदाताओं ने पहले ही राहुल-प्रियंका को अस्वीकार कर दिया है और उनकी सक्रियता व पदयात्राओं का कोई नतीजा नहीं निकला है। कांग्रेस में पिछली बार 1998 में सीडब्लूसी चुनाव हुए थे और इसी कारण अनेक नेताओं में अशांति और अधीरता व्याप्त है। लेकिन उनको दरबारियों की अनेक पर्तों ने बाहर कर दिया है जो यथासंभव अधिकाधिक समय तक अपने पद सुरक्षित रखना चाहते हैं। निश्चित रूप से केन्द्रीय पार्टी की उन राज्यों में कोई खास भूमिका नहीं है जहां वह स्वयं या गठबंधन सहयोगियों के साथ सत्ता में है। उसकी सफलता मुख्यत: कैप्टेन अमरिंदर सिंह जैसे राज्यस्तरीय नेताओं के कारण है जो अपनी शैली में काफी स्वायत्त हैं और उनको अनदेखा नहीं किया जा सकता है। मध्य प्रदेश में पार्टी छोड़ने वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उपचुनावों में अपनी योग्यता सिद्ध कर दी है। यदि कांग्रेस जीवित रहना चाहती हो तो उसे अपने भीतर सुधार कर अहंकार से दूर हटने तथा ईमानदार सलाह सुनने की जरूरत है। यदि ऐसा नहीं होता है तो उसका नेतृत्व राजनीतिक मानचित्र पर उन निर्दलीयों की तरह रह जाएगा जो अपनी जड़ें और शाखाएं मजबूत करने की चिन्ता नहीं करते हैं। यदि राहुल गांधी को जनवरी में फिर अध्यक्ष बना दिया जाता है तो पार्टी को भारी नुकसान होगा।

# लोकतंत्र के प्रति गलत अवधारणाएं

लोकतंत्र के प्रति पश्चिमी अवधारणाओं की पैरवी करते हुए कुछ लेखकों ने सुविधाजनक सिद्धान्त पेश किए हैं। इनको चुनौती देने की आवश्यकता है।



**ए. सूर्यप्रकाश**
(लेखक लोकतांत्रिक अध्ययनों के विशेषज्ञ हैं)



दुनिया में लोकतंत्रों का अध्ययन करने का दावा करने वाले स्वीडेन के एक संस्थान ने भारत का सम्मान घटाया है तथा उसे अनेक देशों से नीचे रखा है, जबकि इनमें से अनेक देशों में उन सिद्धान्तों को समुचित स्थान नहीं मिला है जिनको भारतीय संविधान में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। इनमें सेक्युलरवाद, राज्य और धर्म के बीच अलगाव तथा कानून के समक्ष समानता के सिद्धान्त शामिल हैं। स्वीडेन में गुटेनबर्ग विश्वविद्यालय के शोध संस्थान वैराइटीज़ आफ डेमोक्रेसी-वी डेम ने डेमोक्रेसी रिपोर्ट 2020 जारी की है। इसमें दावा किया गया है कि 'इसमें लोकतंत्र के मापन के लिए ऐतिहासिक, बहु आयामी व विस्तारित दृष्टिकोण तथा अद्यतन क्रियाविधि का प्रयोग किया गया है।' इन सभी दावों का परीक्षण किया जाना चाहिए। रिपोर्ट में आश्चर्यजनक दावा करते हुए कहा गया है कि भारत 'लोकतंत्र में अपना दर्जा खोने के कगार पर है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार में मीडिया, सिविल सोसाइटी व विपक्ष का स्पेस बहुत तेजी से घटा है।' दूसरी ओर सर्वोत्तम लोकतंत्रों में डेनमार्क, इस्टोनिया, स्वीडेन, स्विजरलैंड व नार्वे हैं। भारत 90वें स्थान पर है। निम्न कारणों से इस रिपोर्ट को पूरी तरह खारिज किया जाना चाहिए।

इस दावे की जांच करें कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद मीडिया का स्पेस 'बहुत सिकुड़ा' है। भारत में समाचारपत्रों के महापंजीयक तथा मीडिया के विकास पर नजर रखने वाले अन्य संस्थानों की रिपोर्ट के प्रकाश में आपको यह दावा हास्यास्पद लगेगा। भारत में पिछले दशक में मीडिया में भारी प्रगति हुई है और पिछले 6 साल उल्लेखनीय हैं। 2014 में भारत में दैनिक समाचारपत्रों का सर्कुलेशन 150 मिलियन था जो 2018 में बढ़ कर 240 मिलियन हो गया। देश में लगभग 250 मिलियन परिवार हैं और उनमें से 160 मिलियन परिवारों के पास 2014 में टेलीविजन थे। 2018 तक यह आंकड़ा लगभग 200 मिलियन पहुंच चुका था। लेकिन विकास की यह कथा मुख्यधारा मीडिया से आगे भी जाती है। हालिया वर्षों में सोशल मीडिया में असाधारण वृद्धि हुई है और यह बढ़ते हुए इंटरनेट कनेक्शनों से स्पष्ट होती है। 2014 में इनकी संख्या 150 मिलियन थी जो पांच साल बाद 500 मिलियन से अधिक हो गई।

इसके साथ ही भारतीय खबरिया टेलीविजन कार्यक्रमों में रोज शाम को होने वाली तीखी बहसों पर गौर करें तो स्पष्ट हो जाएगा कि चर्चा करने वाले विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक स्वरों का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा एक दूसरे को नीचा दिखाने का प्रयास करते हैं। इन बहसों को देख कर आपको विश्वास होगा कि हमारा लोकतंत्र अत्यधिक तर्कशील हो गया है जो कभी-कभी अराजकता तक पहुंच जाता है। ऐसे में लोकतंत्र में गिरावट का सवाल कहां उठता है?

हमें सोशल मीडिया पर गौर करना चाहिए। एक भी सप्ताह ऐसा नहीं बीतता है जब मोदी-विरोधी लोग 'नरेन्द्रमोदीवर्स्टप्राइममिनिस्टर' जैसे हैशटैग ट्विटर पर नियमित रूप से न चलते हों और राजनीतिक पार्टियों के हजारों समर्थक मोदी का विरोध न करते हों। यहां तक कि उनकी टिप्पणियां आक्रामक होती हैं तथा उनमें कार्टून शामिल किए जाते हैं। इसलिए यह कहना हास्यास्पद या सूचनाओं के अभाव में है कि देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर गंभीर खतरा है। इन सारे प्रमाणों के आधार पर कोई यह भी नहीं कह सकता है कि भारत में 'मीडिया का स्पेस सिकुड़ रहा है' अथवा सिविल सोसाइटी और 'विपक्ष' को कुचला जा रहा है। ऐसा आरोप लगाने वालों को अपनी सोच पर गौर करना चाहिए।

रिपोर्ट में दूसरी कमी यह है कि उसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में जो भी कमियां मिलीं, उनको मोदी पर थोप दिया गया। यह पूर्णत: गलत और गैर-जिम्मेदाराना है। यह उपरोक्त कारणों तथा संवैधानिक दृष्टिकोण से गलत है। संभवत: रिपोर्ट ऐसे लोगों द्वारा तैयार की गई है जो भारतीय संविधान से परिचित नहीं हैं।

भारत इस दृष्टिकोण से संघीय गणतंत्र है कि यहां विधायी व कार्यकारी शक्तियों का साझा केन्द्र व राज्यों के बीच किया जाता है तथा संविधान स्वयं भी दोनों को आबंटित विषय परिभाषित करता है। इसके साथ ही मोदी या उनकी पार्टी के गठबंधन का देश के सभी 28 राज्यों या केन्द्रशासित क्षेत्रों में शासन नहीं है। इनमें से लगभग आधे राज्यों में वे राजनीतिक पार्टियां और गठबंधन शासन करते हैं जो मोदी की पार्टी का विरोध करते हैं। इन राज्यों में लगभग 42 राजनीतिक पार्टियों का शासन है।

संविधान में राज्यों को 'कानून व्यवस्था' के रखरखाव के लिए काफी अधिकार दिए गए हैं। इसका अर्थ है कि दंड न्याय प्रणाली का प्रशासन राज्यों की जिम्मेदारी है। इसलिए जब कोई राज्य सरकार किसी पत्रकार के खिलाफ मानहानि, आदि का मामला दर्ज करती है तो केन्द्र सरकार का उससे कोई संबंध नहीं होता है। हालिया समय में कुछ राज्यों में मीडिया की स्वतंत्रता को चुनौती मिली है जिनमें से अनेक मोदी के धुर आलोचक हैं। दर्जनों देशों के संविधानों का अध्ययन करने के बाद इस लेखक का विचार है कि सटीक लोकतंत्र में निम्न आठ मूल तत्व शामिल होने चाहिए-अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता व संचेतना की स्वतंत्रता के प्रति अनुल्लंघनीय प्रतिबद्धता, सेक्युलरवाद के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता, धर्म और राज्य का अलगाव, सरकार का गणतांत्रिक स्वरूप, कानून के समक्ष समानता का संवैधानिक अधिकार, जेंडर समानता, जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार तथा सार्विक वयस्क मताधिकार। ये सभी आवश्यक आठ तत्व भारतीय संविधान में विद्यमान हैं।

अब हमें वी-डेम रिपोर्ट तथा उसमें भारत से आगे रखे गए देशों पर गौर करना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार डेनमार्क सर्वोत्तम लोकतंत्र है। लेकिन उसका संविधान कहता है कि यह पवित्र बाइबिल पर आधारित इवैंलिजिकल लूथरियन चर्च 'डेनमार्क की स्थापित चर्च होगी।' इसके साथ ही 'राज्य की जिम्मेदारी वित्तीय व अन्य तरीकों से डेनमार्क की चर्च का समर्थन करना है।' स्वीडेन तीसरे स्थान पर है, लेकिन यह गणतंत्र नहीं है। उसके संविधान में कहा गया है कि राज्य का प्रमुख 'राजा या रानी होंगे'। संविधान में कहा गया है कि राजा या रानी को उनके किसी कृत्य के लिए अभियोजित नहीं किया जा सकता है। इसका अर्थ है कि हमारे संविधान में वर्णित अनुच्छेद 14 का स्वीडेन में कोई स्थान नहीं है। इसके साथ ही संविधान में कहा गया है कि राजा 'हमेशा शुद्ध इवेंलेजिकल धर्म पर विश्वास करेंगे'। इसमें राजकुमार या राजकुमारी को उसकी इच्छानुसार विवाह करने की अनुमति भी नहीं है। उनको विवाह के लिए सरकारी अनुमति की आवश्यकता होती है। इस प्रकार स्वीडेन गणतंत्र नहीं है। यह सेक्युलर राज्य नहीं है क्योंकि इसका राज्य प्रमुख एक चर्च से जुड़ा होता है। समान रूप से कानून के समक्ष समानता भी यहां नहीं है क्योंकि राजा को आरोपी नहीं बनाया जा सकता है।

भारत से आगे रखे गए देशों में पापुआ न्यू गाइना भी शामिल है जो ईसाई सिद्धान्तों से संचालित देश है। इसके साथ ही अर्जेन्टाइना है जहां संघीय सरकार रोमन कैथोलिक एपोस्टोलिक धर्म का समर्थन करती है। भारत न केवल सेक्युलर लोकतांत्रिक देश है, बल्कि यह दुनिया का सर्वाधिक जीवन्त व विविधतापूर्ण देश भी है। इसने संविधान की प्रस्तावना में 'सेक्युलर' आदर्श शामिल किया है। यह सभी धर्मों का घर है, इसकी जनसंख्या नस्ली रूप से विविधतापूर्ण है तथा इसकी जनता 122 भाषाओं व 170 बोलियों का प्रयोग करती है। इसलिए भारत को नीचा दिखाने का प्रयास करने वाले लोग वास्तव में लोकतंत्र को ही नीचा दिखा रहे हैं।

'लोकतंत्र' की पश्चिमी अवधारणाओं की पैरवी करने वाले लेखक अपनी सुविधा से सिद्धान्त प्रतिपादित करते हैं जिनको चुनौती देने की आवश्यकता है। भारतीयों को अब उठ खड़े होने और यह कहने की आवश्यकता है कि 'हमें भाषण न दें। आपके सिद्धान्तों में नस्लवाद व ईसाई सांप्रदायिकता की भयानक बदबू आती है।'

# मौसम की सटीक भविष्यवाणी जरूरी

**कोटा श्रीराज**
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)



हममें से जो लोग महानगरों व अन्य नगरीय इलाकों में रहते हैं, मौसम की भविष्यवाणियां अधिकतर तापमान, आद्रता स्तर एवं वर्षा की संभावनाओं से जुड़ी सूचनाओं का नीरस प्रवाह होता है। नगरवासी प्रदूषण स्तर, अनुकूल वायु गुणवत्ता सूचकांक एवं अगले कुछ दिनों में शहर दम घोटने वाली धुंध की चादर में लिपटा तो नहीं होगा, को लेकर अधिक चिंतित रहते हैं। धुंध से बचना नगर निवासियों के लिए बेहद अहम होता है क्योंकि यह न केवल उनके स्वास्थ्य तथा घर से बाहर की गतिविधियों को प्रभावित करता है, बल्कि इसका अर्थ ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान का आगाज़ करना भी है, जिसमें ट्रकों के प्रवेश का निषेध, निर्माण गतिविधियों पर रोक, निजी वाहनों के लिए सम-विषम योजना लागू करना, स्कूल बंद करना, ईंट के भट्ठे, पत्थर काटने वाली मशीनों को बंद करना, बिजली संयंत्रों को बंद करना, डीजल जनरेटरों, लकड़ी जलाने एवं कचरा भंडारों में कचरे को जलाने पर रोक आदि उपाय भी शामिल होते हैं। लेकिन धुंध एवं अनुकूल वायु गुणवत्ता सूचकांक को लेकर चिंताओं के अलावा, मौसम की भविष्यवाणी भी नगर निवासियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती है। असलियत में, मानसून के दौरान वे पूर्वानुमानों के सटीक न होने के कारण मज़ाक बनकर रह जाते हैं।

लेकिन भारत के अन्य हिस्सों में, गगनचुंबी इमारतों एवं प्रदूषण से परे, जहां सर्वोच्च भू-चिन्ह या तो वृक्ष अथवा पर्वत होते हैं, मौसम की भविष्यवाणियां जानकारी के अहम स्रोत होते हैं। भारत का कृषक समुदाय मौसम संबंधी जानकारियों पर अत्यधिक निर्भर करता है तथा किसान अपने फसल चक्रों, चक्रीय पैटर्नों, खरपतवारनाशकों के इस्तेमाल आदि संबंधी योजना उस आधार पर बनाते हैं। शुक्र है कि, बीते दशकों में, मौसम संबंधी जानकारियों के प्रसार ने बड़ी प्रगति की है। और व्यापक सेलफोन संजालों एवं किफायती स्मार्ट फोनों के बदौलत, भारत के बहुत से दुर्गम इलाकों में किसानों के पास मौसम के आंकड़े उंगलियों पर उपलब्ध होते हैं।

हालांकि, ये स्थितियां, उतनी प्रशंसनीय हें जितनी कि लगती हैं, भारतीय कृषि के क्षेत्र में एकसमान रूप से अस्तित्वमान नहीं होती हैं एवं कृषिक समुदाय के भीतर पूर्ण आर्थिक असमानताओं के रूप में गंभीर विषमताएं विद्यमान हैं। जबकि बड़ी जोतों वाले किसानों के पास धन तक पहुंच, गुणवत्तापूर्ण बीज, पशुधन एवं कृषि उपकरण मौजूद है मगर वे मुनाफा कमाने के लिए संघर्ष करते हैं, लघु एवं सीमांत किसानों की दशा



खराब ही बनी रहती है और प्रत्येक बीतते वर्ष के साथ बद्तर होती जा रही है। यहां तक कि लगता है कि देश की आर्थिक प्रगति के दशकों में भी उन प्रबंचित किसानों की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है जिनकी छितरी हुई जोतें अधिकाधिक फसलें उपजाने में असमर्थ होती हैं। इससे सुनिश्चित होता है कि किसान कर्ज और गिरती उपज के जटिल जाल में गहराई तक उलझते जा रहे हैं। आघातकारी नीतियां, जैसे कि हालिया कृषि कानून, जो किसानों के भले के बारे में संदह पैदा करते हें, स्थितियों को और बिगाड़ देते हैं। इन जोखिमभरी स्थितियों के चलते, आने वाले दिनों में मौसम क्या लाने वाला है इससे संबंधित सूचनाएं किसानों के लिए ईश्वर प्रदत्त सुविधाएं बन कर रहा जाती हैं। खासकर इस तथ्य के चलते कि जलवायु परिवर्तन संबंधी त्रासदियां कृषि क्षेत्र पर कहर ढा रही हैं। 2019-20 में, अतिशय मौसमी घटनाओं का भारत में 14 मिलियन कृषि भूमि पर बुरा प्रभाव पड़ा है। राष्ट्रीय प्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण में किसानों को उचित समय पर मौसम संबंधी सूचनाएं मिलने के महत्व को रेखांकित किया और निष्कर्ष निकाला कि इसका किसानों की आय पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है।

लगभग 4,000 कृषि विशेषज्ञों के साक्षात्कारों पर आधारित सर्वेक्षण से राष्ट्रीय मानसून मिशन एवं उच्च निष्पादन कम्प्यूटिंग सुविधाओं में भारत के निवेश के आर्थिक प्रभावों का आंकलन करने में मदद मिली। नतीजों ने दर्शाया कि मौसम की जानकारियों पर आधारित जोखिम से बचने, आपदा प्रभाव को कम करने एवं सावधानी भरी गतिविधियों ने किसानों को लाभ पहुंचाया है।

इसी प्रकार, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के साथ मिलकर 130 कृषि-मौसम खेत इकाइयों के संजाल के द्वारा 22 मिलियन किसानों को कृषि मौसम वैज्ञानिक सलाहें भेजीं। यी पाया गया था कि जिन 80 प्रतिशत किसानों ने इन सलाहों का इस्तेमाल किया वे गंभीर फसल संबंधी नुकसानों से बचने में सफल रहे। हालांकि, इन सलाहों के माध्यम से होने वाले सूचनाओं के प्रवाह भी समस्याओं से परे नहीं होते।

फरवरी 2018 में, मौसम विभाग ने महाराष्ट्र, की नासिक बेल्ट के लिए तूफान एवं भारी वर्षा संबंधी चेतावनियां जारी की थीं, जो कि परम्परागत रूप से अंगूर उपजाने वाला इलाका है, जहां प्रतिवर्ष 1,00,000 टन अंगूर का निर्यात होता है। एडवायजरी ने अंगूर किसानों को मौसम की मार से बचने के लिए अपनी कटाई प्रक्रिया को समय से पहले अंजाम देने पर बाध्य कर दिया। मगर जल्द ही, मौसम विभाग ने अपनी भविष्यवाणी वापस ले ली, जिससे क्षेत्र में अंगूर की कटाई समय से पहले हो गई और किसानों को श्रम कार्यों पर भारी मात्रा में धन खर्च करना पड़ा। इन कारणों से मौसम विज्ञान विभाग की विश्वसनीयता क्षीण हो जाती है तथा किसान उससे विमुख हो जाते हैं। ऐसी स्थितियों से बचने के लिए, विभाग को अपनी भविष्यवाणी करने की क्षमता पर काम करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि भविष्यवाणी वापस लेने की घटना बार-बार न हो क्योंकि इससे कृषिक समुदाय का भविष्य चौपट हो जाता है।

इसके अतिरिक्त, मौसम संबंधी एडवायजरी कभी-कभी सामान्य प्रकृति की होती है तथा उनमें जिला स्तरीय विशिष्ट सूचनाएं नहीं होतीं, जिसके कारण फसलोत्पादक भ्रमित हो जाते हैं कि फसल बचाने के लिए कदम उठाएं या नहीं। मौसम विभाग को यह दोष दूर करना होगा जिससे कि कृषि विशेषज्ञ उचित ढंग से जारी की गई भविष्वाणियों का पूर्ण लाभ उठा सकें और सूचनाएं सटीक एवं विस्तृत रूप में होनी चाहिए। इस बाबत जानकारी है कि आंकड़ों की उपलब्धता के कारण किसानों को कैसे लाभ होता है लेकिन गलत अथवा जल्दबाजी में की गई भविष्यवाणी अथवा भविष्यवाणियां वापस ले लिए जाने अथवा भविष्यवाणियों से संबंधित अन्य लापरवाहियों से उनको हुए नुकसान संबंधी समग्र आंकड़े उपलब्ध नहीं है। कोई जानकारी का अर्थ यह नहीं होता कि ऐसा नहीं हुआ है। सरकार को इस बाबत विश्वसनीय आंकड़े तैयार करने होंगे जिससे समस्या की हद पता चल सके और निरोधक उपाय किए जा सकें।

## आप की बात

### जल ही जीवन है!

**हाल** ही में जल शक्ति मंत्रालय ने द्वितीय राष्ट्रीय जल पुरस्कारों का ऐलान किया है जिसमें उत्तर भारत में उत्तराखंड का अल्मोड़ा जिला प्रथम स्थान पर आया। जो कि एक बहुत ही अच्छी खबर है मंत्रालय ने नदी पुनरुद्धार जल योद्धा जल संरक्षण सहित अनेकों वर्ग में पुरस्कारों की घोषणा की थी। आज के समय में जल संरक्षण बहुत ही ज्यादा जरूरी है हम देखते हैं कि जिन जगहों में जल की आपूर्ति नहीं हो पाती वहां सूखा पड़ जाता है और वहां के लोगों को भी बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिससे कि उनके यातायात उनके रहन-सहन में बहुत दिक्कत है आती है। पानी आज के समय में मानव की जरूरतों को पूरा करने में सबसे ज्यादा मुख्य किरदार निभाता है ऐसे में इसका संरक्षण बहुत जरूरी है क्योंकि आज के समय में हम देखते हैं कि बिना पानी के कुछ भी मुमकिन नहीं है जैसी जगहों पर जल की आपूर्ति नहीं होती है जैसे कि दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में पानी टैंकों से जाता है जिससे कि आप पता लगता है कि बिना पानी के वहां के लोगों को क्या क्या दिक्कत आती है। इसीलिए हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी बनानी होगी कि हम जल का संरक्षण करें, जितना जरूरत हो उतने ही जल का प्रयोग करें।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

### दीपावली का पर्व

**दीपावली** का पावन पर्व शुरुआत हो चुकी और इस पावन पर्व को हम सभी हर्षोल्लास से मनाते आ रहे हैं। और जरूरी भी है हर त्योहारों ,परम्पराओं को दिलो जान से खुशी खुशी मनाना भी चाहिए। परन्तु इस बार कोरोना संक्रमण महामारी ने कही घरों के दीपक हमेशा हमेशा के लिए बुझा दिए। जिनके अन्तर्मन के अंधियारे को हम सभी ने मिलकर रोशन करना चाहिए। इस वर्ष मातम, चिंता, और महामारी के मौत के मंजर ने इतना ख़ौफ़नाफ़ माहौल बनाया की आदमी आज बुरी तरह से आर्थिक और सामाजिक रूप से टूट चुका है और अन्तर्मन में खमोशी,और उदासी हावी है। क्यों न ये दीपावली हम उन परिवारों के लिए समर्पित करे जो आभाव में जी रहे है। हम उन उम्मीद के दीपक का तेल बनकर उनकी समस्याओं के पथरीले मार्ग को सुगम बनाये। गरीब वर्ग की दीपावली में सहायता के हाथ बढ़ाकर हम उनके साथ दीपावली मनाए। दीपावली के इस पावन पर्व पर हम अपने अन्तर्मन से निर्धन , जरूरत मन्द ,पीड़ित लोगों की मदद करें। क्यों न हम आगे आकर उनके आंसुओं को पोछे। हम अपने लिए तो सबकुछ करते है,अपने लिए तो जीते ही है। इस दीपावली हम अपने वालों के लिए भी जिएं।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र

### पक्षियों की खासियत

**आजकल** मध्य प्रदेश में कही-कही मैना पक्षी दिखाई देता है। छत्तीसगढ़ में मैना को प्रमुख दर्जा दिया जाकर मैना को विशिष्ट सम्मान प्राप्त है तथा इसे छत्तीसगढ़ का राजकीय पक्षी घोषित किया गया है। इनकी संख्या में लगातार आती कमी को देखते हुए उसे विलुप्त होने से बचाने के प्रयास जारी है। मैना की खासियत होती है कि ये इंसानों की बोली की हूबहू नक़ल उतारती है। विलुप्त प्रजातियों के पक्षियों को बचाने के हरसंभव प्रयास किये जाना चाहिए क्योकि धरती पर जितना अधिकार इंसानो का है. उतना ही पशु -पक्षियों और जीव जंतुओं का भी है। बहुत से सेवाभावी लोग गोरैया एवं अन्य पक्षियों के लिए छांव ,पानी ,दाना की व्यवस्था कर पुण्य का लाभ लेते है। कई किसान अपने खेत के कुछ हिस्सों में जुवार ,बाजरा भी लगाते है उनका उद्देश्य दाना प्रदान करना रहता है। पक्षियों की सेवा से मन को सुकून मिलता है।दाना प्रदान करने हेतु खेतों में पक्षियों के लिए कुछ भाग सुरक्षित रखा जाता है।किंतु फलों आदि की खेती से उनके आहार पर प्रभाव पड़ा है।

– **संजय वर्मा,** धार, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हमने** नए उपायों को मंजूरी दी है जो संक्रमणों की नई लहर का सामना करने में मददगार होंगे जो न केवल इटली बल्कि संपूर्ण यूरोप को प्रभावित कर रही है।

– **गियुस्पी कोंते**
इटली के प्रधानमंत्री



**जो** बाइडेन जीते क्योंकि चुनाव में धांधली हुई थी। मैं कुछ नहीं मानता। हमारे सामने रास्ता लंबा है। यह धांधली वाला चुनाव था।

– **डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**यह** देखकर अच्छा लगा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्वीट कर कहा कि बाइडेन जीत गए। मुझे लगता है कि यह स्वीकारोक्ति की शुरुआत है।

– **एएसए हचीसन**
अरकांसास के गवर्नर

# चार दिवसीय आराधना का पर्व डाला छठ आज से

● नहाय खाय के साथ प्रत्यक्ष व्रत आज से शुरू

●18 को नहाय खाय, 19 को संझवत, 20 को सूर्य षष्ठी एवं 21 को द्वितीय अर्घ्य





पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**प्रत्यक्ष देव** सूर्य की आराधना का महापर्व डाला छठ,कार्तिक शुक्ल षष्ठी को मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं व्रत रखकर सायंकाल नदी, तालाब या जलपूरित स्थान में खड़े ही भगवान सूर्य की अर्घ्य देती हैं। वहीं दीप जलाकर रात्रि जागरण के साथ ही गीत व कथा के जरिए भगवान सूर्य की महिमा का बखान किया जाता है। व्रत का क्रम 18से 21 नवंबर तक यानि चार दिन तक चलेगा। पहले दिन 18 नवम्बर यानि बुधवार को नहा-खाकर संयम भोजन से पर्व का आरंभ होगा।इसे नहा-खाय कहते हैं।19 को संझवत के दौरान एक समय शाम को मीठा भात(बखीर)या लौकी की खिचड़ी खाई जाती है। 20 को इस व्रत का मुख्य दिन रहेगा।इस व्रती सायंकाल गंगा तट पर या सरोवर स्थान पर अस्ताचल सूर्य का अर्घ्य देगें। साथ ही घाट पर दीपक जलायेगें।यहॉ जागरण का विशेष महत्व है। 21 को प्रातः काल अरूणोदय बेला में उगते सूर्य अर्घ्य दिया जाएगा। तदुंपरात पारण किया जाएगा। वस्तुतः यह व्रत अत्यंत ही कठिन व तपस्यापरक माना गया है। शास्त्रीय मान्यता के अनुसार इस व्रत को करने से स्त्रियां पति पुत्र व धन ऐश्वर्य से संपन्न होती हैं।इस दिन गंगा स्नान जप आदि का विशेष महत्व है। सूर्य पूजन और गंगा स्नान ही इस व्रत का व्रत का मुख्य हिस्सा हैइस व्रत के पूजन सामग्री में कनेक का लाल फूल, लाल वस्त्र, गुलाल, धूप-दीप आदि का विशेष महत्व है। डाला छठ का पर्व सर्वप्रथम द्वापर में कुंती ने किया था। वहीं त्रेता में भगवान राम ने लंका विजय के बाद दीपावली पर अयोध्या आने पर रामराज्य के लिए यह व्रत माता सीतमा सहित किया था।

# भाजपा उन्नाव मंडल का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

● सदर विधायक पंकज गुप्ता ने पार्टी संगठन के इतिहास से कार्यकर्ताओं को कराया अवगत



संवाददाता। उन्नाव

**भारतीय** जनता पार्टी का मंडल प्रशिक्षण कार्यक्रम बाईपास स्थित एक गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक पंकज गुप्ता ने किया। कार्यक्रम मे कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करते हुए सदर विधायक पंकज गुप्ता ने भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा राष्ट्रीय स्वयं संघ के दूसरे सर संचालक गुरु जी की प्रेरणा से जनसंघ के गठन की प्रक्रिया शुरू की थी। साथ ही उन्?होंने भाजपा की स्थापना और उसके विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी केवल भारत की ही नहीं वरन विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। ध्येय वादी कार्यकर्ताओं पर आधारित सबल जन संगठन है। कहा यह एकमात्र ऐसा दल है जिसका कभी विभाजन नहीं हुआ है। कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि अब हम सबका दायित्व बहुत बढ़ गया है। कहा नए युग नए सृजन के आप सब नायक हैं। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं व कार्यों पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश में सौभाग्य योजना के तहत एक करोड़ 24 लाख से भी अधिक लोगों को फ्री बिजली कनेक्शनए आयुष्मान भारत योजनाए किसान सम्मान निधिए 3 साल में 30 नए मेडिकल कॉलेजए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 1 लाख से अधिक गरीब कन्याओं का विवाह कराया गया। साथ ही विस्तार से योजनाओं पर प्रकाश डाला कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राज किशोर रावतए जिला उपाध्यक्ष अनुराग अवस्थीए अरुण दीक्षितए सुशील तिवारीए अमित त्रिपाठीए सुरेंद्र जायसवालए आदित्य त्रिपाठीए ममता द्विवेदीए मंजू शर्माए सोनी शुक्लाए शंकर दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे ।

# महामना की तपोस्थली ज्ञान व चरित्र निर्माण का संगम : प्रो. पीके जैन

**वाराणसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बीएचयू में शैक्षणिक सत्र में नए प्रवेशकों के लिए अभिमुखीकरण समारोह मंगलवार अपराहन आयोजित किया गया। कोविड-19 द्वारा उत्पन्न चुनौतियों को देखते हुए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बीएचयू ने केन्द्र सरकार निर्धारित एसओपीज का अभ्यास करते हुए स्वयं संस्थापित विशेषज्ञता के उपयोग से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर वर्चुअल अभिमुखीकरण समारोह के जरिए नया आयाम जोड़ा। अभिमुखीकरण समारोह में करीब 1300 नव प्रवेशि छात्र-छात्राओं के साथ साथ बड़ी संख्या में संकाय सदस्य सम्मीलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण और कुलगीत से हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आईआईटी बीएचयू के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार जैन ने कहा कि वे अब ज्ञान और चरित्र के संगम आईआईटी के अभिन्न अंग बन गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि संस्थान अपने परिसर में छात्रों को देखने के लिए उत्सुक है, लेकिन कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए उनकी शैक्षणिक गतिविधियों को अच्छी तरह से ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया जाएगा। उन्होंने छात्रों को अवगत कराया कि संस्थान अपने प्रगतिशील पाठ्यक्रम, जीवंत सह-पाठ्यचर्या और पाठ्येतर जीवन, खेल, सांस्कृतिक, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से उनके समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। नए प्रवेशकर्ता निश्चित रूप से संस्थान नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। जिससे आने वाली पीढ़ियों को अनवरत प्रेरणा मिलती रहे। इसके साथ ही निदेशक ने नए छात्रों के माता-पिता को यह भी आश्वासन दिया कि संस्थान छात्रों को एक ऐसा माहौल प्रदान करेगा जो उनके बहुआयामी विकास को सुनिश्चित करेगा।

# गंगा तट पर आज भगवान श्रीकृष्ण करेंगे लीला

**वाराणसी।** लक्खा मेला में शुमार तुलसीघाट की ख्यात नागनथैया लीला की तैयारी कर ली गई है। बुधवार को गंगा तट पर कृष्णलीला का मंचन होगा। कोविड संक्रमण के चलते इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से सख्ती रहेगी। घाटों पर आने जाने वालों की भीड़ को नियंत्रित करने के उपाय किए गए है। तुलसी घाट की ओर जाने वाले रास्तों पर बैरिकेटिंग कर दिया गया है। कार्तिक शुक्ल चतुर्थी बुधवार सायं गंगाजी यमुना का स्वरूप लेंगी। यहां श्री कृष्ण अपने बाल सखा के साथ बाल लीला करेंगे।

श्रीकृष्ण कालिय नाग के फन नाथेंगे और नृत्य मुद्रा में वेणु वादन करते हुए श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। संकट मोचन महंत प्रो. विश्वम्भनाथ मिश्र के मुताबिक गोस्वामी तुलसीदास द्वारा 450 साल पहले यहां लीलाओं का मंचन कर जनज न में भक्ति का संचान किया था। लीला के प्रमुख प्रसंग दोपहर तीन बजे गंगा तट पर जीवंत होगा।

# अतीक अहमद के साढ़ू इमरान का अवैध मकान ढहाया गया

● चकिया स्थित तीन मंजिला मकान पर पीडीए ने चलाया बुल्डोजर

● पूर्व सांसद के कई करीबियों के पहले ही गिराए जा चुके हैं मकान



गिराया जा रहा इमरान का चकिया स्थित मकान पायनियर

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**माफिया** एवं बाहुबली पूर्व सांसद अतीक अहमद के साढ़ू मोहम्मद इमरान का मकान भी मंगलवार को आखिरकार धराशाई कर दिया गया। बाहुबली एवं अन्य माफ्यिाओं पर कार्रवाई के बाद सांसद के करीबियों पर भी प्रशासन लगातार शिकंजा कस रहा है। मंगलवार को पूर्व सांसद अतीक अहमद के साढ़ू मोहम्मद इमरान पुत्र मोहम्मद जई के तीन मंजिला मकान को गिराने की कार्रवाई प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने शुरू कर दी। उल्लेखनीय है कि अतीक अहमद के कसारी मसारी स्थित जमींदोज आवास के बगल में ही मोहम्मद इमरान का भी तीन मंजिला मकान है। इसमें करीब 15 दुकानें और 30 से ज्यादा कमरे बने हुए हैं। लगभग दो से ढाई हजार वर्ग गज में बने तीन मंजिला मकान का नक्शा प्राधिकरण से पास नहीं कराया गया था। अवैध निर्माण होने के कारण यह कार्रवाई आज पीडीए की ओर से की गई। आज अचानक प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने भारी पुलिस फोर्स और प्रशासनिक अफ्सरों की मौजूदगी में मकान को ढहाने के लिए चार जेसीबी और एक पोकलैंड मंगाकर कार्रवाई शुरू कर दी। प्रयागराज में माफ्यिा अतीक अहमद के करीबियों पर शिकंजा कसने का क्रम जारी है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण पीडीए की टीम के साथ मौके पर पुलिस और प्रशासन के अफ्सर भी मौजूद रहे। सितंबर माह में अतीक के करीबी मरियाडीह के प्रधान आबिद व उसके दामाद जैद के कब्जे से भूमि को प्रशासन ने खाली कराया था। उसका कौशांबी जनपद में पूरामुफ्ती थाना इलाके में ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा था। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के जोनल अधिकारी सत शुक्ला ने बताया कि इमरान के खिलाफ प्रयागराज में हत्या हत्या का प्रयास लूट रंगदारी आदि डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। उस पर 25 हजार का इनाम भी घोषित है। वर्तमान में वह देवरिया जेल में बंद है। उसने बिना नक्शा पास कराये चकिया में 2500 वर्ग गज जमीन पर तीन मंजिला मकान बना लिया था। जिसे आज भारी पुलिस बल के साथ ढहा दिया गया। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी जिला प्रशासन और पीडीए इमरान के मकान को गिराने गयी थी, लेकिन न्यायालय से स्थगन आदेश मिलने के बाद नहीं गिराया जा सका था। मकान गिराने के दौरान इमरान के घर वालों ने मकान न गिराये जाने का अनुरोध किया था। लेकिन कई दिन बाद आखिरकार पीडीए को इमरान का तीन मंजिला मकान गिराना ही पड़ा। पीडीए की कार्यवाही में अपर जिलाधिकारी नगर अशोक कनौजिया के साथ तमाम अधिकारी और कई थानों की फोर्स और फायर बिग्रेड की गाड़ी रही।

पत्रकार सूरज पांडेय की मौत का मामला

# ब्राह्मण महासभा ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा, मांगा न्याय

**उन्नाव।** युवा पत्रकार सूरज पांडे की संदिग्ध मौत पर अखिल भारतीय ब्राम्हण महासभा के जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर पत्रकार के परिजनों के लिए न्याय की मांग की है। आपको बताते चले बीती 12 नवम्बर को पत्रकार सूरज पाण्डेय का रहस्यमय हालातों में शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला था। इसके बाद मृतक की मां ने महिला उपनिरीक्षक सुनीता चैरसिया व महिला पुलिस थाने का चालक अमर सिंह के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए हत्या का मामला सदर कोतवाली में दर्ज कराया था। हत्या का मामला दर्ज होने के बाद भी आज तक आरोपी पुलिस कर्मियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जिसे लेकर पत्रकारों में पहले से ही आक्रोश व्यक्त करते हुए ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग कर चुके है।

# तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

● फरियादियों की समस्याओं का आधिकारिक तत्परता के साथ गुणवत्ता पूर्ण करें निस्तारण : जिलाधिकारी



संवाददाता। उन्नाव

**जन** सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण संभव हो इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए योगी सरकार द्वारा सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया जाता है। इस परिप्रेक्ष्य जिलाधिकारी रविंद्र कुमार द्वारा सफीपुर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का अनुश्रवण किया गया। तहसील दिवस में राजस्व विभाग से 33, पुलिस विभाग से 15, समाज कल्याण विभाग से 01, विकास विभाग से 06, विद्युत विभाग से 01 तथा अन्य से 19 शिकायतें कुल मिलाकर 75 शिकायतें जनता के द्वारा दर्ज कराई गयी। जिसमें से मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण जिला अधिकारी के द्वारा मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों के माध्यम से कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण किया जाय। प्रत्येक अधिकारी अपने कार्यालय में सबसे पहले आईजीआरएस संदर्भ पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने कहा शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। उन्होंने कहा यदि शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता असंतुष्ट रहते हैं तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सभी अधिकारी अपने कार्य को पूरी लगन व तत्परताए गुणवत्ता के साथ समय अवधि के साथ.साथ पूर्ण करें। जिससे कि शिकायतकर्ताओं को तहसील दिवस में अनावश्यक रूप से न आना पड़े। शिकायतकर्ता की शिकायत का समाधान मौके पर ही हो जाना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा जनपद का प्रत्येक व्यक्ति हमारे लिए महत्वपूर्ण है। उसकी समस्या का समाधान करना हमारा दायित्व कर्तव्य दोनों है। इसलिए सभी अधिकारी अपनी कार्य शैली में परिवर्तन लाएं और कार्य का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने कहा कोविड.19 वैश्विक महामारी अभी समाप्त नहीं हुयी है। इसलिए सभी मास्क लगाकर घर से बाहर निकलेंए अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। मास्क लगाएं और 2 गज की दूरी का अनुपालन अवश्य करें। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से अनुरोध किया कि सभी कार्यालय अध्यक्ष कोविड.19 के नियमों का अनुपालन अवश्य कराएं। कार्यालय के बाहर कोविड हेल्प डेस्क अवश्य स्थापित होना चाहिए। मास्क, सेनीटाइजर, सामाजिक दूरी अवश्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इम्यूनिटी बढ़ाने के तरीके अपनाएं कम से कम लोगों से मिलें। लक्ष्मी सिंह, पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र, लखनऊ द्वारा जिलाधिकारी महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय के साथ तहसील सफीपुर में जनशिकायतों को सुना गया तथा त्वरित निस्तारण हेतु सर्वसंबन्धित को निर्देशित किया गया। अंत में जिलाधिकारी महोदय द्वारा पुलिस महानिरीक्षक महोदया को आश्वस्त किया गया कि समय से सारे कार्य पूर्ण करा लिए जाएंगे। तहसील दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक आनंद कुलकर्णी, मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार प्रजापति, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशुतोष कुमार, उप जिलाधिकारी सफीपुर सत्य प्रिय सिंह, क्षेत्राधिकारी सफीपुर सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# शिक्षक व एमएलसी सीट पर 23 प्रत्याशी हैं मैदान

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**एमएलसी** वाराणसी खंड शिक्षक व स्नातक कोटे की सीट से पर्चों की वापसी की अंतिम तारीख 17 नवम्बर निर्धारित है। उम्मीद जताई जा रही है कि कुछ पर्चे वापस होंगे। हालांकि स्नातक कोटे की सीट से नामांकन करने वाले 25 प्रत्याशियों में से नरेंद्र नाथ दूबे अडिग व जयचंद्र का पर्चा पहले ही खारिज होने के कारण 23 प्रत्याशी मैदान में हैं। शिक्षक कोटे की सीट से नामांकन करने वाले 12 प्रत्याशियों अभी मैदान में डटे हुए हैं। इस तरह दोनों सीट से 35 प्रत्याशी मैदान में हैं। नाम वापसी आरओ कमिश्नर दीपक अग्रवाल की मौजूदगी में होगा। इस दौरान स्नातक व शिक्षक के लिए नियुक्त प्रेक्षक क्रमशरू के धनलक्ष्मी व अजय कुमार इ्क्षसह भी मौजूद रहेंगे। वोटिंग एक दिसंबर को सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक होगी। वोटों की गिनती तीन दिसंबर को निर्धारित है।

### स्नातक कोटे की सीट से मैदान में

आशुतोष सिन्हा (समाजवादी पार्टी), केदार नाथ सिंह (भाजपा), लोकेश कुमार (भारतीय जन जन पार्टी), निर्दल प्रत्याशी के रूप में अनिल कुमार, अरविंद कुमार, अरविंद कुमार सिंह, करूणाकांत मौर्य, गणेश गिरी, गोपाल सिंह, चंद्र प्रकाश, नागेश्वर सिंह, पंकज कुमार, फौजदार सिंह, ब्रह्म देव, राजेश यादव, राम जी, राहुल कुमार सिंह, विनय कुमार त्रिपाठी, शशि कला मौर्य, संजीव कुमार सिंह, संतोष कुमार तिवारीख संतोष पांडेय व सूबेदार।

### शिक्षक कोटे की सीट से मैदान में

लाल बिहारी यादव (समाजवादी पार्टी), निर्दल प्रत्याशी के रूप में डा. कृष्ण मोहन यादव, चेतनारायण सिंह, जीतेंद्र कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार मिश्र, फरीद अंसारी, बृजेश, रजनी द्विवेदी, रमेश सिंह, राजेंद्र प्रताप सिंह व संजय कुमार सिंह।

# मिशन शक्ति अभियान का हुआ शुभारम्भ

● सरकार द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं से जुडकर महिलाएं, शासकीय योजनाओं का लाभ उठाएं

संवाददाता। उन्नाव

**प्रदेश** सरकार ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं सम्मान तथा स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति अभियान को विशेष अभियान के रूप में चलाने के निद्रेश दे रखे हैं। इस उद्देश्य से जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने समस्त विकासखंडोंए समस्त विभागों व थानों को प्रदेश सरकार के मंशा के अनुरूप मिशन शक्ति अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी के निद्रेश के क्रम में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र उन्नाव में ष्महिला मिशन शक्तिष् का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित नगर मजिस्ट्रेट चंदन कुमार पटेल ने उपस्थित सभी महिला कारीगरों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन को सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक कार्ययोजना बनाई गई है। इस कार्य योजना के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान स्वालंबन के लिए एक विशेष अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाएं शक्ति का प्रतीक है तथा किसी भी कार्य की सफ्लता पूर्वक संचालन महिलाओं के बगैर संभव नहीं है। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यामित विकास केन्द्र सविता रंजन भारतीय ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस विशेष अभियान के शुभारंभ होने के पश्चात विभिन्न विभागों द्वारा अन्तर्विभागीय समन्वय द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के संबंध में विशिष्ट कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यद्यपि प्रथम चरण का अभियान का समापन 25 अक्टूबर को होगा। किंतु इसके उपरांत भी इस विशेष अभियान को अनवरत जारी रखा जाएगा। जिसका अंतिम रूप से सम्मान माह अप्रैल वासंतिक नवरात्र में होगा। इस अभियान के संचालन के दौरान महिलाओं की सुरक्षाए सम्मानए स्वावलंबन तथा महिला अपराध एवं बाल अपराध के संबंध में जागरूकता पैदा करने हेतु प्रत्येक माह एक सप्ताह के विशिष्ट कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस विशेष अभियान का नाम ष्मिशन शक्तिष् होगा। समारोह में जनपद उन्नाव में जरी.जरदोजी की पर्याय बनकर उभरी सुश्री जाहिरा को शाल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में एक जनपद एक उत्पाद टूलकिट योजना तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र व टूलकिट देकर सम्मानित किया गया। समारोह में विशिष्टि अतिथि सुश्री जाहिराए उप निदेशक सूचना उन्नावए डॉ मधु ताम्बेए महिला कल्याण अधिकारीए प्रीतीए ने उपस्थित महिलाओं को विभिन्न स्वरोजगारपरक योजनाओं तथा महिलाओं की सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी दी।

# डॉ. रीता बहुगुणा जोशी की इकलौती पोती का पटाखों से झुलसने से निधन

● दारागंज स्थित विद्युत शवदाह गृह में किया गया अंतिम संस्कार

● डिप्टी सीएम केशव, मंत्री नन्दी, सांसदों और विधायकों ने जताया शोक



पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**इलाहाबाद** से भाजपा सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी की इकलौती पोती 8 वर्षीय किया जोशी ने मंगलवार को अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उनकी पोती किया दीपावली पर पटाखे फोड़ते समय झुलस गई थी। किया को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहाँ आज उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। किया की हालत गंभीर होने की दशा में उसे मंगलवार को एयर एम्बुलेंस से दिल्ली शिफ्ट किया जाना था, लेकिन उसके पहले ही उसकी मौत हो गयी। सांसद जोशी ने सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन और सीएम योगी से किया के बेहतर इलाज के लिए वार्ता की थी। सांसद के पोती के निधन का समाचार मिलते ही उनके आवास पर मजमा लग गया। सभी उसके दर्शन के लिए सांसद के आवास पहुंच गये। किया का दाह संस्कार मंगलवार की शाम को विद्युत शवदाह गृह दारागंज में कर दिया गया। इसके बाद किया की अस्थियों को संगम में प्रवाहित कर दिया गया। इस मौके पर किया के अंतिम संस्कार में परिवार की ओर से उत्तराखंड के पूर्व सीएम विजय बहुगुणा, कांग्रेस नेता शेखर बहुगुणा, विधायक सौरभ बहुगुणा, साकेत बहुगुणा, मयंक जोशी, रिचा जोशी, डॉ. सुरेश द्विवेदी, सुधा बहुगुणा, विनीता बहुगुणा शामिल रहे। बता दें कि सांसद की पोती किया अपनी मां रिचा के साथ अपने ननिहाल पोनप्पा मार्ग स्थित आवास पर चली गयी थी। जहां वह बच्चों के साथ पटाखे फोड़ते समय झुलस गयी थी। सांसद जोशी के इकलौते बेटे मयंक के एक ही बेटी थी। जो अपने पापा के साथ लखनऊ में रहती थी। वह दीपावली की छुट्टी पर प्रयागराज आयी थी। किया की मौत से सांसद के परिवार में शोक की लहर दौड़ गयी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, पूर्व राज्यपाल केसरीनाथ त्रिपाठी, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, सांसद केसरी देवी पटेल, विधायक नीलम करवरिया, डॉ. अजय कुमार भारतीय, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, पूर्व मंत्री नरेंद्र कुमार सिंह गौर, अशोक सिंह, पूर्व विधायक कलेक्टर पांडेय, दीपक पटेल, हाजी परवेज टंकी, ब्लाक प्रमुख जसरा स्नेह लता, ब्लाक प्रमुख कोरांव राम अवध कुशवाहा रईश चंद्र शुक्ला, एमएलसी यज्ञदत्त शर्मा, बबूआन मिश्रा, पूर्व सांसद श्यामा चरण गुप्ता, विदुप अग्रहरि, विजय अरोरा, सतीश चन्द्र केसरवानी, गुरु प्रसाद मौर्या, शिवदत्त पटेल, राजेश राकेश, विनोद चंद्र दुबे, उत्पल राय, एडीजी प्रेम प्रकाश, मंडलायुक्त आर रमेश कुमार, डीआईजी एवं एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी आदि ने दु:ख जताया है। सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी की इकलौती पोती के निधन से यमुनापार भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर दो मिनट मौन रहकर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देने वालों में यमुनापार जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती, राजेश शुक्ला, संतोष त्रिपाठी, दिलीप कुमार चतुर्वेदी, पतविन्दर सिंह, दुर्गा पांडेय, प्रदीप कुमार पांडेय, बबुआन द्विवेदी रहे। भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी सहित महानगर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वालों में अवधेश चंद्र गुप्ता, कुंज बिहारी मिश्रा, वरुण केसरवानी, राजेश केसरवानी, बृजेश मिश्रा, राजू पाठक, गिरिजेश मिश्रा, कौशिकी सिंह पटेल शामिल रहे। सांसद की टीम में शामिल संत प्रसाद पांडेय, डा. शशिकांत त्रिपाठी, अभिषेक शुक्ला, विजय पुर्सवानी, मनु कक्कड़, डॉ. उदय प्रताप सिंह, धर्मराज पांडेय, राजेश त्रिपाठी आदि ने शोक व्यक्त किया है।

# बंगाल के राज्यपाल ने भाजपा सांसद को धमकाने के लिए पुलिस की आलोचना की

**भाषा।** कोलकाता



**ममता बनर्जी** नीत सरकार पर एक बार फिर निशाना साधते हुए पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि जब भाजपा के एक सांसद सेना के शहीद जवान सुबोध घोष के अंतिम संस्कार में श्रद्धांजलि देने गए तो उनके साथ पुलिस और प्रशासन ने उचित व्यवहार नहीं किया जो कर्तव्य की घोर उपेक्षा है। धनखड़ ने राज्य सरकार के शीर्ष अधिकारियों से रिपोर्ट भी तलब की है। राज्यपाल ने ममता बनर्जी और राज्य पुलिस को टैग करते हुए ट्वीट किया कि पुलिस की राजनीतिक तटस्थता स्वाहा हो गई है। नदिया के पलासी श्मशान घाट पर शहीद सुबोध घोष के अंतिम संस्कार में पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा सांसद जगन्नाथ सरकार से जिस तरह का बर्ताव किया गया है वह पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी द्वारा कर्तव्य की घोर उपेक्षा है।

धनखड़ का जुलाई 2019 में राज्यपाल का पदभार संभालने के बाद से ही तृणमूल कांग्रेस सरकार से टकराव चल रह है। उन्होंने कहा कि इस घटना की वजह से "लोकतंत्र शर्मसार" हुआ है। राज्यपाल ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी का सांसद एक अतिथि होता है और विपक्षी पार्टी के सांसद को दुखद मौके पर "धमकाया" जाता है। एक अन्य ट्वीट में धनखड़ ने कहा अगर लोकतंत्र को जीवित रखना है तो वर्दी में इस अपराध के लिए ऐसी सजा दी जानी चाहिए जो मिसाल बन सके। राजनीतिक तौर पर काम करने वाले लोक सेवक कानून के कोप का सामना करेंगे।

धनखड़ ने कहा कि उन्होंने भाजपा सांसद से किए अनुचित व्यवहार के बारे में राज्य के सुरक्षा सलाहकार को बताया है। कश्मीर के बारामूला में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान द्वारा शुक्रवार को की गई भारी गोलाबारी में शहीद होने वालों में घोष भी शामिल हैं। रानाघाट से भाजपा सांसद सरकार ने आरोप लगाया है कि उन्हें उस मैदान में जाने की इजाजत नहीं दी गई, जहां शहीद जवान का पार्थिव शरीर रखा हुआ था, जबकि कृष्णानगर से तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को जाने की अनुमति दे दी गई।

## नीतीश मंत्रिमंडल की पहली बैठक में फैसला, 23 से 27 नवंबर तक चलेगा विस सत्र

**पटना।** बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार के मंत्रिमंडल की पहली बैठक मंगलवार को हुई जिसमें नवगठित 17वीं विधानसभा का प्रथम सत्र तथा विधान परिषद का 196वां सत्र 23 नवंबर से बुलाने का निर्णय किया गया। बैठक में नवगठित 17वीं बिहार विधानसभा के प्रथम सत्र और बिहार विधान परिषद के 196वां सत्र के प्रारंभ में दोनों सदनों के साथ समवेत अधिवेशन में राज्यपाल के अभिभाषण के प्रारूप को अनुमोदित करने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत करने को भी मंजूरी दी गई। वहीं, मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सरकार में मंत्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि कैबिनेट ने पांच दिनों का विधानसभा सत्र बुलाने को मंजूरी दे दी है जो 23 नवंबर से शुरू होगी। सिंह से जब यह पूछा गया कि मंत्रियों के बीच विभागों के बंटवारे में देरी क्यों हो रही है, तो उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री के अधिकार क्षेत्र का विषय है।



नई दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह साथ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुलाकात करते हुए।

# भारत विस्तारवादी नहीं, विश्व के कल्याण में विश्वास करता है: नितिन गडकरी

**पुणे।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि भारत विस्तारवादी देश नहीं है और यह विश्व के कल्याण में विश्वास करता है। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पुणे में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि आत्मनिर्भर बनने के लिए ज्ञान, उद्यमिता, विज्ञान, तकनीक, अनुसंधान और सफल पद्धतियों की जरूरत है। देश को विकास की राह पर ले जाने के लिए हमें वैज्ञानिक उन्नति पर जोर देने की जरूरत है। देश को विश्वशक्ति बनाने के लिए ज्ञान के आधार पर हमें पहले स्थान पर आने की जरूरत है।

ऐसा करते हुए, हम विस्तारवादी नहीं हैं। कुछ ऐसे देश हैं जो विस्तारवाद की इच्छा से आगे बढ़ते हैं लेकिन हम विश्व के कल्याण में विश्वास रखते हैं। हमारा विश्वास वसुधैव कुटुम्बकम (पूरा विश्व एक परिवार है) में है। मंत्री ने कहा कि भारत की प्रेरणा स्वामी विवेकानंद द्वारा शिकागो में दिया गया भाषण है। सभी लोगों के लिए शिक्षा उपलब्ध कराने की जरूरत पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, यह आखिरी व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। ठीक इसी समय हमें यह भी सुनिश्चित करने की जरूरत है कि सभी को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिले। गडकरी ने कहा कि शक्ति के रूप में सिर्फ ज्ञान का ही लक्ष्य नहीं होना चाहिए बल्कि आदर्श नागरिक तैयार करने के लिए मूल्य आधारित शिक्षा पर भी जोर दिया जाना चाहिए। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर बनने के लिए आयात कम करने और निर्यात बढ़ाने की जरूरत है। मैं अपने विभाग में, उन चीजों की जानकारियां एकत्र कर रहा हूं, जिसका आयात होता है। मैं सभी लोगों से अपील करता हूं कि हमें आयात के विकल्प के तौर पर चीजों का उत्पादन करने की जरूरत है। गडकरी ने शिक्षा में आत्मनिर्भर बनने के बारे में कहा कि कहा कि देश में विश्वविद्यालयों का उन्नयन किया जाना चाहिए ताकि शिक्षा के लिए लोगों को विदेश जाने की जरूरत न पड़े। इस कार्यक्रम का आयोजन महाराष्ट्र एजुकेशन सोसाइटी ने किया था।

## कोविड-19 संक्रमण से उबरे केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान

**तिरुवनंतपुरम।** कोविड-19 से संक्रमित पाए गए केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की रिपोर्ट में उनके संक्रमणमुक्त होने की पुष्टि हुई है और उन्हें मंगलवार को यहां अस्तपाल से छुट्टी दे दी गई। खान को नई दिल्ली से लौटने के बाद कोविड-19 से संक्रमित पाए जाने के बाद नौ नंवबर को सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मुझे आपको यह सूचित करते हुए खुशी हो रही है कि मैं 17 नवंबर को संक्रमणमुक्त पाया गया हूं। मुझे तिरुवनंतपुरम स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और मैं राजभवन में वापस आ चुका हूं। राज्यपाल बुधवार को 69 साल के हो जाएंगे। उन्होंने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करने वाले शुभचिंतकों को धन्यवाद दिया और अस्पताल के चिकित्सकों, नर्सों एवं अन्य कर्मियों का आभार व्यक्त किया। खान ने कहा, उन्होंने पेशेवर तरीके से और बेहद प्यार से मेरी देखभाल की।

# कम्प्यूटर बाबा को महंगी गाड़ी मुहैया कराने वाले हिस्ट्रीशीटर के अवैध निर्माण ढहाए गए

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** विवादास्पद धार्मिक नेता कम्प्यूटर बाबा को महंगी चारपहिया गाड़ी मुहैया कराने वाले एक हिस्ट्रीशीटर पर शिकंजा कसते हुए प्रशासन ने मंगलवार को यहां उसके अवैध निर्माण ढहा दिए और अतिक्रमण हटा दिया। इस मुहिम को करीब 15,000 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल में अंजाम दिया गया। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) अजयदेव शर्मा ने संवाददाताओं को बताया, जब हमने आठ नवंबर को जम्बूर्डी हप्सी गांव में नामदेव दास त्यागी (कम्प्यूटर बाबा का असली नाम) का अवैध आश्रम ढहाया था, तब हमने वहां से एक एसयूवी जब्त की थी।

हमें पता चला है कि त्यागी इस महंगी गाड़ी का इस्तेमाल करते थे। हालांकि, यह गाड़ी परिवहन विभाग के रिकॉर्ड में उस रमेश तोमर के नाम पर दर्ज है जिसके खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, जबरिया वसूली, मारपीट और अन्य आरोपों में कुल 19 आपराधिक मामले दर्ज हैं। शर्मा ने बताया कि तोमर के खिलाफ जांच में पता चला कि उसने इंदौर नगर निगम (आईएमसी) की अनुमति के बगैर मूसाखेड़ी क्षेत्र में कुछ मकान बनवाए हैं। पुलिस बल की मौजूदगी में इन अवैध निर्माणों को ढहा दिया गया।

तोमर ने इसी क्षेत्र में स्थानीय प्रशासन की मंजूरी के बगैर एक भूखंड को तीन मोबाइल टॉवर लगाने के लिए दूरसंचार कम्पनियों को किराए पर दे दिया था। अवैध तौर पर खड़े किए गए इन टॉवरों को हटवाया जा रहा है। इस बीच, आईएमसी के भवन निरीक्षक नागेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि तोमर के अवैध निर्माण व अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन की मुहिम करीब 15,000 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल में चली। इनमें चार पक्के निर्माण और दो खाली भूखंड शामिल हैं। तोमर ने बगीचे की सरकारी जमीन पर भी अवैध कब्जा कर रखा था जिसे हमने हटा दिया।

पुलिस और प्रशासन के दल ने इंदौर शहर से सटे जम्बूर्डी हप्सी गांव में सरकारी जमीन पर बने कम्प्यूटर बाबा के कथित रूप से अवैध आश्रम को आठ नवंबर को ढहा दिया था। इसके साथ ही, भाजपा और कांग्रेस की पिछली सरकारों में राज्य मंत्री के दर्जे से नवाजे गए 54 वर्षीय धार्मिक नेता को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 151 (संज्ञेय अपराध घटित होने से रोकने के लिए की जाने एहतियातन गिरफ्तारी) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इस कार्वाई के बाद कम्प्यूटर बाबा के खिलाफ गांधी नगर और एयरोड्रोम क्षेत्रों के पुलिस थानों में दो आपराधिक मामले भी दर्ज किए गए थे। ए मामले अलग-अलग समय पर दो लोगों से गाली-गलौज, मारपीट और हमले के प्रयास के आरोपों पर आधारित हैं जिनके पीड़ितों में अनुसूचित जाति वर्ग का एक ग्राम पंचायत सचिव शामिल है।

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर में बंजारों को प्रताड़ित ओर बेघर होते देखना बहुत तकलीफदेह : महबूबा

**श्रीनगर।** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में बंजारों को यूं प्रताड़ति और बेघर होते देखना बहुत तकलीफदेह है। साथ ही उन्होंने से इसे रोकने के लिए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से हस्तक्षेप करने का भी अनुरोध किया। महबूबा सोमवार को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम की ऊंचाई वाली जगहों पर गईं जहां प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के अभियान के तहत बंजारों के ढोक (अस्थाई बसेरे) गिरा दिए हैं। इस दौरान महबूबा ने सरकार को गुज्जर-बक्करवाल समुदाय के लोगों को जम्मू-कश्मीर के वनक्षेत्रों से हटाए जाने को लेकर चेतावनी दी और कहा कि उन्हें प्रताड़ित करने का परिणाम बहुत बुरा होगा। महबूबा ने मंगलवार को ट्वीट किया है, जम्मू-कश्मीर में बंजारों को यूं प्रताड़ति और बेघर होते देखना बहुत तकलीफदेह है। उन्हे आवासीय अधिकार प्राप्त है और अब उन्हें भेदभाव के आधार पर हटाया जा रहा है। मनोज सिन्हा कृपया हस्तक्षेप करें और इस पर रोक सुनिश्चित करें। सोमवार को पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख ने यह भी आरोप लगाया कि केन्द्र वन कानून लागू करने में असफल रहा है, जो गुज्जर-बक्करवाल समुदाय के लोगों की हिफाजत कर सकता था।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री जयसिंगराव ने भाजपा की सदस्यता छोड़ी

**औरंगाबाद (महाराष्ट्र)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जयसिंगराव गायकवाड पाटिल ने मंगलवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। पाटिल ने अपना इस्तीफा महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल को मंगलवार सुबह भेजा। औरंगाबाद में रहने वाले गायकवाड पाटिल ने फोन पर बताया, मै पार्टी के लिए काम करने का इच्छुक था, लेकिन पार्टी मुझे कोई मौका नही दे रही है। इसलिए मैने यह कदम उठाया। चंद्रकांत पाटिल को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि वह भाजपा की प्रदेश इकाई और साथ ही पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे रहे हैं। वरिष्ठ नेता ने कहा कि इससे पहले वह केंद्र एवं महाराष्ट्र सरकार में मंत्री के तौर पर अपनी सेवाएं दे चुके है। उन्होंने दावा किया, मै सांसद या विधायक नही बनना चाहता हूं। मै पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करना चाहता हूं और मै एक दशक से जिम्मेदारी मांग रहा हूं। लेकिन, अब तक पार्टी ने मुझे कोई मौका नही दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### भेदभाव के खिलाफ ईसाई पादरियों का समूह मार्च निकालेगा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल मे ईसाई पादरियो का एक समूह तिरुवनंतपुरम मे 18 नवंबर को मार्च निकालेगा। इनका आरोप है कि समुदाय के साथ प्राधिकारियो द्वारा भेदभाव किया जाता है और उन्हे उनके अधिकार देने से इनकार करते हैं। केरल काउंसिल ऑफ चर्चेज (केसीसी) के सदस्यों ने कहा कि वे मार्टर्स कॉलम (शहीद स्तंभ) से सचिवालय तक मार्च निकालेगे। यह इलाका प्रशासनिक केंद्र है। केसीसी भारत मे गिरजाघरो के राष्ट्रीय परिषद (नेशल काउंसिल ऑफ चर्चेज इन इंडिया) का सदस्य है और इसके अंतर्गत 18 गिरजाघर आते हैं। एक बयान मे केसीसी ने वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) से अपील की है कि वे चुनावी घोषणा पत्र मे किए गए अपने सभी वादो को पूरा करें। बयान मे कहा गया कि अपनी कई मांगो मे से परिषद यह चाहती है कि सरकार समुदाय के लिए आरक्षण से जुड़े मामलो मे दलित ईसाइयो को आरक्षण देने के पक्ष मे रुख अपनाए और मदरसा शिक्षको के मॉडल के आधार पर ही ईसाई धार्मिक शिक्षको के लिए एक कल्याण बोर्ड गठित करे।

### महाराष्ट्रः औरंगाबाद में तेंदुए के हमले में पिता-पुत्र की मौत

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले मे एक तेदुए के हमले मे एक व्यक्ति और उसके बेटे की मौत हो गई। वन अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कार्यवाहक उप वन संरक्षक अरुण पाटिल ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यह घटना सोमवार को आपेगांव मे उस समय हुई जब 52 वर्षीय व्यक्ति अपने 27 वर्षीय बेटे के साथ अपने खेत मे काम करने गया था। जब शाम मे दोनो घर नही लौटे तो रिश्तेदारो ने उनकी तलाश शुरू की और वन विभाग को भी इसकी जानकारी दी। उन्होने बताया कि बाद मे अशोक अउटे और उनके बेटे कृष्णा अउटे का शव उनके ही खेत मे मिला। वन अधिकारियो ने तेंदुआ को पकड़ने के लिए कैमरे लगाने और पिंजरा रखने का निर्णय किया है। उन्होंने बताया कि कानून के आधार पर व्यक्ति के परिवार को मुआवजा मिलेगा।

### गोवा कांग्रेस ने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रमुख को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से किया निष्कासित

**पणजी।** गोवा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जीपीसीसी) ने मंगलवार को अपने प्रदेश अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष उर्फान मुल्ला को तत्काल प्रभाव से छह साल के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित करने की घोषणा की। यह कदम मुल्ला द्वारा जीपीसीसी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और उसके प्रवक्ता के रूप मे अपने पद से इस्तीफा देने के बाद उठाया गया है।



भोपाल में मध्यप्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा लव जिहाद पर मीडिया से बात करते हुए।

# लव जिहाद के खिलाफ विधेयक विस के अगले सत्र में : गृह मंत्री

**भाषा।** भोपाल

**मध्यप्रदेश** के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्र ने मंगलवार को कहा कि लव जिहाद के खिलाफ सख्त कानून बनाने के लिए प्रदेश सरकार अगले विधानसभा सत्र में एक विधेयक लाएगी। मिश्र ने कहा कि लव जिहाद को गैर जमानती अपराध घोषित कर मुख्य आरोपी और इसके सहभागियों को पांच साल की कठोर कारावास की सजा का प्रावधान किया जा रहा है।

उन्होंने यहां संवाददाताओं को बताया, धर्मांतरण करवा कर विवाह अब बहुत तेजी से चल रहा है। इसको आपकी भाषा में लव जिहाद कहते हैं। विधानसभा में हम मध्यप्रदेश धर्म स्वातंत्र विधेयक-2020 लाने की तैयारी कर रहे हैं। इसे हम अगले सत्र में विधानसभा में ला रहे हैं।

मंत्री ने कहा, प्रलोभन, बहकावा, धोखाधड़ी एवं बलपूर्वक शादी कर धर्मान्तरण कराने पर पांच साल के कठोर कारावास का प्रावधान इस विधेयक में हम हम रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस विधेयक में यह अपराध संज्ञेय तथा गैर जमानती होगा। उन्होंने कहा, इसी तरह से प्रलोभन, बलपूर्वक, धोखाधड़ी तथा बहकावे में धर्मान्तरण के लिए किए गए विवाह को अमान्य घोषित किए जाने का भी प्रावधान इसमें हम कर रहे हैं।

मिश्र ने बताया, इस विधेयक में अपराध घटित करने वाले का सहयोग करने वाले व्यक्तियों को भी अपराध घटित करने का मुख्य व्यक्ति की तरह ही आपराधिक सहभागिता माना जाएगा। उन्होंने कहा कि विधेयक में कार्वाई के लिए धर्मान्तरण के लिए बाध्य किए गए व्यक्ति अथवा उसके माता-पिता अथवा भाई-बहन को शिकायत करना आवश्यक होगा।

# तलवार से जन्मदिन का केक काटने के आरोप में नौ लोग हिरासत में

**भाषा।** अहमदाबाद

**गुजरात** के अहमदाबाद में सार्वजनिक स्थान पर जन्मदिन समारोह का केक तलवार से काटने संबंधी एक वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने इस मामले में नौ लोगों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए लोगों को वीडियो में कथित रूप से जन्म दिन की पार्टी का जश्न मनाते और उनमें से एक को तलवार से केक काटते देखा जा सकता है। पुलिस ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार की रात शहर के बापूनगर इलाके में स्थित एक कॉलोनी में हुई। बापूनगर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि मामले के मुख्य आरोपी की पहचान देव बादशाह के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसमें बादशाह को अपने जन्मदिन के जश्न के दौरान 11 केक तलवार से काटते हुए देखा जा रहा है।

वायरल वीडियो एवं पुलिस जांच के आधार पर मुख्य आरोपी की पहचान के बाद सोमवार की देर रात उन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुख्य आरोपी को वीडियो में तलवार का का इस्तेमाल कर 11 केकों को सार्वजनिक स्थान पर एक एक कर काटते हुए दिखाया गया है और उसके दोस्त जन्मदिन का गीत गा रहे हैं।

अधिकारी ने बताया, कल रात प्राथमिकी दर्ज की गई और नौ आरोपियों को उसके बाद हिरासत में ले लिया गया। उनकी कोरोना वायरस जांच और उसका परिणाम आने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 143, 144, 188, 269 के अलावा आपदा पबंधन अधिनियम एवं गुजरात पुलिस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# अवमानना कार्यवाही के खिलाफ महाराष्ट्र के राज्यपाल कोश्यारी पहुंचे शीर्ष अदालत

**भाषा।** नई दिल्ली

**महाराष्ट्र** के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने उत्तराखंड उच्च न्यायालय की अवमानना नोटिस के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की है। उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री के रूप में कोश्यारी को आवंटित सरकारी आवास का बाजार दर से किराया अदा करने के आदेश का पालन करने में विफल रहने की वजह से अवमानना कार्यवाही शुरू करने के लिए नोटिस जारी किया है। कोश्यारी ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए दलील दी है कि वह इस समय महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं और संविधान का अनुच्छेद 361 राष्ट्रपति और राज्यपालों को इस तरह की किसी भी कार्यवाही से संरक्षण प्रदान करता है।

याचिका में यह भी कहा गया है कि बाजार दर बगैर किसी तार्किकता के निर्धारित की गई है और यह देहरादून में आवासीय परिसर के हिसाब से बहुत ही ज्यादा है और उन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर दिए बगैर ही निर्धारित नहीं किया जाना चाहिए था। इस मामले में महाराष्ट्र के राज्यपाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अमन सिन्हा शीर्ष अदालत में बहस करेंगे। कोश्यारी ने उत्तराखंड उच्च न्यायालय की अवमानना कार्यवाही पर रोक लगाने का अनुरोध शीर्ष अदालत से किया है।

कोश्यारी ने अधिवक्ता अर्धेन्धु मौली प्रसाद और प्रवेश ठक्कर के माध्यम से उच्च न्यायालय के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी है। सिन्हा ने इससे पहले इसी तरह के एक अन्य मामले में शीर्ष अदालत में बहस की थी और केन्द्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल के खिलाफ अवमानना कार्यवाही पर न्यायालय से स्थगनादेश प्राप्त करने में सफलता पाई थी। पोखरियाल पर भी आरोप है कि उन्होंने भी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री के रूप में आवंटित सरकारी बंगले के किराए का भुगतान करने के उच्च न्यायालय के आदेश पर अमल नहीं किया था।

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने पिछले साल तीन मई को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्रियों को आदेश दिया था कि वे मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद सरकारी आवास में रहने की अवधि का बाजार दर से किराया दें। उच्च न्यायालय ने राज्य में पूर्व मुख्यमंत्रियों को आवास और दूसरी सुविधाएं प्रदान करने के बारे में 2001 से जारी सभी सरकारी आदेशों को गैरकानूनी और असंवैधानिक घोषित कर दिया था। उच्च न्यायालय ने कहा था कि पूर्व मुख्यमंत्रियों को राज्य द्वारा उपलब्ध कराई गई बिजली, पानी, पेट्रोल, ईंधन और अन्य सुविधाओं की मद की राशि की गणना की जाएगी और इस देय धनराशि की जानकारी सभी पूर्व मुख्यमंत्रियों को दी जाएगी, जिन्हें ऐसी सूचना मिलने की तारीख से छह महीने के भीतर इसका भुगतान करना होगा।



पटना में बिहार की उपमुख्यमंत्री रेनू देवी भारत माता की पूजा करती हुईं। साथ में दूसरे उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद

# उत्तरी अरब सागर में मालाबार अभ्यास का दूसरा चरण आरंभ

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत,** अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान की नौसेनाओं ने मंगलवार को उत्तरी अरब सागर में मालाबार नौसैन्य अभ्यास का दूसरा चरण शुरू किया। इस अभ्यास में दो विमानवाहक पोत और कुछ अग्रिम पोत, पनडुब्बियों और समुद्री टोही विमानों को भी शामिल किया गया है। अधिकारियों ने इस बारे में बताया।

चार दिवसीय अभ्यास में भारतीय नौसेना का विक्रमादित्य पोत युद्धक समूह और अमेरिकी नौसेना का निमित्ज स्ट्राइक ग्रुप भी भागीदारी कर रहा है। यूएसएस निमित्ज दुनिया का सबसे बड़ा युद्धपोत है। मालाबार अभ्यास का पहला चरण तीन से छह नवंबर को बंगाल की खाड़ी में आयोजित हुआ था और इस दौरान पनडुब्बी रोधी और हवाई युद्धक क्षमता समेत कई जटिल अभ्यास किए गए। ऑस्ट्रेलियाई नौसेना ने अपना पोत एचएमएएस बैलरेट तैनात किया है जबकि जापान की नौसेना ने विध्वंसक पोत जेएस मुरासमे को भेजा है।

यह बड़ा अभ्यास ऐसे वक्त हो रहा है, जब पूर्वी लद्दाख में पिछले छह महीने से भी अधिक समय से भारत और चीन की सेनाओं के बीच गतिरोध चल रहा है। अधिकारियों ने कहा कि क्वाड या चार देशों के गठबंधन के तहत चारों देशों की नौसेनाएं आपस में समन्वय से जटिल अभ्यास कर रही हैं। भारतीय नौसेना ने सोमवार को कहा था, भागीदारी कर रही नौसेनाएं दोनों विमानवाहक पोत, अन्य जहाजों, पनडुब्बियों और विमानों के साथ चार दिनों तक अभ्यास में हिस्सा लेंगी। विमानवाहक पोत विक्रमादित्य और उसके लड़ाकू और हेलिकॉप्टर वायु शाखा के अलावा भारतीय नौसेना ने विध्वंसक पोत कोलकाता और चेन्नई, दुश्मनों को चकमा देने में सक्षम पोत तलवार और बेड़े की मदद करने वाले जहाज दीपक को भी इस अभ्यास में शामिल किया है।

भारतीय टुकड़ी का नेतृत्व पश्चिमी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन कर रहे हैं। नौसेना ने कहा कि अभ्यास में जहाजों से उड़ानों के साथ ही विक्रमादित्य के मिग 29 के और निमित्ज से एफ-18 और ई2सी हॉक आई के उन्नत वायु रक्षा अभ्यास भी किए जाएंगे। पिछले महीने भारत ने घोषणा की थी कि ऑस्ट्रेलिया मालाबार अभ्यास का हिस्सा होगा। चीन मालाबार अभ्यास को संदेह की नजर से देख रहा है क्योंकि उसे लगता है कि यह वार्षिक अभ्यास हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उसके प्रभाव को रोकने की कोशिश है।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर वार्ता के लिए टोक्यो में क्वाड सदस्य राष्ट्रों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दो हफ्ते बाद अभ्यास के लिए भारत ने ऑस्ट्रेलियाई नौसेना को आमंत्रित किया था। हिंद महासागर में भारतीय नौसेना और अमेरिकी नौसेना के बीच द्विपक्षीय कवायद के तहत मालाबार अभ्यास 1992 में शुरू हुआ था। जापान 2015 में इस अभ्यास का स्थाई सदस्य बना।



आगरा में मंगलवार को धुंध में डूबे ऐतिहासिक ताजमहल को देखने के लिए आए पर्यटक

## दिल्ली में जैश-ए-मोहम्मद के दो संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के सराय काले खां इलाके से जैश-ए-मोहम्मद के दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है जो प्रशिक्षण के लिए सीमा पार कर पाकिस्तान जाने की योजना बपना रहे थे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 22 वर्षीय अब्दुल लतीफ मीर बारामूला जिले के डोरू गांव का निवासी है जबकि 20 वर्षीय मोहम्मद अशरफ खटाना कुपवाड़ा जिले के हाट मुल्ला गांव का रहनेवाला है। इन दोनों को सोमवार रात गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि अशरफ सोपोर में एक मदरसे में पढ़ाई कर रहा था जहां वह अब्दुल के संपर्क में आया। उन्होंने कहा कि दोनों ने कई अन्य के साथ कई बार जम्मू कश्मीर के केरन और कुपवाड़ा सेक्टर से सीमा पार करने की कोशिश की, लेकिन नियंत्रण रेखा पर कड़ी निगरानी के चलते विफल रहे। पुलिस उपायुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) संजीव कुमार यादव ने बताया कि सूचना मिली कि जैश ए मोहम्मद के हाल में भर्ती आतंकवादियों का एक समूह दिल्ली आएगा जहां से वह आतंकवाद के बुनियादी प्रशिक्षण के लिए उत्तर प्रदेश जाएगा।

उन्होंने कहा, प्राप्त जानकारी के आधार पर सराय काले खां के मिलेनियम पार्क के निकट जाल बिछाया गया और जम्मू-कश्मीर के रहनेवाले दो संदिग्ध आतंकवादियों को रात करीब सवा दस बजे पकड़ लिया गया। अधिकारी ने बताया कि सराय काले खां से वे निजामुद्दीन क्षेत्र जाने वाले थे और प्रशिक्षण के लिए उत्तर प्रदेश की आगे की यात्रा से पहले कुछ समय के लिए दिल्ली में रहना चाहते थे। उन्होंने बताया कि इन दोनों के पास से दो सेमी-ऑटोमेटिक पिस्तौल और 10 कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने कहा कि ये दोनों लोग समुदाय की देवबंदी विचारधारा से जुड़े हैं।

## सिब्बल के बयान पर खुर्शीद का कटाक्ष

### ● आदतन संदेह करने वाले हैं कई साथी

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन को लेकर सवाल करने वाले नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके कई ऐसे पार्टी सहयोगी हैं जो आदतन संदेह करने वाले हैं और समय-समय पर बेचैनी से घिर जाते हैं।

खुर्शीद ने कहा कि अगर लोग कांग्रेस की उदारवादी मूल्यों की राजनीति को समर्थन नहीं दे रहे हैं तो पार्टी को बीच का रास्ता अपनाने के बजाय लंबे संघर्ष के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर की एक शायरी का उल्लेख करते हुए कहा, न थी हाल की जब हमें खबर, रहे देखते औरों के ऐबो हुनर, पड़ी अपनी बुराइयों पर जो नजर, तो निगाह में कोई बुरा न



रहा...। बहादुर शाह ज़फर और उनके ए शब्द हमारे पार्टी के उन कई सहयोगियों के लिए सार्थक उपमा की तरह हो सकते हैं जो समय-समय पर बेचैनी से घिर जाते हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, जब हम अच्छा करते हैं, तो निश्चित रूप से कुछ हद तक वे इसे स्वीकार कर लेते हैं। लेकिन जब हम कम प्रदर्शन करते हैं और बुरा भी नहीं करते हैं तो वे तत्काल छींटाकशी करने लगते है। उन्होंने पार्टी के प्रदर्शन पर सवाल करने वाले नेताओं को आदतन संदेह



करने वाला करार दिया और कहा, हम सभी अपनी पार्टी के निरंतर दुर्भाग्य से परेशान और दुखी हैं। इस स्थिति को कुछ लोग हमारे दुस्साहस के तौर पर पेश करते हैं। लेकिन कुछ ऐसी चीज है जिसे हम विश्वास कहते हैं, जो जरूरी नहीं है कि अंधा हो, लेकिन यह भाग्य में होता है।

खुर्शीद ने इस बात पर जोर दिया, यदि मतदाता उन उदारवादी मूल्यों को अहमियत नहीं दे रहे जिनका हम संरक्षण कर रहे हैं तो हमें सत्ता में आने के लिए शॉर्टकट तलाश करने के बजाय लंबे संघर्ष के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने लिखा, सत्ता से बाहर हो जाना सार्वजनिक जीवन में आसानी से स्वीकार नहीं किया जा सकता लेकिन यदि यह मूल्यों की राजनीति का परिणाम है तो इसे सम्मान के साथ स्वीकार किया जाना चाहिए। यदि हम सत्ता हासिल करने के लिए अपने सिद्धांतों के साथ समझौता करते हैं तो इससे अच्छा है कि हम ए सब छोड़ दें।

गौरतलब है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने अंग्रेजी दैनिक इंडियन एक्सप्रेस को दिए साक्षात्कार में कथित तौर पर कहा है कि ऐसा लगता है कि पार्टी नेतृत्व ने शायद हर चुनाव में पराजय को ही अपनी नियति मान लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार ही नहीं, उपचुनावों के नतीजों से भी ऐसा लग रहा है कि देश के लोग कांग्रेस पार्टी को प्रभावी विकल्प नहीं मान रहे हैं। कांग्रेस महासचिव तारिक अनवर ने भी कथित तौर पर कहा था कि बिहार चुनाव को लेकर पार्टी को आत्मचिंतन करना चाहिए।

## थॉमस इसाक ने केरल के खिलाफ साजिश का आरोप लगाया

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**केआईआईएफबी** को लेकर कैग की रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए वित्त मंत्री थॉमस इसाक ने मंगलवार को दावा किया कि केरल की विकास परियोजनाओं को रोकने के लिए राजनीतिक साजिश की जा रही है। जबकि, विपक्षी कांग्रेस और भाजपा ने विधानसभा में रिपोर्ट पेश किए जाने के पहले ही इसके विवरण सार्वजनिक कर नियमों का उल्लंघन करने के लिए इसाक का इस्तीफा मांगा। इसाक ने पूर्व में नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट को अंतरिम बताया था लेकिन मंगलवार को उन्होंने इसे अंतिम रिपोर्ट बताया। केरल आधारभूत संरचना निवेश कोष बोर्ड (केआईआईएफबी) के कर्ज मॉडल को असंवैधानिक बताने के लिए कैग के विवरण को इसाक ने एकतरफा फैसला बताया। उन्होंने अलप्पुझा में संवाददाताओं से कहा कि इसे तैयार करने के पहले सरकार के साथ विचार-विमर्श नहीं किया गया। केआईआईएफबी केरल में आधारभूत संरचना विकास से जुडी बड़ी और महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए राज्य सरकार की मुख्य एजेंसी है। उन्होंने आरोप लगाया, मुद्दा यह नहीं है कि यह मसौदा या अंतिम रिपोर्ट में है या नहीं। इसे ऐसे देखने की जरूरत है कि किस तरह यह राज्य में विकास पर असर डालेगा। कांग्रेस नेतृत्व वाला यूडीएफ भी इस पर चुप्पी साधे हैं। इसाक ने आरोप लगाया कि प्रारूप रिपोर्ट में इसका जिक्र नहीं था। दिल्ली से की जा रही साजिश के तहत इसमें चार पन्ने जोड़े गए इसाक ने दावा किया कि कैग का मकसद राज्य को अस्थिर करना और विभिन्न विकास परियोजनाओं को रोकना है। उन्होंने आरोप लगाया कि केरल के खिलाफ बड़ी साजिश की जा रही है। उन्होंने जोर दिया कि इस मुद्दे पर सभी दलों को एक साथ आने की जरूरत है। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता रमेश चेन्नीतला ने कहा कि मंत्री ने सदन में रिपोर्ट पेश होने से पहले मीडिया के सामने इसे उजागर कर नियमों का उल्लंघन किया और उन्हें इस्तीफा देना चाहिए।

## ट्रक पुल से नीचे गिरा, छह लोगों की मौत



बैतूल जिले में मंगलवार को एक नदी के पुल से नीचे गिरा ट्रक का मलवा

**भाषा।** बैतूल (मध्यप्रदेश)

**जिला** मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर चोपना थानांतर्गत तवा काठी ग्राम के पास तेज गति से जा रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गया। हादसे में इसमें सवार पांच मजदूरों सहित छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

चोपना के थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि तवा नदी पर बने पुल से सोमवार-मंगलवार दरमियानी रात सरिया से भरा ट्रक रैलिंग तोड़ते हुए नीचे गिर गया। हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनमें ट्रक चालक एवं पांच मजदूर शामिल हैं। नदी में जहां पर ट्रक गिरा, वहां पर बहुत ही कम पानी था। उन्होंने कहा कि सूचना मिलने पर चोपना पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की सहायता से ट्रक में रखे सरिए अलग कर छह शवों को बाहर निकाला। रघुवंशी ने बताया कि मृतकों की पहचान रिकेश (25), बबलू भलावी (24), दिलीप उइके (26), संजू बटके (40), मुन्ना सलाम (24) और ट्रक चालक मनोहर साहू (38) के रूप में हुई है।

उन्होंने कहा कि ए मजदूर पिपरी गांव के निवासी थे, जबकि ट्रक मुलताई का है। रघुवंशी ने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए घोड़ाडोंगरी अस्पताल भिजवाया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में चोपना थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## असम में वायुसेना के कर्मी के भेष में गश्त लगा रहे 11 लोग गिरफ्तार

**गुवाहाटी (असम)।** लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के समीप मंगलवार को वायुसेना के कर्मी के भेष में कथित रूप से गश्त कर रहे कम से कम 11 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार अजारा थाने की टीम ने इन लोगों को हवाई अड्डे के समीप फौजी वर्दी में पाया। गुवाहाटी पुलिस के अतिरिक्त उपायुक्त (पश्चिम) सुप्रोतिव लाल बरुआ ने कहा कि उनकी आवाजाही से संदेह उत्पन्न हुआ और उन्हें पूछताछ के लिए थाने लाया गया। हमने सभी को फर्जी पाया। हमने एक वाहन और चार बाइकें जब्त की हैं। बरुआ ने बताया कि उनमें एक भोपाल का बीडीएस छात्र है और उसने बाकी 10 लोगों को वायुसेना के चतुर्थ वर्गीय कर्मियों के जाली नियुक्ति पत्र एवं पहचान पत्र जारी किए थे और उन सभी को हवाई अड्डा क्षेत्र में गश्ती के लिए लाया गया था, जहां बोरझार वायुसेना स्टेशन भी है।

## कांग्रेस नेताओं की यह नीति रही है कि कोई भी सौदा या अनुबंध बिना कमीशन के न हो: भाजपा

**भाषा।** नई दिल्ली

**भाजपा** ने मंगलवार को अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हैलीकॉप्टर घोटाला मामले में कांग्रेस के नेताओं के नाम सामने आने को लेकर छपी खबरों का हवाला देते हुए विपक्षी पार्टी से अपना पक्ष स्पष्ट करने को कहा और आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं की यह नीति रही है कि कोई भी सौदा या अनुबंध बिना कमीशन के न हो।

इस मामले में कांग्रेस से अपना पक्ष स्पष्ट करने की मांग करते हुए केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जीप घोटाले से लेकर बोफोर्स और अन्य घोटालों तक अपने फायदे के लिए कांग्रेस नेताओं ने रक्षा सौदों का मजाक बनाकर रख दिया। अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हैलीकॉप्टर घोटाला मामले के प्रमुख आरोपियों को लेकर मीडिया में छपी एक खबर को हवाला देते हुए प्रसाद ने कहा, जब भी किसी रक्षा सौदे की चर्चा करिए कांग्रेस के कुछ नेताओं का नाम आना ही है।

मीडिया में छपी खबर के हवाले से भाजपा नेता ने कहा कि घोटाले के आरोपियों ने कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेताओं का नाम लिया है जिनमें सलमान खुर्शीद, अहमद पटेल और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के भतीजे रतुल पुरी के नाम शामिल हैं। प्रसाद ने कहा कि कोई रक्षा सौदा बिना लूट के नही हुआ और इन सब में कहीं न कहीं कांग्रेस के नेताओं के नाम आते हैं या उनके परिवार से जुड़े लोग फायदा लेते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता, कांग्रेस के अध्यक्ष, कांग्रेस के युवराज, देश को बताएं। इनके कई नेताओं का जिक्र आया है। इसके बारे में क्या कहना है? मना करने से काम नहीं चलेगा। प्रमाण है। बहुत ही गंभीर विषय है। कांग्रेस को इसका जवाब देना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2010 में 3,600 करोड़ रुपए की राशि से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के लिए वीवीआईपी अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर खरीदने की बात हुई थी और दो साल 2012 में मीडिया रिपोर्ट आ गई की इसमें घोटाला हुआ है। उन्होंने कहा कि संप्रग सरकार के दूसरे कार्यकाल में मनमोहन सिंह के नेतृत्व में इस मामले की सीबीआई जांच के आदेश दिए गए थे लेकिन इसमें प्रभावी कार्वाई 2014 में भाजपा की सरकार आने के बाद हुई और इस मामले में गिरफ्तारियां भी हुईं।

## बेंगलुरु हिंसा मामले में वांछित कांगेस के पूर्व मेयर आर संपत राज गिरफ्तार

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** की राजधानी बेंगलुरु में हिंसा के मामले में वांछित कांग्रेस के पूर्व मेयर आर संपत राज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हिंसा में चार व्यक्तियों की मौत हो गई थी। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि संपत राज देवरा जीवनहल्ली नगरपालिका वार्ड से कांग्रेस पार्षद हैं और उन्हें बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों ने हालांकि, इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी। संपत राज एक निजी अस्पताल से फरार हो गए थे जहां उन्हें कोविड-19 के इलाज के लिए भर्ती किया गया था। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस विधायक आर अखंड श्रीनिवास मूर्ति के एक संबंधी द्वारा एक फेसबुक पर कथित भड़काऊ पोस्ट को लेकर 11 अगस्त को शहर में हिंसा भड़क गई थी।

## पेज 1 का शेष

### आतंकवाद को...

ऐसे समय हो रहा है जब इसके दो प्रमुख सदस्य देशों भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में सीमा पर छह महीने से गतिरोध बरकरार है। अब दोनों पक्ष ऊंचाई वाले इलाकों से सैनिकों को पीछे हटाने के प्रस्ताव पर काम कर रहे हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी का शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक के दौरान डिजिटल माध्यम से आमना-सामना हुआ था। ब्रिक्स को एक प्रभावी संगठन माना जाता है जो विश्व की कुल आबादी के आधे हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। ब्रिक्स देशों का संयुक्त रूप से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 16.6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है।

### देश के...

आदित्यनाथ ने भगवान श्री बद्री विशाल का दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर दोनों राज्य वासियों एवं सभी देशवासियों की सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बदरीनाथ धाम में बर्फ के कारण यातायात एवं अन्य व्यवस्था सुचारु रखने के लिए चमोली को 1 करोड़ देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तराखंड के चारों धाम पर्यटन के विकास एवं श्रद्धालुओं की श्रद्धा व आस्था के सम्मान को ध्यान में रखते हुए आज की आवश्यकता के अनुरूप विकास की जिन नई ऊंचाईयों को छूते हुए दिखाई दे रहे हैं, वह अत्यंत सराहनीय एवं अभिनंदनीय है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तराखंड मेरी जन्म भूमि भी है, मैंने अपना बचपन उत्तराखंड में ही बिताया है। पिछले तीन दिनों से यहां के तीर्थ स्थलों के दर्शन करने करने का सौभाग्य मिला। यहां पर नया सीजन प्रारम्भ होने पर पर्यटन आवास गृह का कार्य भी प्रारम्भ होगा। हमारा प्रयास है कि एक वर्ष के भीतर यह कार्य पूर्ण कर लिया जाए।

### मुख्यमंत्री ने...

केंद्र है। देश विदेश से लाखों भक्त यहां आते हैंए उनकी सुविधा के लिए यूपी सरकार पर्यटक आवास गृह का निर्माण करवा रही है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के सहयोग से यूपी और उत्तराखंड के बीच वर्षों से लंबित अनेक विवादों का सुखद समाधान हो गया है। यूपी सरकार हरिद्वार कुंभ से पहले हरिद्वार में निर्माणाधीन भागीरथी अतिथि गृह श्रद्धालुओं को अर्पित कर देगी। मुख्यमंत्री योगी ने उत्तराखंड में पर्यटन और श्रद्धा को सम्मान देने के लिए और पर्यटन की संभावनों को विकसित करने के लिए उत्तराखंड सरकार के प्रयासों की सराहना भी की। बद्रीनाथ धाम में आवास गृह के शिलान्यास कार्यक्रम में सीएम योगी ने नाथ पंथ के सिद्ध योगी सुन्दरनाथ की तपोस्थली गुफा के जीर्णोद्धार के लिए उत्तराखंड सरकार से अपील की। इस विशेष अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, उत्तर प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और धर्मार्थ कार्य विभाग के मंत्री नीलकंठ तिवारी की भी उपस्थिति रही।

### शाह ने...

फैलाना और नए भ्रमजाल गढ़ना मोदी सरकार का चाल, चेहरा और चरित्र बन गया है। शर्म की बात तो यह है कि देश के गृहमंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा की अपनी जिम्मेदारी को दरकिनार कर जम्मू, कश्मीर तथा लद्दाख पर सरासर झूठी, भ्रामक व शरारतपूर्ण बयानबाजी कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस कड़े शब्दों में अमित शाह व मोदी सरकार के मंत्रियों के आचरण की निंदा करती है तथा याद दिलाती है कि जम्मू, कश्मीर और लद्दाख को लेकर उनका आचरण ऐसा ही है, जैसा कि 'नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली'।' सुरजेवाला ने इस बात पर जोर दिया, 'कांग्रेस पार्टी 'पीएजीडी' का हिस्सा नहीं है।'उन्होंने कहा, 'देश के लिए कुर्बानी और बलिदान की परिपाटी कांग्रेस के नेतृत्व ने अपने लहू से लिखी है। अंग्रेज के गुलाम और पिट्ठू दलों के लोग शायद न तो देश और न ही तिरंगे के लिए कुर्बानी का जज़्बा समझ सकते हैं।' सुरजेवाला के मुताबिक, 'कांग्रेस पार्टी यह कभी स्वीकार नहीं करेगी कि राष्ट्र की अस्मिता, अखंडता या तिरंगे को कोई आंच आए। न ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर सहित भारत के आंतरिक मामलों में कोई विदेशी दखलंदाजी स्वीकार की है और न ही करेगी। 70 वर्षों तक भारत का गौरवशाली इतिहास कांग्रेस के इस संकल्प का गवाह है।' उन्होंने सवाल किया, 'शाह जिस पीडीपी की आलोचना कर रहे हैं, उसके साथ मिलकर जम्मू-कश्मीर में भाजपा ने सरकार का गठन क्यों किया था?

### दर्जनों बच्चों...

पिछले 10 वर्षों के दौरान कई बच्चों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप है। आरोपी इस घिनौने कृत्य के वीडियो और तस्वीरें पूरी दुनिया में संचालित पॉर्न साइट्स को इंटरनेट पर बेचता था। अधिकारियों का कहना है कि इस घिनौने कृत्य के आरोपी और अभियंता ने 5 से 16 वर्ष आयु के लगभग 50 बच्चों को अपना शिकार बनाया था। पीड़ित बच्चे बांदा, चित्रकूट और हमीरपुर के रहने वाले थे। वह मुख्यरूप से बच्चों के यौन उत्पीड़न से संबंधित सामग्री पूरी दुनिया में संचालित पॉर्न साइट्स को उपलब्ध कराता था। आरोपी अवर अभियंता के पास से तलाशी के दौरान आठ मोबाइल फोन, 8 लाख रुपये नगद, सेक्स ट्वायज और तमाम डिजिटल सबूत मिले हैं। सीबीआई के अधिकारियों के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने यह भी बताया है कि वह इन घिनौने कृत्य को छिपाने के लिए बच्चों को पैसा, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण समेत कई अन्य चीजें भी देता था। इस मामले को लेकर सीबीआई टीम ने तीन बार जिले में दबिश दी थी। जिसमें पहली बार एक पखवाड़े पहले अवर अभियंता को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। इसके बाद दोबारा दीपावली के पहले और तीसरी बार दीपावली के बाद यहां आकर सीबीआई टीम ने इस प्रकरण से संबंधित तमाम साक्ष्य एकत्रित किए थे। जिसका खुलासा आज किया है। इस कृत्य को अंजाम देने वाले आरोपी को जल्द ही कोर्ट में पेश किया जा सकता है। इस मामले में अनैतिक तथा कदाचार में लिप्त होने के कारण उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता परियोजना बी के निरंजन द्वारा जेई रामभवन को कर्मचारी आचरण नियमावली के अंतगर्त तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह जानकारी मुख्य अभियंता कार्मिक सतीश चंद ने दी है। वहीं सीबीआई के हिरासत में लेने के बाद जेई के मुख्यालय के शोभा सिंह का पुरवा स्थित आवास पर सन्नाटा पसरा हुआ है। आसपास के लोग भी जेई के कारनामो को सुनकर हैरान है। जेई की पत्नी डिप्रेशन में है। किसी से भी मिलने और बात करने से कतरा रही है।

### दो बांग्लादेशियों...

मो. इकबाल पुत्र नूर मुहम्मद निवासी सहारनपुर और मो. फारुख पुत्र नूर मुहम्मद निवासी सहारनपुर के बारे में जानकारी हासिल हुई। यह भी पता चला कि यह दोनों मूल रूप से ग्राम. सादाह मोनूपारा थाना सठकनिया, जिला चटगाँव बांग्लादेश के रहने वाले हैं और सभी भाई हैं। पूछताछ में दोनों ने बताया कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वर्ष 2007-08 से भारत में रह रहे हैं। दोनों अभियुक्त वर्ष 2013 में अवैध रूप से भारत में रहने के आरोप में पश्चिम बंगाल में गिरफ्तार किए गए थे और लगभग दो वर्ष जेल में रहे हैं। जेल से रिहा होने के बाद इन दोनों को बांग्लादेश के लिए उदासित कर दिया गया था। ये दोनों वर्ष 2015 में पुन: अवैध रूप से सीमा पार कर भारत में आ गए और दलालों के माध्यम से सहारनपुर के पते से फर्जी वोटर कार्ड, आधार कार्ड और पासपोर्ट बनवा लिए। पूछताछ के क्रम में ज्ञात हुआ कि ये दोनों बांग्लादेश, अमेरिका, सऊदी अरब, इटली, ब्रिटेन,ऑस्ट्रिया और म्यामार के लोगों से संपर्क में हैं। उपरोक्त दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध विदेशी अधिनियम तथा धारा-12 पासपोर्ट अधिनियम व अन्-य धाराओं में थाना एटीएस लखनऊ में मुकदमा दर्ज कर दोनों अभियुक्तों को एटीएस द्वारा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### जहरीली शराब...

थी। इस मामले में लखनऊ के जिला आबकारी अधिकारी-सहायक आबकारी आयुक्त सुदर्शन सिंह को हटा दिया गया है। उन्हें प्रयागराज मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। लखनऊ मामले में ही आबकारी निरीक्षक आलोक पांडे को निलंबित कर दिया गया है। उन्हें भी आबकारी आयुक्त कार्यालय से संबद्ध किया गया है। वही फिरोजाबाद में जहरीली शराब से हुई मौत के मामले में जिला आबकारी अधिकारी-सहायक आबकारी आयुक्त राम स्वार्थ चौधरी को हटाकर आबकारी आयुक्त कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। इस प्रकरण में आबकारी निरीक्षक आरके सिंह को निलंबित किया गया है।

पायनियर
लखनऊ ,बुधवार, 18 नवंबर , 2020



## पेरू में ही होगा अर्जेंटीना का आखिरी विश्व कप क्वालीफाइंग मैच

**साओ पाउलो।** पेरू मे राजनीतिक संकट के बावजूद अर्जेंटीना का आखिरी विश्व कप क्वालीफाइंग मैच मंगलवार को लीमा में ही खेला जाएगा। पेरू के राष्ट्रपति मैनुअल मेरिनो ने पद से इस्तीफा दे दिया है जिसके बाद से देश में उथल पुथल मची हुई है। इसकी वजह से अर्जेंटीना को अपना अभ्यास सत्र भी रद्द करना पड़ा।

## इंग्लैंड टीम का पाकिस्तान दौरा स्थगित होना तय

**कराची।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम का अगले साल की शुरूआत में एक छोटी टी20 श्रृंखला के लिए पाकिस्तान का दौरा शीर्ष खिलाड़ियो की उपलब्धता और लागत से जुड़े मसलो के कारण अक्टूबर तकस्थगित होना तय है। है।

## एथलीटों को टीका लेने का फैसला व्यक्तिगत नहीं : बाक

**तोक्यो।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) अध्यक्ष थामस बाक ने तोक्यो के दौरे के दौरान कहा कि वह ओलंपिक के सभी प्रतिभागियो और प्रशंसको को कोविड-19 का टीका लेने के लिए प्रेरित कर रहे है अगर यह तब तक उपलब्ध हो जाता है। बाक ने कहा कि अगर प्रतिभागियो और प्रशंसको को अगले साल तोक्यो ओलंपिक मे हिस्सा लेना है तो उन्हें जिम्मेदारी लेते हुए टीकाकरण करवाना चाहिए।

## रैफरियों को निरंतर अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए : अरूमुगन

**नई दिल्ली।** फीफा पैनल में शामिल भारतीय रैफरी रोवान अरूमुगन ने कहा कि शीर्ष फिटनेस रखने और खेल के नियमो को समझने के साथ एक फुटबॉल रैफरी को खिलाड़ियों का सम्मान हासिल करने के लिए निरंतर सही फैसले करने चाहिए। अरूमुगन 2011 में कोलकाता में वेनेजुएला के खिलाफ उस फीफा मैत्री मैच में रैफरिंग कर चुके है जो अर्जेंटीना के कप्तान के रूप मे लियोनल मेस्सी का पहला मुकाबला था।

## ईसीबी पर नस्लवाद का आरोप

**लंदन।** पूर्व टेस्ट अंपायर जॉन होल्डर ने ईसीबी पर वर्षो तक नस्लवाद करने का आरोप लगाया और देश मे अल्पसंख्यक ग्रुप से मैच अधिकारियो की कमी की स्वतंत्र जांच की मांग की। हैपशर के पूर्व क्रिकेटर होल्डर ने तीन दशक के करियर मे 11 टेस्ट और 19 वनडे मे अंपायरिंग की है। अश्वेत अंपायरों को 1992 के बाद से प्रथम श्रेणी सूची मे नियुक्त नही किया गया है।

## सीएसए सदस्य परिषद ने अंतरिम बोर्ड नियुक्त किया

**जोहानिसबर्ग।** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के सदस्य परिषद ने अपने फैसले से पलटते हुए इंग्लैड दौरे से पहले नौ सदस्ईय अंतरिम बोर्ड को नियुक्त करने की मंजूरी दे दी। इससे एक दिन पहले सदस्य परिषद ने तकनीकी खामियो का हवाला देते हुए इसे रद्द कर दिया था। सीएसए के कार्यवाहक अध्यक्ष, रिहान रिचर्ड्स ने आज पुष्टि की।

# भारतीय खिलाड़ियों ने टेस्ट मैच की तरह अभ्यास किया



**भाषा।** सिडनी

भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहले एकदिवसीय श्रृंखला में भाग लेना है लेकिन कप्तान कोहली की अगुवाई में टीम के शीर्ष बल्लेबाजों ने अगले महीने होने वाली पांच दिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए मंगलवार को लाल और गुलाबी गेंद से टेस्ट मैच की तरह अभ्यास किया। इस अभ्यास सत्र में एकदिवसीय , टी20 और टेस्ट टीम में शामिल सभी शीर्ष बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने हिस्सा लिया।

### कप्तान कोहली की अगुवाई में पसीना बहाया

कप्तान विराट कोहली ने ट्विटर पर वीडियो पोस्ट की जिसमें वह अनुभवी मोहम्मद शमी और युवा मोहम्मद सिराज की गेंदबाजी पर अभ्यास कर रहे है। उन्होंने इस वीडियो के साथ लिखा, मुझे टेस्ट क्रिकेट (अभ्यास) सत्र पसंद है। कोहली 17 दिसंबर से एडीलेड में खेले जाने वाले शुरूआती टेस्ट मैच के बाद अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए भारत लौट आएंगे। वीडियो में खिलाड़ियों को नेट की जगह मैदान के बीच बनी पिच पर टेस्ट मैच की तरह क्षेत्ररक्षण और दूसरे छोर पर बल्लेबाज के साथ बल्लेबाजी अभ्यास करते देखा गया। ज्यादातर खिलाड़ी पिछले दो महीनों से आईपीएल में व्यस्त थे ऐसे में उन्होंने सफेद गेंद से अभ्यास करने की जगह टेस्ट में इस्तेमाल होने वाली लाल और गुलाबी गेंद से अभ्यास करते हुए हुए देखा गया। सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल भी गुलाबी गेंद का सामना कर रहे थे जिससे यह संकेत मिलता है कि पहले टेस्ट के लिए अंतिम 11 में उनकी दावेदारी होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी एक वीडियो ट्वीट किया जिसमें शमी और सिराज अलग-अलग बल्लेबाजों को गेंदबाजी करते दिख रहे है। बीसीसीआई ने इस वीडियो के साथ लिखा, गुरु और उनका शिष्य। जब मोहम्मद शमी और सिराज ने भारतीय टीम के नेट्स (अभ्यास) पर एक साथ गेंदबाजी की। तेज और सटीक। इससे पहले सोमवार को ऑस्ट्रेलिया की उछाल भरी पिचों का अभ्यस्त होने के लिए खिलाड़ियों को टेनिस गेंद से अभ्यास करते देखा गया था।

## टीम इंडिया का आधिकारिक किट प्रायोजक होगा एमपीएल स्पोर्टर्स




**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने मंगलवार को औपचारिक घोषणा की कि एमपीएल स्पोर्टर्स अपैरल एंड एक्सेसरीज भारत की राष्ट्रीय महिला, पुरूष और अंडर 19 क्रिकेट टीमो का आधिकारिक किट और साजो सामान प्रायोजक होगा जो नाइके की जगह लेगा। बोर्ड की शीर्ष परिषद ने दो नवंबर को इस करार को मंजूरी दी। नाइके का पांच साल का करार था जिसके लिए उसने 2016 से 2020 के लिए 370 करोड़ रूपए दिए थे। एमपीएल स्पोर्टर्स एक ई स्पोर्टर्स प्लेटफार्म है जो खेल और क्रिकेट का सामान, मास्क, कलाई बैंड, जूते और हेडगियर बेचता है। एमपीएल ने नवंबर 2020 से दिसंबर 2023 के लिए करार किया है। इसकी शुरूआत भारतीय टीम के आस्ट्रेलिया दौरे से हो गई है जहां टीम इंडिया नई जर्सी पहनेगी। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा , टीम की किट को लेकर एमपीएल स्पोर्टर्स के साथ करार नए अध्याय की शुरूआत है। इसके जरिए करोड़ो प्रशंसको तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। एमपीएल स्पोर्टर्स टीम इंडिया की जर्सी के अलावा उससे जुड़े साजो सामान भी क्रिकेटप्रेमियो को उपलब्ध कराएगा। बोर्ड सचिव जय शाह ने कहा , इस साझेदारी के तहत क्रिकेटप्रेमियो को भारतीय टीम की जर्सी और साजो सामान देश मे ही नही विदेश मे भी आसानी से उपलब्ध होंगे। एमपीएल फिलहाल आईपीएल की दो टीमो कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से जुड़ा है।

## कैरी को भारत के खिलाफ टी20 टीम में जगह मिलने की उम्मीद



**मेलबर्न।** विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने मंगलवार को कहा हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान रिकी पोटिंग की देख-रेख में खेल के छोटे तकनीकी पहलुओं पर काम करने के बाद उन्हें उम्मीद है कि भारत के खिलाफ श्रृंखला के लिए वह ऑस्ट्रेलियाई टी-20 टीम में अपनी जगह फिर से बना लेंगे। कैरी यूएई में खेली गई आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की टीम में थे जिसके कोच ऑस्ट्रेलया के विश्व कप विजेता पूर्व कप्तान पोंटिंग थे। कैरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पत्रकारों से कहा, मुझे पहली बार आईपीएल का हिस्सा बनने का मौका मिला और दिल्ली के कोच के रूप में रिकी और कुछ अन्य जाने-पहचाने चेहरों की मौजूदगी ने इन दो महीने को मेरे लिए मनोरंजक बना दिया। आईपीएल के अनुभव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैं पिछले साल विश्व कप के दौरान उनके (पोंटिंग) साथ काम करके भाग्यशाली रहा और उनसे अच्छा रिश्ता बना। वह एक अद्‌भुत खिलाड़ी थे, और शानदार कोच है। वह वास्तव में बहुत जल्दी छोटी-छोटी खामियों को भी पकड़ लेते है।

### भारत के खिलाफ टेस्ट टीम में जगह का हकदार था : पुकोवस्की

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के प्रतिभाशाली बल्लेबाज विल पुकोवस्की का मानना है कि वह भारत के खिलाफ टेस्ट टीम में जगह पाने के हकदार थे और अब टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के लिए बेहतर तैयारी के साथ हैं। पुकोवस्की को भारत के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए आस्ट्रेलिया की 17 सदस्ईय टीम में चुना गया है। उन्होंने शेफील्ड शील्ड टूर्नामेंट में लगातार दो दोहरे शतक लगाए थे। इस बार मुझे लगता है कि मैं टीम में जगह पाने का हकदार था। अगर मुझे अंतिम एकादश में मौका मिलता है तो मैं इस चुनौती के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। पुकोवस्की को पहली बार 2019 में श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला के लिए टेस्ट टीम में चुना गया था लेकिन मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मसलों का हवाला देकर उन्होंने नाम वापिस ले लिया था।

## गावस्कर ने पूर्व खिलाड़ियों की मदद के लिए क्रिक्टर्स फाउंडेशन की सराहना की



**मुंबई।** भारत के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने महिला क्रिकेटरों की मदद करने के लिए शहर के क्रिकेटर्स फाउंडेशन की सराहना की। क्रिकेटर्स फाउंडेशन ने 10 नवंबर को सुरेखा भंडारे, संध्या रेलेकर और और अपर्णा कांबली को सम्मानित करने का फैसला किया। सुरेखा ने 127 जबकि संध्या ने 139 और अपर्णा ने 79 प्रथम श्रेणी के मैच खेले है। इन तीनों को 50,000 से 75,000 हजार रूपए के बीच का सहयोग राशि भी दी गई।

### अभिषेक व नासीर ने स्नूकर में जीत के साथ किया आगाज

**चेन्नई।** तमिलनाडु के अभिषेक ने अजय रस्तोगी स्मारक अखिल भारतीय ओपन स्नूकर चैम्पियनशिप 2020 में मंगलवार को यहां पहले दौर में श्रीनिवास नायडू के खिलाफ 4-0 की शानदार जीत दर्ज की।अभिषेक को दूसरे दौर में जगह पक्की करने के लिए कोई मेहनत नहीं करनी पड़ी तो वही नासीर (क्यूबीसी) को दूसरे दौर में पहुंचने के लिए संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने करीबी मुकाबले में वाईएमसीए के राधेश को 4-3 से हराया। इस टूर्नामेंट में एशियाई खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता रफात हबीबी (दक्षिणी रेलवे) और पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड के लक्ष्मण रावत जैसे शीर्ष खिलाड़ी भी भाग ले रहे है।

## हॉकी इंडिया प्रदेश सदस्य ईकाइयों ने मास्टर्स समितियां बनाई, परगट , गुरबख्श शामिल

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान परगट सिंह, मीर रंजन नेगी और गुरबख्श सिंह को हॉकी इंडिया की प्रदेश सदस्य ईकाइयों की मास्टर्स समिति में शामिल किया गया है जिसका काम देश में मास्टर्स हॉकी का विकास और प्रचार होगा। हॉकी इंडिया ने एक विज्ञप्ति में कहा कि इस पहल के तहत सभी आयुवर्गों (महिला और पुरूष) में मौके दिए जाएंगे ताकि उम्र की बाधा को दरकिनार करके खिलाड़ी अपने शौक को बरकरार रख सके। मार्च में हॉकी इंडिया ने दुनिया भर के 38 अन्य राष्ट्रीय संघों से मिलकर विश्व मास्टर्स हॉकी की सदस्यता ली थी। यह अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ द्वारा मान्यता प्राप्त एकमात्र ईकाई है और दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स हॉकी के आयोजन का इसे ही अधिकार है। हॉकी इंडिया ने सभी प्रदेश सदस्य ईकाइयों से पूर्व राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की प्रदेश स्तरीय समितियों के गठन का आग्रह किया है।

## मेदवेदेव ने ज्वेरेव को पराजित किया



नडाल थीम के खिलाफ शाट लगाते हुए

**लंदन।** दानिल मेदवेदेव ने एटीपी फाइनल्स के दूसरे दिन अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6 -3, 6-4 से हरा दिया। वही नोवाक जोकोविच ने पहली बार फाइनल्स मे पहुंचे डिएगो श्वार्त्जमैन को 6-3, 6-2 से मात दी। जोकोविच और मेदवेदेव का सामना बुधवार को होगा। कोरोना महामारी के कारण मुकाबले दर्शको के बिना खेले जा रहे है। इसके बावजूद जोकोविच ने जीतने पर अपने चिर परिचित अंदाज मे चारो तरफ झुककर सलाम किया। अगले साल से एटीपी फाइनल्स इटली के तूरिन में होगा। पिछले 12 साल से यह लंदन मे होता आया है।

### गेंदबाज सुदीप त्यागी ने संन्यास की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज सुदीप त्यागी ने मंगलवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपो से संन्यास लेने की घोषणा की। त्यागी ने चार वनडे खेले जिसमे उन्होंने तीन विकेट हासिल की। इसके अलावा 33 साल के खिलाड़ी ने एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेला।

# पेन व लाबुशेन को एनएसडब्ल्यू स्थानांतरित किया गया

### ● कोविड-19 के प्रकोप का असर

**भाषा।** सिडनी





दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप के बाद भारत के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला को किसी खतरे से बचाने के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने टेस्ट टीम के कप्तान टिम पेन, शानदार लय में चल रहे युवा बल्लेबाज मार्नुस लाबुशेन को एडीलेड से हवाई मार्ग के जरिए न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) स्थानांतरित किया है।

वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया, क्वींसलैंड और तस्मानिया ने सोमवार को दक्षिण ऑस्ट्रेलिया से लगी अपनी सीमाओं को बंद कर दिया। इसके बाद देश का क्रिकेट बोर्ड मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया की सीमित ओवरों और टेस्ट मैच की टीम के अलावा ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाड़ियों को सिडनी(एनएसडब्ल्यू की राजधानी) लेकर आया है जिससे वह आगामी श्रृंखलाओं के आयोजन को बरकरार रख भारी वित्तीय नुकसान से बच सके। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक सीए के अंतरिम मुख्य कार्यकारी निक हॉकले ने कहा, सीए ने सक्रिय पहल करते हुए पिछले 24 घंटों में देश भर से इस खेल से जुड़े कई लोगों को यहां लेकर लाया है ताकि पुरुषों के घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम पर कोई असर नहीं पड़े। मैं खिलाड़ियों और कर्मचारियों को उनकी यात्रा के कार्यक्रम में बदलाव के लिए तैयार होने पर धन्यवाद देना चाहता हूं जिससे आगामी गर्मियों (सत्र) में खेल आयोजन की सफलता सुनिश्चित हो सके। पेन और लाबुशेन के अलावा मैथ्यू वेड, ट्रेविस हेड और कैमरन ग्रीन भी उन खिलाड़ियों में शामिल है जिन्हें एनएसडब्ल्यू स्थानांतरित किया गया है। कोविड-19 मामलों के बाद भी सीए ने कहा कि भारत के खिलाफ 17 दिसंबर से शुरू होने वाला टेस्ट श्रृंखला का पहला मैच एडीलेड में खेला जाएगा। एडीलेड में इस महामारी के मामले बढ़ने के बाद पेन और कुछ अन्य खिलाड़ियों ने खुद को पृथकवास पर कर लिया था। सीए ने कहा कि आगामी श्रृंखलाओं के आयोजन को सुरक्षित तरीके से करने के लिए सभी संभव उपायों को तलाशा जाएगा। सीए से जारी बयान के मुताबिक, हमारी जैव-सुरक्षा एवं संचालन दल स्थिति पर नजर रखे हुए है।

## वैज्ञानिक फिटनेस ट्रेनिंग प्रणाली शुरू करने वाले ओलंपियन जगमोहन का निधन

**भाषा।** पटियाला

एनआईएस पटियाला में एथलेटिक्स और अन्य खेलों में वैज्ञानिक फिटनेस ट्रेनिंग तरीके शुरू करने वाले बाधा दौड़ ओलंपियन जगमोहन सिंह का मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। वह भारतीय खेल प्राधिकरण में संयुक्त महानिदेशक के तौर पर भी काम कर चुके थे। उन्होंने 1960 रोम ओलंपिक की 110 मीटर बाधा दौड़ में देश का प्रतिनिधित्व किया था। वह 1958 से 1960 तक इस स्पर्धा में राष्ट्रीय चैम्पियन रहे थे। उनके नाम 110 मीटर बाधा दौड़ और डेकाथलन का राष्ट्रीय रिकार्ड भी रहा था। वह सिर्फ अपने समय के शीर्ष एथलीट ही नहीं थे बल्कि वह भारतीय खेल में शिक्षक, कोच, प्रशासक और शारीरिक ट्रेनर के तौर पर भी काम कर चुके थे। लंबे समय तक भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के सचिव रह चुके ललित भनोट ने कहा, जगमोहन ने खेलों में वैज्ञानिक ट्रेनिंग तरीकों की शुरूआत की, विशेषकर एथलेटिक्स में लेकिन हॉकी और साइक्लिंग में भी उन्होंने ऐसा किया।

## चीनी उत्पादन करीब तीन गुना बढ़कर 14.10 लाख टन : इस्मा

**नई दिल्ली।** दुनिया में चीनी के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक देश, भारत में चीनी का उत्पादन चीनी सत्र 2020-21 पेराई मौसम में 14 लाख लाख टन तक पहुंच गया है जो पिछली साल इसी समय से तीन गुना है। चीनी उद्योग के प्रमुख संगठन, भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने मंगलवार को बताया कि बेहतर फसल उत्पादन और पेराई अभियान के समय पर शुरू होने की वजह से उत्पादन में वृद्धि हुई है। इस्मा ने कहा कि चीनी सत्र 2019-20 (अक्टूबर-सितंबर) की समान अवधि में चीनी का उत्पादन 4.84 लाख टन रहा था। चूंकि भारत में एक बार और अधिशेष चीनी उत्पादन होने जा रहा है, इसलिए उद्योग निकाय इस्मा ने कहा कि वह चीनी निर्यात के बारे में सरकार के नीतिगत फैसले का इंतजार कर रहा है और सब्सिडी समर्थन के साथ बफर स्टॉक निर्माण के बारे में भी फैसले के इंतजार में है।

## ओएनजीसी ने सात, ऑयल इंडिया ने चार खंडों के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किया

**नई दिल्ली।** सरकारी कंपनी ओएनजीसी ने सात और ऑयल इंडिया लिमिटेड ने चार तेल एवं गैस खंडों के लिए अनुबंध पर मंगलवार को हस्ताक्षर किए। ये खंड खुले क्षेत्र की लाइसेंस नीति (ओएलएपी) की पांचवीं दौर की बोली में नीलाम किए गए थे। इस दौर में निजी क्षेत्र की भागीदारी के बीच सरकारी कंपनियों ने इन खंडों को प्राप्त किया था। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हस्ताक्षर समारोह में कहा कि आखिरी दौर की बोली के साथ ही सरकार तेल व गैस की खोज के लिए पिछले चार साल में 1.56 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र नीलाम कर चुकी है। इससे पहले पिछले दो दशक में नई खोज लाइसेंस नीति के नौ दौर तथा उससे पूर्व के दौर में 90 हजार किलोमीटर नीलाम किए गए थे।

## क्रिस गोपालकृष्णन रिजर्व बैंक नवोन्मेषण केंद्र के पहले चेयरपर्सन नियुक्त

**मुंबई।** इन्फोसिस के सह-संस्थापक एवं पूर्व सह-चेयरमैन सेनापति (क्रिस) गोपालकृष्णन को भारतीय रिजर्व बैंक के नवोन्मेषण केंद्र का पहला चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। केंद्रीय बैंक ने अगस्त में रिजर्व बैंक नवोन्मेषण केंद्र (आरबीआईएच) की स्थापना करने की घोषणा की थी। केंद्रीय बैंक का उद्देश्य इस केंद्र के जरिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर वित्तीय क्षेत्र में नवोन्मेषण को प्रोत्साहन देना और तेजी से नवप्रवर्तन के लिए वातावरण का सृजन करना है।

## प्योर ईवी एक दिसंबर को पेश करेगी ई-स्कूटर ईट्रांस नियो

**नई दिल्ली।** स्टार्टअप कंपनी प्योर ईवी ने अगले महीने उच्च गति वाला इलेक्ट्रिक स्कूटर ईट्रांस नियो पेश करने की घोषणा की है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-हैदराबाद (आईआईटी-हैदराबाद) समर्थित कंपनी ने कहा है कि इस ई-स्कूटर की शोरूम कीमत 75,999 रुपए होगी। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि इस नए मॉडल में तेज पिकअप की सुविधा होगी। कंपनी इसे एक दिसंबर, 2020 को बाजार में उतारने जा रही है।

# वैक्सीन को लेकर अच्छी खबरों से बाजार में तेजी

### ● सेंसेक्स, निफ्टी का नया रिकॉर्ड

**भाषा।** मुंबई







कोविड-19 के टीके को लेकर एक और अच्छी खबर से मंगलवार को सेंसेक्स और निफ्टी नई रिकॉर्ड उंचाई पर पहुंच गए। धातु, बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली से भी बाजार धारणा मजबूत हुई। कारोबारियों ने कहा कि रुपए में सुधार से भी लिवाली को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स दिन में कारोबार के दौरान 44,161.16 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर गया। अंत में सेंसेक्स 314.73 अंक या 0.72 प्रतिशत की बढ़त के साथ 43,952.71 अंक के अपने नए उच्चस्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक का एक्सचेंज का निफ्टी कारोबार के दौरान 12,934.05 अंक के रिकॉर्ड स्तर तक गया। अंत में निफ्टी 93.95 अंक या 0.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 12,874.20 अंक पर बंद हुआ। यह इसका नया उच्चस्तर है। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील का शेयर सबसे अधिक 6.24 प्रतिशत चढ़ गया। एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, एलएंडटी, मारुति, इंडसइंड बैंक और एचडीएफसी के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर एनटीपीसी, एचसीएल टेक, ओएनजीसी, इन्फोसिस, आईटीसी, पावरग्रिड और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर 2.69 प्रतिशत तक टूट गए। अमेरिका की जैवप्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी मॉडर्ना ने कहा है कि उसके कोविड-19 के वैक्सीन के कैंडिडेट को तीसरे चरण के परीक्षण में 94.5 प्रतिशत प्रभावी पाया गया है। इससे रात के सत्र में वॉलस्ट्रीट अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इससे एक सप्ताह पहले फाइजर और बायोनटेक ने कहा था कि उनका कोविड-19 का टीका 90 प्रतिशत से अधिक प्रभावी पाया गया है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजार अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर हैं। बैंकिंग शेयरों की अगुवाई में बाजार उंचाई छू रहे हैं। इसके अलावा वैक्सीन से जुड़ी खबरों से भी बाजार धारणा मजबूत हुई है। इस सप्ताह वैश्विक बाजारों की अच्छी शुरुआत हुई।

अन्य एशियाई बाजारों में चीन के शंघाई कम्पोजिट तथा दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में गिरावट आई। हांगकांग के हैंगसेंग तथा जापान के निक्की में लाभ रहा। शुरुआती कारोबार में यूरोपीय बाजारों में मिलाजुला रुख था। इस बीच, अंतराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट कच्चा तेल वायदा 0.25 प्रतिशत के नुकसान से 43.71 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## आईआईटी खड़गपुर ने खीरे के छिलके से पर्यावरण अनुकूल खाद्य पैकेजिंग सामग्री तैयार की

**भाषा।** नई दिल्ली

क्या आप सलाद तैयार करने के बाद खीरे के छिलकों को फेंक देते हैं? सोचिए वे जल्द ही पर्यावरण अनुकूल खाद्य जिंसों की पैकेजिंग सामग्री के रूप में वापस आपकी रसाई में आ सकते हैं। इसे पैकेजिंग सामग्री के रूप में उपयोग में लाने का काम आईआईटी खड़गपुर के शोधकर्ताओं ने किया है।

शोधकर्ताओं की टीम के अनुसार, खीरे के छिलके में अन्य छिलके के अपशिष्ट की तुलना में अधिक सेल्यूलोज सामग्री होती है। इन छिलकों से प्राप्त सेल्युलोज के सूक्ष्म स्फटिकों का उपयोग खाद्य पैकेजिंग सामग्री बनाने के लिए किया जा सकता है जो जैविक रूप से नष्ट होने वाली सामग्री और इसकी पैकिंग में सामग्री नम नहीं होती है।

## टाटा स्टील की नीलांचल इस्पात निगम की परिसपंत्तियां अधिगृहीत करने में रुचि

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील ने मंगलवार को ओडिशा के नीलांचल इस्पात निगम लिमिटेड (एनआईएनएल) की परिसंपत्तियां अधिगृहीत करने में रुचि दिखाई। एनआईएनएल चार केंद्रीय लोक उपक्रमो और ओडिशा सरकार की दो कंपनियो का एक संयुक्त उपक्रम है। इसमें केंद्रीय लोक उपक्रम एमएमटीसी, राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी), भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) और मीकॉन एवं ओडिशा सरकार की आईपीआईसीओएल और ओडिशा खनन निगम (ओएमसी) शामिल है।

### टाटा स्टील का शेयर छह प्रतिशत से अधिक चढ़ा

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील का शेयर मंगलवार को छह प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। कंपनी के भारतीय परिचालन के तिमाही नतीजे काफी अच्छे रहे है, जिससे उसके शेयरों में तेजी आई। बीएसई मे कंपनी का शेयर दिन मे कारोबार के दौरान 52 सप्ताह के उच्चस्तर 530.80 रुपए पर पहुंच गया। अंत मे कंपनी का शेयर 6.24 प्रतिशत के लाभ से 522.80 रुपए पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज मे भी कंपनी के शेयर मे तेजी रही। दिन मे कारोबार के दौरान एनएसई मे कंपनी का शेयर 52 सप्ताह के उच्चस्तर 530.95 रुपए पर पहुंच गया।

### फ्लिपकार्ट ने स्कैपिक का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने बेंगलुरु की ऑग्मेंटेड रीयल्टी कंपनी स्कैपिक का अधिग्रहण किया है। इस कदम से ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी अपने मंच पर शॉपिंग अनुभव क्षमता का विस्तार कर पाएगी। फ्लिपकार्ट ने मंगलवार को बयान मे कहा कि स्कैपिक में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के साथ अनुभवी डेवलपर्स और डिजाइनरों की टीम प्रतिभाशाली टीम भी उसके साथ जुड़ेगी।

## फसल बीमा: कृषि मंत्रालय ने 100 जिलों में ड्रोन से फसल की तस्वीर लेने के लिए डीजीसीए से मांगी अनुमति

**भाषा।** नई दिल्ली

कृषि मंत्रालय ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत 100 जिलों में ग्राम पंचायत स्तर पर फसल उपज का आकलन करने के लिए ड्रोन से धान खेतों की तस्वीर लेने की अनुमति मांगी है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि यह मंजूरी चयनित एजेंसियों के ड्रोन उड़ाने के लिए मांगी गई है। यह दूसरा वर्ष है जब मंत्रालय ने पीएमएफबीवाई के तहत ग्राम पंचायत स्तर का फसल अनाज का आकलन करने के लिए 100 जिलों के कृषि क्षेत्रों में मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) आधारित सुदूर संवेदी आंकड़ा संग्रह के एक प्रायोगिक अध्ययन के लिए निजी एजेंसियों को काम पर रखा है। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, चूंकि चयनित 100 चावल उगाने वाले जिलों में कटाई का काम जोरों पर है और फसल के मौसम के अनुसार जल्द ही यह काम पूरा हो जाएगा, हमने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से अनुरोध किया है कि वे चयनित क्षेत्रों के लिए ड्रोन उड़ाने की मंजूरी दें।

## जीएसटी पंजीयन प्रक्रिया कठिन बना रहे केंद्र, राज्य

**नई दिल्ली।** केंद्र और राज्य सरकारें फर्जी बिल के मामलों में हो रही वृद्धि पर लगाम लगाने के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के पंजीयन की प्रक्रिया तथा कानूनी उपाय कठिन बनाने पर काम कर रही हैं। इन मामलों पर चर्चा करने के लिए जीएसटी की विधि समिति की बुधवार को एक बैठक बुलाई गई है। जीएसटी परिषद की विधि समिति में केंद्र और राज्य सरकारों के वरिष्ठ कर अधिकारी शामिल हैं। समिति फर्जी बिलों से की जाने वाले धोखाधड़ी तथा जीएसटी पंजीयन की प्रक्रिया को जटिल बनाने पर चर्चा करेगी। इसके अलावा फर्जी बिलों पर लगाम लगाने के लिए जीएसटी अधिनियम में आवश्यक संशोधन समेत विभिन्न न्यायिक कदमों पर भी चर्चा करेगी।

## कोविड-19 टीके की उम्मीद से रुपया 16 पैसे चढ़ा

**भाषा।** मुंबई




कोरोना वायरस के टीके से जुड़ी सकारात्मक खबरों के बाद जोखिम भरे साधनों की मांग में सुधार आया है। इससे अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया में भी तेजी दिखी। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार को रुपया 16 पैसे मजबूत होकर 74.46 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। इसके अलावा डॉलर की नरमी ने भी रुपए को समर्थन दिया। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया मजबूती के साथ 74.43 प्रति डॉलर पर खुला और कुछ देर में 74.38 प्रति डॉलर के दिवस के उच्च स्तर पर जा पहुंचा। कारोबार के समाप्त होने पर यह अंततः 16 पैसे की तेजी के साथ 74.46 प्रति डॉलर पर रहा। सोमवार को बलि प्रतिपदा के अवसर पर अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार बंद रहा था। इससे पहले शुक्रवार को रुपया 74.62 प्रति डॉलर पर रहा था। विश्लेषकों ने कहा कि रिजर्व बैंक के द्वारा डॉलर की खरीद ने रुपए की तेजी पर कुछ लगाम लगाई।



टोक्यो में जापान व आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री क्रमशः योशिदा सुगा (दाएं) व स्काट मारीसन एक समझौते के दौरान प्रपत्रों को दिखाते हुए

# बाइडन की व्हाइट हाउस टीम में चुनाव अभियान से जुड़े लोग होंगे शामिल

एपी। अटलांटा (अमेरिका),

**अमेरिका के** निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन व्हाइट हाउस की अपनी टीम में चुनाव अभियान से जुड़े वरिष्ठ लोगों को शामिल करेंगे। बाइडन के शुरुआती फैसलों की जानकारी रखने वाले लोगों ने सोमवार को पुष्टि की है कि अभियान की पूर्व प्रबंधक जे ओमली डिलन डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ के तौर पर सेवा देंगी जबकि अभियान के सह अध्यक्ष लुइसियाना के प्रतिनिधि सेड्रिक रिचमंड और अभियान के सलाहकार स्टीव रिचेटी भी नए प्रशासन में वरिष्ठ पदों की जिम्मेदारी संभालेंगे।

इस बाबत घोषणा मंगलवार को हो सकती है। रिचमंड को व्हाइट हाउस में पद संभालने के लिए



लुइसियाना की कांग्रेस सीट छोड़नी होगी। बाइडन अगले साल 20 जनवरी को पदभार संभालेंगे। बाइडन अपने शासन के दृष्टिकोण को अमली जामा पहनाने के लिए अपनी टीम का गठन करेंगे। पिछले हफ्ते बाइडन ने अभियान के पूर्व वरिष्ठ सलाहकार रॉन क्लैन को अपना चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त करने की घोषणा की थी। डिलन (44) डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के अभियान का सफलतापूर्वक प्रबंधन करने वाली पहली महिला हैं। वह वरिष्ठ राजनीतिक कार्यकर्ता हैं। वह बराक ओबामा द्वारा राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने के दौरान दोनों बार उनके साथ काम कर चुकी हैं। ओबामा अमेरिका के दो बार राष्ट्रपति रहे हैं। रिचेटी ओबामा प्रशासन के दौरान बाइडन के चीफ ऑफ स्टाफ के तौर पर काम कर चुके हैं।

## अफगानिस्तान, इराक में अमेरिकी सैनिकों की संख्या कम करने का आदेश जारी कर सकते हैं ट्रंप

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन 15 जनवरी तक अफगानिस्तान में अपने सैनिकों की संख्या लगभग आधी करके 2,500 तक कर सकता है।अमेरिका के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ट्रंप का इस साल के अंत तक सभी सैनिकों को वापस बुलाने का लक्ष्य हालांकि फिर भी पूरा नहीं हो पाएगा। पेंटागन द्वारा इराक से भी अपने 500 से अधिक सैनिकों को वापस बुलाने और वहां भी अपने सैनिकों की संख्या 2,500 तक करने की संभावना है।यह सब ट्रंप के कार्यकाल के आखिरी कुछ सप्ताह में किया जाएगा।

हालांकि अभी तक उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी के जो बाइडन के सामने राष्ट्रपति चुनाव में हार स्वीकार नहीं की है।अधिकारी ने बताया कि सेना प्रमुखों को सप्ताहांत में इसकी जानकारी दी गई और कार्यकारी आदेश तैयार किया जा रहा।नाम उजागर ना करने की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि अफगानिस्तान में अभी 4,500 से 5,000 और इराक में 3,000 से अधिक अमेरिकी सैनिका मौजूद हैं।

### ● ट्रंप अभियान दल ने पेनसिल्वेनिया में चुनाव के नतीजों के संबंध में दायर किया अपना मुकदमा वापस लिया

उधर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अभियान दल ने पेनसिल्वेनिया के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों पर अंतिम मोहर लगाने की प्रक्रिया को रोकने के लिए दायर मुकदमे को वापस ले लिया है।

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडन ने यहां जीत दर्ज की है। मामले पर मंगलवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन ट्रंप के अभियान दल ने अपना अनुरोध वापस ले लिया।

अभियान दल ने रविवार को संघीय अदालत में संशोधित मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें पेनसिल्वेनिया के नतीजों पर अंतिम मोहर लगाने की प्रक्रिया पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया था। अमेरिका में तीन नवम्बर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में प्रमुख मीडिया घराने जो बाइडन को विजेता घोषित कर चुके हैं लेकिन ट्रंप ने अभी तक हार स्वीकार नहीं की है।

## ट्रंप के साथ तालमेल की अनुपस्थिति में कोविड-19 से ज्यादा लोगों के मरने का खतरा: जो बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में विजई हुए जो बाइडन ने कहा कि अगर वह और मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कोरोना वायरस से निपटने के लिए तालमेल नहीं बिठाते हैं तो संक्रमण से ज्यादा अमेरिकी लोगों के मरने का खतरा है।

मीडिया ने डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बाइडन को तीन नवंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव की मतगणना में जीता हुआ दिखाया है। हालांकि रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप ने चुनाव में धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कई निर्णायक राज्यों में कानूनी लड़ाई शुरू की है।राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हार नहीं स्वीकार करने और उनके प्रशासन द्वारा हस्तांतरण प्रक्रिया में सहयोग से इनकार के संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में बाइडन ने सोमवार को विलमिंग्टन में कहा, अगर हम तालमेल नहीं बिठाते हैं तो और अधिक लोगों की मौत हो सकती है। उन्होंने कहा कि टीका महत्वपूर्ण है और कैसे अमेरिका को टीका मिलेगा और कैसे 30 करोड़ अमेरिकी लोगों को टीका लगाया जाएगा, इसके लिए क्या योजना है, यह एक सवाल है। इससे निपटने में विश्व स्वास्थ्य संगठन और दुनिया के बाकी देशों के साथ भी काम करना होगा।

उन्होंने कहा कि अगर इसके लिए अगले साल 20 जनवरी तक प्रतीक्षा करनी पड़ी (राष्ट्रपति शपथ ग्रहण समारोह) तो अमेरिका करीब डेढ़ महीने पीछे रह जाएगा।

# अमेरिका में घृणा अपराध पिछले करीब एक दशक में सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंचे

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका में** पिछले एक दशक से अधिक समय में घृणा अपराध सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गए हैं। एफबीआई की सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका में एफबीआई ने 1990 के दशक की शुरुआत में आंकड़े एकत्र करने शुरू किए थे और उसके बाद से संघीय अधिकारियों ने इस साल घृणा के कारण हत्या के मामलों की सर्वाधिक संख्या दर्ज की है।रिपोर्ट में कहा गया है कि 2019 में घृणा के कारण 51 हत्याएं की गईं, जिनमें वे 22 लोग भी शामिल हैं, जो टेक्सास के एल पासो में वॉलमार्ट में मेक्सिको के लोगों को निशाना बनाकर की गई गोलीबारी में मारे गए थे।रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल 7,314 घृणा अपराध हुए, जबकि इससे पहले साल में घृणा अपराध के 7,120 मामले दर्ज किए गए थे। अमेरिका में 2008 में 7,783 घृणा अपराध हुए थे। एफबीआई की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार घृणा अपराध वे अपराध होते हैं, जो लोगों की नस्ल, धर्म या यौन प्रवृत्ति आदि के आधार पर भेदभाव से प्रेरित होते हैं।हालांकि इस बढ़ोतरी का कारण पुलिस विभागों में घृणा अपराधों के मामले पहले की तुलना में अधिक दर्ज किए जाना हो सकता है, लेकिन कानून प्रवर्तन अधिकारियों और अन्य समूहों को इस बात पर कोई संदेह नहीं है कि घृणा अपराध बढ़ रहे हैं।सदर्न पॉवर्टी लॉ सेंटर की अध्यक्ष मार्गरेट हुआंग ने कहा, एफबीआई की रिपोर्ट एक बार फिर याद दिलाती है कि अमेरिका में घृणा को दूर करने के लिए हमें अभी बहुत काम करना है।

## नागोर्नो-काराबाख शांति समझौता गतिरोध आर्मीनिया के विदेश मंत्री ने दिया इस्तीफा

**एरेवान (आर्मीनिया)।** अलगाववादी क्षेत्र नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र के लिए हुए संघर्षविराम समझौते के बाद आर्मीनिया में जारी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच विदेश मंत्री ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया। इस समझौते के तहत यह क्षेत्र आजरबैजान को सौंपना है।रूसी मध्यस्थता में हुए एक समझौता के तहत आजरबैजान के नागोर्नो-काराबाख इलाके में युद्ध रोकने पर सहमति जताई थी। छह सप्ताह की लड़ाई में सैंकड़ों लोग मारे गए। आशंका तो यह भी जताई जा रही है कि यह संख्या हजारों में हो सकती है। वहीं इस समझौते में यह शर्त रखी गई कि आर्मीनिया नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र की सीमा के बाहर कुछ इलाकों में नियंत्रण रखता है, उसे वह आजरबैजान को सौंपना होगा।नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र आजरबैजान के अंतर्गत है, लेकिन 1994 में हुए अलगाववादी जग के बाद से आर्मीनिया की मदद से इसपर स्थानीय आर्मीनियाई जातीय बलों का नियंत्रण है। इस युद्ध के बाद न केवल नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र आर्मीनिया के हाथों में आ गया था बल्कि आसपास का भी क्षेत्र इसके हिस्से में आ गया।

# पाकिस्तानी सेना में कुछ तत्वों का था अलकायदा से संबंध: बराक ओबामा

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा है कि उन्होंने एबटाबाद में ओसामा बिन लादेन के ठिकाने पर छापा मारने के अभियान में पाकिस्तान को शामिल करने से इनकार कर दिया था, क्योंकि यह खुला रहस्य था कि पाकिस्तान की सेना, खासकर उसकी खुफिया सेवा में कुछ तत्वों के तालिबान और संभवत: अलकायदा से संबंध थे और वे कई बार अफगानिस्तान एवं भारत के खिलाफ सामरिक पूंजी के तौर पर इनका इस्तेमाल करते थे।

ओबामा ने ए प्रोमिज्ड लैंड नामक अपनी किताब में राष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल में एबटाबाद में मारे गए छापे की जानकारी दी है। अमेरिकी कमांडो के इस छापे में दुनिया का सर्वाधिक वांछित आतंकवादी लादेन दो मई, 2011 को मारा गया था। उन्होंने बताया कि इस अत्यधिक खुफिया अभियान का तत्कालीन रक्षा मंत्री रोबर्ट गेट्स और पूर्व उपराष्ट्रपति एवं मौजूदा निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने विरोध किया था।

अमेरिका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति ने बताया कि एबटाबाद में पाकिस्तानी सैन्य छावनी के बाहर एक पनाहगाह में लादेन के रहने की बात स्पष्ट हो जाने के बाद अलकायदा प्रमुख को मारने के लिए कई विकल्पों पर विचार किया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान की गोपनीयता बनाए रखने की आवश्यकता ने चुनौती बढ़ा दी थी।

ओबामा ने कहा, हम जानते थे कि यदि किसी को बिन लादेन के बारे में हमारे कदम की जरा सी भी भनक लग गई, तो मौका हमारे हाथ से चला जाएगा, इसी लिए पूरी संघीय सरकार में केवल कुछ ही लोगों को अभियान की योजना की जानकारी दी गई थी। उन्होंने लिखा, हमारे सामने एक और रुकावट थी: हम भले ही कोई भी विकल्प चुनते, उसमें पाकिस्तान को शामिल नहीं किया जा सकता था। ओबामा ने कहा, हालांकि पाकिस्तान सरकार ने आतंकवाद विरोधी कई अभियानों में हमारे साथ सहयोग किया और अफगानिस्तान में हमारे बलों के लिए अहम आपूर्ति मार्ग मुहैया कराया, लेकिन यह खुला रहस्य था कि पाकिस्तान की सेना, खासकर उसकी खुफिया सेवाओं में कुछ तत्वों के तालिबान और संभवत: अलकायदा से भी संबंध थे। वे यह सुनिश्चित करने के लिए सामरिक पूंजी के तौर पर कभी-कभी उनका इस्तेमाल करते थे कि अफगान सरकार कमजोर बनी रहे और अफगानिस्तान पाकिस्तान के सबसे बड़े दुश्मन भारत के नजदीक न आने पाए। उन्होंने लिखा कि पाकिस्तान की सेना एबटाबाद परिसर से कुछ ही मील की दूरी पर थी, जिसके कारण इस बात की संभावना बढ़ गई थी कि पाकिस्तानियों को कुछ भी बताने से अभियान की जानकारी लीक हो सकती है।ओबामा ने लिखा कि वे एबटाबाद में भले ही कोई भी विकल्प चुनते, उन्हें सबसे खतरनाक तरीके से अपने सहयोगी के क्षेत्र में बिना अनुमति घुसना पड़ता और इससे राजनयिक संबंध भी दाव पर लगे थे तथा इसने जटिलताएं भी बढ़ा दी थीं।अंतिम चरणों में दो विकल्पों पर विचार किया गया कि हवाई हमला किया जाए या किसी विशेष मिशन को अधिकृत किया जाए, जिसके तहत एक टीम हेलीकॉप्टर से चोरी-छुपे पाकिस्तान जाएगी, परिसर पर छापा मारेगी और पाकिस्तानी पुलिस या सेना के प्रतिक्रिया देने से पहले वहां से निकल आएगी। ओबामा और उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम ने दूसरे विकल्प को चुना।ओबामा ने कहा कि इस अभियान के बाद उन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई लोगों से फोन पर बात की, जिनमें से उनके लिए सबसे मुश्किल पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से बात करना था, जिन्हें पाकिस्तान की संप्रभुता के हनन के कारण आलोचनाओं का शिकार होना पड़ता। उन्होंने कहा, हालांकि मैंने जब उनसे बात की, तो उन्होंने बधाई दी और सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# भारत के प्रति मेरे आकर्षण की प्रमुख वजह महात्मा गांधी: बराक



### ● आधुनिक भारत की गाथा कई मायनों में सफल मानी जाती है : पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा कि भारत के प्रति उनके आकर्षण की प्रमुख वजह महात्मा गांधी हैं, जिनका ब्रिटिश शासन के खिलाफ सफल अहिंसक आंदोलन अन्य तिरस्कृत, हाशिए पर पहुंच गए समूहों के लिए एक उम्मीद की रोशनी बना।

अमेरिका के 44वें राष्ट्रपति रहे ओबामा ने हालांकि अपनी नई किताब ए प्रॉमिस्ड लैंड में इस बात पर खेद जताया कि भारतीय महापुरुष गांधी जाति व्यवस्था पर सफलतापूर्वक ध्यान देने या धर्म के आधार पर देश के विभाजन को रोकने में असमर्थ रहे।किताब में ओबामा ने 2008 में चुनाव अभियान से लेकर अपने प्रथम कार्यकाल के अंत तक के सफर को बयां किया है। इस किताब का दूसरा भाग भी आएगा।अमेरिका के राष्ट्रपति के तौर पर दो बार भारत आए ओबामा ने कहा , भारत के प्रति मेरे आकर्षण का सबसे बड़ा कारण महात्मा गांधी हैं। (अब्राहम) लिंकन, (मार्टिन लूथर) किंग और (नेल्सन) मंडेला के साथ-साथ गांधी ने मेरी सोच को बहुत प्रभावित किया।

ओबामा ने कहा, एक युवा के तौर पर, मैंने उनके लेख पढ़े और पाया कि वह मेरे अंदर के सहज ज्ञान को आवाज दे रहे हैं। उन्होंने कहा, सत्याग्रह की उनकी धारणा या सत्य के प्रति समर्पण और अंतरात्मा को जगाने के लिए अहिंसक प्रतिरोध की शक्ति, उनका मानवता और सभी धर्मों की एकजुटता पर जोर देना और अपनी राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक व्यवस्था के माध्यम से, हर समाज के प्रति वचनबद्धता में उनका विश्वास ताकि लोगों के साथ समान व्यवहार हो..ए सभी विचार मेरे अंदर परिलक्षित हुए। गांधी के कार्यों ने मुझे उनके शब्दों से अधिक प्रभावित किया। उन्होंने अपने जीवन को खतरे में डालकर, जेल जाकर और लोगों के संघर्ष में अपना जीवन लगाकर अपने विचारों की परीक्षा दी। ओबामा ने किताब में लिखा, गांधी ने 1915 में ब्रिटश शासन के खिलाफ अहिंसक आंदोलन शुरू किया था, जो 30 साल से अधिक चला, जिसने केवल एक साम्राज्य पर काबू पाने और उपमहाद्वीप के अधिकतर हिस्सों को स्वतंत्र कराने में ही मदद नहीं की, बल्कि पूरी दुनिया में नैतिकता की एक लहर भी चला दी।
पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, इससे अश्वेत अमेरिकियों सहित अन्य तिरस्कृत, हाशिए पर पहुंच गए समूहों को उम्मीद की रोशनी मिली।

वहीं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा है कि राजनीतिक दलों के बीच कटु विवादों, विभिन्न सशस्त्र अलगाववादी आंदोलनों और भ्रष्टाचार घोटालों के बावजूद आधुनिक भारत की कहानी को कई मायनों में सफल कहा जा सकता है।अमेरिका के 44वें राष्ट्रपति रहे ओबामा ने अपनी नवीनतम किताब में कहा है कि 1990 के दशक में भारत की अर्थव्यवस्था और अधिक बाजार आधारित हुई, जिससे भारतीयों का असाधारण उद्यमिता कौशल सामने आया और इससे विकास दर बढ़ी, तकनीकी क्षेत्र फला-फूला और मध्यमवर्ग का तेजी से विस्तार हुआ।

साथ ही उन्होंने किताब में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ अपनी मुलाकात और अनौपचारिक बातचीत का भी उल्लेख किया है। किताब ए प्रॉमिस्ड लैंड में ओबामा ने 2008 के चुनाव प्रचार अभियान से लेकर राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले कार्यकाल के अंत में एबटाबाद (पाकिस्तान) में अलकायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन को मारने के अभियान तक की अपनी यात्रा का विवरण दिया है।

इस किताब के दो भाग हैं, जिनमें से पहला मंगलवार को दुनियाभर में जारी हुआ। इसमें ओबामा ने लिखा है, कई मायनों में आधुनिक भारत को एक सफल गाथा माना जा सकता है जिसने बार-बार बदलती सरकारों के झटकों को झेला, राजनीतिक दलों के बीच कटु मतभेदों, विभिन्न सशस्त्र अलगाववादी आंदोलनों और भ्रष्टाचार के घोटालों का सामना किया। ओबामा ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन के मुख्य शिल्पकार पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह थे और वह इस प्रगति गाथा के सही प्रतीक हैं: वह एक छोटे से, अक्सर सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यक सिख समुदाय के सदस्य हैं जो देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचे। एक विनम्र टेक्नोक्रेट जिन्होंने जीवन जीने के उच्च मानकों को पेश किया और भ्रष्टाचार मुक्त छवि से प्रतिष्ठा अर्जित करते हुए जनता का भरोसा जीता।राष्ट्रपति पद पर रहने के दौरान ओबामा 2010 और 2015 में दो बार भारत आए थे। नवंबर 2010 के अपने भारत दौरे को याद करते हुए ओबामा ने कहा कि उनके और मनमोहन सिंह के बीच एक गर्मजोशी भरा सकारात्मक रिश्ता बना था।

ओबामा लिखते हैं, वह विदेश नीति को लेकर सावधानी से आगे बढ़ रहे थे, भारतीय नौकरशाही को अनदेखा कर वह इस मामले में बहुत अधिक आगे बढ़ने के इच्छुक नहीं थे क्योंकि भारतीय नौकरशाही ऐतिहासिक रूप से अमेरिकी मंशा को लेकर सशंकित रही थी। हमने जितना समय साथ बिताया, उससे उनके बारे में मेरे शुरूआती विचारों की ही पुष्टि हुई कि वह एक असाधारण बुद्धिमत्ता वाले एवं गरिमापूर्ण व्यक्ति हैं अ और नई दिल्ली की अपनी यात्रा के दौरान हमने आतंकवाद से मुकाबले, वैश्विक स्वास्थ्य, परमाणु सुरक्षा और कारोबार के क्षेत्रों में अमेरिकी सहयोग को मजबूत करने संबंधी समझौते किए। उन्होंने लिखा है, मैं यह नहीं बता सकता कि सत्ता के शिखर तक सिंह का पहुंचना भारतीय लोकतंत्र के भविष्य का प्रतीक है या ए केवल संयोग मात्र है। ओबामा ने लिखा कि सिंह उस समय भारत की अर्थव्यवस्था, सीमापार आतंकवाद तथा मुस्लिम विरोधी भावनाओं को लेकर चिंतित थे।

सहयोगियों के बिना हुई बातचीत के दौरान सिंह ने उनसे कहा, राष्ट्रपति महोदय, अनिश्चित समय में, धार्मिक और जातीय एकजुटता का आह्वान बहकाने वाला हो सकता है और भारत में या कहीं भी राजनेताओं द्वारा इसका इस्तेमाल करना इतना कठिन काम नहीं है। ओबामा लिखते हैं कि प्रधानमंत्री पद पर मनमोहन सिंह के पहुंचने को कई बार जातीय विभाजन पर भारत की जीत के प्रतीक के रूप में देखा जाता है लेकिन कहीं न कहीं यह धोखा देने वाली बात है। मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री बनने के पीछे भी एक अनोखी कहानी है और सभी को पता है कि वह पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नहीं थे। ओबामा ने कहा, बल्कि यह पद उन्हें सोनिया गंधी (जिनका जन्म इटली में हुआ था और जो पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की विधवा एवं कांग्रेस पार्टी की प्रमुख हैं) ने दिया था.... कई राजनीतिक समीक्षकों का मानना है कि उन्होंने बुजुर्ग सिख सज्जन को इसलिए चुना क्योंकि उनका कोई राष्ट्रीय राजनीतिक आधार नहीं था और वह उनके 47 वर्षीय बेटे राहुल के लिए कोई खतरा नहीं थे, जिन्हें वह पार्टी की बागडोर देने के लिए तैयार कर रही थीं।



कोरोना वायरस को लेकर टोक्यो की एक गली से मास्क लगाए गुजरते लोग

# शी ने कोविड-19 का टीका विकसित करने के लिए भारत, ब्रिक्स देशों के साथ सहयोग की पेशकश की

भाषा। बीजिंग

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए टीके विकसित करने में मंगलवार को भारत और अन्य ब्रिक्स देशों के साथ सहयोग की पेशकश की तथा इस संबंध में परंपरागत चिकित्सा पर ब्रिक्स के सदस्य देशों की एक संगोष्ठी की जरूरत बताई। शी ने ब्रिक्स देशों के 12वें सम्मेलन को वीडियो लिंक से संबोधित करते हुए कहा, चीनी कंपनियां टीकों के तीसरे चरण के क्लीनिकल परीक्षण के लिए अपने रूसी और ब्राजीली साझेदारों के साथ काम कर रही हैं। हम दक्षिण अफ्रीका और भारत के साथ भी सहयोग के लिए तैयार हैं। रूस के राष्ट्रवति व्लादिमीर पुतिन की मेजबानी में आयोजित डिजिटल सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो और दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति साइरियल रामाफोसा ने शिरकत की। शी ने कहा, चीन कोविड-19 संबंधी वैश्विक कोवेक्स प्रणाली में शामिल हुआ है और जरूरत पड़ने पर ब्रिक्स देशों को टीके मुहैया कराने पर सक्रियता से विचार करेगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि चीन द्वारा विकसित किए जा रहे दो टीकों समेत नौ संभावित कोविड-19 टीकों को कोवेक्स में शामिल करने पर मूल्यांकन चल रहा है। कोवेक्स, अंतरराष्ट्रीय टीका गठजोड़-गावी, कॉलिशन फॉर एपिडेमिक प्रिपेयर्डनेस इनोवेशन्स (सेपी) और डब्ल्यूएचओ का संयुक्त उपक्रम है। इसका उद्देश्य टीकों का विकास और उत्पादन तेज करना है। शी ने कहा, ब्रिक्स के टीका अनुसंधान और विकास केंद्र के विकास को समर्थन देने के लिए चीन ने अपना खुद का राष्ट्रीय केंद्र बनाया है।

## निर्देशक अभिषेक की गहरे समुद्र के भ्रमण की इच्छा



**निर्देशक** अभिषेक बनर्जी का कहना है कि 'कोरल्स का अस्तित्व समाप्त होने से पहले मैं गहरी डाइव लगाकर उन्हें देखना चाहता हूं। मुझे सुनने को मिला है कि कोरल्स शीघ्र ही समाप्त होने वाले हैं। कई स्थानों पर वो पहले से ही मृत घोषित किये जा चुके हैं। जी हां, उन्हें देखने की मेरी इच्छा बहुत गहन है। मैं गहरे समुद्र और उसमें रह रहे समुद्री पौधों और जीवजंतुओं को देखना चाहता हूं।'

## अनिल कपूर की 'जुगजुग जियो' की शूटिंग प्रारंभ



**हाल ही** में अभिनेता अनिल कपूर ने निर्देषक राज मेहता द्वारा निर्देशित अपनी नई फिल्म 'जुग जुग जियो' की शूटिंग प्रारंभ की है। फिल्म करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही है। फिल्म निर्माता ने ट्विटर पर फिल्म के क्लैपबोर्ड को साझा किया। अनिल ने ट्वीट में कहा, 'पहले दिन शूटिंग पर आने के आनंद, घबराहट और उत्साह की कोई समानता नहीं हो सकती। मैं जुग जुग जियो के पहले शॉट के लिए तत्पर हूं।' फिल्म में नीतू कपूर, वरुण धवन और कियारा आडवाणी जैसे दिग्गज कलाकार हैं।

# इंडिया: द फॉरगॉटेन आर्मी

## विश्वयुद्ध में भारतीय सैनिकों के शौर्य पर आधारित सीरीज़

हाल ही में अनेक महत्वपूर्ण सूचनाएं प्रदान करने वाले एक वृत्तचित्र का निर्माण किया गया है जिसमें दिखाया गया है कि किस प्रकार प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान भारतीय सैनिकों के योगदान की अनदेखी की गई।



**वृत्तचित्र का** नाम है 'इंडिया: द फॉरगॉटेन आर्मी' और इसका निर्माण प्रथम विष्वयुद्ध की 102वीं जयंती के अवसर पर किया गया है। इसमें भारतीय सैनिकों के साहस और शौय की पड़ताल की गई है जिन्हें भारत से सुदूर स्थानों पर ले जाकर कठिन परिस्थितियों में रखा गया और लड़ने के लिए आदेष दिया गया। इसे तैयार करने में अंतदृष्टि दी है डा. शशि थरूर ने।

ये वृत्तचित्र वास्तव में एक पुस्तक 'वर्ल्ड वॉर सिख: मेमॉयर्स ऑफ एन इंडियन कैवेलरीमैन 1345-45, और जिसका लेखन किया है राणाा टीएस छिना ने। इसमें विश्वयुद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों द्वारा अपने परिवारों को लिखे गए पत्रों से मिली जानकारी का उपयोग किया गया है जिसमें उन्होंने सौ साल से पहले की उन परिस्थितियों का वर्णन किया है जिनका सामना उन्हें युद्ध के दौरान करना पड़ता था। इसका डिजिटल प्रीमियर हाल ही में डिस्कवरी प्ललस चैनल पर किया गया।

इसमें भारतीय सैनिकों द्वारा विश्व युद्ध के दौरान निभाई गई उस भूमिका का उल्लेख किया गया है जिसे प्राय: अब तक अनदेखा किया जाता रहा था। इसमें बीच बीच में विषेषज्ञों की राय भी दी गई है। इनमें प्रमुख नाम हैं-इंग्लैंड के टोनी मैक्लेनेगन जो सैन्य इतिहासविद हैं तथा डा. सांतनु दास जो किंग्स कॉलेज लंदन में अंग्रेजी भाषा के प्रोफेसर हैं।

डा. शशि ने बताया, 'इस बात का विस्तार से उल्लेख भी नहीं किया जाता है कि इस विष्वयुद्ध में उन सुदूर देषों के सैनिकों को भी भाग लेना पड़ा था जिनका यूरोप की पारंपरिक घृणा से कोई लेना देना ही नहीं था। इस युद्ध में लगभग 13 लाख सैनिकों ने भाग लिया था जिन्होंने संघर्ष के दौरान अपनी सेवाएं दीं, लेकिन आपको उनके बारे में कुछ भी सुनाई नहीं देता होगा। इस युद्ध के दौरान 74187 सैनिकों की मृत्यु हुई और 67000 सैनिक घायल हुए। उनके शौर्य की कहानियां हमारे युद्धों के लोकप्रिय इतिहास में कहीं भी सुनाई नहीं पड़ती या फिर वे फुटनोट में कहीं कहीं दिख जाती हैं।' उन्होंने आगे बताया, 'ये लोग निसंदेह हमारे नायक हैं जिन्हें एक अनजान, और विपरीत मौसम वाले युद्धस्थल अनावश्यक रूप से ले जाया गया, जिसके लिए उनकी कोई तैयारी भी नहीं थी। लेकिन उन्होंने अपने गर्व को बनाए रखने के लिए अप्रतिम साहस का परिचय दिया। ब्रिटिष सरकार ने युद्ध के बाद भी उनके बारे में किसी को कुछ भी जानकारी प्रदान नहीं की। सरकार ने उनकी अनदेखी की जिनके लिए उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी। उनके अपने देष के लोगों ने भी उनकी उपेक्षा की क्योंकि वे एक औपनिवेषिक युद्ध लड़ रहे थे। इतिहास ने भी उन्हें अनाथ छोड़ दिया। इस फिल्म के माध्यम से उनके शौय की उचित पुनर्स्थापना की जा सकेगी।'

आईज़ैक जॉन जो डिसकवरी के दक्षिण एशिया के डिजिटल बिजनेस प्रमुख हैं ने कहा, 'इस प्रथम विश्वयुद्ध में भारतीय सैनिकों की अद्भुत उपलब्धियों को अब तक उपेक्षित किया गया था। हम इस वृत्तचित्र 'इंडिया: द फॉरगॉटेन आर्मी, जो डिसकवरी प्लस पर दिखाया जा रहा है, के माध्यम से उनकी साहसगाथा को अब लोगों के सामने रखकर अत्यंत विनम्रता का अनुभव करते हैं। हमारे दर्शकों ने बार बार हमसे उनके बहादुर सैनिकों और उनकी कहानियों में रुचि प्रदर्षित की है। इस रिलीज़ के माध्यम से हम ये दिखा रहे हैं कि हम अपने दर्शकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को कितना महत्व प्रदान करते हैं।'

शो में सैन्य और इतिहास के विषेषज्ञों से राय भी ली गई है। इसमें दर्षकों को सैनिकों के युद्धस्थलों को भी एनिमेशन तथा फुटेज के माध्यम से दिखाया गया है।

**( ये सीरीज़ डिस्कवरी प्लस चैनल देखने हेतु उपलब्ध है )**

## वर्ष 2020 ने हमें जीवन के महत्व के बारे में बताया: लोपेज़



**अभिनेत्री** और गायिका जेनिफर लोपेज़ का कहना है कि वर्ष 2020 में कोरोना के विरुद्ध संघर्ष के चलते लोगों को अपने जीवन की सर्वाधिक महत्वपूर्ण चीज के बारे में अनुमान अवश्य हो गया होगा। लोपेज़ को इस साल पीपल्स च्वॉइस अवार्ड्स में द पीपल्स आइकन, के पुरस्कार से विभूषित किया गया है। उन्होंने अपने स्वीकृति उद्बोधन में कहा, 'आपको समझना होगा कि 2020 का साल कोई हंसी मजाक जैसा नहीं था। मेरा अभिप्राय है कि 2020 से पहले तक हम इस पुरस्कार के लिए नॉमिनेशन जीतने की ही सोचते थे। या फिर हम देखते थे कि किसने सर्वाधिक रिकॉर्ड बेचे हैं या बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग पाई है। हम ऐसी ही मसखरी बातें सोचा करते थे। लेकिन 2020 के बाद मुझे लगता है कि ऐसा नहीं होगा। इस साल ने सभी को समानता की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। इसने हमें जीवन में महत्वपूर्ण बातों की ओर ध्यान देने पर बाध्य किया है।'

## तापसी फिल्म 'रश्मि रॉकेट' की शूटिंग में व्यस्त



**अभिनेत्री** तापसी पन्नू की हास्य से जुड़ी संवेदनषीलता अद्भुत है। उन्होंने हाल ही में, जब देखा कि फिल्म के संबंध में उन्हें एक लोकेशन से दूसरी लोकेशन अनेक बार जाना पड़ेगा तो उन्होंने अपनी फिल्म रश्मि रॉकेट में अपने चरित्र के अनुरूप जीवनशैली अपना ली है। तापसी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी नई लुक का एक फोटो पोस्ट किया है जिसमें वो एथलीट के वस्त्र पहने शीघ्रता से कही जाने के लिए दौड़ लगा रही हैं। उन्होंने इस फोटो के नीचे लिखा, 'रश्मि रॉकेट के संबंध में एक लोकेशन से दूसरी लोकेशन तक दौड़ लगा रही हूं: पुणे-लोनावला-मुंबई'।

आकर्ष खुराना द्वारा निर्देशित इस फिल्म रश्मि रॉकेट में कहानी कच्छ के रण से अपनी पहचान बनाने निकली एक धाविका के बारे में हैं और अंतत: वो एक एथलीट बन ही जाती है। फिल्म में रश्मि के पति की भूमिका निभाते दिखेंगे अभिनेता प्रियांशु पेन्युली।

**वेबवर्ल्ड**

## डॉली पार्टन्स क्रिसमस ऑन द स्क्वॉयर

**एक निराश** महिला अपने गृह नगर की भूमि को किसी कारण से बेचना चाहती है, कि अचानक उस मौसम में मनाई जाने वाली खुषियों पर ब्रेक लग जाता है। क्या संगीत, जादू और उसकी स्मृतियों से उसके मन में बदलाव लाया जा सकता है? देखिये नेटफ्लिक्स पर इसी माह दिनांक 22 नवंबर को।





## मिसमैच्ड

**अपने परिवारों** की इच्छा के विपरीत दो किशोर समर प्रोग्राम के दौरान मित्रता कर बैठते हैं, लेकिन उनकी गहन भावनाओं में भी क्या इससे कोई परिवर्तन आ सकता है? देखिये इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में जो नेटफ्लिक्स पर 20 नवंबर को रिलीज़ हो रही है।

## अंकल फ्रैंक

**एक समलैंगिक** साहित्य के प्रोफेसर अपनी भतीजी के साथ अपने घर पिता की अंत्येष्टि पर आता है। इसी कथानक पर आधारित फिल्म 'अंकल फ्रैंक' आप देख सकते हैं अमेजॉन प्राइम वीडियो पर, 25 नवंबर को रिलीज़।





## बीएफसी की दूत बनीं प्रियंका चोपड़ा

भाषा। मुंबई

**अभिनेत्री प्रियंका** चोपड़ा जोनास ने मंगलवार को बताया कि ब्रिटिश फैशन काउंसिल (बीएफसी) ने उन्हें सकारात्मक बदलाव के लिए अपना दूत नियुक्त किया है। अभिनेत्री ने एक ट्वीट में बताया कि वह बीएफसी से जुड़ेंगी और भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित करने में फैशन को सकारात्मक प्लेटफॉर्म के रूप में बढ़ावा देने में संगठन के प्रयासों को अपना सहयोग देंगी। उन्होंने कहा, सकारात्मक बदलाव के लिए ब्रिटिश फैशन काउंसिल के साथ उसके दूत के रूप में जुड़कर खुश हूं। फैशन हमेशा ही लोकप्रिय संस्कृति की नब्ज रहा है और संस्कृतियों को जोड़ने तथा लोगों को एक साथ लाने की क्षमता के साथ एक शक्तिशाली ताकत हो सकता है। बीएफसी दूत के रूप में चोपड़ा फैशन उद्योग के भीतर सर्वश्रेष्ठ चलनों का प्रचार करके और इस संबंध में जागरूकता फैलाकर समूह का सहयोग करेंगी। बीएफसी की कार्यकारी अधिकारी कैरोलिन रश ने कहा कि बोर्ड में चोपड़ा के शामिल होने से वे खुश हैं।

## हिमालय, ब्रह्मपुत्र और कृष्ण मेनन पर लिखी किताबें कमलादेवी एनआईएफ पुरस्कार के लिए शॉर्टलिस्ट

भाषा। बेंगलुरु

**न्यू इंडिया** फाउंडेशन ने तीसरे कमलादेवी चट्टोपाध्याय एनआईएफ पुस्तक पुरस्कार के लिए तीन किताबें शॉर्टलिस्ट की हैं जो हिमालय, ब्रह्मपुत्र और जवाहर लाल नेहरु के मुख्य सलाहकार वीके कृष्ण मेनन पर लिखी गई हैं। पुरस्कार प्रदाताओं से बताया कि शॉर्टलिस्ट की गई किताबों में भारत के एक सदी का समकालीन इतिहास और जीवनी और पर्यावरणीय इतिहास, एंथ्रोपॉलोजी और इतिहास आदि को शामिल किया जाता है। इस साल पुरस्कार का चयन करने के लिए गठित ज्यूरी में राजनीति विज्ञानी एव लेखक नीरजा गोपाल जयाल, इतिहासकार रामचन्द्र गुहा, श्रीनाथ राघवन और नयनजोत लाहिड़ी, उद्यमी नंदन निलेकणी और टीमलीज सर्विसेज के प्रमुख मनीष सबरवाल शामिल थे। जो छह किताबें शॉर्टलिस्ट की गई हैं, वे हैं... अमित अहूजा की मोबिलाइजिंग द मार्जिनलाइज्ड: एथनिक पार्टीज विदआउट एथनिक मूवमेंट्स, अरुण मोहन सुकुमार की मिडनाइटस मशीन्स: ए पॉलिटिकल हिस्ट्री ऑफ टेक्नोलॉजी इन इंडिया, अरुपज्योति सैकिया की द अनक्वाएट रीवर: ए बायोग्राफी ऑफ द ब्रह्मपुत्र, जयराम रमेश की ए चेकर्ड ब्रिलिएंस: द मेनी लाइव्ज ऑफ वी. के. कृष्ण मेनन, कैथरीन एबान्स की बॉटल ऑफ लाइज: रैनबैक्सी एंड द डार्क साइड ऑफ इंडियन फार्मा और स्टीफन ऑल्टर की वाइल्ड हिमाल्याज: ए नेचुरल हिस्ट्री ऑफ द ग्रेटेस्ट माउंटेन रेंज ऑन अर्थ। वर्ष 2018 में स्थापित इस पुरस्कार में पिछले एक साल में प्रकाशित सभी गैर-गल्प पुस्तकों को शामिल किया जाता है और जीतने वाले को 15 लाख रुपए नकद और प्रशस्तिपत्र दिया जाता है। विजेता की घोषणा दिसंबर की शुरुआत में की जाती है। इससे पहले मिलन वैष्णव को वेन क्राइम पेज : मनी एंड मसल्स इन इंडियन पॉलिटिक्स और ओर्नित साहनी की हॉउ इंडिया बिकेम डेमोक्रैटिक को यह पुरस्कार मिल चुका है।

## हर किरदार समुद्र की तरह होता है, जितना गहरे में जाएंगे उतना बेहतर कर पाएंगे: नवाजुद्दीन

भाषा। नई दिल्ली



**अभिनेता** नवाजुद्दीन सिद्दीकी का कहना है कि अभिनय एक अंतहीन लेकिन दिलचस्प प्रक्रिया है जो हमें मानव अस्तित्व के नए आयामों को खोजने में मदद करता है। सिद्दीकी के लिए उनका हर किरदार समुद्र की तरह होता है। उन्होंने कहा जितना गहरे आप जाएंगे आप उतना बेहतर कर पाएंगे। नेटफ्लिक्स पर रात अकेली है और सीरियस मैन के साथ ही लगातार सफल फिल्में दे रहे सिद्दीकी ने कहा कि लॉकडाउन में वे फिल्मों के सेट पर होने को काफी मिस करते थे और यह लंबी छुट्टी जैसा लगने लगा था। सिद्दीकी ने पीटीआई-भाषा को बताया, एक अभिनेता के तौर पर हमें लोगों के बीच में रहना अच्छा लगता है। शुरु को दो महीने तो अच्छे गुजरे लेकिन चौथा महीना शुरु होने तक मैं लोगों को मिस करने लगा। इंसान दूसरे इंसान के बिना नहीं रह सकता।काम तो कभी ना कभी पटरी पर आ ही जाएगा लेकिन मैं आशा करता हूं कि लोग एक दूसरे की मदद करते रहें और आशावादी बने रहें। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय(एनएसडी) से शिक्षाप्राप्त और गैंग्स ऑफ वासेपुर, लंचबॉक्स, बदलापुर , मंटो और फोटोग्राफ जैसी समीक्षकों द्वारा बहुप्रशंसित फिल्मों के लिए मशहूर सिद्दीकी का कहना है कि उन्हें रात अकेली है में हनी त्रेहान और सीरियस मैन में सुधीर मिश्रा जैसे बेहतरीन निर्देशकों के साथ काम करने का मौका मिला। 1999 में फिल्म सरफरोश में एक छोटे से किरदार से शुरुआत करने वाले सिद्दीकी ने कहा, मुझे हर किरदार में बहुत सारी संभावनाएं नजर आती हैं और मैं किरदार के द्वारा बहुत सारी बातें कहना चाहता हूं। हर किरदार समुद्र की तरह हो होता है, जितना गहरे आप जाएंगे आप उतना बेहतर कर पाएंगे। आप एक नई दुनिया से मुखातिब होते हो और यह पूरी प्रक्रिया मुझे बहुत आकर्षित करती है। अभिनेता ने कहा कि लॉकडाउन ने युवा पीढ़ी को विश्व सिनेमा से मुखातिब होने का मौका दिया है और उम्मीद है कि वे भारत के सिनेमा को बेहतर करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा, अन्यथा, लोग ठेठ फार्मूला फिल्में देखते रहेंगे। लेकिन मुझे उम्मीद है कि जिन्होंने विश्व सिनेमा देखा है, वे बेहतर विकल्प स्थापित करेंगे।

शहर कोतवाली इलाके के कैप्टन मनोज पाण्डेय चौक पर...

# जाम में फंसे एसपी तो फूटा आरक्षी पर गुस्सा

- अनियंत्रित ट्रक को सिपाही द्वारा हटाए जाने में लगी थी जाम
- यातायात माह में बदहाल है शहर की यातायात व्यवस्था

संवाददाता। सीतापुर

**जब पुलिस** मुखिया आरपी सिंह को खुद जाम का सामना करना पड़ा तो उन्होंने गुस्से में मौजूद आरक्षी को ही फटकार लगा दी, लेकिन इस बार जाम आरक्षी की लापरवाही से नहीं बल्कि उसकी ड्यूटी की मुस्तैदी से लगी थी। दरअसल मामला शहर कोतवाली इलाके के कैप्टन मनोज पाण्डेय चौक का है जहां सोमवार रात करीब 8 बजे एक अनियंत्रित ट्रक संख्या यूपी 27 एटी 1340 चौराहे पर लगे खम्भे से टकरा गया। ड्यूटी पर तैनात आरक्षी जब तक वहां पहुंचते तबतक चालक अरविंद भाग निकला लेकिन क्लीनर कमल हत्थे चढ़ गया। मौजूद आरक्षियों में प्रशान्त ने खुद चलाकर ट्रक को बीच रास्ते से हटाया तो लेकिन तबतक चौराहे पर काफी जाम लग चुकी थी। इतने में मिश्रिख की ओर से आ रहे पुलिस मुखिया का काफिला जाम में फंस गया। अपने कप्तान के काफिले को जाम में फंसा देख कर आरक्षियों में हड़कंप मच गया और जबतक वह उनके लिए रास्ता बनाते तबतक एसपी श्री सिंह एक आरक्षी को तलब कर चुके थे। इस दौरान उन्होंने ने न सिर्फ उससे पूछताछ की बल्कि कड़ी फटकार भी लगा दी। चौकी इंचार्ज विकास यादव ने बताया ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है और क्लीनर कमल भी हिरासत में है। आपको बता दें कि चले रहे यातायात माह के दौरान शहर की सड़कों पर जाम में फंसे लोगों के नजारे आम बात है। विचारणीय तो यह भी है यातायात की बदहाल व्यवस्था के बीच फंसे लोगों को कितनी समस्याओं का सामना करना होता होगा।


सीतापुर-आरक्षी को फटकार लगाते एसपी आरपी सिंह व ट्रक में बैठा आरक्षी प्रशान्त

## सात वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर।** अभियुक्तों पर कार्यवाही करते ही अलग-अलग थानों की पुलिस ने 7 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। कोतवाली महोली पुलिस ने विश्रामपुर के असीन, आरिफ, आजाद व नौशाद को जबकि थाना थानगांव पुलिस ने सरैया के मनोहर, कमला देवी व बदनाम को गिरतार किया है। अभियुक्तों को सुसंगत धाराओं में जेल भेजने की कार्यवाही की गई है।

## जिले में थमने लगा कोरोना संक्रमण का प्रकोप

**सीतापुर।** कोरोना संक्रामण का प्रकोप अब जिले में थमने लगा है। मंगलवार को आई जांच रिपोर्ट में जिले में कोरोना के 5 मरीज पाए गए हैं। जबकि 2791 से ज्यादा लोग अभी भी होम आइसोलेशन में हैं, वही 1368 लोग डिस्चार्ज हो चुके हैं। कोरोना से जिले में मौतों की संख्या 67 पहुंच गई है। रिपोर्ट के मुताबिक हरगांव के गुरुदेव नगर में एक कोरोना मरीज पाया गया, वहीं बिसवां के जलालपुर, लहरपुर के अंबरसरॉय, महमूदाबाद के जयरामपुर इमलिया और मिश्रिख के सीताकुंड में एक-एक मरीज मिला है। जिले में अभी तक 168530 लोगों की कोरोना जांच में 4493 लोग पॉजिटिव पाए जा चुके हैं। जबकि 157213 लोगों की रिपोर्ट निगेटिव मिल चुकी है, वही 6296 अन्य केस है। जबकि 570 लोगों की जांच रिपोर्ट आना अभी बाकी है।

## महाप्रबंधक को भेजा मांगपत्र

**सीतापुर।** पूर्वोत्तर रेलवे परामर्शदात्री समिति के सदस्य नदीम हसन खान आफरीदी ने यात्रियों की समस्याओं को लेकर पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के महाप्रबंधक को मांगपत्र दिया। इसके जरिए सदस्य आफरीदी ने महिला यात्रियों को सुविधा देने के लिए ट्रेनों में कोच बढ़ाने को कहा। साथ ही उन्होंनेलखनऊ सिटी स्टेशन पर इंटर सिटी और राप्ती सागर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव कराने की मांग की है।

## भाजपाइयों ने जाहिर की खुशी, रेखा वर्मा बनी उत्तराखण्ड की सह प्रभारी

**सीतापुर।** भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, धौरहरा सांसद रेखा वर्मा को उत्तराखंड राज्य का सह प्रभारी बनाए जाने पर उनके समर्थकों एवं भाजपाईयों ने खुशी का इजहार किया। रेखा वर्मा लोक सभा में बाल व श्रम सलाहकार बोर्ड की सदस्य समेत कई अन्य समितियों की जिम्मेदारियां निर्वहन कर रही हैं। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय नेतृत्व के भरोसा जताते पर आभार जताया। उनका कहना है कि पार्टी ने उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी है, उसका वो बखूबी निर्वहन करेंगी।

## छात्राओं को दी मानसिक रूप से स्वस्थ रहने की नसीहत

**सीतापुर।** हिंदू कन्या महाविद्यालय में बदलते परिवेश में मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता पर आयोजित ऑनलाइन वेबिनार में छात्राओं को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने की नसीहत दी। वेबिनार में बतौर मुख्य वक्ता, जेएनपीजी कॉलेज लखनऊ की शिक्षा विभाग की विभागध्यक्ष डॉ. रश्मि सोनी ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं पर प्रकाश डाला। साथ ही मानसिक अवसाद से बचाव, उपाय की जानकारियां दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रीति ने विशय पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान संदर्भ में इसकी प्रासंगिता को इंगित किया। संचालन मिशन शक्ति के सह नोडल अधिकारी रेखा यादव ने संचालन किया। सहायक आचार्य सर्वेश ने आभार जताया।

## शिक्षक- स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए मतदान एक दिसंबर को

**सीतापुर।** शिक्षक- स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए एक दिसंबर को मतदान होगा। चुनाव को सकुशल संपन्न कराने को जिला निर्वाचन कार्यालय सीतापुर में कंट्रोल रूम की स्थापना की, जिसका दूरभाश नंबर 05862-242333 है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार पाठक ने उप्र विधान परिशद के लिये लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापना की गई थी। निर्वाचन के समय किसी भी प्रकार की सूचनाध्जानकारी स्थापित कन्ट्रोल रूम के दूरभाश नंबर से प्राप्त की जा सकती है।

## रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 18 तक

**सीतापुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सीतापुर, सिधौली, पिसावां एवं गोंदलामऊ में अगस्त 2020 में रिक्त सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसके लिए 18 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि जिले के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सीतापुर, सिधौली, पिसावॉ एवं गोंदलामऊ में सत्र अगस्त 2020 में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए जनपद स्तरीय रैंक के साथ ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। ये आवेदन 18 नवंबर तक स्वीकार किए जाएंगे। चयन की कार्यवाही संस्थान स्तर पर मेरिट के आधार पर की जाएगी।

## भीषण आग से तीन दुकानें जलकर राख, 3.80 लाख का नुकसान

**खैराबाद सीतापुर।** खैराबाद थाना इलाके के पुरानी बाजार स्थित फल-सब्जी की दुकानों में सोमवार की सुबह आग लग गई। देखते ही देखते भीषण आग से दो फल समेत तीन दुकानें धू-धूकर जल गई। घटना में पौने चार लाख का सामान जलकर नश्ट हो गया। पुलिस के मुताबिक रौजादरबा निवासी फल विक्रेता मुजीब अहमद का तीन लाख, शानू का 50 हजार एवं सब्जी विक्रेता शकील का तीस हजार का सामान नष्ट हो गया। पीड़ितों ने बगल के दुकानदार पर आग लगाने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि वि दुकानों को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। विवाद में उनके विपक्षी द्वारा आग लगाने की लगातार धमकियां दी जा रही थी।

## ट्रैक्टर-ट्राली से कुचलकर युवक घायल

**पिसावां सीतापुर।** पिसावा इलाके के जल्लापुर चौराहे के करीब नशे में धुत युवक की ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया। मृतक सत्येंद्र सिंह कोतवाली महोली इलाके के गांव बद्दापुर का निवासी था। मृतक के भतीजे अशोक ने हत्या की आशंका जताते हुए गांव के ही शेर सिंह व साथियों पर आरोप लगाया है। थाना प्रभारी पिसावा कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि युवक शराब के नशे में धुत था, ट्रैक्टर ट्राली में लटकते वक्त पहिए की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गई। ट्रैक्टर ट्राली व चालक पुलिस के कब्जे में हैं।

## पूर्व विधायक के पिता का हुआ निधन

**बिसवां सीतापुर।** बिसवां से पूर्व विधायक रामपाल यादव के पिता विश्वेश्वर दयाल यादव का मंगलवार की शाम को निधन हो गया।बिसवां खुर्द निवासी 88 वर्षीय विश्वेश्वर पिछले दो वर्श से संक्रामण से ग्रसित थे। उनका इलाज चल रहा था। निधन का समाचार मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। निधन पर विभिन्न राजनीतिक दलों समेत गणमान्य नागरिकों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

## बंद पड़े मकान में चोरों ने साफ किया हाथ

**सीतापुर।** कोतवाली लहरपुर इलाके के मोहल्ला बेटी में अज्ञात चोरों ने बन्द पड़े मकान में हाथ साफ ही कर दिया था कि तबतक पड़ोसी जग गये। चोर शोर सुनते सामान छोड़ कर फरार हो गये। दरअसल श्याम प्रकाश गुप्ता के मकान में 3 शिक्षक रहते हैं, जो त्योहारों की छुट्टी में घर गये थे। मौके का फायदा उठा रहे चोरों की आहत सुनकर पड़ोसी तकबीर की आंख खुल गयी और उन्होंने फोनकर सभी मोहल्ले वासियों को जगा दिया। कोतवाल ओपी राय ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।

# अब युवा बन सकेंगे वोटर

- डीएम ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान का किया आगाज

संवाददाता। सीतापुर



**युवाओं के** लिए यह अच्छी खबर है, जो युवा वोटर बनना चाहते हैं तो वे आवेदन कर अपना नाम वोटर लिस्ट में सम्मिलित करा सकते हैं। बशर्ते, उनकी आयु एक जनवरी 2021 को 18 वर्ष की होनी चाहिए। चुनाव आयोग के फरमान पर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने मंगलवार को शहर के कॉलेज से अभियान का शुभारंभ कर आगाज कर दिया है। ये अभियान दिसंबर तक चलेगा। इस अभियान में पड़ने वाले रविवार को बूथों पर विशेष अभियान चलेगा। इस अभियान में वोटर लिस्ट में नए वोट तो बढ़ेंगे, साथ ही मृतक एवं स्थानातंग्रित के नाम भी हटेंगे। इसके अलावा मतदाता सूची में विद्यमान त्रुटियों का संशोधन भी किया जाएगा। लोकतंत्र में युवाओं को सरकार चुनने का अधिकार दिया गया है। इसके लिए उनकी आयु 18 वर्ष या फिर इससे ऊपर आयु होनी चाहिए। इसके लिए हर चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों को अपडेट किया जाता है। वर्ष 2022 में यूपी में विधान सभा चुनाव होने हैं। ऐसे में इस चुनाव को लेकर आयोग ने अभी से मतदाता सूचियों को अपडेट करने की तैयारियां शुरू कर दी है। मंगलवार को शहर के आरएमपी डिग्री कॉलेज परिसर में आयोजित मतदाता पुनरीक्षण अभियान का शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने कहा कि लोकतंत्र में नई सरकार चुनने के लिए युवाओं को मत देने का अधिकार दिया गया है, ये अधिकार उन युवाओं को जो 18 वर्ष आयु के याफिर उससे ऊपर की आयु पूरी कर चुके हैं। उन्हें वोटर लिस्ट में सम्मिलित किया जाता है। जिससे कि वो साफ-सुथरी सरकार चुन सकें। उन्होंने ब्बताया कि अभियान में बूथों पर पदाभिहीत अधिकारी व बीएलओ तैनात कर दिए गए हैं। ऐसे में लोग बूथों पर न सिर्फ लोग मतदाता सूची का अवलोकन कर सकेंगे, बल्कि वो अपना नाम भी वोटर लिस्ट में सम्मिलित करा सकेंगे। इसके लिए उन्हें फॉर्म छह भरकर साक्ष्यों के साथ देना होगा। अपर जिलाधिकारी विनय पाठक ने बताया कि नए वोटर के नाम तो मतदाता सूची में सम्मिलित किए जाएंगे, साथ ही मृतक व स्थानांतरित मतदाताओं के नाम भी हटाए जाएंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जयवीर सिंह ने अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर एसडीएम सदर अमित भट्ट, सीओ पीयूष कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## जादू के जरिए दी बैंकिंग सेवाओं की जानकारी

संवाददाता। सीतापुर

**जिला सहकारी** बैंक लिमिटेड सीतापुर की खैराबाद शाखा द्वारा किसान सेवा सहकारी समिति खैराबाद में नाबार्ड की सहायता से आयोजित वित्तीय साक्षरता शिविर में जादू के जरिए बैंकिंग सेवाओं की जानकारी दी। साथ ही योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने को कहा। शिविर में जादूगर ने जादू के माध्यम से उपस्थित लोगों को बैंकिंग सेवाओं के बारे में बताया। उन्हें बैंक खाता खोलने की विधि और बैंक से डिजिटल लेन-देन, फसल बीमा योजना, दुर्घटना बीमा आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम में शाखा के जमाकर्ता ओम प्रकाश त्रिपाठी को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर बैंक के उप महाप्रबंधक अमिताभ कुमार, अनुभाग अधिकारी मनोज कुमार, अविनाश भाश्कर, समिति सचिव संजय सिंह, कैशियर शिवम सिंह आदि उपस्थित थे।

## हत्थे चढ़ा मिलावटी शराब कारोबारी

**जिला आबकारी अधिकारी के निर्देश पर निरीक्षक गुंजन ने की छापामार कार्रवाई**

**सीतापुर।** दीपावली में शराब की बढ़ी मांग का एक लाइसेंसी शराब दुकानदार मिलावट का फायदा उठाते समय रंगे हाथ पकड़ा गया। सूचना पर बीहटगौर स्थित सुरेश पुत्र शोभा की देशी शराब दुकान पर महोली की निरीक्षक गुंजन ने आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम के साथ छापामारकर सेल्समैन सोने लाल पुत्र राम नारायण और सेल्समैन के पुत्र को पकड़कर मुकदमा पंजी.त कराया है। जिला आबकारी अधिकारी सुनील कुमार दुबे ने बताया कि छापामार कार्रवाई के दौरान एक अन्य साथी राम नारायण भागने में सफल रहा। पकड़े गए मिलावट खोरों के कब्जे से 42 हजार नकदी, एक बाइक, 99 पौव्वे ढक्कन, सूजा बरामद हुआ है। मानक के अनुसार 42.8 डिग्री माना होनी चाहिए। जबकि पानी मिलाने से 34 डिग्री ही कम मात्रा रह गई थी। आबकारी अधिकारी ने बताया कि लाइसेंस और सिक्योरिटी जब्त कर शराब दुकानदार को ब्लैक लिस्टेड की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। टीम में क्षेत्र 7 निरीक्षक गुंजन के साथ एसआई सत्यपाल सिंह, प्रधान आबकारी आरक्षी विवेक, केशव प्रसाद, कांस्टेबल यशवंत व प्रमोद कुमार शामिल रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयीं 319 शिकायतें, 25 मौके पर निस्तारित

**सीतापुर।** जिले की सात तहसीलों में मंगलवार को हुए संपूर्ण समाधान दिवस में जनता ने अफसरों को अपनी समस्याएं बताईं और उन्हें विभिन्न मसलों से संबंधित दरख्वास्तें भी दीं। समूचे जिले में संपूर्ण समाधान दिवस में 319 शिकायती मामले आए। मौके पर 25 शिकायतें निपटाई भी गईं। शेष शिकायतें संबंधित अफसरों को सुपुर्द कर उनका समाधान सात दिन में करने के निर्देश दिए। कहा कि समयबद्धता व गुणवत्तापरक शिकायतें निस्तारित की जाएं। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लहरपुर तहसील में सीडीओ संदीप कुमार ने 73 शिकायतों में से 7 का निस्तारण मौके पर किया गया। इसी प्रकार से महमूदाबाद में प्राप्त 68 प्रार्थना पत्रों में से 4, तहसील सदर में प्राप्त 37 प्रार्थना पत्रों में से3, तहसील सिधौली में प्राप्त 57 प्रार्थना पत्रों में से 2, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 35 प्रार्थना पत्रों में से 4, तहसील महोली में प्राप्त 16 प्रार्थना पत्रों में से 2, तहसील बिसवां में प्राप्त 33 प्रार्थना-पत्रों में से 3 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

## सम्मानित हुए नवचयनित अवर अभियंता

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर

**अखिल** भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा द्वारा प्रकाश विद्या मंदिर इंटर कालेज में क्षेत्रीय विधायक नरेंद्र वर्मा ने नवचयनित अवर अभियंताओं और शिक्षकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। जिन अवर अभियंताओं को सम्मानित किया, उनमें जयप्रकाश वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, पवन कुमार, शशिकांत वर्मा, राजमल वर्मा, संजीत वर्मा, सत्यवान, शिवा वर्मा, सम्पूर्णानंद, सुनील वर्मा, रजनीश वर्मा, आईईएस विवेक वर्मा तथा एलटी शिक्षक संदीप वर्मा, शोभित वर्मा, शैलेन्द्र वर्मा शामिल हैं। प्रकाश विद्या मंदिर इण्टर कालेज में कार्यक्रम का शुभारम्भ सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। विद्यालय के प्रबंधक ओमप्रकाश वर्मा ने अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम में महासभा के प्रदेश सचिव गिरजेश पटेल, पूर्व विधायक रामनरायन वर्मा, जिला सचिव शिवेन्द्र प्रताप, डा. अनिरूद्ध, डा. राजाराम वर्मा, अरूण कुमार, पूर्व ब्लाक प्रमुख अमर सिंह, अमरेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## 18 से 24 नवंबर तक मनाया जायेगा सड़क सुरक्षा सप्ताह

**सीतापुर।** परिवहन विभाग की ओर से 18 से 24 नवंबर तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। बुधवार को शहर के तरणताल से सप्ताह का शुभारंभ होगा। मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, पीठासीन अधिकारी शशि भूषण पांडेय हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन व बाइक रैली को रवाना करेंगे। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पांडेय ने यह जानकारी दी।

# ये मेरे याद की जैसी है, न छोड़ी जाए...



संवाददाता। सीतापुर

**शराब चीज** ही ऐसी न छोड़ी जाए। ये मेरे याद की जैसी न छोड़ी जाए। लगता है कि किसी शायर की इन पंक्तियों और पंकज उधास की सीधे दिल में उतर जाने वाली शानदार गायकी को शराब के कद्रदानों ने दिल में सचमुच उतार लिया है। शायद यही वजह है कि लॉकडाउन के कारण होली के बाद से ठंडे शराब बाजार में दिवाली की रोशनी की बिखर गई है। दिवाली-होली सरीखे त्योहारों पर खर्चने और खुशियां खरीदने की शराब प्रेमियों की अभिनव सोच का परिणाम है कि जब पूरा बिजनेस सेक्टर दिवाली के खुशनुमा दिनों में कुछ खास बिक्री शेयर हासिल नहीं कर पाया तब शराब कारोबारियों ने कद्रदानों के समर्थन से ऊंची छलांग लगाई है। उत्तर प्रदेश में रोजाना 60-70 करोड़ की शराब बिकती है। जबकि दीपावली में आंकड़ा 35 फीसदी वृद्धि के साथ साढ़े चार अरब पहुंच गया। आपका सीतापुर रोजगार-व्यापार-विकास के पैमाने पर पिछड़ेपन का लेबल लगाए हुए हो सकता है। शराब प्रेमियों के मजबूत जिगर ने सीतापुर को फिर ऊंचा मुकाम दिलाया है। शराब पर गजल गायकी की शान में रोजाना 20 लाख रुपया लुटाने वाले कद्रदानों ने दीपावली के जोश में तकरीबन दुगना त्याग किया।

**आबकारी** डिपार्टमेंट के आंकड़ों के अनुसार प्रतिदिन सीतापुर में 2 करोड़ 23 लाख की शराब बिक्री होती है। सबसे ज्यादा सवा करोड़ की हिस्सेदारी आर्थिक रूप से कमजोर तबकों यानी देशी शराब पीने वाले लोगों की है। अंग्रेजी की शराब की हिस्सेदारी 70 लाख और बीयर की 27 लाख रुपये है। डॉक्टरों की हिदायतों, वैद्यानिक चेतावनी के स्टीकर और लीवर-किडनी के खतरनाक ढंग से बढ़ते रोगियों तथा मौतों के आंकड़ों के बावजूद शराब की लगातार बढ़ती बिक्री यह बताने के लिए काफी है कि नशे के आदती किसी बंदिश को नहीं मानते। ... फिर भी हम यही गुजारिश करेंगे कि दिल के जख्मों को जीना क्या। पीने के लिए जीना क्या। और महंगी हुई शराब कि थोड़ी-थोड़ी पिया करो।

**सुनील दुबे ,**
**जिला आबकारी अधिकारी।**

## एमएलसी प्रत्याशी को जिताने में जुटें कार्यकर्ता: सांसद

**सीतापुर।** शिक्षक व स्नातक एम एल सी चुनाव को लेकर पिछड़ावर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं से स्नातक-शिक्षक एमएलसी के चुनाव में जिताने में जुट जाएं। लखनऊ खंड शिक्षक चुनाव संयोजक व विधायक बम्बालाल दिवाकर ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की नींव है। इसलिए सभी मेहनत व लगन से जुट जाएं। जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि कार्यकर्ता पूरी ताकत व मेहनत से स्नातक व शिक्षक एमएलसी प्रत्याशियों को जिताने में जुटें। जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा ने कहा कि पार्टी व्यापक मतदाता सम्पर्क अभियान चलाएगी।साथ ही साथ विधानसभावार मतदाता सम्मेलन 26 से 20 नवंबर मध्य आयोजित किए जाएंगे। बैठक में विधायक ज्ञान तिवारी,महेंद्र यादव,सुरेश राही, शशांक त्रिवेदी ने भी चुनाव में जीत का मंत्र बताते हुए अपने विचार व्यक्त किये। संचालन जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर ने किया।

## क्विक न्यूज

### अंधेरे में डूबे तीन दर्जन गांव

**सीतापुर।** बसंतापुर, मोंगलापुर, बंभैला, क्योटाना, नेनुही, पूरन सरांय, देवपालपुर समेत दो दर्जन गांवों में पिछले तीन दिनों से अंधेरे में डूबे हैं। बसंतापुर के विनीत कुमार ने बताया कि रविवार रात से बिजली गायब है। विभागीय कर्मी सिर्फआश्वासन दे रहे हैं। आपूर्ति अभी तक बहाल नहीं हो सकी है। इन गांवों में सप्लाई तम्बौर पावर हाउस से होती है।

### तीन गहरे कट दे रहे दुर्घटना को दावत

**लहरपुर सीतापुर।** तहसील लहरपुर क्षेत्र के नकहा- मीतमऊ मार्ग पर अभी तक आवागमन सुगम नहीं हो पाया है। मार्ग पर दो किमी के दायरे में तीन गहरे कट दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। इसी वर्श बाढ़ में डामरी.त सड़क तीन जगह पर कट गई थी। नकहा के जीतेंद्र प्रताप भार्गव ने बताया कि यदि मार्ग पर मिट्टी ही डलवा दी जाए तो समस्या का कुछ समाधान जाएगा।

### पीएम आवास सूची से नाम हटाये जाने पर ग्रामीण मायूस

**सीतापुर।** तहसील बिसवां की बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायत असईपुर के कई पात्र ग्रामीणों के नाम प्रधानमंत्री आवास सूची से हटा दिए जाने से उनमें मायूसी है। ग्राम प्रधान शिव बरन शुक्ला ने बताया कि सरिता, गीता, रेश्मा खातून, तस्नीम, शिव कुमार, मुल्लू, सूफिया आदि ग्रामीण पात्रता की श्रेणी में है, फिर भी इनके नाम सूची से हटा दिए गए हैं। ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र सौंपा है।

### कटानरोधी कार्य की मरम्मत न करवाए जाने से ग्रामीणों में रोष

**सीतापुर।** तहसील लहरपुर क्षेत्र में ग्राम बसंतापुर के पास कटानरोधी कार्य की मरम्मत न करवाए जाने से ग्रामीणों में रोश है। कटान रोको संघर्श मोर्चा के विनीत कुमार ने बताया कि इस साल बाढ़ में दस मीटर चौड़ा पटरा कट गया। जिससे कि शारदा नदी स्लैब के किनारे आ गई। सिंचाई विभाग इसकी मरम्मत नहीं करवा रहा है।इससे खतरा बढ़ता जा रहा है।

### चला अभियान 64 किलो मीठा नष्ट, 352 किलो जब्त

**सीतापुर।** प्रकाश पर्व पर खाद्य सुरक्षा एवं औशधि प्रशासन द्वारा सात से बारह नवंबर तक जिले भर में चलाए गए विशेष अभियान में मिठाई की 53 दुकानें चेक की गई। इस दौरान खराबा पाई गई 64 किलो मिठाई नष्ट कराई गई और 352 किलो मीठा जब्त किया गया। जिसकी कीमत करीब 85 हजार है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोश कुमार ने बताया कि छापे मारकर मीठा, घी, तेल, नमकीन के 25 नमूने लिए गए। 21 दुकानदारों को नोटिस जारी की गइ। बिना लाइसेंस के दुकान से मीठा बिक्री करते पाए जाने पर शहर के एक दुकानदार के खिलाफ वाद दायर करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

### युवक ने लगायी फांसी

**सीतापुर।** थाना अटरिया इलाके में अज्ञात कारणों से 19 वर्शीय युवक ने फांसी लगा ली। बेटे को फंदे से लटकता देख परिजनों के होश उड़ गए और जब तक वह उसे इलाज के लिए सीएचसी लेकर पहुंचते, तब तक वह दम तोड़ चुका था। मृतक मान सिंह रावत पुत्र किशोरी लाल कस्बे का ही निवासी था। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**संदना सीतापुर।** थाना संदना इलाके के गांव सरवा के बाहर युवक का शव पेड़ से लटकता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने जब जानकारी की तो मृतक की शिनाख्त अनुज यादव निवासी दौलतपुर थाना मिश्रिख के रूप में हुई। पिता संजय यादव के अनुसार मृतक दीपावली की रात से घर से लापता था। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार यादव ने बताया की गुमशुदगी दर्ज करने बात से ही उसकी तलाश की जा रही थी।

### आठ वर्षीय मासूम की तालाब में डूबकर मौत

**रेउसा सीतापुर।** थाना रेउसा इलाके के गांव महंतपुरवा में 8 वर्शीय मासूम की तालाब में डूबकर मौत हो गई। मृतक आकाश पुत्र विक्रम घर से गाय चराने खेतों की ओर गया था जहां पैर फिसलने से पड़ोस के तालाब में डूब गया। जब तक परिजन उसे बाहर निकालते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मामले की सूचना लेखपाल राजेश यादव को दे दी गई है।

### भाईदूज पर्व पर बहन के घर जा रहे भाई की डाले की टक्कर से मौत

**अटरिया सीतापुर।** थाना अटरिया इलाके में तेज रफ्तार डाले की टक्कर से दूज की पूजा के लिए बहन के घर जा रहे भाई की मौके पर दर्दनाक मौत हो। 18 वर्षीय मृतक विश्णु कुमार निवासी हरदोईया कोतवाली सिधौली बाइक से बहन के घर बाराबंकी जा रहा था कि तभी भौतीपुर-महमूदपुर मार्ग पर तेज रतार डाले ने मत्तेपुर गांव के निकट टक्कर मार दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना अटरिया पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### गन्ने से भरी ट्राली ने मायके जा रही महिला को रौंदा

**रामकोट सीतापुर।** थाना रामकोट इलाके में डालमिया शुगर मिल मार्ग गन्ने से भरी ट्राली ने मायके जा रही महिला को रौंद दिया, मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की शिनाख्त 35 वर्शीया अनीता पत्नी सुरेंद्र निवासी भकुरहा थाना पिसावा के रूप में हुई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना रामकोट पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से साइकिल सवार घायल

**बिसवां सीतापुर।** कोतवाली बिसवां अंतर्गत सांडा चौकी इलाके के किवानी नदी पुल के निकट साइकिल सवार खाद्यान्न लदे ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गया। हालत नाजुक होने चलते उसे इलाज के लिए सीएचसी सांडा से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। घायल की पहचान इलाके के गांव किरतापुर निवासी 35 वर्शीय कमलेश पुत्र सुकई के रूप में हुई है। एफसीआई के गोदाम से अनाज ले जाते समय ट्रैक्टर ट्राली ओवरलोडेड बताया जा रहा है। चौकी पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली कब्जे में ले लिया है जबकि चालक मौके से फरार हो गया।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बालिका घायल

**बिसवाँ सीतापुर।** कोतवाली बिसवां अंतर्गत पांडा चौकी इलाके के गांव फुकना गाजीपुर निवासी 12 वर्षीय रुबीना पुत्री आमीन तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल हो गई। उसका इलाज सीएचसी सांडा में चल रहा है। रुबीना दोपहर करीब 2 बजे पालेसर से घर की ओर जा रही थी कि तभी पीछे से आ रही कार उसे ठोकर मार दी। चालक कार सहित फरार हो गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दे दी है।

### 25 लीटर शराब के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर।** अवैध शराब कारोबारियों पर कार्यवाही करते हुए अलग-अलग थानों की पुलिस ने 25 लीटर शराब के साथ चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ सहादत नगर के राजेश व मनोहर, रामपुर कला पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ बम्भौर के विश्णु कुमार व थाना अटरिया पुलिस ने 5 लीटर कच्ची शराब के साथ धरावा के छोटा को पकड़ा है। अभियुक्तों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

# अपहरणकर्ताओं के चंगुल से भागकर बच्चे ने बचाई जान

● मोहल्ला मौलवीगंज का है मामला

● पुलिस ने एक को पकड़ा

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**पसगवां कोतवाली** के चौकी बरवर के मोहल्ला मौलवीगंज निवासी अनीश के नौ वर्षीय बेटे ऐहकाम को शाम 6 बजे कुछ लालच दे कर लल्ला पुत्र मुंशी निवासी मोहल्ला प्रेमनगर और कालिया उर्फसहीम पुत्र रहीस निवासी मोहल्ला मौलवीगंज पावर हाउस की ओर ले जाने लगे। मोहल्ला गांधी नगर पहुंचकर बच्चे को कुछ अनहोनी की आशंका हुई तो वह उनके चंगुल से किसी तरह निकलकर चिल्लाता हुआ राम सिंह की दुकान में घुस गया। उसकी आवाज सुन मोहल्लेवासी दौड़ पड़े। लोगों को दौड़ता देख गश्त पर निकले चौकी इंचार्ज सुनील कुमार व आरक्षी सूरज ने अपहरणकर्ता को पकड़ने का प्रयास किया। इसमें एक आरोपी भागने में सफल रहा। बरवर चौकी इंचार्ज सुनील कुमार आनन-फानन मौके पर पकड़े गए आरोपी लल्ला पुत्र मुंशी को गुस्साई भीड़ से बचाकर चौकी ले आए और नाबालिग ऐहकाम के परिजनों को चौकी के द्वारा सूचित किया गया। परिजनों ने चौकी पहुंच कर इंचार्ज सुनील कुमार का शुक्रिया अदा किया। परिजनों ने चौकी प्रभारी को तहरीर दी जिसके तहत पसगवां कोतवाली प्रभारी आदर्श कुमार सिंह ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। एसआई सुनील कुमार ने जल्द ही दूसरे आरोपी सहीम उर्फ कालिया को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। फिलहाल बच्चे की हिम्मत, लोगों की जागरुकता व पुलिस की सक्रियता से एक बड़ी घटना घटते बची।

## अचानक लगी आग से हजारों का नुकसान

**पलियाकलां-खीरी।** संपूर्णानगर के वार्ड नंबर एक में बीती रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और देखते ही देखते घर में रखा सारा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सोमवार की देर रात राधेश्याम यादव पुत्र कड़ले यादव के घर अचानक आग लग गई। जब तक आसपास के लोग आग पर काबू पा पाते तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। अचानक लगी आग से घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। आसपास के लोगों ने जाकर किसी तरह आग पर काबू पाया। लोगों के मुताबिक राधे यादव अपने परिवार के साथ देहरादून में मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का जीवन यापन करता है। किसी तरह अपनी कमाई से उसने एक घर बनवाया था जो भी आग की भेंट चढ़ गया।

# संत सम्मेलन का किया गया आयोजन



संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी

**धर्मादा समिति** गौशाला में सप्त दिवसीय बारवें गोपाष्टमी महोत्सव में विश्व हिंदू परिषद गोला द्वारा संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें गोला नगर के समस्त मंदिरों के पुजारियों को सम्मानित किया गया। संत सम्मेलन में मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत संगठन मंत्री राजेश बाजपेई विशिष्ट अतिथि आचार्य संजय मिश्रा प्रचार मंत्री जिला अध्यक्ष बांके बिहारी एवं फूल बाबा आश्रम के पुजारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार सक्सेना एडवोकेट ने किया। संत सम्मेलन में लखीमपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर पुजारी श्री सुरेश जी ने कहा कि जब तक पूर्ण रूप से गौ संरक्षण पोषण नहीं होगा तब तक भारत विश्व गुरु नहीं हो सकता। संजय मिश्र आचार्य प्रदेश प्रचार मंत्री ने कहा की हर हिंदू को संगठित रहना होगा और आने वाली नई पीढ़ी को संस्कारित करना होगा अपने धर्म के प्रति जागरूक करना होगा उसी क्रम में श्री राजेश अवध प्रांत संगठन मंत्री ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद सभी संत समाज के मार्गदर्शन के आधार पर ही पूरे वर्ष भर कार्य करती है और जहां जहां हिंदू जनसंख्या कम होती है मुस्लिम समाज अपना आतंक पैदा करता है इसलिए हिंदू समाज को चाहिए कि वह किसी जाति धर्म का हो संगठित होना चाहिए। बांके बिहारी जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद ने आए हुए सभी संतो का आभार व्यक्त किया तथा सीपी श्रीवास्तव ने सभी संतो को अंग वस्त्र भेंट कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में आदर्श दीक्षित, सरोज मिश्रा, रवि सिंह, अरमान मिश्रा, धीरज बाजपेई, पिंटू, श्याम राजपूत, जगदीश वर्मा, मनीष, राज प्रताप सिंह, शत्रुघ्न शुक्ला, सुनील शर्मा व लव कुश अवस्थी आदि को भक्त उपस्थित रहे।

## रामलीला मेले के लिए हुआ भूमि पूजन



**सिंगाही-खीरी।** कस्बे में होने सौ साल पुराने रामलीला मेले का औपचारिक भूमि पूजन सोमवार को किया गया। इसमें पहुंचे बीजेपी नेता आशीष मिश्र मोनू ने मेला पहुंचे जहां पर प. सोनेलाल मिश्र व प्रशांत पांडे ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि का कार्यक्रम संपन्न कराया। गौरतलब है कस्बे की रामलीला को पिछले साल सौ वर्ष पूरे हो चुके हैं। इस साल के 101 वां आयोजन कोविड.19 के चलते सांकेतिक रूप से किया जाएगा। इसके संबंध में जानकारी देते हुए मेला महामंत्री प्रवीण शाह ने बताया इस साल केवल पांच दिन ही रामलीला का केवल दिन के समय सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए किया जाएगा। मेला मैदान में दुकान लगाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस भूमि के दौरान डा. एमआर सेठी, चेयरमैन उत्तम मिश्र, मेलाध्यक्ष जय कुमार शाह, पूर्व चेयरमैन प्रदीप कुमार पुरवार, राम प्रकाश सोनी, मंडल अध्यक्ष विकास मिश्र, रतन रस्तोगी, सर्वेश गुप्ता, बबलू गुप्ता व मोहित त्रिवेदी सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में आईं 58 शिकायतें



**लखीमपुर-खीरी।** मंगलवार को डीएम शैलेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी विजय ढुल भी मौजूद रहे। समाधान दिवस में कुल 58 शिकायतें आईं जिनमें से महज एक का ही निस्तारण हो सका। अन्य शिकायतों को संबंधित विभाग के कर्मचारियों को सौंपते हुए जल्द निस्तारण करने के लिए निर्देश दिए गए। आई शिकायतों में राजस्व की 23, चकबंदी की 3, विकलांग विभाग की एक, समाज कल्याण विभाग की एक, पुलिस की छह, नगर पालिका की दो, जिला पंचायत राज विभाग की एक, विकास विभाग की दो, विद्युत विभाग के दो व विपणन विभाग की तीन सहित अन्य 10 शिकायतों सहित कुल 58 शिकायतों को फरियादियों ने अधिकारियों के सामने रखा। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने राजस्व की एक शिकायत का तुरंत निस्तारण कर दिया। जबकि अन्य बची शिकायतों को संबंधित विभाग के कर्मचारियों को सौंपते हुए जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में सीएमओ मनोज अग्रवाल, एसडीएम डा. अमरेश, तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह, खंड विकास अधिकारी डा. विनय कुमार मिश्र, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी महेंद्र कुमार चौधरी, सीएचसी अधीक्ष डा. हरेंद्र नाथ वरुण व पूर्ति निरीक्षक आनंद कुमार सहित विभिन्न थानों के कोतवाल अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## अधिवक्ता व पत्रकार का आकस्मिक निधन



संवाददाता । मोहम्मदी-खीरी

**दिलीप शुक्ला** नशे के काफी आदी थे। एक माह पूर्व कुछ लोगों के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली थी। बीते कई दिनों से नशे का सेवन अधिक कर दिया था। पत्नी ने जब सुबह 3 बजे देखा तो श्री शुक्ला की हालत चिंताजनक दिखी। तब परिवार वाले तत्काल शाहजहांपुर ट्रामा सेंटर ले गए। वहां शुक्ला को मृत घोषित किया गया। परिवार वालों ने गमगीन माहौल में 11:30 पर गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं सोशल मीडिया पर धान न खरीदने की वजह से आत्महत्या करने की एक खबर वायरल होने पर उपजिलाधिकारी ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर जानकारी दी कि मंडी समिति में किसी भी सेंटर पर दिलीप शुक्ला व इनके परिवार का कोई धान नहीं आया था और न ही इनका या परिवार का कोई रजिस्ट्रेशन कराया गया। वहीं परिवार ने कहा कि स्वस्थ ज्यादा खराब होने पर अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इससे दो वर्षों पूर्व भी शराब का ज्यादा सेवन कर लेने से मोहम्मदी की मीडिया को परिवार ने जानकारी दी थी। मीडिया के लोग रात बारह बजे शाहजहांपुर के एक निजी अस्पताल ले जाकर इलाज कराया था। तब जाकर ठीक हुए थे। वहीं आकस्मिक निधन पर युवा प्रेस क्लब और मोहम्मदी प्रेस क्लब ने शोक व्यक्त किया है।

## हादसे में महिला की मौत

**जंगबहादुरगंज-खीरी।** मायके से भैईयादूज कर वापस घर जा रही महिला की रोड पर गिरने और ट्रक से दबकर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को करीब सुबह 11:30 बजे पूनम (42) पत्नी नेत्रपाल निवासी जरावन थाना कांट शाहजहांपुर अपने पति के साथ हीरो होंडा यूपी27एजी0626 से थाना पसगवां क्षेत्र के ग्राम गिरधारीपुरवा अपने मायके से वापस घर जा रही थी। उदयपुर नहर कोठी बाईपास पर मोटरसाइकिल से अचानक गिर पड़ी। इसी बीच पीछ से आ रहे ट्रक संख्या यूपी53डीटी3587 में फंसकर उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर तत्काल चौकी इंचार्ज जेबीगंज विशम्भर दयाल सिंह व पसगवां थाना निरीक्षक आदर्श कुमार सिंह व उचौलिया चौकी इंचार्ज हर्षित कुमार सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। पुलिस ने मुकदमा कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ट्रक को कब्जे में ले लिया है। हादसे के बाद परिजनों का रो.रो कर बुरा हाल है।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर जीवन लीला की समाप्त



संवाददाता। बेहजम-खीरी

**नीमगांव थाना** क्षेत्र में बीमारी से तंग आकर चार बच्चो की मां ने गांव के बाहर खेत में लगे पेड़ से रस्सी के सहारे फांसी लाकर जीवन लीला समाप्त कर लिया। घटना की सूचना पर नीमगांव इंस्पेक्टर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना नीमगांव क्षेत्र के मुड़ा बुजुर्ग गांव में एक विवाहिता ने गांव के बाहर दक्षिण खेत में लगे नीम के पेड़ में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि कल मृतका विमला पत्नी बनवारी लाल मायके से भाइयों को भैय्या दुईज के पर्व पर रचना लगाने अपने पति के साथ थाना फरधान क्षेत्र के सैदापुर भाऊ गई थी। जहां से आज शाम को अपने पति के साथ घर वापस लौट आई थी।

आज सुबह शौच के लिए गांव के बाहर खेतों की तरफ गई थी जहां गांव के दक्षिण खेत में लगे नीम के पेड़ से नायलॉन की रस्सी से पेड़ की डाल में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। वहीं गांव वाले व परिजन बताते हैं कि काफी समय से बीमारी से तंग आ चुकी थी जिसके चलते यह कदम उठाया होगा। महिला अपने पीछे चार बच्चे छोड़ गई है। घटना की सूचना पर इंस्पेक्टर नीमगांव गजेंद्र सिंह सहित एसआई हीरालाल रावत, अपने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इस संबंध में स्पेक्टर गजेंद्र सिंह ने बताया कि मृतका काफी समय से बीमार चल रही थी जिससे उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। इसके चलते उसने ऐसे कदम उठाकर जीवन लीला समाप्त कर लिया जो जांच में सामने आया है।

## क्विक न्यूज

### मायके जा रही महिला की दुर्घटना में मौत

**बरेली।** भाई दूज के मौके पर बेटी और पति के साथ बाइक से मायके जा रही महिला की रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बेटी को मामूली चोटें आईं। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।कस्बा व थाना बिथरी चौनपुर निवासी 30 वर्षीय फूलवती पत्नी उमेश कि कल शाम जहानाबाद के गांव बरगेच इलाके में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के पति ने बताया कि वह कल पत्नी फूलवती और डेढ़ वर्षीय बेटी आरती को मोटरसाइकिल पर बिठाकर पीलीभीत के जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव देश नगर स्थित अपनी ससुराल जाने के लिए घर से निकला था। लेकिन रास्ते में ही उनकी बाइक को पीछे से आ रहे एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे फूलवती गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर का चालक मौका देखकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फूलवती को अस्पताल ले जाने की कोशिश की लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने घायल आरती को अस्पताल में भर्ती कराया और मृतका की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वह एक बेटी की मां थी।

### गांव से दूर मिली लापता युवक की लाश

**बरेली।** तीन दिन से लापता एक युवक की लाश घर से दूर सड़क किनारे झाड़ियों में पाई गई। सूचना मिलने पर पहुंचे घर वालों ने लाश की शिनाख्त कर ली। उन्होंने पास के ही गांव में रहने वाले एक ग्रामीण पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत कर दी। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।आंवला थाना क्षेत्र के गांव करूआताल निवासी 20 वर्षीय लल्लन की लाश कल शाम करुआ ताल और राजपुर गांव के बीच पाई गई। सड़क से गुजर रहे एक दूधिया ने मृतक को पहचान कर उसके घर वालों को सूचना दी। जो मौके पर पहुंचे और लाश की शिनाख्त कर ली। घर वालों ने बताया कि लल्लन के साथ लखनपुर निवासी मटरू की पत्नी लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व आ गई थी। वह तभी से लल्लन के साथ पत्नी की तरह रह रही है। इसको लेकर मटरू, लल्लन से रंजिश मानता है। इसी के चलते 13 नवंबर को मटरू और उसके साथियों ने लल्लन को अगवा कर लिया। जब वह घर वापस नहीं लौटा तो घर के लोग उसे तलाशने में जुट गए। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। उन्होंने मटरू पर लल्लन की हत्या का आरोप लगाया और घटना की शिकायत पुलिस से कर दी। लाश मिलने की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने लाश को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी। मृतक के माता-पिता की कई साल पहले ही मौत हो चुकी है। वह 6 भाई बहनों में सबसे छोटा था।

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत सोमवार की शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से लगभग 50 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के कंजरनपुर निवासी स्व0 रामचन्द्र लोधी का पुत्र मेवालाल लोधी सोमवार की शाम रिश्तेदारी में जा रहा था। बताते हैं कि कल्यानपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत जब वह वाहन से उतरकर सड़क पार करने लगा तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### तालाब में डूबकर वृद्ध की मौत

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के ग्राम कंधियापुर मजरे मोहम्मदपुर गौंती में तालाब गये लगभग 80 वर्षीय एक वृद्ध की डूबकर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार कंधियापुर मजरे मोहम्मदपुर गौंती गांव निवासी स्व0 राम दुलारे का पुत्र रोशनलाल कल शाम तालाब गया था। बताते हैं कि तभी ठोकर लगने पर तालाब में गिर गया। जिससे उसकी डूबकर मौत हो गयी। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### लाखों की स्मैक के साथ चार गिरफ्तार

**बरेली।** वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने मोटरसाइकिल पर सवार 4 स्मैक तस्करों से 400 ग्राम स्मैक बरामद की। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा।किला थाना क्षेत्र में मिनी बाईपास पर मुखबिर की सूचना के बाद किला थाना इंचार्ज राजकुमार तिवारी ने अपनी टीम के साथ वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान उन्होंने दो मोटर साइकिलों को रोककर उन पर सवार चार लोगों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान सभी बाइक सवारों के पास सौ, सौ ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने मोटरसाइकिल पर सवार फतेहगंज पश्चिमी थाने के गांव कुरतरा निवासी नसरत हुसैन और अशरफहुसैन व सी बी गंज थाने के गांव धुनसा निवासी नईम खान और रईस को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनकी मोटरसाइकिल भी कब्जे में ले ली। गिरफ्तार किए गए सभी तस्करों को पुलिस ने जेल भेज दिया। उन्हें गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी के अलावा उप निरीक्षक विकास यादव, अजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार, बबलू गौतम, सिपाही दिनेश धामा, मोहित कुमार और राहुल कुमार शामिल रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत गुट ने की बैठक

संवाददाता। बिंदकी (फतेहपुर)

**किसानों की** तमाम समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकट टिकैत गुट की बैठक की गई। जिसमें सरकारी धान केंद्रों में किसानों का धान नहीं तौले जाने पर नाराजगी जताई और चेतावनी दी गई कि यदि धान नहीं तौला गया तो किसान चुप बैठने वाले नहीं है। अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

मंगलवार को तहसील परिसर में भाकियू टिकैत गुट की बैठक में प्रमुख रूप से सरकारी धान केंद्रों में किसानों का धान नहीं तौले जाने पर नाराजगी जाहिर की गई। जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि सरकारी धान केंद्रों में सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। केवल व्यापारियों तथा बिचौलियों तथा दलालों का धान तौला जा रहा है। जबकि सीधे-साधे किसानों को बार-बार लौटाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि इसमें सुधार नहीं हुआ तो किसान चुप बैठने वाला नहीं है। अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष देवनारायण पटेल ने कहा कि नहर में पानी नहीं आ रहा। जिसके चलते खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है इसलिए प्रशासन नहर में पानी चालू करें। जिससे किसान अपने खेतों की सिंचाई कर सकें। इस मौके पर तहसील प्रचार मंत्री सुखीराम ने कहा कि कोरईया गांव से लेकर हरदौली तक की सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गई है। सड़क का मरम्मतीकरण कराया जाए वरना कुंवरपुर रोड चक्का जाम किया जाएगा। वहीं मलवा ब्लाक अध्यक्ष जय सिंह यादव ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा किसानों के नलकूपों के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। जिससे किसान परेशान है इसलिए किसानों के साथ जो नाइंसाफी की जा रही है उसे बंद किया जाए। किसानों के नलकूपों के कनेक्शन नहीं काटे जाए। खजुहा ब्लाक अध्यक्ष अंगद सिंह ने कहा कि पुलिस द्वारा किसानों का उत्पीड़न किया जाता है इसलिए उत्पीड़न बंद किया जाए। उन्होंने कहा पराली जलाने के नाम पर किसानों के ऊपर मुकदमे दर्ज हुए उन्हें जेल में डाला गया। जबकि बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियों मिल से दिनभर प्रदूषण फैलता है। उनका कुछ नहीं किया जाता। यही नहीं त्यौहार में तमाम पटाखे छुड़ाए गए। जिसके चलते प्रदूषण फैला। उनके खिलाफ भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। केवल किसानों के खिलाफ कार्रवाई की गई है इसलिए पराली जलाने वाले किसानों के ऊपर जो भी मुकदमे दर्ज हैं उन्हें समाप्त किया जाए और उन्हें रिहा किया जाए। इस मौके पर ज्ञानेंद्र पटेल, मनोज कुमार, राज भवन, नरेंद्र, नीरज पटेल, जय नारायण पटेल तथा धर्मपाल सिंह परिहार आदि मौजूद रहे।

# एमएलसी चुनाव को लेकर संयोजक ने बैठक में दिए निर्देश, पोलिंग वार तय की गई बैठकें



संवाददाता। फतेहपुर

**भारतीय जनता** पार्टी कार्यालय बैठक में इलाहाबाद झांसी स्नातक चुनाव संयोजक अशोक जाटव ने स्नातक चुनाव को लेकर निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने की। बैठक में भाजपा प्रत्याशी डॉ0 यज्ञ दत्त शर्मा को जिताने की रणनीति बनाकर जिम्मेदारी दी गई। बैठक में तय किया गया कि सभी जिला पदाधिकारी पोलिंग स्टेशन में प्रवासी के रूप मतदाताओं को चिन्हित कर पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव अभियान को गति दे कर ज्यादा से ज्यादा पार्टी के पक्ष में मतदान कराने में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे।

बैठक में मतदान केंद्र वार बैठकें आगामी 20 व 21 नवंबर को करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रत्येक विधानसभा में सह संयोजको की नियुक्त कर संयोजक से संबंध स्थापित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से बिंदकी विधायक करण सिंह पटेल, स्नातक चुनाव संयोजक विकास पासवान, सहसंयोजक धनंजय दिवेदी, विकास द्विवेदी, अर्चना त्रिपाठी, पंकज गुप्ता, पुष्पराज पटेल, नीरज सिंह, महामंत्री चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, विजय सिंह, प्रवीण पांडे, सुशील सिंह चंदेल, नवनीत शुक्ला, सुरेश सिंह परमार, विकास तिवारी, रामराज सिंह, अरविंद मिश्रा प्रतिनिधि व शैलेंद्र सरन सिंपल आदि मौजूद रहे।

# दो सगी नाबालिग बहनों के तालाब से शव बरामद

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के छिछनी गांव में सोमवार की दोपहर करीब एक बजे घर से चना का साग तोड़ने जंगल गई दो सगी नाबालिग बहनों के शव तालाब से बरामद होने की घटना से जिले में सनसनी फैल गई। खबर पाते ही जिले के आला अधिकारी देर रात मौके पर पहुंचे और घटना का बारीकी से जायजा लिया। घटना को लेकर रात से गांव पुलिस छावनी में तब्दील रहा। देर रात जिलाधिकारी संजीव सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद झा, सीओ थरियांव ने भी मौके पर पहुंच कर घटना का बारीकी से जायजा लिया। मंगलवार की दोपहर करीब एक बजे प्रयागराज क्षेत्र के आईजी कवीन्द्र प्रताप सिंह ने भी गांव पहुंच कर घटनास्थल का जायजा लिया और परिजनों से मिले बिना ही घटनास्थल से वापस चले गये।पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि सोमवार को देर रात छिछनी गांव में दिलीप धोबी की पुत्री सुभी 8 वर्ष व उसकी बहन किरन 12 वर्ष के शव जंगल में एक सिंघाड़े के तालाब में मिले हैं। उन्होंने परिजनों के हवाले से बताया कि सोमवार को दोपहर करीब एक बजे जंगल चना का साग तोड़ने गई थीं। देर शाम तक घर वापस नहीं आयीं तो लोग खोजने निकले। जंगल नाला/नदी के समीप स्थित एक भूमिधारी तालाब में पड़े सिंघाड़े के तालाब में दोनों के शव तैरते मिले हैं। उन्होंने बताया कि दोनों की दोनों आंखों में चोंट के निशान हैं। जो तालाब में गिरने से आये हैं। उन्होने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पानी में डूबने से मौत होना प्रकाश में आया है। उधर ग्रामीणों के अनुसार किशोरियों का पिता दिलीप मुबंई में रहता है। वह परिजनों का भरण-पोषण करने के लिए प्राइवेट नौकरी करता है। पिता को सूचना दे दी गई है। ग्रामीणों और किशोरियों के चाचा ने बताया कि असोथर पुलिस को शव ले जाने से ग्रामीण रोक रहे थे। पुलिस जोर जबरदस्ती कर शव लेकर थाने चली गई। ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई है। गांव में किसी प्रकार के तनाव को देखते हुये भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। किशोरियों के चाचा लक्ष्मी ने कहा कि सोमवार की रात आठ बजे तालाब में तैरते हुये शव मिले हैं। उसका आरोप है कि पुलिस ने बिना परिजनों को लिवाये और बिना पंचनामा आदि किये ही शव रात को ही उठा ले गई थी। उसके अनुसार चना का साग खेत की मेड़ पर बिखरा पड़ा था। मंगलवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन ग्रामीणों के साथ शव लेकर गांव पहुंचे और बाद में गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया।

## मंदिर में भगवान गणेश की प्रतिमा हाथ टूटा मिला

**बिंदकी (फतेहपुर)।** महादेव मंदिर में स्थापित मूर्तियों में से भगवान श्री गणेश की मूर्ति का एक हाथ तोड़े जाने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर बजरंग दल के पदाधिकारी कार्यकर्ता भारी संख्या में मौके पर पहुंचे। उधर मामले की जानकारी होने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। इस मामले में मूर्तियों की स्थापना करने वाले श्रद्धालु की तहरीर पर दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला फाटक बाजार में स्थित पीपलेश्वर महादेव मंदिर में भगवान गणेश जी की मूर्ति के अलावा अर्धनारीश्वर मां दुर्गा तथा भगवान लक्ष्मी नारायण की मूर्तियां विराजमान है। सोमवार की रात को किसी ने भगवान गणेश जी की मूर्ति का हाथ तोड़ दिया। सुबह भक्तों ने देखा तो हड़कंप मच गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लग गई। जानकारी मिलने पर बजरंग दल के विभाग संयोजक सत्यम शुक्ला सहित सैकड़ों लोग मौके पर पहुंच गये।

# चाइल्डलाइन सप्ताह के बारे में दी गयी विस्तृत जानकारी



**फतेहपुर।** चाइल्ड लाइन फतेहपुर एवं जन कल्याण महासमिति द्वारा चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह के अंतर्गत बाल अधिकार सप्ताह का आयोजन 14 से 21 नवंबर तक किया गया है। जिस के क्रम में आज भोले बाबा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज फुलवामऊ में चाइल्डलाइन कबड्डी प्रतियोगिता एवं चाइल्डलाइन खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निदेशक बीपी पांडेय द्वारा चाइल्डलाइन सप्ताह के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। संस्था द्वारा बच्चों के लिए क्या गतिविधियां चलाई जाती है। जिसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अशोक तपस्वी के द्वारा दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता की शुरुआत की गई। जिला समन्वयक अजय सिंह चौहान के द्वारा मिशन शक्ति एवं बच्चों, महिलाओं के लिए सरकार द्वारा सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु सभी योजनाओं की जानकारी दी गई। जिनमें 1098 महिला हेल्पलाइन 1090, 181 वन स्टॉप सेंटर मिशन शक्ति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। गाजीपुर थाने से एंटी रोमियो टीम द्वारा बच्चे एवं बच्चियों को महिला हेल्प डेस्क की सेवाओं एवं साइबर क्राइम के बारे में महिला आरक्षी कोमल शर्मा द्वारा जानकारी दी गई।

## भदरस गांव की दिल दहला देने वाली घटना

# कलेजा पका कर खाने की आरोपी महिला सहित तीन को भेजा जेल

संवाददाता। घाटमपुर





**दिवाली** की रात कोतवाली के भदरस गांव में दिल दहलाने वाली घटना घटी जो निठारी जैसी घटना से कम नही है। वारदात में गांव के एक दलित की 6 वर्षीय पुत्री की बलि देने व गला काट कर जीभ के साथ दिल, गुर्दा और आंते निकलने का आरोप है मंगलवार को पुलिस ने मासूम का कलेजा पका कर खाने की आरोपी महिला सुनौना सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है जबकि इसके पहले सोमवार को पुलिस ने मुहल्ले के 2 युवकों जेल भेज चुकी है दोनों पर पटाके दिलाने के बहाने घर से लाने व दुष्कर्म का आरोप है। कोतवाली प्रभारी संजीव सिंह ने बताया कि मुहल्ले की ही महिला सुनैना की शादी करीब 20 साल पहले हुई थी लेकिन उसके कोई संन्तान नही है इसी के चलते उसको किसी ने बताया कि दीपावली की रात किसी कुआंरी कन्या का कलेजा पूजा पाठ के बाद खाने से संन्तान होगी इसी के चलते उसने अपने भतीजों की मदद से दिल दहला देने वाला कांण्ड खेला, उसकी निसान देहीं पर रक्त रंजित दो चाकू बरामद किया गया है।

### घटना का मुख्य किरदार तांत्रिक पुलिस के शिकंजे से दूर

**घाटमपुर।** संन्तान प्राप्त कि चाहत में एक मॉ की गोद उजाड़ कर अपनी गोद भरने की चाहत में घटना का अंजाम देने वाली महिला और उसके पति को तो गिरफ्तार जेल भेजने वाली पुलिस हैवानियत का खेल करने वाले तांत्रिक को गिरफ्तार करने में सफ्ल नही हुई है और न ही बच्ची के निकाले गये अंगों को ही बरामद कर पायी है। उसका ये कथन की अंग कुत्ते या जंगली जानवर खा गये होगे लोगे के गले नही उतर रही है। घटना में एक झोला छाप के भी शामिल होने की चर्चा पर आला अधिकारी मौन साधे है।

### पूर्व सांसद ने 25 लाख की सहायता देने की मांग की

**घाटमपुर।** पूर्व सासंद राकेश सचान सोमवार को गांव भदरस जाकर पीड़ित परिवार को सात्वाना दी तथा सरकार से मासूम के परिवार को 25 लाख की आर्थिक सहायता ने की मॉंग की, पूर्व सांसद ने भदरस की दोनों घटनाओं को लेकर पुलिस और प्रदेश सरकार पर निशाना साधा और कहा की रामराज्य का दम भरने वाली योगी सरकार में कोई सुरक्षित नही है। चाहे पप्पू बाजपेयी की हत्या हो या मासूम के साथ दरिन्दगी की घटना। आप पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने मोबाइल फोन पर पीड़ित परिवार से बात की और न्याय दिलाने का भरोसा दिया।

### ● तांत्रिक अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर

### भैया दूज पर बहना को याद कर खूब रोया भाई

**घाटमपुर।** भैयदूज पर मासूम श्रेया उर्फ भूरी का बड़ा भाई बहना को याद कर खूब रोया वहीं घटना को लेकर पूरा परिवार दहशत जदा रहा और घर से बाहर नही निकला। घर के बाहर बैठी मासूम की दादी अन्य भाई-बहनो के अलावा परिवार की महिलाओं के साथ चारपाई गुमसुम बैठी आने जाने वालों निहारती दिखी। उधर गांव में दहशत को लेकर पीड़ित परिवार के मुहल्ले में पीएसी तैनात कर दी गयी है जो हर आने जाने वालों पर नजर रख रही है।

# पटाखे के विवाद में चली गोलियां, हुई पत्थरबाजी

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**पटाखें** चलाने के विवाद में नौबत गोली चलाने तक पंहुच गयी। जिसके बाद दबंगों नें फायरिंग की। इस दौरान पथराव भी किया गया। घटना के बाद पुलिस नें एक को हिरासत लेकर मुकदमा भी दर्ज कर लिया है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हरभगत निवासी सुमित गुप्ता नें बताया कि बीते दिन वह कन्नौज गये हुए थे। बीती रात उनका पुत्र शुभ गुप्ता पटाखे चला रहा था। तभी पडोस के दबंग नन्हे यादव नें पटाखे चलाने पर आपत्ति की। उसी दौरान नन्हे के पुत्र बॉबी यादव नें गाली-गलौज कर दिया। जिस पर फोन पर जब सुमित नें नन्हे से वार्ता कि तो फोन पर भी देख लेनें की धमकी दी गयी।

सुमित का आरोप है कि मंगलवार बाद दोपहर दबंगों नें लाइसेंसी बंदूक से ताबड़तोड़ फायरिंग कर पथराव किया। जिससे वह दहशत में आ गये।

### ● एक को पुलिस ने लिया हिरासत में

पकड़े गये आरोपी नन्हे ने बताया फायरिंग सुनीत की तरफ से की गयी। हम लोगों नें पथराव बचाव में किया। फायरिंग की सूचना पर तिकोना चौकी इंचार्ज दीपक त्रिवेदी आदि फोर्स के साथ मौके पर आ गये। पुलिस नें एक आरोपी को हिरासत ले लिया है। सुमित ने आरोपियों पर उसेऔर उसकी पुत्री के साथ मारपीट करने का भी आरोप लगाया है।

सुमित की तहरीर पर पुलिस नें आरोपी नन्हे यादव, बॉबी पुत्र नन्हे, कल्लू पुत्र कैलाश यादव, राजा पुत्र बौखल यादव, रामबाबू, गुड्डू यादव निवासी हरभगत मोहल्ला के खिलाफ 147, 148, 149, 504, 323, 452, 427, 506, 307, 286, 336 व 7 क्रिमिनल ला एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

# बरसात में भीग गया केंद्र पर रखा धान



संवाददाता। इटावा

**बसरेहर** विकास खंड क्षेत्र के बादरीपुठक्रय केंद्र पर रखी सैकड़ों बोरी धान बारिश के पानी में भीग गया। जिससे किसान परेशान हैं। किसानों की माने तो दस दिनों से एक भी दाने की तौल नहीं हुई है। सोमवार को भी क्रय केंद्र से जिम्मेदार नदारद रहे।सरकारी क्रय केंद्रों पर खरीद का बुरा हाल है। फिर भी जो किसान केंद्र पर धान लेकर आ गए थे। उनके साथ भी सौतेला व्यवहार हो रहा है। किसान दस दिन पहले से अपना धान केंद्र पर डंप किए हैं। लेकिन उनके धान की तौल ही नहीं हो सकी। नतीजा रविवार की शाम हुई बारिश में किसानों का सैकड़ों बोरी धान भीग गया। धान भीग जाने से किसानों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। कारणएअब तक धान की तौल हुई नहीं है और सरकारी नियमों के मुताबिक नमी की जांच करने पर नमी बढ़ जाएगी। धान बोरे में होने के चलते किसान उसे सुखा भी नहीं सकते। किसानों ने आरोप लगाया कि दस दिन पहले से केंद्र पर धान डंप किया था। लेकिन किसी ने तौल की ओर ध्यान नहीं दिया। बहादुरपुर निवासी किसान सुरेश सिंह तोमर ने बताया कि 6 नवंबर को ही धान केंद्र पर आ गया था। जिसकी हर रोज रात को रखवाली कर रहे हैं। खरीद होगी भी या नहीं इसका कोई पता नहीं।

# युवक ने किया विषाक्त पदार्थ का सेवन

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** यह विडंबना ही कही जा सकती है कि अब परिवारों में सामंजस्य एवं धैर्य की निरंतर कमी होती जा रही है। इसका विकसित होना सीधे तौर पर नैतिकता की गिरावट की ओर संकेत कर रहा है । यही वजह है कि आज का युवा वर्ग छोटी.छोटी बातों पर ही गुस्से में आकर आत्महत्या करने जैसा घातक कदम उठा लेता है । जिसका एक ताजा उदाहरण उस समय सामने आया जब गृह कलह से तंग कस्बा कायमगंज के मोहल्ला बगिया सोहन लाल निवासी राजकुमार के 18 वर्षीय बेटे गौरव ने बीती रात किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। हालत गंभीर होती देख घबराए परिजन जहर पीड़ित युवक को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए । जहां से प्रथम उपचार के बाद ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने गौरव को डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया।

# दो दर्जन शिकायतों में एक का भी निस्तारण नहीं



संवाददाता। जसवंतनगर

**तहसील** में उप जिलाधिकारी हेम सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल दो दर्जन शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हुआ। सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व से संबंधित थीं। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द शिकायतों के निस्तारण का आदेश दिया। बताते हैं कि जसवंतनगर तहसील में कमिश्नर के आने की सूचना थी मगर उनका प्रोग्राम अचानक बदल गया। जिससे शिकायतकर्ताओं में मायूसी दिखी। ग्राम हीरापुरा थाना वैदपुरा के शिवकृष्ण ने शिकायत दर्ज़ कराई कि विपक्षी ग्राम सभा की जगह पर जबरिया मकान बनवा रहे हैं इसे तुरंत रोका जाए। ग्राम नगरिया नाह के सत्यप्रकाश ने खेत के ऊपर से गए गयारह हजार केवीए के विद्युत लाइन जो नीचे लटक रही है उसे सही करने के सम्बंध में प्रार्थना पत्र दिया। वरिष्ठ बीजेपी नेता सुरेश गुप्ता ने नगर पालिका जसवंतनगर द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग किए जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। आराजी सराय भूपत के जगदीश सिंह ने सीसी रोड खरंजा जो कि पानी में डूबे हैं जिससे आने जाने वालों का रास्ता बंद है इसे शीघ्र ठीक कराए जाने का संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। ग्राम कैस्त के सुरेंद्र सिंह ने चकरोड जो दबंगो ने कब्जा कर रखी है उसे शीघ्र खाली कराये जाने व शाहजहांपुर में 5 साल से एक नलकूप के खराब होने और महलई निवासी अतर सिंह पुत्र कालीचरण ने फसलों का नुकसान बचाने के लिए चकरोड में खोदे गए नाले को बंद कर तालाब की ओर नाला खुलवाए जाने के सम्बंध में प्रार्थना पत्र दिया। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान एसडीएम सैफई हेम सिंहए तहसीलदार रामानुज तमाम विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### ताखा समाधान दिवस में 16 शिकायतें, कोई निस्तारण नहीं

**ताखा।** मॉडल तहसील ताखा में संपूर्ण समाधान दिवस उप जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।इस मौके पर कुल 16 शिकायतें आई। जिनमें 4 राजस्व विभाग से संबंधित 5 पुलिस विभाग से संबंधित 3 खंड विकास अधिकारी से संबंधित एक विद्युत विभाग से संबंधित दो एसडीओ पीडब्ल्यूडी से संबंधित और एक चकबंदी विभाग से संबंधित शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस के पटल पर आई। जिनमें मौके पर किसी का निस्तारण नहीं हो सका उप जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का तुरंत निस्तारण करने के निर्देश दिए इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ओमवीर सिंह क्षेत्राधिकारी भरथना चंद्रपाल सिंह थानाध्यक्ष उसराहार गगन गौड के अलावा तहसीलदार भी मौजूद रहे।

# बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने थामा समाजवादी पार्टी का दामन



संवाददाता। भर्थना

**जनपद** के बसपा नेता राघवेंद्र गौतम के शामिल होने के बाद क्षेत्र में अंबेडकर वादी और समाजवादी नेता राघवेंद्र गौतम ने कहा है कि वे दलित वर्ग के लिए सदैव संघर्ष करते रहे है और आगे भी उनका संघर्ष जारी रहेगा। सपा नेता राघवेंद्र गौतम ने मौजूद बाल्मीक समाज के दर्जनों युवाओं को भरोसा दिलाते हुए कहा है कि अब उनका यह वर्ग सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतत्व में बावा साहब भीमराव अंबेडकर और राम मनोहर लोहिया जी की संयुक्त विचार धारा का जन जागरण कर समाजवादी पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने का कार्य करेगा। उन्होंने अपने वर्ग के सभी युवा कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते कहा है कि अब वक्त आ गया है जब दलित वर्ग को अपनी तागत दिखानी होगी जिसके चलते आगामी पंचायत चुनाव में दलित वर्ग पूरी ईमानदारी से प्रत्येक पंचायत क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार प्रसार में जुटकर उन्हें जितने में जुट जाये साथ ही पूर्व में रही सपा सरकार की लाभकारी योजनाओं को घर घर तक पहचाने का कार्य शुरू करदें। सपा नेता गौतम ने दावा करते हुए कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। वर्तमान प्रदेश की सरकार किसान विरोधी नीतियों और युवाओं को लगातार वेरोजगार करने जैसी गलत नीतियों के कारण प्रदेश से सिमटने जा रही है। इस अवसर पर स्वागत सम्मान समारोह में बाल्मीक समाज के युवा नेता विशाल बाल्मीक, वावू सिंह, अमित कुमार, अशोक कुमार, दरोगा सिंह, बीटू कुमार, अंशू वावू, शिवम कुमार, शिव राम सिंह, रवि कुमार, सुमित कुमार, आशीष कुमार, बिक्रम सिंह, दीपू, रंजीत कुमार आदि बाल्मीक समाज के दर्जनों युवाओं ने राघवेंद्र गौतम का पुष्पहार पहना कर से स्वागत सम्मान किया है।

# तीन दिन बाद खुला बैंक, स्टाफ नदारद खाताधारक भटकते रहे

संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद

**जनपद** फरुर्खाबाद के विकासखंड नवाबगंज में ग्राम चंचुइया स्थित बैंक ऑफइंडिया की शाखा है । इस शाखा से लगभग आधा सैकड़ा गांव संबद्ध हैं । अभी विगत 3 दिन तक दीपावली अवकाश के कारण बैंक शाखा में अवकाश रहा । अवकाश के उपरांत आज बैंक तो खुली किंतु स्टाफ में से केबल कृषि संबंधी समस्याएं संभालने वाले कृषि अधिकारी योगेश एवं एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ही मौजूद थे। जबकि धन निकालने वाले एवं जमा करने वाले खाता धारकों की संख्या एक भीड़ जैसी नजर आ रही थी। दिन के लगभग 12: 00 बजे तक खातेदार धन आहरण करने एवं जमा करने की उम्मीद में समय बिताया। इसके बाद भी जब उन्हें निराशा हाथ लगी तो बैंक में मौजूद योगेश से पूछा गया तो उनका कहना था कि बैंक मैनेजर व दूसरे कर्मचारी अवकाश पर हैं। एक कर्मचारी जिनका नाम प्रतीक बताया कहा गया कि वह आ रहे होंगे , कहीं जाम में फंस गए हैं । इस आश्वासन पर खाताधारक फिर उम्मीद लगाकर बैठ गए । किंतु शाम 3रू00 बजे तक प्रतीक भी अपनी ड्यूटी पर नहीं पहुंचे। इस पर खाताधारकों ने कुछ देर तक शोर मचाया तो कृषि अधिकारी योगेश ने कहा कि मैं क्या कर सकता हूं । अकेले तो कोई काम हो ही नहीं सकता । वहां मौजूद खाताधारकों का कहना था कि बैंक ऑफ इंडिया की चंदुइया शाखा का यह कोई नया मामला नहीं है। यहां तो आए दिन खाताधारकों को इसी तरह परेशान होना पड़ता है । इस समय गेहूं आलू सरसों आदि फसलों की बुवाई का समय होने के कारण इस ग्रामीण क्षेत्र के किसान खाद बीज आदि खरीदने के लिए धन निकालने के लिए बैंक के चक्कर लगा रहे हैं। किंतु चंदुइया शाखा का हाल तो ईश्वर के भरोसे ही चल रहा है । ऐसे में जरूरतमंद लोग परेशान तो होंगे हीए शायद तब तक जब तक की बैंक के शीर्ष अधिकारी इस ओर ध्यान देकर आवश्यक कार्रवाई नहीं करते हैं।

# राज्यमंत्री ने किया कोरोना योद्धाओं को सम्मानित

संवाददाता। कानपुर देहात



**भाजपा** नेता रामकृपाल सिंह भदौरिया के गांव भैसाया में उनके द्वारा आयोजित पत्रकारों व कोरोना फाइटर का सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने किया। राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत ने कहा कि वर्तमान प्रदेश व केंद्र सरकार किसानों के हित में कार्य कर रही हैं। दोनों सरकारें किसानों की आय दोगुनी करने को संकल्पित है। कम लागत में अधिक उत्पादन हो इसे सरकार ने साकार किया। केंद्र में किसान बिल पास किया और उसको स्वीकृत किया गया। प्रत्येक किसान को छूट दी गई कि वह उत्पादन के लिए माल को भारत को किसी भी कोने में बेच सकता है। किसान को जहां पर भी रेट अधिक मिले वहां पर वह अपनी अनाज को बेच सकता है। प्रदेश व केंद्र सरकार ने विद्युत आपूर्ति को बढ़ाया है। अब समान रूप से सभी जगह विद्युत आपूर्ति होती है। किसी भी प्रकार का किसी राज्य या जनपद से भेदभाव नहीं किया जा रहा। वही इस मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र ने कहा कि प्रदेश सरकार ने दूसरे प्रदेशों से ढाई लाख श्रमिकों को सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचाया। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ जन.जन तक पहुंचाया जा रहा है। पूर्व संगठन मंत्री भाजपा रामकृपाल सिंह भदौरिया के द्वारा कराए गए इस कार्यक्रम के बाबत उन्होंने कहा कि रामकृपाल भदोरिया ने परंपरा को बनाए रखा और भारतीय संस्कृति की अदभुद तस्वीर पेश की। वहीं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि यातायात माह चल रहा है इसलिए 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को बाइक या दूसरा वाहन चलाने न दें। यातायात नियमों का पालन करें। बेटियों की रक्षा व सुरक्षा करें। उनको बेटे के बराबर प्यार दे। कोविड.19 महामारी अभी खत्म नहीं हुई है। लिहाजा एहितयात बरतें।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 32 फरियादियों में सिर्फ 8 समस्याओं का मौके पर निस्तारण



संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद

**शायद** दीपावली त्यौहार के कारण आज कायमगंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में केबल 32 फरियादी ही अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचे। इनमें से आठ फरियादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण भी कर दिया गया ।

आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार पैसिया ने की वही मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी सुनील कुमार यादव ने सीडीओ के साथ मिलकर लोगों की समस्याओं को सुना तथा निराकरण का भी प्रयास किया । बत्तीस में से आठ समस्याओं के निस्तारण के बाद शेष समस्याओं के संबंध में उपजिलाधिकारी ने बताया कि उन्होंने समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के निर्देश देते हुए संबंधित कर्मचारियों को स्पष्ट बता दिया हैए कि बे इनका समाधान एक सप्ताह के अंदर अवश्य कर दें।

समाधान दिवस में शमशाबाद क्षेत्र के गांव गंगतारा निवासी सुभाष ने प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उनके खेत में आम आदि के पेड़ खड़े हैं। जिन्हें राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने के लिए उन्होंने लेखपाल से कई बार अनुरोध किया। किंतु लेखपाल ने आज तक उसके खेत में खड़े इन पेड़ों को दर्ज ही नहीं किया है ।

जबकि कायमगंज क्षेत्र के गांव अहमदगंज निवासी सुमित चतुर्वेदी ने शिकायती पत्र सौंपते हुए कहा कि उनके गांव की एक गली का खरंजा तथा नाली ध्वस्त चुकी है। गली में कीचड़ युक्त जलभराव है। इस पर सीडीओ एवं एसडीएम ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए तत्काल समस्या समाधान करने के निर्देश दिए । आयोजित समाधान दिवस में संबंधित विभागों के अधिकांश अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीडीओ के निर्देशन में मैथा में संपन्न हुआ तहसील दिवस

संवाददाता। कानपुर देहात



**मुख्य** विकास अधिकारी सुश्री सौम्या पांडे की अध्यक्षता में मैथा तहसील में तहसील दिवस संपन्न हुआ। महोदया ने तहसील दिवस में अनुपस्थित अधिकारियो का स्पष्टीकरण तालाब करने के निर्देश दिए। तहसील दिवस में कुल 25 शिकायते प्राप्त हुई जिनमे महोदया द्वारा 4 शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया गया। शेष शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बंधित विभाग के अधिकारियो को निर्देशित किया गया। साथ ही महोदया द्वारा निर्देशित किया गया की तहसील दिवस के दिन सम्बंधित विभागाध्यक्ष स्वयं उपस्थित रहेगे।अनुपस्थिति के समय अपने से जूनियर को भेजने पर विभागाध्यक्ष को कारण सहित पत्र भेजना पड़ेगा।उपस्थिति रजिस्टर का भी अवलोकन किया गया। इससे पूर्व में हुए तहसील दिवस में सम्बंधित विभागों से आई शिकायतों का निस्तारण कराया गया। सभी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए शिकायतकर्ता से भी दूरभाष से संपर्क स्थापित करने के निर्देश दिए गए।तहसील दिवस के पश्चात् महोदया द्वारा मैथा तहसील परिसर अंतर्गत महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया। महोदया द्वारा नायब तहसीलदार से महिलाओ से जुडी हुई जमीन अथवा अन्य समस्याओ के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।

# डीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन

संवाददाता। कानपुर देहात



**समस्याएं** जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण संभव हो इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा माह के प्रथम एवं तीसरे मंगलवार को सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया जाता है।

इस परिप्रेक्ष्य में आज जनपद की समस्त तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र के द्वारा रसूलाबाद तहसील में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का अनुश्रवण किया गया। तहसील दिवस में राजस्व विभाग से 35ए पुलिस विभाग से 6ए समाज कल्याण विभाग से 03ए विकास विभाग से 4 ए विद्युत विभाग से 05 व अन्य से 20 शिकायतें कुल मिलाकर 67 शिकायतें जनता के द्वारा दर्ज कराई गईं जिसमें से मौके पर 05 शिकायतों का निवारण जिला अधिकारी के द्वारा मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों के माध्यम से कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो प्रत्येक अधिकारी अपने कार्यालय में सबसे पहले आईजीआरएस संदर्भ पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें । उन्होंने कहा शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। उन्होंने कहा यदि शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता असंतुष्ट रहते हैं तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सभी अधिकारी अपने कार्य को पूरीलग्न व तत्परता गुणवत्ता के साथ समय अवधि के साथ.साथ पूर्ण करेंए जिससे कि शिकायतकर्ताओं को तहसील दिवस में अनावश्यक रूप से न आना पड़े शिकायतकर्ता की शिकायत का समाधान मौके पर ही हो जाना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा जनपद का प्रत्येक व्यक्ति हमारे लिए महत्वपूर्ण है उसकी समस्या का समाधान करना हमारा दायित्व कर्तव्य दोनों है।

# स्नातक चुनाव: वित्तविहीन शिक्षकों पर डोरा डालना शुरु किया प्रत्याशियों ने

● वित्त विहीन शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ने प्रत्याशियों से पूछे चुभते हुए कई सवाल, एक दिसंबर को होना है मतदान

संवाददाता। कुरारा (हमीरपुर)

**स्नातक चुनाव** का समय नजदीक आते ही चुनावी नैया पार लगाने के लिये वित्त विहीन शिक्षकों की तरफ सभी की निगाहे लगी हुयी है। मगर कई दशकों से शिक्षकों के साथ छलावा किया जा रहा है। झूठे आश्वासन देकर वित्त विहीन शिक्षको के गुमराह कर बोट लेने के बाद आज तक सभी विधायक उनकी समस्याएं भूल जाते है। यह बात वित्तविहीन शिक्षक महासभा के जिला अध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव ने आज कस्बा कुरारा में कही। उन्होने कहा कि सभी उम्मीदवारों की निगाहें वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों के ऊपर टिकी हुई हैं जितने भी लोग हैं सभी को वित्तविहीन शिक्षकों की सुध आ गई है जिसमें लगता है कि चुनाव आ गया है एक दिसंबर को स्नातक विधायक के चुनाव हेतु मतदान होना है जिसमें कुछ राजनीतिक दलों ने भी अपने प्रत्याशी उतारे बाकी सब स्वतंत्र रूप से चुनाव मैदान में हैं।

आज जो भी वोट की अपेक्षा लेकर आता है उसके एजेंडे में सबसे पहले वित्तविहीन शिक्षकों को मानदेय व समान कार्य का समान वेतन आदि प्रथम वरीयता में होता है शिक्षक जानना चाहता है कि विगत वर्षों में जवाब सदन में थे तो कितनी बार वित्तविहीन की आवाज सदन में उठाई है और अभी तक वित्तविहीन शिक्षकों के लिए आपने कितनी बार धरना प्रदर्शन किया है शायद उक्त बातों का जवाब उनके पास नहीं है क्योंकि कभी उन्होंने इनका कोई कार्य किया ही नहीं क्योंकि संवेदना व्यक्त करना एक अलग बात है हर व्यक्ति यह कह देता है कि ऐसा होना चाहिए यह भी शिक्षक हैं।

इन्हें भी सम्मान से जीने का हक है लेकिन हक के लिए आवाज उठाने से सदैव परहेज करते रहे इतना ही नहीं कुछ लोग तो यह भी कह रहे कि सदन में पहुंचते ही पच्चीस हजार रुपये मासिक मानदेय दिलाएंगे तथा समय रहते समान कार्य का समान वेतन भी दिलाएंगे लेकिन हम कहना चाहते हैं कि उक्त बातें बहुत हो चुकी हैं अब इन शिक्षकों को बरगलाना बंद कीजिए शिक्षक अपने हक की लड़ाई के लिए अब स्वयं आगे आएगा तथा शिक्षकों को अब की बार लाली पाप नहीं परिणाम चाहिए वैसे भी वित्तविहीन शिक्षक निरीह प्राणी में गिना जाता है।

# मकान में लगी आग, लाखों की नकदी व जेवरात जलकर खाक



थाने में शिकायत करने जाते पीड़ित

**राठ ( हमीरपुर )।** कोतवाली क्षेत्र के मवई गांव में आग लगने से गृहस्थी सहित घर में रखे लाखों की नकदी जलकर खाक हो गई। पीड़ित महिला ने गांव के कुछ लोगों पर मकान में आग लगाने का आरोप लगाया है। महिला ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। मवई गांव निवासी अंजनी पत्नी जयसिंह ने थाने में दी तहरीर के माध्यम से बताया कि बीते सोमवार की रात करीब 10:30 बजे वह परिजनों के साथ खाना खाकर सो गई। आरोप लगाया कि इसी बीच गांव के गांव के तीन लोगों ने उसके मकान में मिटटी का तेल डाल आग लगा दी। आग की तेज लपटें देख वह लोग मकान की दीवार फांदकर बाहर निकलें। बताया कि आग लगने बक्से में रखे 3.50 लाख हजार रुपये, सोने चांदी के जेवरात और अन्य गृहस्थी जलकर खाक हो गई। आरोप लगाया कि वह थाने गई तो उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पुलिया से टकरा कर बाइक सवार की मौत, एक घायल

**हमीरपुर।** सुमेरपुर क्षेत्र के चंदपुरवा मार्ग में महावीर मंदिर से पहले एक पुलिया में बाइक के टकरा जाने से उसमें सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसमे बैठा एक 12 वर्षीय बालक मामूली रूप से घायल हो गया। युवक कस्बा सुमेरपुर से अपने गांव इटरा जा रहा था। जानकारी के मुताबिक नीरज पुत्र मैकूलाल वर्मा कस्बा सुमेरपुर से बाइक द्वारा अपने गांव इटरा जा रहा था तभी हनुमान मंदिर के पहले बनी एक पुलिया से उसकी बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ष्टबाइक सवार के साथ एक 12 वर्षीय बालक था जिसको मामूली चोटें आई हैं मौत की खबर पाकर मृतक के घर में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे कर लाश को पोस्टमार्टम के लिये भिजवा दिया है।

## क्विक न्यूज

### ट्रैक्टर ने महिला को रौंदा, मौत

**राठ(हमीरपुर)।** बीती शाम राठ-पनवाड़ी पर मार्ग पर खेत से घर लौट रही महिला को रास्ते में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ले रौंद दिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। आज कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। महिला की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। कोतवाली क्षेत्र के कैंथा गांव निवासी राजकिशोर की 32 वर्षीया पत्नी मूलवती सोमवार की शाम करीब 6 बजे खेत से चना की भाजी तोड़कर पैदल घर जा रही थी। तभी राठ-पनवाड़ी मार्ग पर सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने महिला को रौंद दिया। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जेठ कमलेश ने बताया कि ट्रैक्टर चालक अवैध रूप से मिट्टी भरकर ले जा रहा था।

### चोरी कर भाग रहे चोर पुलिस की गिरफ्त में

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बा कुरारा के मंडी समिति से बीती रात चोरों ने मटर व तिल की बोरी चोरी कर ले गए । वहीं सुबह बेरी तिराहे के पास विक्री करते हुए व्यापारी ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया है।बीती रात मंडी समिति के अंदर संचालित श्री पूर्णा गिरि गल्ला स्टोर से चोर ने तीन बोरी मटर एक बोरी तिल श्री गल्ला स्टोर से दो बोरी मटर चोरी करके ले गए । सुबह बेरी तिराहा के पास बिक्री करते समय व्यापारी ने पकड़ लिया। तथा 112 पी आर वी को सूचना दी। चोर ने अपना नाम भागचंद्र लोधी पुत्र गजराज निवासी इंदर पुरा थाना जरिया बताया है।

### फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली

**कुरारा (हमीरपुर)।** कुरारा थाना क्षेत्र के झलोखर गांव में बीती रात अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी जुगराज सिंह (55) वर्ष खेती करते थे बीती रात अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी लगा ली जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो वह लेकर जिला अस्पताल गए वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया वहीं परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है अचानक हुई इस घटना से परिजनों में शोक व्याप्त है।

### बाइक से गिरकर आठ घायल

**राठ (हमीरपुर)।** मझगवां थाना क्षेत्र के ग्राम गौहानी निवासी रामकुमार (55) पुत्र चंद्रभान अपने साथी पवन (45) पुत्र कपूर सिंह के साथ बाइक से राठ आ रहा था। रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर दोनों बाइक से गिरकर घायल हो गये। वहीं बहर गांव निवासी लीलाधर (33) पुत्र भागबली, उसका साथी हेमंत, इटायल गांव निवासी वीरसिंह, धनोरी गांव निवासी छत्रपाल, पहरा गांव निवासी हरीश और स्यावरी गांव निवासी मंगल सिंह, राजाराम बाइक से गिरकर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया।

### कीटनाशक दवा खाकर आत्म हत्या करने का किया प्रयास

**मौदाहा (हमीरपुर)।** अज्ञात कारणों के चलते युवक ने कीटनाशक दवा खा ली गंभीर हालत उसे जिला अस्पताल में रिफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चकदहा के पंकज यादव का घर में परिजनों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिसके चलते पंकज ने घर में रखी जानवरों को दी जाने वाली कोई भयानक कीटनाशक खाली जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी उसकी हालत बिगड़ते देख परिजनों ने आनन-फानन में मौदहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उसकी हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल हमीरपुर के लिए रेफर कर दिया।

### वृद्ध ने खाया जहर

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के सदर गांव निवासी गन्नी पुत्र दस्सी ने मंगलवार की सुबह अपने पुत्रों की उपेक्षा से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगडने पर परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये। चिकित्सक ने वृद्ध की हालत गंभीर देख उसे झांसी रिफर कर दिया।

### महिला को पति ने मारपीट कर घर से निकाला

**चित्रकूट।** राजापुर थाना क्षेत्र के बरिया गांव की कल्ली पत्नी रामगोपाल ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि उसके पति राममोहन ने तीन नवम्बर की शाम छह बजे उसे बुरी तरह मारपीट कर घर से निकाल दिया है। मंगलवार को पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि पति ने दूसरी शादी सिकरी निवासी महिला से कर लिया है। पति व दूसरी पत्नी मिलकर उसे आये दिन मारते-पीटते हैं। उसके सिर की हड्डी टूट गई है। शरीर में गम्भीर चोटे आई हैं। घटना की सूचना राजापुर थाने में दी तो इलाकाई पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट दर्जकर दोषियों के खिलाफकानूनी कार्यवाही की मांग की है।

### आपे पलटी आधा दर्जन सवारियां घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** अरतरा गांव से सवारियां भरकर मौदहा की ओर आ रही आपे बाइक सवार को बचाने के चक्कर में पलट गयी जिसमे आधा दर्जन सवारिया गंभीर रुपसे घायल हो गयी। राहगीरों की मदद से एंबुलेंस के द्वारा सभी को मौदहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इस घटना में धर्मेंद्र परछछ, गुलाब रानी पत्नी अलख राम, सुवीर मनी पत्नी, उर्मिला पत्नी धर्मेंद्र कुमार, प्रेमा पत्नी अशोक कुमार, लक्ष्मण पुत्र शिवरतन बृजेश यादव वर्ष, शारदा निवासी गण परछछ। सभी लोग आपे में बैठकर मौदहा अपने निजी कार्यो से आ रहे थे तभी मौदहा अरतरा के बीच एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में आपे ड्राइवर अपना संतुलन खो बैठा और सड़क के किनारे गाड़ी जा पलटी। जिन्हे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है।

### एंटी रोमियो टीमों ने भ्रमण कर बालिकाओं को किया जागरूक

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर एंटी रोमियो टीमों ने सार्वजनिक स्थलों, बाजार, स्कूल, बस स्टैण्ड में भ्रमण कर महिलाओं व छात्राओं को जागरूक किया। नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन, महिला कल्याण एवं बाल विकास के जारी मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटी रोमियो टीम थाना भरतकूप ने रैली कल्याणपुर, सुदिनपुर, अमिलिहा, एंटी रोमियो टीम थाना बहिलपुरवा ने देशराज का पुरवा, कर्कापडरिया, एंटी रोमियो पहाडी ने कस्बा पहाडी में भ्रमण किया। एंटी रोमियो टीम कोतवाली कर्वी ने प्रमुख चौराहा बस स्टैण्ड, एंटी रोमियो टीम महिला थाना ने स्कूल जाने वाली छात्राओं व अन्य थानों की टीमों ने भ्रमण कर बालिकाओं को वूमेन पावर लाइन, महिला हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, पुलिस आपात कालीन सेवा, चाइल्ड हेल्पलाइन, स्वास्थ्य सेवा, एम्बुलेंस सेवा के नम्बर बताते हुए अपने थानों के सीयूजी नम्बर देकर जागरूक किया।

### ससुरालियों की प्रताड़ना से क्षुब्ध विवाहिता ने लगाई फांसी

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** क्षेत्र के ग्राम सराय प्रयाग निवासी जगदीश पुत्र मिहिलाल द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि उसने 22 वर्षीय पुत्री शीतल की शादी ग्राम दिहुली निवासी विमलेश के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुराली जन पति विमलेश, सास राधा, जेठ जगरूप, ननंद रीता, देवर लख्मी व कमलेश, सूरज ने उसकी पुत्री शीतल के साथ आए दिन अभद्रता व मारपीट करते थे। विगत 7 नवंबर की शाम ससुराली जनों की अभद्रता मारपीट व प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर उसके पुत्री ने फांसी लगा ली। जिसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पीड़ित पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दबंगों ने मारपीट कर जख्मी किया रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा ( हमीरपुर )।** कुरारा थाना क्षेत्र के ककरऊ गांव के ग्रामीणों ने दरवाजे में आ कर गाली गलौज किया लाठी डंडो से मारपीट किये जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। क्षेत्र के ककरऊ गांव निवासी भगवानदीन सविता ने पुलिस को बताया कि बीती रात परिवार सहित भैया दूज का पर्व घर में मना रहा था तभी गांव निवासी नंद गोपाल यादव रामपाल यादव मानवेंद्र पुत्र सुरेंद्र व जितेंद्र पुत्र राम सजीवन तथा गोरेलाल पुत्र अनोखेलाल हाथ में लाठी डंडे व तमंचा लहराते हुए घर में आधम के तथा गाली गलौज करने लगे जब मैंने उनको मना किया तो सभी ने एक राय होकर लाठी डंडे से मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकले तब मैंने डायल 112 को घटना की जानकारी दी इसके गांव पहुंचने पर आरोपी पकड़ में नहीं आए तब हम ने थाने में तहरीर दी उक्त लोगों के भय से घर नहीं जा पा रहे हैं पीड़ित ने सुरक्षा की मांग थाना पुलिस से की है वहीं पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

# मासूम बच्चों को हवस का शिकार बना अश्लील वीडियो इंटरनेट पर डालने वाला सिंचाई विभाग का जेई निलंबित

● सीबीआई की गिरफ्तारी के बाद हुई कार्रवाई

संवाददाता। चित्रकूट



**मासूम** बच्चों के साथ यौन शोषण और उनके अश्लील वीडियो इंटरनेट पर डालने के मामले में सीबीआई टीम ने जिले में सिंचाई विभाग के निर्माण खंड में तैनात अवर अभियंता रामभवन को गिरफ्तार कर लिया है। लगभग एक पखवाड़े से चल रही इस कार्यवाही में सीबीआई टीम ने आरोपी अवर अभियंता के पास से 8 लाख रुपए नगदएआठ मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक बांदा जिले के नरैनी कस्बा का रहने वाला जेई रामभवन वर्मा पिछले एक दशक से सिंचाई विभाग में कार्यरत है।सीबीआई के अधिकारियों ने रामभवन को गिरफ्तार करने के बाद बताया कि इस अवर अभियंता पर पिछले 10 वर्षों के दौरान कई बच्चों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप है।आरोपी इस घिनौने कृत्य के वीडियो और तस्वीरें पूरी दुनिया में संचालित पॉर्न साइट्स को इंटरनेट पर बेचता था।अधिकारियों का कहना है कि इस घिनौने कृत्य के आरोपी और अभियंता ने 5 से 16 वर्ष आयु के लगभग 50 बच्चों को अपना शिकार बनाया था।पीड़ित बच्चे बांदाएचित्रकूट और हमीरपुर के रहने वाले थे। वह मुख्यरूप से बच्चों के यौन उत्पीड़न से संबंधित सामग्री पूरी दुनिया में संचालित पॉर्न साइट्स को उपलब्ध कराता था।आरोपी अवर अभियंता के पास से तलाशी के दौरान आठ मोबाइल फोनए8 लाख रुपये नगदएसेक्स ट्वायज और तमाम डिजिटल सबूत मिले हैं। सीबीआई के अधिकारियों के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने यह भी बताया है कि वह इन घिनौने कृत्य को छिपाने के लिए बच्चों को पैसाएइलेक्ट्रॉनिक उपकरण समेत कई अन्य चीजें भी देता था। इस मामले को लेकर सीबीआई टीम ने तीन बार जिले में दबिश दी थी।जिसमें पहली बार एक पखवाड़े पहले अवर अभियंता को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी।

# नरेंद्र गिरि व जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कराई चित्रकूट के निर्मोही अखाड़ा की महंती

● जगद्गुरू की उपाधि को लेकर चित्रकूट के दो प्रमुख संतो के बीच शुरू हुई जुबानी जंग

**चित्रकूट।** धर्मनगरी चित्रकूट स्थित निर्मोही अनी अखाड़ा की विवादित महंती के बीच मंगलवार को अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्रगिरि और जगद्गुरु रामभद्राचार्य की मौजूदगी में संत शिवरामदास और संत दीनदयाल दास दो महंतों की कंठी माला की गई। कामदगिरि पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी रामस्वरूपाचार्य द्वारा जगद्गुरु लिखे जाने को लेकर अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि द्वारा दिए गये बयान के बाद चित्रकूट में विवाद गहरा गया है। अखाडा परिषद् के अध्यक्ष ने अपने बयान में कहा कि रामभद्राचार्य के अलावा चित्रकूट में कोई दूसरा जगद्गुरु नही है। उन्होंने कामदगिरि पीठ के महंत रामस्वरूपाचार्य को जगद्गुरू मानने से मना किया है। मंगलवार को निर्मोही अखाड़ा चित्रकूट के साकेतवासी महंत श्रीश्री 108 रामआश्रय दास जी महाराज की 13 वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य पर श्रद्धांजलि समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। समारोह में अतिथि के रूप में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि मौजूद रहे। वहीं अध्यक्षता तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने की। कार्यक्रम में तीन आखाड़ो और चित्रकूट के आधा सैकड़ो संतो की मौजूदगी में आयोजित इस समारोह में लम्बे समय से विवादित चल रहे निर्मोही अखाड़ा के महंत पद पर शिवराम दास और दीन दयाल दास को संयुक्त रूप से महंत घोषित किया गया।

# स्नातक चुनाव में पोलिंग सेंटरों पर होंगे मतदाता सम्मेलन

संवाददाता। चित्रकूट



भाजपा की बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे।

**स्नातक/शिक्षक** चुनाव को लेकर भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता में हुई बैठक में क्षेत्रीय मंत्री अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि 18 से 21 नवम्बर तक मतदान केन्द्र की बैठक होगी। बैठकों में बीस मतदाता पर एक कार्यकर्ता शिक्षक तथा दस मतदाता पर एक नाम तय करके सम्पर्क की योजना बनेगी।

मंगलवार को हुई बैठक में सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि पार्टी प्रत्याशी यज्ञदत्त शर्मा के समर्थन को अब तक किये क्रियाकलापों के विस्तार की जानकारी मतदाता को देनी जरूरी है। तभी पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में ज्यादा मतदान कराकर बहुमत से विजयी बना सकते हैं। लोनिवि राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि प्रत्येक पोलिंग सेन्टर पर मतदाता सम्मेलन जरूरी है। शिक्षक व स्नातक मतदाताओं का अलग-अलग सम्मेलन किया जायेगा। सम्मेलन की सफलता को कार्यकर्ता जुट जायें।

विधायक आनन्द शुक्ला ने मतदाताओं को एमएमएस के माध्यम से निरंतर सम्पर्क जारी रखने को कहा। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ता टोली बनाकर बड़े पैमाने पर जनसम्पर्क अभियान में जुट जायें। डॉ रणवीर सिंह चौहान ने अतिथियों का स्वागत कर पहले चक्र में सभी मतदाताओं से जनसम्पर्क अभियान जोरों पर है। बैठक में डॉ विपुल प्रताप सिंह, राजेश जायसवाल, राघवेन्द्र सिंह, डॉ आलोक पाण्डेय, मोहनदास मिश्र, राजीव त्रिपाठी, दिनेश तिवारी, शिवशरण शुक्ला, शशि शुक्ला, निर्मलेन्द्र प्रकाश, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, प्रेमलाल बाल्मीकि व अर्पित जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# 15 दिसंबर तक होगा मतदाता पंजीकरण: सीडीओ

संवाददाता। चित्रकूट



छात्राओं के बीच बोलते सीडीओ।

**भारत** निर्वाचन आयोग के अनुसार सूबे के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेडीपुलिया में मतदाता पंजीकरण का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी व एडीएम गणेश प्रसाद सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवल कर किया। कहा कि प्रतिवर्ष की भांति विधानसभा निर्वाचक नामावली का संक्षिप्त पुनरीक्षण एक जनवरी 2021 को जिस युवा मतदाता की उम्र 18 वर्ष पूरी होती है उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज किया जायेगा।

मंगलवार को सीडीओ अमित आसेरी ने कहा कि ये कार्यक्रम 17 नवम्बर से शुरु होकर 15 दिसम्बर तक चलेगा। इस बीच जो मतदाता पहले से दर्ज हैं। उसमें किसी प्रकार की गलती है तो संशोधन भी होगा। तहसीलदार संजय अग्रहरि व एसडीएम रामप्रकाश ने पंजीकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एडीएम गणेश प्रसाद सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को मतदान का महत्व बताया। सीडीओ ने भारत के इतिहास की याद दिलाते हुए छात्राओं को बताया कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। हम अपनी सत्ता खुद चुनते हैं। प्रत्येक युवक को मतदाता अवश्य बनना चाहिए।

जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ओंकारराणा, स्वीप कोआर्डिनेटर डॉ एस कुरील ने छात्र-छात्राओं से कहा कि अपने परिवार, पास-पड़ोस व रिश्तेदारों के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने को प्रेरित करें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके पाल ने आभार जताया। संचालन प्राध्यापक डॉ नीरज गुप्ता ने किया। इस मौके पर डॉ बंशगोपाल, डॉ सीमा कुमारी, डॉ अमित सिंह, डॉ धर्मेन्द्र सिंह, डॉ अमित कुशवाला, डॉ रामनरेश यादव, डॉ राकेश वर्मा ने सफल संचालन किया।

## बुद्दा ने दलित युवक पर करवाया सम्पत मवासी से हमला

**चित्रकूट।** बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के रुकमाखुर्द गांव में दलित बस्ती में रामकरन वर्मा (24) पुत्र संता को गोली मारकर घायल करने में गांव के ही बुद्दा उर्फत्रियुगीनारायण पुत्र जगमोहन के गुर्गे सम्पत मवासी का हाथ है। बुद्दा ने पंचायत चुनाव के चलते सम्पत मवासी से गोली मरवाई है। ये घटना को रविवार को रात आठ बजे सम्पत मवासी ने दलित बस्ती के रामकरन वर्मा के घर में घुसकर अंजाम दी थी। बहिलपुरवा थाना पुलिस जुलाई माह में गांजा में घायल युवक को जेल भेज चुकी है। बुद्दा के परिजनों का इलाका थाने में खासा दबदबा है। दबदबे के चलते पंचायत चुनाव में बुद्दा के पक्ष में न खड़े होने पर बुद्दा ने अपने खास गुर्गे सम्पत मवासी से रामकरन वर्मा के ऊपर दोनाली बन्दूक से हमला करवाया है। बुद्दा ने अपनी लाइसेंसी बन्दूक सम्पत मवासी को दी थी। सम्पत मवासी ने उसी बन्दूक के कुन्दे से पप्पू वर्मा पुत्र लालजी को भी घायल किया है। बन्दूक का कुन्दा टूट गया है। बुद्दा की बन्दूक की जांच की जाये तो घटना का पर्दाफाश हो सकता है।

## चौपरा मंदिर तालाब में गंदगी फैलाने पर अब भुगतना पड़ेगा 500 रुपये जुर्माना

**राठ ( हमीरपुर )।** चौपरा मंदिर तालाब में गंदगी फैलाने वालों पर अब 500 रुपये का जुर्माना लगेगा। कस्बे के चौपरा मंदिर तालाब में आए दिन लोग कूड़ा करकट डाल कर उसका पानी दूषित करते हैं। जिससे भयंकर दुर्गंध निकलती है और श्रद्धालुओं को काफी परेशानी होती है। जिसकी कई बार सफाई कराने के बावजूद भी लोग तालाब की साफ-सफाई पर उदासीन बने हुए हैं। जिसको देखते हुए उन्होंने अब उक्त तालाब में गंदगी फैलाने वालों के ऊपर 500 रुपये का दंड लागू कर दिया है। जो रुपया तालाब की साफ सफाई में ही खर्च किया जाएगा।

# कोरोना संक्रमित पूर्व सभासद की मौत

**हमीरपुर।** सदर नपाप की 73 वर्षीय पूर्व महिला सभासद की इलाज के दौरान मंगलवार को कानपुर में मौत हो गई। उन्हें सात नवंबर को कोरोना की पुष्टि हुई थी। उधर, सात नए मरीजों के मिलने के साथ ही कोरोना संक्रमित मरीजों के साथ ही एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़नी शुरू हो गए हैं। इनमें एक जेल में निरुद्ध बंदी में भी कोरोना की पुष्टि हुई है। सीएमओ डॉ. आरके सचान ने बताया कि कोरोना से 73 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हुई है। उनकी 7 नवंबर को कानपुर के रीजेंसी हॉस्पिटल में कोरोना की जांच पॉजिटिव आई थी। वह पहले से सांस की रोगी थी। रीजेंसी में उपचार चल रहा था। जहां 7 नवंबर को तबियत ज्यादा बिगड़ने पर दिखाया गया था।

जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उन्हें कानपुर के रामा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां दस दिन तक भर्ती रहने के बाद मंगलवार को उनकी मौत हो गई। कोरोना से जनपद में इस एक मौत के साथ अब तक कुल 20 लोगों की मौत हो चुकी है। आज जिनकी मौत हुई हैए वह गत पंचवर्षीय में सैय्यदबाड़ा मोहल्ले से सभासद चुनकर आई थी। मंगलवार को जनपद में सात नए कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। आज जिन लोगों को कोरोना की पुष्टि हुई है, एसडीएम ऑफिस में कार्यरत 19 वर्षीय युवक, मौदहा में 24 वर्षीय युवक, मलेहटा गांव की 28 वर्षीय महिलाए जिला जेल में निरुद्ध 17 वर्षीय विचाराधीन बंदी की जांच रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। जेल में कुल 29 बंदियों के नमूने लिए गए थे, जिसमें एक में कोरोना की पुष्टि हुई है। इकठौर गांव निवासी 48 वर्षीय अधेड़, सुमेरपुर के गुरगुज बड़ी अथाी में 73 वर्षीय महिला और 52 वर्षीय अधेड़ में कोरोना की पुष्टि हुई है। तीन मरीजों को कोरोना से ठीक होने पर डिस्चार्ज किया गया है। इसमें कुरारा सीएचसी से एकए सुमेरपुर कोविड.19 संबद्ध हॉस्पिटल से एक और सरस्वती मेडिकल कॉलेज उन्नाव से एक मरीज को डिस्चार्ज किया गया है। सीएमओ ने बताया कि मंगलवार को कुल 1510 लोगों के सैंपल लेकर जांच की गई थी। जिसमें सात मरीज मिले हैं। अब तक कुल पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़कर 1379 हो चुकी है। जबकि तीन मरीजों को डिस्चार्ज करने के बाद ठीक होने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर 1325 हो गई है। मौजूदा समय में 34 एक्टिव मरीज हैं।

## अधिकारों का प्रयोग कर कुरीतियों व भ्रष्टाचार को समाप्त करें : अमन

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** सभी नागरिकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर कार्य करना चाहिए। अपने अधिकारों का प्रयोग कर अपनी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य संवारे। समाज में फैली कुरीतियों और भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए नागरिक जनहित में अपने अधिकारों का प्रयोग कर भ्रष्टाचार व कुरीतियों को समाप्त करें। यह बात ग्राम कुसुमखोर में आयोजित सम्मान समारोह में अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण के प्रदेश महासचिव अमन सिद्दीकी ने कही। राष्ट्रीय अध्यक्ष मतीन कादरी कादरी के निर्देशानुसार संगठन की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए नागरिक सबसे पहले अपने अधिकारों के बारे में जाने। प्रदेश सचिव इंजीनियर आमिर खान ने कहा की जरूरतमंदों की मदद करने को भी मानव अधिकार कहते हैं और अपने अधिकार शासन व प्रशासन से कैसे लें इस पर भी बल दिया गया। इससे पूर्व नागरिकों ने मुख्य अतिथि का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

## समस्याओं के निस्तारण में तत्पर रहने वाले कर्मी होते हैं जनप्रिय: हाफिज फुरकान



साल ओढ़ाकर सम्मान देते हाफिज फुरकान।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** नगर पंचायत समधन क्षेत्र के नागरिकों की सुविधाओं व उनकी जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले कर्मी सम्मान के हकदार हैं। कोरोना में निरंतर साहसिक योगदान देकर अपनें जीवन की परवाह न करते हुये नागरिकों की सेवा में तत्पर नगर पंचायत कर्मी व उनकी टीम नें नगर में साफ-सफाई सहित कीटनाशकों का छिड़काव कर उन्हें कोरोना संक्रमण के प्रकोप से बचाने का कार्य किया है।

यह बात बुधवार को नगर पंचायत समधन में वार्ड नंबर 11 अशफाक उल्ला नगर के सभासद हाफिज मोहम्मद फुरकान ने पंचायत कर्मी मास्टर हनीफको सर्दी से बचाव के लिए शाल ओढ़ाकर सम्मानित करने के उपरांत कहीं। ऐसे कर्मचारी जनप्रतिनिधियों व नागरिकों के दिलों पर राज करते हैं। नागरिकों के मूलभूत समस्याओं के निस्तारण में उन्होंने व उनकी टीम ने सराहनीय भूमिका निभाई है। ऐसे कर्मियों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन करना बेहद जरूरी है।

## आवेदक को आरटीआई के तहत नहीं मिली सूचना

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** नगर के जागरूक युवा द्वारा जनहित में छिबरामऊ तहसीलदार से नगर में स्थित सरकारी भूमि का ब्यौरा मांगा गया था। समय सीमा बीत जाने पर भी जब जवाब नहीं मिला तो उसने प्रथम अपील अपर जिलाधिकारी के समक्ष की। जहां उन्हें न्याय की जगह आश्वासन मिला। नगर की मूलभूत समस्याओं को उठाने वाले युवा अभिमन्यु त्रिपाठी द्वारा जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत छिबरामऊ तहसीलदार से नगर में सरकारी भूमि के ब्योरे की जानकारी मांगी गई थी। जनसूचना अधिकारी/तहसीलदार छिबरामऊ द्वारा न दिए जाने पर उसने अपीलीय अधिकारी/एडीएम कन्नौज को प्रार्थना पत्र प्रेषित किया था। अपीलीय सुनवाई में एडीएम द्वारा सूचना प्राप्ति हेतु प्रार्थी को वेब लिंक उपलब्ध कराने की बात कही गई थी। परन्तु अभी तक किसी भी तरह की लिंक या जानकारी प्रार्थी को उपलब्ध नहीं कराई गई। जिस पर प्रार्थी ने सूचना आयोग उत्तर प्रदेश को पत्र भेज कर अवगत कराया है।

# 130 शिकायतों में से पांच का हो सका निपटारा




संवाददाता। बल्दीराय, सुलतानपुर

**मंगलवार** को सीडीओ की अध्यक्षता में बल्दीराय तहसील मुख्यालय पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों ने अपनी व्यथा व्यक्त की। सीडीओ से स्थानीय अफसरों की कार्यशैली से अवगत कराया और न्याय की उम्मीद जताई। इस मौके पर कुल 130 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें मात्र पांच का ही मौके पर निपटरा हो सका।

मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स 12.30 बजे तक फरियादियों की शिकायतें सुनते रहे। उनके जाने के बाद से समाधान दिवस मात्र औपचारिकता ही रह गया। सारे मातहत अधिकारी कर्मचारी तितर-बितर रहे। यहां पर आए हुए फरियादियों में से अधिकांश लोग जिलाधिकारी के न आने से निराश लौट गए। ऐजर से अरविंद तिवारी, अशोक कुमार तिवारी, आलामऊ से शहनाज बानों ने अपना प्रार्थना पत्र दिखाते हुए कहाकि 10 तारीख को ही एसडीएम साहब को शिकायत पत्र दे दिया गया था। लेकिन उस पर कोई विचार अभी तक नहीं हुआ। इसलिए जिलाधिकारी महोदय से फरियाद करनी थी परंतु नहीं आए। वहीं पर अरविंद तिवारी ने कहाकि तीन बार समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई गई। परंतु अभी तक चकमार्ग खाली नहीं हुआ। शिकायतों का कोई निस्तारण नहीं होता है। कहीं आवास, पट्टाधारक, अवैध कब्जे को लेकर शिकायतें अधिक रहीं। फिलहाल, कुल 130 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें पांच का निस्तारण हुआ। समाधान दिवस में एसडीएम बल्दीराय राजेश सिंह, तहसीलदार शैलेंद्र चौधरी, सीडीपीओ उषा सिंह, सीएमओ सीबीएन त्रिपाठी, बीडीओ बल्दीराय अंजलि सरोज, बीडीओ धनपतगंज संदीप सिंह के साथ मातहत कर्मचारी मौजूद रहे।

### कप्तान ने भ्रमण कर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**सुलतानपुर।** पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीणा ने मंगलवार को भ्रमणशील रहकर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिले की सीमाओं को सील कर व्यापक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। एसपी स्वयं थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के पयागीपुर चौराहा, थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के हनुमागंज बाजार, कामतागंज बाजार, थानाक्षेत्र लम्भुआ के कस्बा लम्भुआ, शम्भूगंज, जनपद प्रतापगढ बार्डर, थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के प्रतापगंज, जनपद अमेठी बार्डर आदि स्थानों पर आने जाने वाले संदग्धि व्यक्तियों, वाहनों की संघन चेकिंग की गयी। कड़ाई से पूछताछ की गयी। साथ ही साथ एसपी द्वारा स्वयं यातायात माह के मद्देनजर दरियापुर में लगे जाम को छुडवाया गया। लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गयी।

### अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार

**बल्दीराय,सुल्तानपुर।** पुलिस ने गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर उनके पास से 1 किलो 150 ग्राम गांजे के साथ 21,595 रुपये नकदी भी बरामद की। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस पूछताछ कर रही है। एसपी शिव हरी मीणा के निर्देश पर पुलिस जिले में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री करने वालों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान चला रही है।

सोमवार रात बल्दीराय पुलिस को एक तस्कर को थाना क्षेत्र के सुखबड़ेरी गांव मोड़ के पास आने की सूचना मिली थी। जिस पर बल्दीराय थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने पुलिस टीम के साथ वहां दबिश दी। मौके से बैठे शिवानंद दुबे पुत्र देशराज दूबे निवासी भाले सुल्तान मजरे बहुरावा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पीठ में टंगे बैगों की तलाशी लेने पर पुलिस को सूखा गांजा व नकदी बरामद हुई। आरोपी को गिरफ्तार करने में देहली चौकी इंचार्ज हरिश्चंद्र राव, उप निरीक्षक सैयद नसीरुद्दीन व हेड कांस्टेबल कमलेश पटेल शामिल रहे।

# 51 शिकायतों में से तीन का निस्तारण

संवाददाता। श्रावस्ती

**जमुनहा** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी श्रावस्ती ने की इस मौके पर उप जिला अधिकारी जे पी चौहान खंड विकास अधिकारी डॉ जितेंद्र नाथ दुबे जमुनहा नायब तहसीलदार अवनीश कुमार अधीक्षक समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर डॉ रविंद्र सोनकर सहायक विकास अधिकारी पन्नालाल जमुनहा ए डी ओ एजी रामनरेश वर्मा व संबंधित अन्य अधिकारी मौजूद रहे इस मौके पर उपस्थित अधिकारियों को उप जिलाधिकारी जमुनहा ने निर्देशित करते हुए कहा की आए हुए सभी प्रार्थना पत्र का तत्काल प्रभाव से निस्तारण करें और निस्तारण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा समस्या के निदान में लापरवाही बरती गयी सम्बन्धित के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी ।

### युवक की मौत

**श्रावस्ती।** जमुनहा. मल्हीपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत कथरा माफी के मजरा कटोहला निवासी बंसी लाल यादव पुत्र आसाराम यादव आयु 32 वर्ष की सोमवार रात को लगभग 6 बजे अपने घर से बीज बोने और जोतने के लिए ट्रैक्टर की तलाश में गया हुआ था देर रात तक जब वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजन सुबह होते ही तलाश करने लगें तब उसका शव खेत में पड़ा मिला जिसको देखकर परिजनों के होश उड़ गये जिसकी सूचना परिजनों ने थाना मल्हीपुर को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को किया गया जागरूक




संवाददाता। श्रावस्ती

**यातायात** माह नवंबर 2020 के दौरान मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने के लिए वाहन चालकों व आमजन में यातायात जागरूकता बढ़ाये जाने हेतु समस्त थाना चौकी प्रभारी सहित प्रभारी यातायात उ0नि0 राजीव कुमार मिश्रा मय टीम द्वारा कस्बा क्षेत्र में भ्रमण कर वाहन चालकों व आम जनमानस को यातायात नियमो व संकेतो के बारे में जानकारी देते हुए उनके अनुपालन करने एवं कोविड.19 को ध्यान में रखते हुए मास्क लगाने और वाहन चलाते समय हेलमेट लगाना सीट बेल्ट लगाना तथा मोबाइल का प्रयोग न करने के साथ.साथ शराब पीकर वाहन न चलाने ओवर स्पीड व लापरवाही पूर्वक वाहन न चलाने की अपील की गई तथा सभी को यातायात पम्पलेट हैंडविल पोस्टर वितरित किया गया।

### सरहंग युवक पर मुकदमा दर्ज

**लालगंज रायबरेली।** परिवहन निगम की बस में पथराव करने वाले युवक के विरूद्ध कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को दिल्ली जा रही लालगंज डिपो की परिवहन निगम बस पर पूरे जबर मजरे धनाभाद गांव के सामने एक युवक ने पथराव किया था। जिसमें बस के शीशे टूट गए थे। बस के चालक व सवारियां ने युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया था।

इसी मामले में बस चालक सुनील पांडेय, विजय कुमार व परिचालक सत्य प्रकाश ने सामूहिक रूप से शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को दिया था। शिकायत मिलने के बाद हरकत में आई पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी को दबोचा। कोतवाल अरूण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी युवक जयशंकर उर्फ अफरीदी के विरूद्ध धारा 427,323,336 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# संपत्ति के विवाद में युवकों पर हमला, दोनों रेफर



संवाददाता। डलमऊ रायबरेली

**मंगलवार** को संपत्ति विवाद मे एक बार फिर खूनी रंजिश सड़क पर उतर आई जब नेशनल टाइल सेनेटरी एंड पेंटस प्रतिष्ठान के मालिकों पर आधा दर्जन युवकों द्वारा हमला कर लहूलुहान कर दिया गया मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा दोनों युवकों को घायल अवस्था मे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डलमऊ पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया. घटना मंगलवार सुबह लगभग नौ बजे की है जब रायबरेली से अपने डलमऊ स्थिति अपने प्रतिष्ठान की ओर आ रहे महफूज अली पुत्र मकसूद व मतलूब अली पुत्र मकसूद अली पर मुराई बाग क्रासिंग से चंद कदम पहले ही कुछ लोग बाइक सवार व्यापारियों को रोककर आधा दर्जन लोगों द्वारा डंडों से हमला बोल दिया अप्रत्याशित हमले से दोनों बाइक सवार व्यापारी सड़क पर गिर गए जिनके बाद भी हमलावर उन्हे पीटते रहे. सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां से उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया. इस प्रकरण पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भादसं 147, 148, 307, 504, 506,व 34 के तहद मामला दर्ज कर लिया है मामले मे सरजू सोनकर,रज्जन सोनकर, नर्मदा सोनकर,राहुल,शीतेन्द्र,राघवेन्द्र, मनोज सोनकर को नामजद किया गया है घटना के बाद पुलिस ने छापेमारी करते हुए नर्मदा सोनकर को गिरफ्तार कर लिया है डलमऊ पुलिस घटना के तार 30सितंबर जिसमे अनुसूचित जाति के युवक पर जानलेवा हमले के साथ जोड़कर देख रही है दो समुदाय के लोगों के बीच विवाद पर उपजे बेहद संवेदनशील मामले में डलमऊ कोतवाल लालचन्द्र सरोज द्वारा उच्चस्तरीय भूमिका अदा की गई जिससे यह मामला सांप्रदायिक रंग नहीं चढ़ पाया जिससे क्षेत्र मे प्रभारी व उपनिरीक्षक संजय सिंह की सराहना की जा रही है. इस प्रकरण पर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि नामजद अभियुक्त नर्मदा सोनकर को गिरफ्तार कर लिया गया है शेष अभियुक्तों की तलाश जारी है.

### बड़ी घटना को नहीं दे पाए अंजाम

कोतवाली प्रभारी लाल चन्द्र सरोज की तत्परता के कारण क्षेत्र का संवेदनशील मामले की चिंगारी जो पिछले डेढ़ माह से सुलग रही थी उसे आग बनने से पहले ही राख का ढेर बना दिया गया प्रभारी की नजर इस मामले में डेढ़ माह पहले हुई मारपीट उत्पन्न उत्तेजना के माहोल को जेहन मे रखते हुए त्योहार से पूर्व अपने अधीनस्थों को एक अंजाने अंदेशे से सतर्क कर रखा था जिसमे स्वयं प्रभारी शाम होते ही नगर क्षेत्र मे गश्ती कर कानून व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित करते रहे विचारणीय बात ये है कि हिंसात्मक घटना के बाद जो मूल समस्या है वो यथावत बनी हुई है आगे और क्या होगा या हो सकता है ये तो भविष्य के गर्भ में छुपा है।

# शिक्षित बेरोजगारों के लिए संघर्ष करती रहूंगी: कांति सिंह

संवाददाता। शिवगढ़ (रायबरेली)

**स्नातक** एमएलसी कांति सिंह ने शिवगढ़ एवं बछरावां क्षेत्र के दर्जनों गांवों एवं स्कूलों का भ्रमण कर विद्यालय स्टाफ और ग्रामीणों से जनसंपर्क किया। इस दौरान कांति सिंह ने शिवगढ़ क्षेत्र के जनता इण्टर कॉलेज गूढ़ा और बछरावां क्षेत्र के तालुकेदारिया इण्टर कॉलेज सेहगों में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों एवं बुद्धिजीवियों और शिक्षण संस्थानों के स्टाफ के साथ बैठक कर अपने कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में सैकड़ों हैंडपम्प एवं सोलर लाइटें लगवाई हैं। साथ ही स्कूलों को बाउंड्रीवाल, कमरे और टीन शेड एवं उपयोगी उपकरण देने का काम किया है। इसी के साथ गम्भीर बीमारियों से ग्रसित अनगिनत लोगों की आर्थिक मदद की है। कांति सिंह ने कहा कि मैंने हमेशा निस्वार्थ भावना से जरुरतमन्दों की मदद एवं जनहित के कार्य किए हैं। कान्ति सिंह ने कहाकि मैं अपनी अन्तिम सांस तक स्नातक बेरोजगारों के लिए संघर्ष करती रहूंगी। वहीं बैठक के संयोजक अखिलेश पटेल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पहले भी स्नातक एमएलसी होते थे किंतु स्नातक एमएलसी की महत्ता क्या होती है, किसी को नही पता थी। एस.पी.सिंह और कान्ति सिंह ने हमेशा धरातल पर काम किया। कांति सिंह ने स्नातक एमएलसी बनने के बाद विकास का पिटारा खोल दिया और सभी को बता दिया कि स्नातक एमएलसी चाहे तो बहुत कुछ विकास कार्य करा सकता है। एसपी सिंह और कांति सिंह ही हैं जिन्होंने स्नातक मतदाताओं को मताधिकार के प्रति जागरूक किया और उन्हें मताधिकार की शक्ति का एहसास कराया। जिसके परिणाम स्वरूप स्नातक मतदाताओं को स्नातक एमएलसी के चुनाव का इंतजार रहता है। आज इतनी जागरूकता आ गई है कि स्नातक मतदाता स्नातक एमएलसी को वोट देते समय गर्व महसूस करते हैं कि उन्हें वोट देने का विशेषाधिकार प्राप्त है वे अपने बहुमूल्य मताधिकार का प्रयोग करके ईमानदार, निष्ठावान एवं कर्तव्यनिष्ठ स्नातक एमएलसी चुन सकते हैं। इस मौके पर एमएलसी प्रतिनिधि डी.पी. सिंह,भानु प्रकाश पटेल,संजय वर्मा आदि क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक एवं युवा मौजूद रहे।

# डीएम ने किया औचक निरीक्षण

संवाददाता। लालगंज, रायबरेली



**कोविड-19** को लेकर आधुनिक रेलडिब्बा कारखाना लालगंज स्थित एलटू हास्पिटल में किस कदर स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बरती जा रही है यह डीएम के निरीक्षण में सामने आ गई। वहां मौजूद चिकित्सक व कर्मचारी यह तक नही बता सके कि अस्पताल में कितने बेड व मरीज हैं। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने एलटू हास्पिटल का निरीक्षण करते हुए जब मौजूद चिकित्सकों व नर्सो से यह पूछा कि यहां पर कितने वार्ड हैं, कितने बेड भरे हैं कितने बेड खाली, कितने मरीज भर्ती हैं तो कोई भी सही जवाब नही दे सका। इस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने एलटू हास्पिटल में ही अलग से एलवन हास्पिटल भी बनाने के निर्देश देते हुए डा.बीरबल को उसका प्रभारी बनाने के लिए सीएमओ वीरेंद्र कुमार सिंह से कहा। डीएम ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दास्त नही की जाएगी। उन्होंने मरीजों को दिए जाने वाले भोजन को मगवाकर उसकी गुणवत्ता भी परखी। डीएम ने भोजन को संतोषजनक बताया। रायबरेली से लालगंज आते समय डीएम ने कारखाने के सामने एक टूरिस्ट बस को भी रूकवाकर उसकी जांच की तो उसमें सवारियां भरी मिली। रायबरेली से दिल्ली रूट पर सवारियां भरकर ले जाने सम्बन्धी अभिलेख न दिखा पाने पर डीएम ने तत्काल एआरएम परिवहन विभाग अक्षय कुमार को मामले की जानकारी दी। एआरएम समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए। डीएम ने कहा कि प्राइवेट वाहन गलत तरीके से सवारियां ढ़ो रहे हैं जिसकी जांच जरूरी है। डीएम ने क्षेत्राधिकारी इंद्रपाल सिंह से पुलिस द्वारा भी वाहनों की जांच कराने के आदेश दिए। कोतवाल अरूण कुमार सिंह ने बताया कि बस को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों ने सीज कराया है।

### सड़क हादसे में दो गंभीर रूप से घायल

**बछरावां रायबरेली।** लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर बछरावां के स्कॉलर हाल स्कूल के सामने दो बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हुए राकेश पिता राम महेश उम्र 34 वर्ष गुड्डू पिता रामनरेश उम्र 35 वर्ष निवासी हसनगंज मोटरसाइकिल सवार बछरावां की तरफ आ रहे थे तभी लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर स्कॉलर हाल के सामने अज्ञात वाहन ने पीछे से ठोकर मार दी जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों के द्वारा बछरावां पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची ने आनन-फानन में पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार किया गया और डॉक्टरों का कहना था कि दोनों लोगों की हालत गंभीर होने के कारण ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया जा रहा है।

# सड़क हादसे में घायल बीआरसी कर्मी की मौत

संवाददाता। सुलतानपुर

**सडक** दुर्घटना में घायल मोतिगरपुर बीआरसी में तैनात अनुचार की मौत की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव ले जाया गया तो कोहराम मच गया। पीडित परिवारीजनों को ढांढस बंधाने वालों का तांता लगा हुआ है। महिलाओं की चीत्कार से लोगों का कलेजा फट जा रहा था। मृतक अनुचार के स्वभाव की ही चर्चा दिनभर होती रही। मोतिगरपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत रोहनी खोजगीपुर गांव निवासी इंद्रजीत वर्मा मोतिगरपुर बीआरसी में बतौर अनुचर कार्यरत था। सोमवार की देररात वह बाइक से घर लौट रहा था। तभी सडक हादसे का वह शिकार हो गया। गंभीर रूप से जख्मी इंद्रजीत को आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां थोडी ही देर में उसकी सांसे थम गई। अचानक हुई मौत की खबर गांव पहुंची तो लोगों को एक बारगी विश्वास ही नहीं हुआ। परिवारीजन एवं ग्रामीण अस्पताल की ओर भागे। गांव में कोहराम मच गया। मंगलवार की सुबह नात-रिश्तेदारों का आना शुरू हुआ तो महिलाओं की चीत्कार और करूण क्रंदन से लोगों का कलेजा फट गया। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव ले जाया गया तो अंतिम विदाई के समय एक बार फिर से माहौल गमगीन हो गया। सभी के मुंह से यही निकल रहा था कि इंद्रजीत सरल स्वभाव एवं मिलनसार थे। उनकी कमी अब हमेशा खलेगी। पत्नी सीमा वर्मा, बेटी मानसी समेत अन्य परिवारीजन सदमे हैं। विधायक सीताराम वर्मा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, वीरेंद्र शर्मा, आदि लोग मौजूद रहे।

# जर्जर सड़क बनी काल, शिक्षक घायल, महिला की हुई मौत

**लालगंज,रायबरेली।** जर्जर सड़क राहगीरों के लिए काल बनी हुई है। गड्ढ़ो की चपेट में आकर आए दिन राहगीरों की जाने जा रही हैं। मंगलवार को अलग अलग मामलों में जहां एक शिक्षक घायल हो गया वहीं एक महिला की मौत हो गई। रूखसाना (28) अपने पति अनीस के साथ अपने मायके ऊंचाहार से ससुराल ग्राम मनकापुर थाना बिहार जनपद उन्नाव बाइक से जा रही थी। लालगंज-उन्नाव मुख्यमार्ग पर सैंबसी गांव के निकट जर्जर सड़क पर बने गड्ढ़े में बाइक का पहिया चले जाने से रूखसाना बाइक से नीचे गिर कर गंभीर रूप से जख्मी हो गई।

घायल रूखसाना को उपचार के लिए सीएचसी लालगंज ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार बैसवारा डिग्री कालेज लालगंज में अंग्रेजी शिक्षक के रूप में तैनात नवीन विश्वकर्मा मंगलवार की सुबह ईरिक्सा से कालेज जा रहे थे। रायबरेली रेलवे क्रासिंग के निकट सड़क पर बने बड़े गड्ढ़े में ईरिक्सा का पहिया चले जाने से वह पलट गया जिसके चलते नवीन नीचे गिर गए और घायल हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में उनका प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# नुक्कड़ नाटक में महिला हेल्पलाइंस के बारे में दी गई जानकारी

संवाददाता। सुलतानपुर




**सरकार** द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति के तहत उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड जनपद सुल्तानपुर के वॉलिंटियर व सर्वोदय इंटर कॉलेज लंभुआ की गाइड द्वारा संयुक्त रूप से चौक सुल्तानपुर में मिशन शक्ति के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसमें विभिन्न महिला हेल्पलाइंस के बारे में सभी को विधिवत जानकारी दी गई। साथ ही मार्शल आर्ट के द्वारा सेल्फ डिफेंस और अटैक का डेमो दिया। जिसकी सराहना चौक के उपस्थित जन समुदाय ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला प्रशिक्षण आयुक्त ज्योति सिंह ने मिशन शक्ति के तहत होने वाले कार्यक्रमों की विधिवत रूप से जानकारी दी। उन्होंने चौक में विशेषकर महिलाओं को उनके महिला अधिकारों के साथ बाल अधिकार, कन्या भ्रूण हत्या, यौन अपराधों की रोकथाम एवं महिलाओं के साथ होने वाली घरेलू हिंसा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा आज की नारी को सशक्त होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना है। जिसमें सरकार द्वारा विभिन्न हेल्पलाइन, थानों में महिला डेस्क , वन स्टाप सेंटर आदि की सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है।जहाँ पीड़िता विना संकोच बिना डर अपनी बात रख सकती है।कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी रेखा ,विजय कुमार मौर्य जीआईसी केनौरा , वीरेंद्र यादव , जिला संगठन आयुक्त कांति सिंह, जिला संगठन आयुक्त गौरव सिंह, राजकीय इंटर कॉलेज के अध्यापक रामेश्वर सिंह, सर्वोदय इंटर कॉलेज लंभुआ के अध्यापक आर पी सिंह सहित जनपद संगठन के विभिन्न तहसील ट्रेनिंग काउंटर महेंद्र वर्मा, इंद्र कुमार, नीलांबर पांडे, आदर्श शुक्ला, मनदीप दुबे, गौरव कुमार, आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने का निर्देश

### ● जिलाधिकारी ने किया मतदाता पंजीकरण अभियान का प्रारंभ



संवाददाता। बल्दीराय, सुलतानपुर

**अन्य** जिलों की अपेक्षा जनपद में महिला मतदाताओं का अनुपात कम है। इसे पूरा करने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। यह बातें जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने बल्दीराय तहसील क्षेत्र के हर्ष महिला पीजी कालेज देहली बाजार में मतदाता पंजीकरण अभियान के शुभारंभ में कही। मतदाता पंजीकरण अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने हर्ष महिला पीजी कालेज देहली बाजार में किया। डीएम रवीश गुप्ता ने कहा कि महिलाओं का अनुपात पुरुषों की अपेक्षा कम है। मेरा सौभाग्य है कि कार्यक्रम की शुरुआत महिला विद्यालय से ही हुई। इसके लिए उन्होंने प्रबंधक विकास शुक्ल के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। जिलाधिकारी ने छात्राओं व अध्यापिकाओं से अपने आस पास के लोगों को जागरूक करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कभी कभी हमारी बेटियां बूथ तक मतदान करने पहुंचती है, लेकिन लिस्ट में नाम न होने के कारण वहां से दुखी मन से वापस लौटना पड़ता है। ऐसी दशा में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाली सभी महिलाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाना है। एसडीएम राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आगामी 22 व 28 नवंबर, 5 व 13 दिसंबर को बूथ पर कर्मचारी पहुंचेगे। वहां पर नाम जोड़ने,काटने तथा संशोधन का काम किया जाएगा। विद्यालय के प्रबंधक विकास शुक्ल, प्रधान प्रतिनिधि विशाल शुक्ल ने जिलाधिकारी को प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर कैलाश नाथ शुक्ल, वासुदेव तिवारी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं राणा प्रताप पीजी कॉलेज सुलतानपुर में मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ एडीएम प्रशासन हर्षदेव पांडेय ने किया।

# प्रेमी से शादी पर अड़ी बेटी को पिता ने गड़ासे से काट डाला

### हत्यारोपी पिता गिरफ्तार हत्या में प्रयुक्त गड़ासा बरामद

संवाददाता। बस्ती

**वाल्टरगंज** थाना क्षेत्र के बेलहरा गांव निवासी 18 वर्षीय युवती की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसके पिता ने ही गड़ासा से गला काटकर की थी। हत्या के बाद उसके शव को पिपरा तालाब में छिपा दिया था। हत्या मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर उसकी निषानदेही पर हत्या में प्रयुक्त गड़ासा बरामद किया है।

एसपी हेमराज मीणा के अनुसार वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के बेलहरा गांव निवासी 18 वर्षीय अन्नू की हत्या उसके पिता षिव गोविन्द त्रिपाठी ने प्रेम प्रसंग के चलते की थी। बताया कि बेटी अपने प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ी थी और समझाने का उस पर कोई असर नहीं पड़ रहा था जिसके चलते उसने उसकी गड़ासे से गला काट कर हत्या कर दी और लाश को पिपरा तालाब में छिपा दिया। हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी पिता ने स्वीकार किया कि उसकी पुत्री गैर बिरादरी के लड़के के साथ छिपकर मिलती थी। बीते छह नवम्बर को उसे बात करते देख टोका तो उसने मोबाइल से सिम निकालकर खा लिया। उसे समझा बुझाकर वह दुकान चला आया। इस बीच उसकी पत्नी ने आकर सूचना दी कि बेटी ने अपने आप को कमरे में बन्द कर लिया है। सूचना बाद घर पहुंचा, खिड़की तोड़कर अन्दर घुसा तो देखा कि वह कुण्डी में फंदा डालकर उससे लटकने का प्रयास कर रही थी। उसे काफी समझाया बुझाया, लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ी रही और यही कहती रही कि वह बड़ी हो गई है। जिससे प्रेम करती है, उसी के साथ रहेगी। उसकी जिद और बात से गुस्से में आकर कहा कि चलो मै तुमको उस लड़के से मिलाता हूं। इसके बाद कपड़े में गड़ासा लपेटकर साइकिल पर उसे बैठाकर पिपरा ताल के पास ले गया । यहां उसे डराने के लिए गड़ासे से उसके गले पर दिखावटी रुप मे कई बार प्रहार किया, लेकिन वह बिल्कुल नहीं डर रही थी। वह जिद पर अड़ी रही, जिसके बाद उसने उसके गले पर गड़ासे से जोर से प्रहार कर दिया। गड़ासे के प्रहार से उसका गला कट गया वह तड़पड़ाने लगी। इसके बाद कई प्रहार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। उसका पैर पकड़ कर पानी मे ले जाकर फेंक दिया।

## जबरिया सम्बन्ध बनाने का विरोध करने पर हुई थी दलित युवती की हत्या

### आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

### पैर में गोली लगने के बाद आरोपी अस्पताल में भर्ती

**बस्ती**। कलवारी थाना क्षेत्र के कैथवलिया गांव निवासी दलित युवती की हत्या का पुलिस ने खुलासा किया है। आरोपी को गायघाट- सिकन्दरपुर रोड पर एक मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान उसके पैर में गोली लगी। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवती की गांव के बाहर कब्रिस्तान में पुआल के नीचे से क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ था। इस मामले में गुमषुदगी दर्ज नहीं करने पर एसपी ने एसओ और बीट दरोगा को निलंबित कर दिया था। पुलिस के अनुसार जबरिया सम्बन्ध बनाने से इंकार करने के चलते उसके प्रेमी लालगंज थाना क्षेत्र के तिघरा गांव निवासी भाल चन्द्र यादव ने उसकी गला दबाकर हत्या करने के बाद शव को पुआल के बीच छिपा दिया था। एसओजी, सर्विलांस सेल और कलवारी पुलिस ने शव मिलने के 15 घंटे के भीतर मामले का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

बता दें कि कैथवलिया गांव निवासी 23 वर्षीय युवती 10 नवम्बर की शाम घर से शौच जाने के लिए निकली, उसके बाद से लापता हो गई। परिजनो ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। 15 नवम्बर को गांव के बगल स्थित कब्रिस्तान में पुआल से ढका उसका क्षत बिक्षत शव बरामद हुआ। मामले में अज्ञात के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही थी। छानबीन के दौरान मिले सुराग के आधार पर पुलिस ने लालगंज थाना क्षेत्र के तिघरा गांव निवासी भालचन्द्र यादव को गिरफ्तार कर हत्या मामले का खुलासा करने में सफलता पाई। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान आरोपी भालचन्द्र ने स्वीकार किया कि युवती के गांव कैथवलिया में उसके मामा का घर है, जहां वह लॉकडाउन के बाद अप्रैल से रह रहा था। इस दौरान उसका युवती से सम्पर्क हुआ और दोनों के बीच बातचीत होने लगी । युवती को उसने एक मोबाइल भी खरीद कर दिया गया था।

आरोपी ने बताया कि 10 नवम्बर को उसने उसे मिलने के लिए फोन कर कब्रिस्तान पर बुलाया। वहां पहुंचने के बाद उसने जबरिया उससे सम्बन्ध बनाने का प्रयास किया, जिसका युवती ने विरोध किया। इसे लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई और आवेश में आकर उसने उसके सलवार से गला दबाकर हत्या कर दी और शव को पुआल के बीच ढक कर फरार हो गया। हत्या के बाद वह युवती के पास मिले उसके पिता और अपने द्वारा दी गई मोबाइल को लेकर चला गया था जिसे उसने मनोरमा नदी में फेंक दिया था।

## मोटर साइकिल डिवाइडर से टकराई, दो की मौत

**बस्ती**। कलवारी थाना क्षेत्र के कुसौरा बाजार में सोमवार देर रात हुई दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मौत हो गई। डिवाइडर से मोटर साइकिल टकराने के बाद गंभीर रूप से घायल अवस्था में दोनो को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार नगर थाना क्षेत्र के रमवापुर पाठक निवासी 55 वर्षीय गुंजे और 30 वर्षीय कृष्ण भगवान उर्फमुन्ना मोटर साइकिल से किसी काम से कलवारी क्षेत्र में गए थे। देर रात लौटते समय इनकी मोटरसाईकिल कुसौरा बाजार स्थित झिनकूलाल त्रिवेनीराम चौधरी इण्टर कालेज के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना बाद मौके पर कलवारी पुलिस पहुंची। 108 एंबुलेंस से उन्हे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान दोनो ने दम तोड़ दिया।

## कैली में अब स्टाफ नर्स की भर्ती आउट सोर्सिंग से नहीं होगी

संवाददाता। बस्ती

**आउटसोर्सिंग** के झमेले को समाप्त करने के लिए शासन कैली अस्पताल के लिए स्वीकृति नियमित स्टाफ नर्स की तैनाती सीधे आयोग से करने जा रही है। इस तरह 175 स्वीकृति नियमित स्टाफ नर्स की तैनाती आउट सोर्सिगं के जरिए नहीं होगी। इसके लिए मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल से ब्यौरा मांगा गया है। अलबत्ता चतुर्थ श्रेणी के 70 की नियुक्ति आउट सोर्सिगं के जरिए यानि जेम पोर्टल से अवश्य होगी।

आउटसोर्सिगं से स्टाफ नर्स की भर्ती को लेकर लगभग दो साल पहले जिस तरह मेडिकल कालेज में हंगामा हुआ, और अनेक आरोप-प्रत्यारोप लगाए गए, सासंद सहित अन्य माननीयों के पत्र लीक हुए उसे देखते हुए शासन ने एक निर्णय लिया है।

## कोरोना का प्रसार रोकने को बढ़ाई जा रही कांटैक्ट ट्रेसिंग

### अब एक मरीज के संपर्क में आने वाले 20 से 25 लोगों की होगी जांच

संवाददाता। बस्ती

**कोरोना** के प्रसार को रोकने के लिए कांटैक्ट ट्रेसिंग बढ़ाई जाएगी। अब एक मरीज के संपर्क में आने वाले 20-25 लोगों की कोरोना की जांच की जाएगी। इससे पहले 10-15 लोगों की ही जांच की जा रही थी। जांच करने वाली टीमों को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे है। इससे पूर्ण रोक लगाने में कामयाबी मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य विभाग की टीम नियमित रूप से कोरोना की एंटीजन व आरटीपीसीआर जांच कर रही हैं। शासन की ओर से समय-समय पर जांच के लिए लक्ष्य निर्धारित किया जाता है। इसी के साथ लक्ष्य आधरित जांच भी की जा रही है। शासन की गाइड लाइन के अनुसार जांच में अगर कोई व्यक्ति पॉजिटिव मिलता है तो उसका इलाज कराया जाता है, इसी के साथ उसके परिवार व संपर्क में आने वाले है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य रोग के फैलाव को रोकना है। अभी तक गैर उपचारित मरीज के संपर्क में आने वाले 10 से 15 लोगों की जांच का ही लक्ष्य निर्धारित था, जिसे बढ़ा दिया गया है। शासन की नई गाइड लाइन में कहा गया है कि अब गैर उपचारित मरीज के संपर्क में आने वाले 20-25 लोगों की कोरोना की जांच कराई जाएगी। कोरोना के प्रशिक्षक व मेडिकल ऑफिसर डॉ. ऑफताब रजा का कहना है कि कांटैक्ट ट्रेसिंग बढ़ाए जाने का निर्देश शासन की ओर से दिया गया है। कांटैक्ट ट्रेसिंग बढ़ाए जाने का मकसद हाई रिस्क वाले मरीजों की ज्यादा से ज्यादा जांच करना है। प्रतिदिन हो रही है 1500 जांच जिले में प्रतिदिन औसतन 1500 लोगों की कोरोना की जांच हो रही है। इंटीग्रेटेड डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम के नोडल ऑफिसर डॉ. सीएल कन्नौजिया ने बताया कि एक हजार एंटीजन व लगभग 500 आरटीपीसीआर जांच का लक्ष्य निर्धारित है। जिले के 15 ब्लॉक स्तरीय अस्पतालों के अलावा जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, जिला महिला अस्पताल में भी जांच की व्यवस्था है। जिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज में ट्रूनेट जांच भी कराई जा रही है।

## डीएम ने 11 को खतौनी व नौ महिलाओं को दिया राशन कार्ड

### जनपद स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस मेंहदावल में आयोजित, जिलाधिकारी ने सुनी जनसमस्याएं

संवाददाता। संतकबीरनगर




**जनपद** स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के अध्यक्षता में मेंहदावल तहसील में आयोजित हुआ। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने 11 महिलाओं में खतौनी तथा नौ महिलाओं में नया राशन कार्ड वितरित किया। जनपद के तीनो तहसीलों में कुल 171 मामले आये जिसमें 13 मामलों का निस्तारण मौके पर किया गया। मेंहदावल तहसील में 78 मामले आये 8 का निस्तारण, धनघटा तहसील में 53 मामले आये तीन का निस्तारण तथा खलीलाबाद तहसील में चार मामले आए दो का निस्तारण। खलीलाबाद तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार पाण्डेय एवं धनघटा तहसील में मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र ने जनसमस्याओं को सुनते हुए निस्तारण किये जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जन शिकायतों की सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले का निस्तारण इस प्रकार किया जाय कि शिकायतकर्ता को न्याय और संतुष्टि प्राप्त हो। आयोजन में अतिक्रमण की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे गांवों को चिन्हित किया जाय जहां सार्वजनिक भूसम्पत्तियों तथा चकमार्गो पर अवैध अतिक्रमण की अधिक शिकायते मिल रही हैं। पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्रवाई की जाए।

## प्रभारी ईओ ने छठ पर्व पर साफ-सफाई का दिया निर्देश

**संतकबीरनगर**। प्रभारी ईओ खलीलाबाद प्रदीप शुक्ला ने मंगलवार को अधीनस्थ नगर पालिकाकर्मियों के साथ खलीलाबाद कोतवाली स्थित पक्का पोखरा पर साफ-सफाई व्यवस्था के दिशा निर्देश दिये। ज्ञात हो कि आगामी शनिवार को छठ् पर्व है, जिसमें सर्वाधिक भीड़ पक्का पोखरा पर होता है। महिलाओं के विशेष पर्व को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने कमर कस लिया है। आज से विशेष साफ-सफाई अभियान के साथ पक्का पोखरा में भरे हुए पानी को निकालने के लिए चार पम्पिग सेट लगाये गये है जो कि अनुमानन 24 घंटे के अन्दर पानी को कम किया जाएगा। जिससे सीढ़ियों पर खड़ी होकर महिलाएं अर्घ्य दे सके। इसके अलावा महिलाओं की सुविधा के लिए विशेष साफ-सफाई के साथ पोखरे में ब्लीचिंग पाउडर डाला जायेगा। पथ प्रकाश की व्यवस्था ठीक किये जाने के लिए ईओ ने निर्देशित किया है। अलग से सफाई कर्मियों की डयूटी लगाई गई है।

## ...अब कोई नहीं कर पाएगा अभिलेखों में छेड़छाड़

### रजिस्टर मालिकान आर्थिक की व्यवस्था में हुआ परिवर्तन

### राजस्व न्यायालयों के आदेश सीधे खतौनी में दर्ज करने की हुई पहल

संवाददाता। बस्ती

**राजस्व** अभिलेखों की पारदर्शिता और सुचिता बनाए रखने के लिए रजिस्टर मालिकान आर्थिक को कम्प्यूटराइज्ड किए जाने के आदेष पारित हुए है। इस नई व्यवस्था के लागू हो जाने के बाद अब राजस्व न्यायालयों से जितने भी आदेष पारित होंगें, वह सीधे खतौनी में दर्ज होगा। इससे अभिलेखों में छेड़छाड़ की घटनाएं समाप्त हो जाएंगी। पुरानी व्यवस्था के तहत अगर किसी राजस्व न्यायालय या अधिकारी के यहां से कोई आदेश पारित होता था, तो उस आदेष का अंकल पत्रावली से रजिस्टर मालिकान 'आर्थिक' पर होता था, तत्पश्चात रजिस्टर मालिकान से कम्प्यूटरीकृत खतौनी पर आदेश अंकन होता था। इससे जहां समय अधिक लगता था, वहीं फर्जीवाड़े की संभावना बनी रहती थी।

इसी सभावना को समाप्त करने के लिए नई व्यवस्था का आगाज 11 नवंबर 20 से हो चुका है। सीआरओ नीता यादव कहती है कि भूलेख पोर्टल पर उपलब्ध टैब पर राजस्व निरीक्षक कार्यालय द्वारा सीधे अंकन किया जाएगा, और यह अंकन संबधित खतौनी पर स्वत: दिखाई देने लगेगा। पहले इसी काम को कम्प्यूटर आपरेटर के द्वारा होता था, मगर अब राजस्व निरीक्षक करेंगे।

## पराली जलाने वाले अज्ञात लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

सेमरियावां (**संतकबीरनगर**)। दुधारा पुलिस ने विभिन्न गांवों में पराली जलाने वाले अज्ञात लोगों के विरूद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना दुधारा पुलिस ने लेखपाल नेबूलाल की तहरीर पर ग्राम रसूलपुर मिश्रौलिया में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गाटा सं. 70/62 में पराली जलाने, ऊंचहरा कला के हलका लेखपाल नवीन कुमार गौड़ की तहरीर पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध, लेखपाल राकेश श्रीवास्तव की तहरीर पर 878/0.776 जो कि सोहनलाल पुत्र जगेसर सेमरियावां के नाम से अंकित है।

कथकपुरवा सीवान में अज्ञात लोगों द्वारा पराली जलाने तथा हलका लेखपाल राजाराम ने मुकामी पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि परसाशेख के गाटा सं. 241/0.084 हे. के बगल में गाटा सं. 240 अभिलेख में बाग अंकित है। परंतु मौके पर पक्की सड़क है ।

## पुलिस ने छह क्विंटल गांजा बरामद किया, चार गिरफ्तार

### एसपी ने पुलिस टीम को 25000 रुपये ईनाम देने की घोषणा की

संवाददाता। सोनभद्र

**जनपद** पुलिस ने अन्तर्प्रान्तीय गांजा तस्कर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार करके उनके पास से 6.10 क्विंटल गाजे के साथ एक 10 चक्का ट्रक और एक महिंद्रा जायलो को बरामद करने में सफलता हासिल की है। बरामद गांजे की कीमत लगभग 61 लाख रुपये बताई गई है। जनपद में स्वाट, एसओजी, सर्विलांस टीम तथा प्रभारी निरीक्षक थाना चोपन की संयुक्त टीम के संयुक्त प्रयास से 17 नवंबर को प्रात: मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि मादक पदार्थ लेकर तस्कर आने वाले हैं। इस सूचना पर हाथीनाला चोपन राजमार्ग पर तेलुगूडवा मोड़ के पास से अबरार पुत्र लालसा निवासी पूरे गोबई हलिया प्रयागराज, दिनेश कुमार यादव पुत्र देवी प्रसाद यादव पकलौर भीटी थाना हलिया प्रयागराज, राधेश्याम यादव पुत्र शीतला प्रसाद यादव ग्राम बंदकर बरौत हलिया, अर्जुन सिंह पुत्र बाबूलाल निवासी पिंडरा बाबतपुर थाना फूलपुर जनपद वाराणसी को गिरफ्तार कर लिया गया। क्षेत्राधिकारी राजकुमार तिवारी की उपस्थिति में पकड़े गए अभियुक्तों की निशानदेही पर ट्रक के डाला में बनाए गए गुप्त स्थान पर गाजा रखा गया था। जिसका कुल वजन छह कुंटल 10 किलो ग्राम है उक्त अपराधियों को पकड़ने वाली टीम में शामिल रहे चोपन प्रभारी निरीक्षक नवीन तिवारी स्वाट टीम प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह सर्विलांस प्रभारी सरोजमा सिंह व अमित त्रिपाठी एसओजी प्रभारी समेत अन्य पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने 25000 रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

## बलिदान दिवस पर वीरांगना ऊदा देवी पासी को किया गया नमन

### अपना दल एस की जिला इकाई ने मनाया बलिदान दिवस

संवाददाता। मिर्जापुर



**अपना** दल (एस) जिला इकाई ने स्थानीय भरुहना स्थित सांसद के जनसम्पर्क कार्यालय में अमर शहीद वीरांगना ऊदा देवी पासी का बलिदान दिवस मनाया। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व व शौर्य की चर्चा की।

मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष इं. रामलौटन बिन्द ने कहा कि वीरांगना की बहादुरी को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने अंग्रजों को लोहे के चने चबवाये। विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष (युवा मंच) उदय पटेल ने कहा कि ऊदा देवी पासी महान स्वतंत्रता सेनानी थीं। उन्होंने 1857 के युद्ध में भाग लिया था। वे अवध के छठे नवाब वाजिद अली शाह के महिला दस्ते की सदस्य थीं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई के दौरान ऊदा देवी ने पुरुषों के वस्त्र धारण कर स्वयं को एक पुरुष के रूप में तैयार किया था। लड़ाई के समय वे अपने साथ एक बंदूक और कुछ गोला बारूद लेकर एक ऊंचे पेड़ पर चढ़ गयी थीं। उन्होने हमलावर ब्रिटिश सैनिकों को सिकंदर बाग में तब तक प्रवेश नहीं करने दिया था, जब तक कि उनका गोला बारूद खत्म नहीं हो गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम पटेल, विजय शंकर केसरी, पिंटू अग्रहरी, विजय शंकर पटेल, राजेश कुमार मौर्य, सुखराज पटेल, रतन पटेल, राजकुमार पाल, हेमंत कुमार बिंद, मनोज बिंद, संतोष कुमार पटेल, राजकुमार पाल आदि उपस्थित थे।

## स्नातक शिक्षक एमएलसी चुनाव में लहराएगा भाजपा का परचम: अनिल

### भाजपा की योजना बैठक सम्पन्न

संवाददाता। सोनभद्र



स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव की योजना बैठक भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र के जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा की स्नातक एमएलसी चुनाव हेतु पार्टी ने अपने संगठन की जो रचना तैयार की है। उसमें प्रत्येक बूथ पर जितने मतदाता है, बूथ के एक कार्यकर्ता को उसमें 20 मतों की जिम्मेदारी दी गई है। उन 20 मतों की पूरी जिम्मेदारी हमारे उस कार्यकर्ता की होगी, जिसकी मानिटरिंग जिले स्तर से की जा रही है आगे कहा की भारतीय जनता पार्टी का विश्वास है की समाज के हर क्षेत्र में सर्वागीण विकास के लिए सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की अवधारणा को पूरा करने के लिए केन्द्र में मोदी सरकार व प्रदेश में योगी सरकार कदम से कदम मिलाकर कार्य कर रही है, जिस तरह से पिछले सभी चुनावों मे भारतीय जनता पार्टी ने विजय का परचम लहराया है, उसी तरह स्नातक-शिक्षक एमएलसी चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरायेगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा की केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश में योगी सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने के लिए निरंतर समर्पित है, देश मे लोक कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जनजन के विकास का कार्य हो रहा है भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है इन्हीं कार्यकर्ताओं के बल पर पूर्व मे हुए चुनाव में विजय पताका फहरा था उसी तरह स्नातक एमएलसी चुनाव में भी इन्ही कार्यकर्ताओं के बल पर विजय पताका फहरेगा। बैठक में मुख्य रुप से जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल, ओबरा विधायक संजय गोंड, जिला महामंत्री अमरनाथ पटेल, रामसुन्दर निषाद, जीत सिंह खरवार, जिला मंत्री संतोश शुक्ला, विनोद पटेल, जिला कार्य समिति सदस्य कमलेश चौबे, जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी,उमेश पटेल, सूर्यमणी तिवारी, दिलिप पाण्डेय, आदि उपस्थित रहे।

## बच्चे को कराएं स्तनपान बनी रहेगी मुस्कान

**मिर्जापुर**। बच्चे के सम्पूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास के लिए मां का दूध (स्तनपान) बहुत ही जरूरी होता है। मां के दूध में शिशु की आवश्यकतानुसार पानी होता है। इसलिए छ्ह माह तक के बच्चे को ऊपर से पानी देने की भी जरूरत नहीं होती है। इसलिए बच्चे की मुस्कान बनाए रखने के लिए छह माह तक केवल मां का दूध पिलाना चाहिए। इसके अलावा स्तनपान बच्चे में भावनात्मक लगाव पैदा करने के साथ ही सुरक्षा का बोध भी कराता है। विभाग द्वारा जारी आंकड़े भी बताते हैं कि छ्ह माह तक शिशु को केवल स्तनपान कराने से दस्त और निमोनिया के खतरे में भी क्रमश: 11 फीसद और 15 फीसद तक कमी लायी जा सकती है। स्तनपान मां को स्तन कैंसर से भी बचाता है। मां के दूध की महत्ता को समझते हुए स्वास्थ्य महकमे का भी पूरा ज़ोर रहता है कि जन्म के तुरंत बाद बच्चे को मां की छाती पर रखकर स्तानपान की शुरुआत कराएं।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान का एडीएम ने किया शुभारम्भ

संवाददाता। संतकबीरनगर

**अपर** जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार पाण्डेय ने मंगलवार को उप जिलाधिकारी खलीलाबाद राज नारायण त्रिपाठी एवं तहसीलदार शंशाक शेखर राय के साथ खलीलाबाद शहर के प्रभा देवी महाविद्यालय में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होने नये मतदाताओं को जागरूक किया कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग मतदाता बनने के बाद अवश्य करें। वर्तमान समय में राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशन में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान में अपना पंजीकरण नाम बढवाएं, नाम संशोधित कराये तथा जिसका निधन हो चुका है उनकी सूचना देकर नाम कटवाये यह कार्यक्रम जिला प्रशासन द्वारा बूथो पर चलाया जा रहा है जिसका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि 22-28-5 को विशेष शिविर में बूथों पर बीएलओ और पदाविहित अधिकारी मौजूद रहेंगे। दिव्यांग मतदाओं को विशेष लक्ष्य में रखने के साथ उनके द्वारा सभी के फार्म 6, 7, 8 स्वीकार किए जाएंगे। उनके निर्देश पर महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं से फार्म 6 भरवाया गया। प्राचार्य प्रभा देवी महाविद्यालय डॉक्टर प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने आगत अतिथियों का स्वागत भाषण एवम कार्यक्रम के औचित्य पर प्रकाश डाला जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि के रूप में निशा यादव ने बालिकाओं को विशेष रुप से मतदाता बनने का आग्रह किया 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाली वह सभी बालिकाएं अपने पिता के आवास पर ही पता देकर मतदाता बन सकती हैं विवाह के उपरांत उनका स्थान परिवर्तन आसानी से संभव हो सकता है। सारी प्रक्रियाएं ऑनलाइन कंप्यूटरीकृत है इसलिए आप बेझिझक अपने वर्तमान आवास के मतदाता सूची में जुड़ सकते हैं।

## कोविड-19 में लापरवाही बरतने पर चकबंदी लेखपाल निलंबित

संवाददाता। बस्ती

**विकास** भवन में स्थापित कोविड-19 कंट्रोल रुम में तैनात चकबंदी लेखपाल विश्वदीपक श्रीवास्तव को लापरवाही के आरोप में डीएम के निर्देष पर एसओसी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। लेखपाल पर आरोप है कि कोविड-19 जैसे दैवीय आपदा के समय अपनी मर्जी से काम करते रहे।

काम से लगातार बिना अवकाष या बताए गायब रहना इनकी आदत बन चुकी थी। इसे संज्ञान में लेते हुए डीएम आषुतोष निरंजन ने लेखपाल को निलंबित करने का आदेष दिया। कोविड-19 के कामों में लापरवाही के चलते निलंबित होने वाले पहले चकबंदी लेखपाल है।

### मार्ग दुर्घटना में आरक्षी शैलेन्द्र की मौत पर विभाग में शोक

संवाददाता। संतकबीरनगर

**थाना** बेलहरकला में तैनात हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र कुमार शुक्ला की मूर्ति विसर्जन में ड्यूटी से रात्रि में वापस आते समय दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी। जिसके क्रम मे मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नम आंखों से भावभीनी श्रंद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद गयादत्त मिश्र, प्रतिसार निरीक्षक पंकज कुमार त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक अपराध बेलहरकला रवीन्द्र कुमार गौतम सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी।

# सलेमपुर के बीजेपी विधायक पर फायरिंग, बाल-बाल बचे



**संवाददाता। देवरिया**



देवरिया जनपद के सलेमपुर विधान सभा के भाजपा विधायक काली प्रसाद देर संध्या सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के चकरवां बहोरदास अपने कार्यकर्त्ता के घर दीपावली की शुभकामना और मिठाई देने गए थे। उधर से लौटते समय वह पयासी सलेमपुर मार्ग पर बरसीपार गांव के सामने पहुंचे थे। इसी बीच सैकड़ो की संख्या में युवा लक्ष्मी मूर्ति विसर्जन करने जा रहे थे। यह देख विधायक को जुलुस में चल रहे लोगों ने उनकी गाड़ी को साइड देकर बाहर निकलवाया। जैसे ही उनकी गाड़ी बाहर निकली इसी बीच अज्ञात बादमाशों ने उनकी स्कार्पियो गाड़ी पर फायरिंग कर दी जिसमें विधायक और भतीजे हेमंत कुमार उर्फ भोला बाल बाल बच गए। वहीं गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद से बदमाश भाग निकले। घटना की जानकारी विधायक काली प्रसाद ने कोतवाली पुलिस को फोन कर दी। फोर्स मौके पर पहुंच गई कोतवाल नवीन मिश्र घटना की तहकीकात में जुट गए। उधर मामले की जानकारी पर सीओ श्रेयस त्रिपाठी भी घटना स्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली। हमले की जानकारी होते ही भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की कोतवाली परिसर में भीड़ लग गई। सीओ श्रेयस त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना की जांच की जा रही है। कुछ लोगों को पुलिस ने पकड़ा है जल्द खुलासा कर दिया जाएगा प्रनती किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा आरोपी चाहे जो भी हो वह कानून के शिकंजे से नहीं बच सकता है। वहीं पुलिस ने आधा दर्जन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की



**देवरिया।** भाजपा सलेमपुर मण्डल द्वारा नवलपुर चौराहे पर एक आवश्यक बैठक हुई। जिसमे क्षेत्रीय विधायक काली प्रसाद के ऊपर हुए हमले की जानकारी लिया गया । उसके बाद विधायक के आवास देवकली पर भाजपा के प्रतिनिधिमंडल द्वारा उनसे मिलकर कुशलक्षेम लिया गया। मण्डल अध्यक्ष कन्हैया लाल जायसवाल ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि दोषियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द की जाय। वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक पांडेय ने कहा कि यह विरोधियों की साज़िश है भाजपा की जीत से घबराकर ऐसी हरकतें कर रहे है यह निंदनीय है। उक्त अवसर पर जयनाथ कुशवाहा गुड्न, कुंजबिहारी सिंह हाकिम, जितेंद्र सिंह,कन्हैया मिश्र,मिथिलेश बाबा, अशोक तिवारी,रत्नेश मिश्र,अजय दुबे वत्स,विकास रौनियार, अनूप उपाध्याय, अनूप मिश्रा, अनिल ठाकुर, रविराज चौहान, अरविंद तिवारी,अभ्यनंदन दुबे, आशुतोष तिवारी, दीपक श्रीवास्तव, अवधेश मद्देशिया, कृष्णकांत तिवारी, विपिन सिंह, अजय गौतम, हेमन्त एअनुराग मिश्र, धर्मप्रकाश पांडेय, चेतन सिंह, रवि कुशवाहा, संतोष दुबे सुनील गुप्ता,धर्मबीर सिंह,अवनीश मिश्र चंचल, रामजी सिंह आदि उपस्थित रहे ।

## प्रान्तीय उपाध्यक्ष बनाये जाने पर प्रदीप का हुआ स्वागत

**संवाददाता। जौनपुर**

**अखिल** भारतीय कायस्थ महासभा के प्रांतीय उपाध्यक्ष बनने पर प्रदीप अस्थाना पूर्व अध्यक्ष कायस्थ कल्याण समिति को चित्रगुप्त पूजनोत्सव पर बीआरपी इण्टर कालेज में कल्याण समिति द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान लोगों ने प्रदीप जी का माल्यार्पण करने के साथ अंगवस्त्रम भेंट करके स्वागत किया।

वहीं प्रदीप अस्थाना ने कहा कि प्रांतीय अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव ने जो जिम्मेदारी सौंपी हैए उसे निष्ठापूर्वक पूरी करूंगा। उन्होंने कहा कि अपनी मातृ संस्था कल्याण समिति का भी आभारी हूं जिन्होंने सम्मान किया है। इस अवसर पर कल्याण समिति के अध्यक्ष डाण् अशोक अस्थाना, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव, राजकपूर श्रीवास्तव, प्रान्तीय सचिव श्रीकांत श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव पत्रकार, राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट, पंकज श्रीवास्तव, राजेश बच्चा बाबू श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी अंकित श्रीवास्तव, युवा जिलाध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, हितेश श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## डाला छठ पर्व को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से मिला प्रतिनिधिमण्डल

**जौनपुर।** श्री संकट मोचन संगठन के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमण्डल मंगलवार को डाला छठ पर्व को लेकर नगर पालिका परिषद जौनपुर के अधिशासी अधिकारी संतोष मिश्र सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमण्डल ने शाही पुल के बगल स्थित गोपी घाट पर डाला छठ पर्व के बाबत 20 व 21 नवम्बर को होने वाले कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया। साथ ही इस पर्व को लेकर जिला प्रशासन व नगर पालिका से मिलने वाली सुविधाओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। इस पर अधिकारियों ने वर्तमान की महामारी के बाबत जारी सरकारी गाइडलाइन का पालन करते हुये कार्यक्रम को सम्पन्न कराने की बात कही जिस पर प्रतिनिधिमण्डल ने प्रशासनिक दिशा निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमण्डल में अध्यक्ष आदित्य चौधरी, महामंत्री अजय निषाद, कोषाध्यक्ष सूरज निषाद, प्रदीप तिवारी, मुकेश श्रीवास्तव, रविन्द्र कुमार, अशोक निषाद, रामू निषाद, धीरज कुमार, रीतेश जायसवाल, चन्दन कुमार, मुन्नाए पुल्लू निषाद, राजू निषाद, डा कमलेश कुमार, राजू गुप्ता,सरोज निषाद, अखिलेश कुमार सहित तमाम पदाधिकारी शामिल रहे।

## जौनपुर की बेटी ने पूरे देश में जिले का नाम किया रोशन



जौनपुर। नगर के हुसेनाबाद की निवासी व जी माउंट लिट्रा जी स्कूल की कक्षा 2 छात्रा वैष्णवी श्रीवास्तव ने अपने प्रतिभा के बदौलत मात्र 6 वर्ष की आयु में उसने पूरे देश में जिले का नाम रोशन कर दिया है। उसने मात्र साढ़े 3 मिनट के अंदर देश के बड़े शहरों का नामए राजधानीए राज्यों का नामए 196 देश और देशों की राजधानी का नाम बताकर इण्टरनेशनल बुक ऑफरिकार्ड में अपना नाम दर्ज करायी है। वैष्णवी के पिता अनुराग श्रीवास्तव सिविल कोर्ट में एडवोकेट हैं जिन्होंने बताया कि वैष्णवी ने जब बोलना शुरू किया तो उसकी बात सुनकर पूरा परिवार दंग रह गया। गूगल गर्ल के नाम से मशहूर वैष्णवी को कुदरत ने गजब का दिमाग दिया है। पहली क्लास में अपना कदम रखते ही वह जनरल नॉलेज में पोस्ट ग्रेजुएट के स्टूडेंट्स तक को भी मात दे सकती थी। अब वह सेकेंड क्लास में है। देश के पहले राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद से लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति तक का नाम इसके जुबान पर रहता है। इतना ही नहींए राष्ट्रध्वज के चक्र में कितनी तीलियां हैं और किस राज्य के कौन मुख्यमंत्री हैंए यह भी उसे बखूबी पता है। मेमोरी को देखते हुए इसके मां.बाप देश ही नहींए बल्कि विदेशी राजनेताओं और महापुरुषों समेत हर क्षेत्र के प्रतिभाओं के बारे में जानकारी देने लगे। इसका परिणाम है कि वैष्णवी को आज सब कुछ पता है। बीते नवम्बर को उसने अपने जनरल नॉलेज की एक वीडियो बनाकर इण्टर नेशनल बुक ऑफ रिकार्ड नई दिल्ली के लिए भेजी थी। सोमवार को उसका नाम रिकार्ड में दर्ज हो गया। वैष्णवी जी माउंट लिट्रा जी स्कूल जौनपुर की कक्षा दो छात्रा है। उसकी सफलता से स्कूल के प्रबंध निदेशक अरविन्द सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह मेरे स्कूल ही नहींए बल्कि पूरे जिले के गर्व की बात है कि उसे अपनी प्रतिभा की बदौलत पूरे देश में जिले का नाम रौशन किया है। पिता अनुराग श्रीवास्तव एडवोकेट का कहना है कि मुझे पूरा विश्वास है कि एक दिन मेरी बेटी दुनियां में देश का नाम रौशन करेगी।

## साक्षात्कार 23 नवंबर को

**देवरिया।** जिला सेवायोजन अधिकारी वकील अहमद अंसारी ने बताया है कि निजी क्षेत्र की विविध सेक्टरों की कम्पनियों टेस्को रिन्यूएबल एनर्जी सलूशन कल्याणी सोलर पावर एवं स्मार्ट टच इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालयए देवरिया में 23 नवंबर को पूर्वान्ह् 10ण्30 बजे से विविध पदों पर कैम्पस चयन किया जायेगा। रिक्त पदों हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल या इण्टरमीडिएट उर्त्तीण तक आयु सीमा 18.40 वर्ष के मध्य निर्धारित की गयी है। उन्होने बताया है कि इच्छुक व्यक्ति 23 नवंबर को 10.30 बजे अपने समस्त शैक्षिक योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्रों के साथ रोजगार मेला में साक्षात्कार में भाग ले सकतें है। चयनित अभ्यर्थियों का मासिक वेतन रुपये 8500,13500 अथवा योग्यतानुसार है। रोजगार मेला में सम्मिलित होने हेतु कोई मार्गव्यय देय नही होगा। विस्तृत एवं अद्यतन जानकारी हेतु इच्छुक अभ्यर्थी इस कार्यालय से सम्पर्क करें। यदि अभ्यर्थी ट्रक अथवा डम्पर चालक है तो भी इस रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है।

## शहर कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी की घोषणा

**मुग़लसराय,चन्दौली।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी उत्तर प्रदेश प्रियंका गांधी व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के संतुष्टि पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय लखनऊ से मुग़लसराय शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कमेटी में शहर अध्यक्ष रामजी गुप्ता के अलावा उपाध्यक्ष पद पर विजय कुमार गुप्ता,राकेश कुमार सिंह, कमरुल बारी,सतपाल सिंह,संजय कुमार मिश्रा,कोषाध्यक्ष दुर्गा जायसवाल, महासचिव पद पर नंद लाल गुप्ता, भीम कुमार सिंह, तारिक अब्बास,ट्रिजा एलियट व सचिव पद पर उदय प्रताप सिंह,महेश मंडल, मृत्युंजय शर्माए कन्हैया केशरी,रमेश पांडेय, तेजप्रकाश मल्लिक , मारूफ अंसारी, मुँण्नईम,अनवर सादात, संदीप कुमार गौतम,विश्वकर्मा रावत,राकेश कुमार चौधरी को नियुक्त किया गया।

## राज कॉलेज चौकी ने चलाया चेकिंग अभियान

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर के निर्देश पर जिले में तीन सवारी और बिना नंबर की गाड़ी दो पहिया वाहन के चेकिंग के आदेश के क्रम में कोतवाली थाना क्षेत्र के राज कॉलेज चौकी प्रभारी पुष्पा गौतम ने अपने हम राही के साथ सद्भावना पुल पर तीन सवारी दोपहिया वाहनों का सघन चेकिंग अभियान चलायाण् इस दौरान कई वाहनों पर तीन सवारी टहलते दिखाई दिए उनका चालान संगत धाराओं में किया गया।

## खम्भों को तोड़कर उठा ले गये शरारती तत्व

**धर्मापुर, जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती रात अज्ञात लोगों ने खेत में जानवरों से सुरक्षा के लिए तार लगवाने के लिए लगाए गए दर्जनों सीमेंटेड खम्भे को कुछ अज्ञात शरारती तत्व तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया तथा 6 खम्भे उठा ले गए।गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के वैद्यनाथ त्रिपाठी ने अपने खेत में जानवरों के सुरक्षा के लिए तार लगवाने के लिए सीमेंटेड खम्भे लगवाये थे। बीती रात अराजक तत्व लगभग 12 सीमेंटेड खम्भों को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिये तथा 6 खम्भे उठा ले गए। खेत मालिक ने थाने पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध लिखित तहरीर दे दिया है।

## राज्यकर्मचारी संघ का चुनाव 26 नवंबर को

**सिद्धार्थनगर।** चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा परिवार कल्याण के जिला इकाई की बैठक मंगलवार को जिलाध्यक्ष भोलन मिश्र की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्व सम्मति से 26 नवंबर को दोपहर दो बजे नई कार्यकारिणी के लिए बैठक बुलाई गई है। जिला अस्पताल के मीटिंग हाल में सम्पन्न होगी। जिला मंत्री उदयराज ने कहा कि जिलाध्यक्ष 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कार्यकारिणी का कार्यकाल भी पूरा हो गया है। कर्मचारियों की समस्याओं को देखते हुए नई कारिणी गठित की जाएगी। जिलाध्यक्ष भोलन मिश्र ने कहा कि कार्यकारिणी गठन के दौरान चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियोंए सभी विभागों के अध्यक्ष व मंत्री गणों की उपस्थिति शत प्रतिशत अनिवार्य है। 26 नवम्बर को चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा परिवार कल्याण की जिला कार्यकारिणी गठित होगी। बैठक में विजय, विनोद, नागेंद्र , सुरेश, राजकुमार, राजेन्द्र मौजूद रहे।

# किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं : डीएम

### जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

**संवाददाता। चंदौली**



**जिलास्तरीय** संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल व पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल की अध्यक्षता में सकलडीहा तहसील सभागार में सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि तहसील दिवस में प्राप्त आवेदन पत्रों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण दोनों पक्षो को बुलाकर एवं समयबद्धता के साथ समाधान करें । उन्होंने चेतावनी दी कि समस्याओ के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दास्त नही की जाएगी। जो अधिकारी या कर्मचारी शिथिलता बरतेंगे उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने ग्राम पंचायतों के प्रधानों से अपील की है कि वह पराली न जलाने के लिए लोगों से वार्ता करें। यदि कोई उनकी बात नही मानता है तो तत्काल इसकी सूचना नजदीकी थाने में दें। इस ओर लोगों का ध्यान खींचने के लिए मुनादी कराई जाए। जिलाधिकारी ने छठ पर्व को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कहां की कोविड.19 प्रोटोकॉल के अंतर्गत सोशल डिस्टेंसिंग बनाकर पर्व को मनाया जाना है भीड़.भाड़ एकत्रित नहीं करनी है ए मास्क व सैनिटाइजर का प्रयोग के साथ लोगों को 2 गज की दूरी बनाकर घाट पर पूजा करने के लिए जाएं। साथ ही संबंधित अधिकारियों को नदीए तालाबों में बैरिकेडिंगए साफसफाईए गोताखोरों की मुकम्मल व्यवस्था को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा अभियान चलाकर गड्ढा मुक्ति का कार्य किया जा रहा है इस क्रम में छठ पर्व को लेकर जिन मार्ग पर गड्ढा है उसको तत्काल दुरुस्त करा लिया जाय। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोरोना वायरस अभी खत्म नहीं हुआ हैए इससे लोगों को बचना है 2 गज की दूरीए मास्क है जरूरी फार्मूला को अपनाना है। छठ पर्व को लेकर नदीए तालाबों के घाटों पर कम से कम लोग रहे यह सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान कुल 100 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआए जिसमें 09 का मौके पर निस्तारण किया गया। उपजिलाधिकारी सकलडीहा प्रदीप कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी आरके मिश्रा, जिला विकास अधिकारी पदम कांत शुक्लाए परियोजना अधिकारी सुशील कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी ब्रमचारी दुबे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेन्द्र प्रताप सिंह,उप निदेशक कृषि राजीव कुमार, समाज कल्याण अधिकारी आरके सिंह सहित खंड विकास अधिकारी, पुलिस व प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

## स्नातक व शिक्षक चुनाव को लेकर भाजपा ने की तैयारी बैठक

**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक लाइन बाजार स्थित कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह की अध्यक्षता में आगामी स्नातक और शिक्षक चुनाव को लेकर हुई। इस मौके पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष काशी क्षेत्र धर्मेन्द्र सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि विधान परिषद हमारा उच्च सदन है। हमारा विधानसभा में बहुमत के बाद भी अगर विधान परिषद में बहुमत नहीं होगा तो बहुत से कानून और बिल हम चाहकर भी पास नहीं करा पाते हैंए इसलिये आप लोग लगकर स्नातक के भाजपा से प्रत्याशी और शिक्षक से भाजपा समर्थित प्रत्याशी को प्रथम वरीयता का मत देकर सदन में भेजें। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव, पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रताप सिंह,स्नातक चुनाव के संयोजक सुरेन्द्र सिंघानिया, शिक्षक चुनाव के संयोजक अमित श्रीवास्तव, सुधाकर उपाध्याय, पीयूष गुप्ताए रामसूरत बिन्द, अशोक मौय, अवधेश यादव, राज पटेल, अभय राय, आमोद सिंह, शाहगंज नगर पालिका की अध्यक्ष गीता जायसवालए प्रदीप जायसवालए ब्लाक प्रमुख सजल सिंहए श्याम मोहन अग्रवालए राजकुमार जायसवालए अनिल गुप्ताए प्रशांत सिंहए सिद्धार्थ रायए शुभम मौर्य सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 73वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 5 दिसंबर को वर्चुअल में होगा

**जौनपुर।** सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से इस वर्ष का 73वां वार्षिक निरंकार संत समागम वर्चुअल रूप में आगामी 5ए 6ए 7 दिसम्बर को होगा। कोरोना वायरस के संक्रमण को लेकर भारत सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुये यह आयोजन होगा जिसे विश्व भर के लाखों श्रद्धालु घर बैठे ऑनलाइन देख सकेंगे। निरंकारी मिशन के इतिहास में ऐसा पहली बार होने जा रहा है कि वार्षिक निरंकारी संत समागम वर्चुअल रूप में होगा। सम्पूर्ण समागम का वर्चुअल प्रसारण मिशन की वेबसाइट पर 5ए 6ए 7 दिसम्बर को प्रस्तुत किया जायेगा। इसके अतिरिक्त यह समागम संस्कार टीवी चैनल पर तीनों दिन सायं 5:30 से रात्रि 9 बजे तक प्रसारित किया जायेगा। इस वर्ष निरंकारी समागम का मुख्य विषय स्थिरताष् है। इस आशय की जानकारी संत निरंकारी मण्डल के जोनल इंचार्ज मानिक चन्द तिवारी के हवाले से मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने दी है।

# पीड़ित व्यक्ति को त्वरित न्याय दिलाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी : डीएम

**संवाददाता। सिद्धार्थनगर**

**शासन** की मंशा के अनुरूप गरीबोंए असहायों को उचित एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। किसी भी पीड़ित व्यक्ति को उचित,त्वरित न्याय दिलाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। उक्त बातें जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कही। वह मंगलवार को नौगढ़ तहसील में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतकर्ता को पर्ची दी जाए तथा शिकायत का निस्तारण करने के पश्चात शिकायतकर्ता से फोन पर निस्तारित की गयी शिकायत के संबध में जानकारी प्राप्त किया जाये। जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक राम अभिलाष त्रिपाठी की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस में सभी की थर्मल स्कैनिंग की गयी तथा सोशल डिस्टेसिंग के साथ तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। तहसील समाधान दिवस में कुल 112 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। जिसमें राजस्व 92, पुलिस विभाग से सम्बन्धित3, विकास से सम्बन्धित 2, स्वास्थ्य से सम्बंधित 1 तथा अन्य.14 प्रार्थनापत्र प्रस्तुत हुए। राजस्व के 6 मामले मौके पर ही निस्तारित करा दिया गया। तहसील दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शतप्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर विकास कश्यप, पीडी सन्त कुमार, उपकृषि निदेशक लालबहादुर यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायण मौर्य, जिला कृषि अधिकारी सीपी सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा ज्ञान प्रकाश, जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्र, जिला दिव्यांग जनसशक्तीकरण अधिकारी,जाजुल हक, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुभांगी कुलकर्णी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विकास, तहसील नौगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान शुरूः उपजिलाधिकारी

**जौनपुर।** जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश सिंह के नेतृत्व में विधानसभा निर्वाचक नामावली विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान शुरू हुआ। मतदान केन्द्रों पर आलेख मतदाता सूची का प्रकाशन हुआ। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में उपजिलाधिकारी सदर नितीश सिंह ने मतदाता बनने हेतु फार्म वितरित करतें हुए किया तथा बताया कि दावे व आपत्तियां 15 दिसम्बर तक प्राप्त किए जायेंगे जिसके अन्तर्गत 1 जनवरी 2021 को जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो रही हैं, वे या जिनका नाम मतदाता सूची में छूट गया हैए वह फार्म 6 भरकर वोटर बनने हेतु आवेदन कर सकते हैं। मृतक, शिफ्टेड, डबल मतदाता का नाम काटने के लिए फार्म 7 तथा नाम में त्रुटि सुधार हेतु फार्म 8 भर सकते हैं। इस कार्य के लिए अपने क्षेत्र के बीएलओ से सम्पर्क करें या वोटर पोर्टल पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पुनरीक्षण का विशेष कार्यक्रम 22ए 28 नवम्बर एवं 5 व 13 दिसम्बर को रखा गया है। दावे और आपत्तियों का निस्तारण 5 जनवरी को किया जायेगा। 14 जनवरी तक पूरक मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

## धर्मा देवी महाविद्यालय में रास सांसद सीमा का अभिनन्दन

**मुंगराबाद, शाहपुर, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के पंवारा में स्थित धर्मा देवी महाविद्यालय में नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी का अभिनन्दन समारोह प्रबन्धक राजेश तिवारी द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पद से सीमा द्विवेदी ने कहा कि आप सबके प्यार और आशीर्वाद के बल पर और पार्टी के प्रति की गयी निष्ठापूर्वक सेवा के फ्लस्वरूप ही पार्टी द्वारा आपके क्षेत्र की इस बहू और बेटी को इतना बड़ा सम्मान मिला है। इसके असली हकदार तो आप सब ही हैं। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी मनोज तिवारी ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमारे बीच की पूर्व विधायक सीमा द्विवेदी को केन्द्र सरकार द्वारा राज्यसभा सांसद बनाकर हमारे जनपद को एक उपहार प्रदान किया गया है। स्वागत भाषण करते हुए प्रणवम स्कूल ऑफ चिल्ड्रेन आर्ट्स के प्रबन्धक डाण् प्रमोद केण् सिंह ने कहा कि हम सबके बीच में रहने वाली हमारे क्षेत्र की पूर्व विधायक सीमा द्विवेदी ने राज्यसभा सांसद के रूप में निर्वाचित होकर हम सभी का ही नहीए वरन् समूचे जनपद सहित पूरे पूर्वांचल का सम्मान बढ़ाया है। समारोह के आयोजक एवं महाविद्यालय के प्रबन्धक राजेश तिवारी ने कहा कि पूर्व विधायक सीमा द्विवेदी पहले भी हमारे क्षेत्र की गौरव थीं और राज्यसभा सांसद के रूप में उन्होंने सभी का सम्मान एक बार फिर बढ़ाया है। समारोह का संचालन वरिष्ठ समाजसेवी फूलचन्द्र दुबे ने किया। इस अवसर पर जनार्दन तिवारीए ध्रुव द्विवेदीए डाण् चन्द्रा वर्मा प्राचार्यए समर्थ त्रिपाठीए कार्तिकेय त्रिपाठीए घनश्याम मिश्राए अशोक श्रीवास्तव एडवोकेटए रमेश श्रीवास्तवए प्रमोद तिवारीए सुरेश द्विवेदीए भोला पाण्डेयए कृष्ण कुमार पाण्डेय पत्रकार समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## भैया दूज पर बहनों ने की भाइयों के लिए दीर्घायु की कामना



**संवाददाता। मऊ**

**भाई** की दीर्घायु के लिये की कामना पर्वों की त्रिवेणी के अवसर पर भैया दूज व्रत का पालन करती हुई कुमारी कन्याओं एवं महिलाओं ने अपने भाइयों के दीर्घ जीवन की कामना की। बहनों ने भाई को तिलक लगाए और उनकी लंबी आयु हेतु कपास व सरपत के झुरमुटों में गांठें बांधने की परंपरा का पालन किया। यथासंभव भाई भी अपनी विवाहिता बहनों के घर जाकर भोजन किए तथा उन्हें उपहार भेंट किए। अनेक भाई.बहन भैयादूज पर यमुना नदी में एक साथ स्नान करने की परंपरा निभाने के लिए एक दिन पूर्व ही मथुरा के लिए प्रस्थान कर चुके थे। मान्यता है कि यमुना में भाई,बहनों के एक साथ स्नान करने से दोनों परिवारों का कल्याण होता है तथा रिश्तों की माधुर्यता एवं आयु में वृद्धि होती है। लोकरीतियों के अनुसार बहनों ने पहले अपने भाइयों को श्राप दियाए फिर इसके प्रायश्चित लिए अपनी जीभ को कांटों से छेदा और फिर दीर्घायु के लिए भगवान से प्रार्थना की। इसी दिन पिड़िया व्रत के लिए भी बहनों ने पिड़िया बनाकर रखा।

## फुटबाल प्रतियोगिता में दिखाया दम

### खेल से होता है शारीरिक व मानसिक विकास

**संवाददाता। मऊ**



**नगर** क्षेत्र के बंधा ईदगाह मैदान पर फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला उपाध्यक्ष व एमएए फाउण्डेशन के चेयरमैन जमाल अख्तर अर्पण ने फुटबाल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। फुटबाल प्रतियोगिता के शुभारम्भ के दौरान मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला उपाध्यक्ष व एमएए फाउण्डेशन के चेयरमैन जमाल अख्तर अर्पण ने कहा कि आज के मशीनीकरण के युग में खेल प्रतियोगिताओं का होना बहुत ही आवश्यक है। कहा कि फुटबाल खेलने से जहां मनुष्य का शारीरिक विकास होता हैए वहीं मानसिक रुप से ही मनुष्य तनाव मुक्त रहता है। उन्होंने होनहार युवा खिलाड़ियों को अपनी तरफ से पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता भरत लाल राही ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं का हमेशा आयोजन किया जाना चाहिए। खेल प्रतियोगिता से खिलाड़ी पूरी तरह से तंदुरुस्त रहता है और देश एवं समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकता है।

## मिर्गी कोई दैवीय प्रताड़ना नहीं, बल्कि न्यूरोलॉजिकल डिसआर्डर है: डॉ. हरिनाथ



**जौनपुर।** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व भर में मिर्गी से हर 50 लोगों में से 1 व्यक्ति पीड़ित है। इस आंकड़े के अनुसार भारत में 3 करोड़ लोगों को यह बीमारी है। खास बात यह है कि इनमें केवल 2.7 लाख लोग ही उपचार के लिये पहुंचते हैं। उक्त बातें वरिष्ठ मानसिक रोग एवं न्यूरो फिजीशियन डाण् हरिनाथ यादव ने राष्ट्रीय मिर्गी दिवस पर आयोजित गोष्ठी में कही। नगर के नईगंज में स्थित श्री कृष्णा न्यूरो एवं मानसिक चिकित्सालय में आयोजित जनजागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच उन्होंने कहा कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य यह है कि मिर्गी से पीड़ितों के साथ उनके परिजनों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना है। मिर्गी कोई दैवीय प्रताड़ना नहीं हैए बल्कि यह एक न्यूरो लॉजिकल डिसआर्डर है जिसमें मस्तिष्क में तंत्रिका कोशिका की गतिविधि बाधित हो जाती है।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 18 नवंबर 2020



## गैंगस्टर एक्ट के आरोपी पर कुर्की की कारवाई

**बाराबंकी**। रामसनेही घाट तहसील क्षेत्र के कोटवा सड़क में मंगलवार को गैंगस्टर एक्ट के आरोपी पर कुर्की की कार्रवाई की गई इस दौरान तहसील प्रशासन के साथ-साथ कोतवाली पुलिस भी मौजूद रही। विदित हो की जय प्रकाश पाठक उर्फ किन्नी पाठक पुत्र मथुरा प्रसाद पाठक निवासी कोटवा सड़क पर कई मुकदमें दर्ज होने के साथ.साथ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा भी दर्ज है । जिसके क्रम में मंगलवार को जिलाधिकारी के आदेश पर 82 की कार्रवाई की गई। इस दौरान तहसील प्रशासन के साथ.साथ थाने के पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुसार 30 लाख की व तहसील प्रशासन राम सनेही घाट अनुसार चल अचल संपत्ति दोनो मिलाकर 31 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क किया गया। कुर्की की कार्रवाई के दौरान तहसीलदार तपन मिश्रा, सीओ पंकज कुमार सिंह, कोतवाल सच्चिदानंद राय, चौकी प्रभारी विजय बहादुर पांडेय, कानूनगो श्रीनिवास त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## चोरी की घटना का नहीं हुआ खुलासा

**बाराबंकी**। डिवाइन ग्रीन कालोनी के कई घरों में एक ही रात हुई लाखो की चोरी का 72 घण्टे बीत जाने के बावजूद कोतवाली पुलिस खुलासा नहीं कर पायी है। ऐसे में लोगों का जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है। मालूम हो कि नगर कोतवाली क्षेत्र में स्थित डिवाइन ग्रीन कालोनी में अज्ञात चोरों ने तब मंगल पर अमंगल कर दिया था, जब कालोनी के चार लोग अपना अपना मकान बंद कर दीपावली मनाने के लिए गांव गये थे। पीड़ितों को घटना की जानकारी तब हुई थी, जब पड़ोसियों ने इसकी सूचना दी थी। अगले दिन पहुंचे पीड़ित अमित पाण्डे ने बताया था किउसके घर से लाखो की नगदी व सोने चाँदी के जेवरात नदारत है। इतना ही नही कालोनी मे रहने वाले डा. कौशलेन्द्र मौर्या, पंकज वर्मा एवं श्रीप्रकाश तिवारी ने भी लाखों के जेवरात गायब होने की पुलिस को सूचना दी थी। बावजूद इसके पुलिस ना तो चोरों का पता लगा सकी है और ना ही चोरी हुआ सामान ही बरामद करने मे सफलता पायी है, जबकि घटना को 72 घण्टे से अधिक बीत गये है।

## पीस पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

**बाराबंकी**। पीस पार्टी बाराबंकी के पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार द्वारा 4000 उर्दू शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में हो रहे अवैधानिक विलम्ब को समाप्त कराकर भर्ती प्रक्रिया को अभिलंब पूर्ण कराने तथा उर्दू शिक्षक आवेदकों के साथ किए जा रहे भेदभाव, अन्याय व उत्पीड़न को रोके जाने के संबंध में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से भेजा गया। ज्ञापन देने वालों में दुष्यंत सिंह चंदेल प्रदेश सचिव, शरीफुल हक, युवा जिला अध्यक्ष पीस पार्टी, मो इमरान कुरैशी, रफीक सलमानी, मुसीब उर रहमान, डॉक्टर हसीब जरा, डॉक्टर गुफरान आदि लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में छह अपराधी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़**। जनपद के थाना फतनपुर से प्रभारी निरीक्षक गणेश प्रसाद सिंह मय हमराह द्वारा फतनपुर के दूबे ढ़ाबा पूरेबदल के पास से पुलिस मुठभेड़ में बोलेरो वाहन में सवार छह शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से दो तमन्चा 315 बोर, पांच कारतूस व घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन को बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि सदाशिव दुबे की रिश्तेदारी में पड़ोसियों द्वारा परेशान किया जाता है। उन्ही को सबक सिखाने की नीयत से जा रहे थे।

## पूर्व उप प्रमुख को मातृ शोक

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। रामपुर संग्रामगढ़ विकासखण्ड के पूर्व उप प्रमुख भुवनेश्वर शुक्ल की माता रामपियारी देवी (98 वर्ष) के आकस्मिक निधन पर प्रधानों तथा बीडीसी सदस्यों ने शोक जताया है। वहीं कांग्रेस वर्किग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी तथा पार्टी विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी रामपियारी के निधन पर परिजनों से संवेदना जताई है। कैम्प कार्यालय पर हुई बैठक मे प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, जिपंस पुष्पा देवी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, महासचिव रवींद्र मिश्र, महन्थ दुबे, डा. चंद्रेश सिंह, पं. रमाशंकर शुक्ल, प्रधान कल्लू पाण्डेय, गुडडू द्विवेदी, सुनील त्रिपाठी, राकेश चतुर्वेदी, लालजी यादव, अवधेश सिंह, राम नारायण द्विवेदी, शीतला प्रसाद दुबे, पप्पू तिवारी, छोटेलाल सरोज, श्रीकांत मिश्र आदि रहे।

## 10 लीटर शराब के साथ एक को पकड़ा

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। कोतवाली पुलिस ने 10 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी को धर दबोचा। पुलिस ने नेशनल हाइवे के तिना दुबान मोड पर शंका होने पर एक आरोपी को टोका तो वह भागने लगा। पुलिस की गिरफ्त मे आये तिना निवासी श्यामलाल सरोज की तलाशी लेने पर उसके पास से 10 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम का केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

## 11 किलो पोस्ते के छिलके के साथ दो गिरफ्तार

**बाराबंकी**। सफदरगंज पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर अपने थाने में ही स्थित कल्याणी नदी के पुल से दो तस्करों को तस्करी के लिये ले जाये जा रहे 11 किलो पोस्ते के छिलके के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है। इनके ऊपर एनडीपीएस की धाराओं में केस दर्ज करके जेल भेज दिया जा रहा है। पुलिस की गिरफ्त में आये दोनो ही तस्कर कोठी व असन्द्रा थाने के निवासी बताये जा रहे हैं।

## छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली

**बरेठी**। बरेठी स्थिति महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज में बुधवार को आश्रय वेलफेयर फॉउन्डेशन लखनऊ के सौजन्य से विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा दुंदपुरवा चौराहे से बरेठी गांव तक सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकालकर यात्रियों को सुरक्षित यात्रा करने सम्बन्धी जानकारी दी जाएगी। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रबन्धक योगेंद्र बहादुर सिंह विसेन ने दी।

## बाला साहेब को किया गया याद

**बाराबंकी**। कभी चुनाव ना लड़ने पर भी सदैव किंग मेकर की भूमिका निभाने वाले कटटर हिंदूवादी नेता एवं शिवसेना के संस्थापक बाला साहब ठाकरे की पुण्यतिथि पर शिवसेना उत्तर प्रदेश महासचिव किशन लाल रावत के कार्यालय पर बाला साहब ठाकरे के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव किशन लाल रावत ने बालासाहेब को याद करते हुए कहा कि बाला साहेब ठाकरे को कट्टर हिंदूवादी नेता और बाबरी विध्वंस के लिए कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। बाला साहेब ठाकरे ही एक मात्र ऐसे नेता थे जो सदैव जानता की मदद के लिए तैयार रहते थे। शिव सेना बाला साहेब ठाकरे के पद चिन्हों पर चलते हुए उन्हें सदैव जीवित रखेगी। बाला साहेब ठाकरे की पुण्यतिथि पर जिला महासचिव श्रवण रावत, जिला प्रवक्ता अनुज दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष ननकऊ रावत, श्रीकृष्ण वर्मा, चेतराम वर्मा, राजेन्द्र रावत, अतुल दीक्षित, जीत कुमार अवस्थी, अजय शुक्ला आदि लोग शामिल हुए।

## आधार कार्ड बनाने में की जा रही वसूली

मुसाफिरखाना (**अमेठी**)। स्थानीय तहसील मुख्यालय स्थित डाकघर में विभागीय अधिकारियों की मनमानी नीति के चलते आधार कार्ड बनवाने व संशोधन के लिए गरीब दर दर की ठोकरें खाने को विवश है। कुछ लोग महीने से चक्कर लगा रहे हैं, वहीं कुछ लोगों का काम उच्चाधिकारी की कृपा से मिनटों में हो रहा है । शासन के निर्देश के बाद किसी भी स्तर की शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड आवश्यक हो गया है। आधार कार्ड में संशोधन लोगों के सामने बड़ी चुनौती के रूप में सामने आ रही है। लोगों की सुविधा हेतु स्थानीय डाकघर ग्रामीण बैंक स्टेट बैंक व सिंडीकेट बैंक में आधार कार्ड की सुविधा प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई है, किन्तु कतिपय कारणों से बैंकों में आधार कार्ड से सम्बन्धित कार्य बाधित होने के कारण डाकघर ही एकमात्र सहारा बचा है। आधार कार्ड संशोधन नया बनाने के लिए पहले से ही बुकिंग करवानी पड़ती है । टोकन बांट कर बुलाया जाने की व्यवस्था दी गई है ।किन्तु विभागीय कर्मियों की मिलीभगत से सिर्फपहुंच व सुविधा के सहारे ही आधार कार्ड का कार्य होता दिख रहा है। लोग टोकन लेकर महीने भर चक्कर लगाने को विवश है । दादरा निवासी प्रदीप अपने आधार कार्ड में संशोधन व अपनी भतीजी का नया आधार बनाने के लिए महीने भर से चक्कर लगाने को विवश हो।

# लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाएं युवा: जिलाधिकारी

### मतदाता पंजीकरण का साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में हुआ शुभारम्भ

संवाददाता। प्रतापगढ़



**निर्वाचन** आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण के सम्बन्ध में साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार द्वारा मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कालेज की छात्राओं, स्टाफ एवं आमजन मानस को कहा कि युवा मतदाताओं के मतदान करने से लोकतंत्र मजबूत होगा। जो युवा एक जनवरी 2021 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेगें वह अपना नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से अंकित कराएं और भविष्य में होने वाले चुनाव में मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि आपके मताधिकार से ही प्रत्याशी के भाग्य का फैसला होगा इसलिये मतदान करते समय किसी भी प्रत्याशी के भय या प्रलोभन में आकर अपने मतदान का दुरूपयोग कदापि न करें और निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची में जिन मतदाताओं का नाम त्रुटिपूर्ण अंकित हो गया है इस दौरान वह अपने त्रुटिपूर्ण नाम का संशोधन भी करा सकते है। आवेदन फार्म को सम्बन्धित पोलिंग बूथ के बूथ लेविल अधिकारी के पास, तहसील स्थित मतदाता पंजीकरण केन्द्र पर एवं इसके अतिरिक्त पर आनलाइन आवेदन भी कर सकते है। उन्होने बताया कि आयोग द्वारा दावे और आपत्तियां प्राप्त करने का विशेष अभियान 22 नवम्बर, 28 नवम्बर, पांच दिसम्बर एवं 13 दिसम्बर को चलाया जाएगा जिसके अन्तर्गत सभी बीएलओ अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं को मतदाता सूची दिखायेगें और उनकी समस्याओं का समाधान करेगें। इस दौरान उन्होने समस्त छात्राओं एवं स्टाफ से अपील करते हुये कहा कि इस कार्यक्रम को गति प्रदान करने में वह पूर्ण रूप से सहयोग करें और समाज में, परिवार में, मोहल्ले में इस बात को बताएं कि जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं शामिल है, वह तत्काल अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करवाएं और अभियान को सफल बनाएं।

# महिलाओं के प्रति सम्मानजनक शब्दों का प्रयोग करें: एसीएमओ

संवाददाता। अमेठी

**महिलाओं** के सम्मान की रक्षा के लिए जनपद में बनाई गई आंतरिक शिकायत कमेटी की बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर के सभागार में व्यापक विचार-विमर्श के साथ संपन्न हुई। बैठक में इस बात पर सहमत व्यक्त की गई कि कार्यालय में कार्यरत सभी महिला कर्मचारी अधिकारी अवश्य उपस्थिति रहे। कार्यालय के सभी कर्मचारी और अधिकारी विशाखा गाइडलाइन के प्रति जागरूक रहे। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व उपाध्यक्ष आईसीसी डॉ नवीन मिश्रा ने कहा की सर्वप्रथम सभी को अपने कार्य व्यवहार व आदतो मे महिलाओं के प्रति सम्मान जनक शब्दो का प्रयोग करना चाहिए, यौन उत्पीड़न संविधान मे निहित मौलिक अधिकारों का उल्लघंन है इसके साथ ही इसके कुछ मामले स्वतंत्रता के अधिकार उल्लंघन के तहत मे आते है । कमेटी की अध्यक्ष स्नेहिल चौधरी ने बताया कि बैठक में कार्यालय में कार्यरत पुरुष कर्मचारी को भी आमंत्रित किया जाना चाहिए जिससे कमेटी के उद्देश्य तथा महिला अधिकारो के प्रति जागरूक किया जा सके। जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शालू गुप्ता 2013 मे सेक्सुअल है। रेसमेंट आफ वोमेन एट वर्क प्लेस एक्ट पर चर्चा करते हुए कार्य स्थल पर विशाखा गाइडलाइन के अनुरूप महिला अधिकारों को सुनिश्चित करते हुए समानता व यौन उत्पीड़न से युक्त कार्य स्थल बनाने के प्रवाधानों पर प्रकाश डाला। साथ ही सरकार द्वारा संचालित किये जा रहे मिशन शक्ति अभियान पर चर्चा की गई ।

# क्रय केन्द्रों पर बोरे की किल्लत देख एसडीएम का चढ़ा पारा

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। धान क्रय केन्द्रों पर बोरे की किल्लत देखकर एसडीएम का पारा चढ़ गया। नाराज एसडीएम ने क्रय केंद्र प्रभारियों को फटकार लगाते हुए अविलंब खरीद के लिए किसानों को बोरों को उपलब्ध कराये जाने के कड़े निर्देश दिये। एसडीएम राम नारायण ने लालगंज के खानापटटी तथा कौशिल्यापुर व सांगीपुर मे संचालित धान क्रय केंद्रो का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ऋय केन्द्रो पर खरीद के लिए बोरे नही पाये गये। इस पर एसडीएम का पारा चढ़ गया। एसडीएम ने केंद्र प्रभारियो को कर्रा करते हुए बोरों को फौरन उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। वही एसडीएम ने ऋय केन्द्रो पर कोविड-19 को देखते हुए किसानो के लिए हाथ धुलने के लिए पानी तथा साबुन आदि की व्यवस्था मे भी लापरवाही देख नाराजगी जताई। एसडीएम राम नारायण ने लालगंज के ऋय केंद्र प्रभारी बीके सिंह को प्रत्येक दशा मे खरीद को प्रभावी बनाए जाने के लिए किसानों के धान की फसल शीघ्र क्रय कराए जाने को कहा। एसडीएम ने केंद्र प्रभारी को क्रय केंद्र पर लापरवाही व खामियो के चलते फ्टकार भी लगाई। इधर आकस्मिक भ्रमण मे एसडीएम ने खतौनी के कन्वर्जन के तहत सत्यापन अभियान को लेकर भी लापरवाही पर लेखपालो तथा राजस्व निरीक्षको को फ्टकार लगाई। एसडीएम ने लेखपालों तथा राजस्व निरीक्षकों की लापरवाही पर तहसीलदार को जबाबदेह ठहराते हुए अभियान की प्रगति को लेकर चेतावनी पत्र भी निर्गत किया है।

## प्रधान व उनके पुत्रों सहित पंचायत सचिव पर मुकदमा दर्ज

सिरौलीगौसपुर (**बाराबंकी**)। न्यायालय के आदेश पर प्रधान व उनके पुत्रों व तत्कालीन पंचायत सचिव के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के किंतूर ग्राम पंचायत के प्रधान आजाद हकीम तथा उनके दो पुत्रों व तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। गांव के ही अवनीश कुमार ने न्यायालय में शिकायत करके बताया था कि मिट्टी पटाने के नाम पर लाखों रुपये की चेक ग्राम प्रधान ने अपने पुत्रो सलमान एंव सुफ्यिान के नाम काट कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया है। जो नियम विरुद्ध है शिकायत में यह भी कहा गया है कि वर्ष 2018 -19 में विकास कार्य व निर्माण कार्य फर्जी दिखाकर धनराशि हड़पी गई है।

# धांधली से नाराज किसानों ने जिला मुख्यालय पर डाला डेरा

संवाददाता। बाराबंकी



**धान** खरीद मे धाधली का आरोप लगाकर सैकड़ों किसान मंगलवार के धान लदी टैक्टर समेत जिला मुख्यालय आ धमके, जिससे असहज स्थिति उत्पन्न हो गयी। प्रशासन ने वार्ता किन्तु बेनतीजा रही। किसान अब भी अपनी मांगो पर अड़े हुए है जिससे प्रशासन को इस ठण्ड मे भी पसीना आ रहा है।

विदित हो कि भारतीय किसान यूनियन भानु के प्रदेश प्रभारी आसू चौधरी समेत यूनियन पदाधिकारियो ने गत दिनो कोठी थाना क्षेत्र स्थित एक ऋय केन्द्र पर धान खरीद में बड़े पैमाने पर धांधली पकड़ी थी। यहां दिन के बजाय रात के अधियारे मे खरीद की जा रही थी। कारवाई के आश्वासन पर पदाधिकारियों ने मामला शान्त करा दिया था। बावजूद इसके जब धांधली पर रोक नहीं लगी तब भाकियू भानु के पदाधिकारी आक्रोशित हो गए।

मंगलवार को सैकड़ो किसान प्रदेश प्रभारी के नेतृत्व मे धान लादकर ट्रैक्टर ट्राली समेत जिला मुख्यालय आ धमके और सड़को की दोनों पटरियों पर आड़ी तिरछी ट्रैक्टर ट्राली खड़ी कर गन्ना संस्थान परिसर मे धरने पर बैठ गये। धीरे-धीरे टैक्टर ट्राली समेत किसानों की संख्या सैकड़ों में पहुच गयी। जिससे अफरा तफरी फैल गयी और जिला कलेक्ट्रेट जाने वाले मार्ग पर भी जाम जैसी स्थिति बन आयी। यह देख प्रशासन के भी होश उड़ गए। आनन फानन मे जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सदर अभय कुमार पाण्डेय ने धरना स्थल पहुचकर किसान प्रतिनिधियों से वार्ता की, किन्तु वार्ता बेनतीजा निकली।

# शिकायतों का निस्तारण शीघ्र करें: डीएम

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 76 प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए

संवाददाता। ललितपुर

**जिलाधिकारी** ललितपुर ए. दिनेशकुमार की अध्यक्षता में तहसील महरौनी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कोविड-19 की गाइड लाइन के अंतर्गत किया गया। मौके पर तहसील में आये फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। साथ ही उनके प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देश दिये गए कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों एवं आईजीआरएस की शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 76 प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए जिसमें राजस्व विभाग के 22 पुलिस विभाग के 14 विकास विभाग के पांच समाज कल्याण के दो शिक्षा विभाग का एक तथा अन्य विभागों के 32 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से तीन शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। तहसील मडावरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के पांच, पुलिस के पांच पूर्ति के तीन, विद्युत के छह, तथा चकबंदी के दो शिकायती पत्र प्राप्त हुए। तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 26 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें राजस्व विभाग के 11 विद्युत विभाग के छह पुलिस विभाग के तीन तथा अन्य विभागों के छह शिकायती पत्र प्राप्त हुए हैं।

तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें राजस्व विभाग के 11, पुलिस विभाग के चार, विकास विभाग के चार तथा विद्युत विभाग के दो प्रार्थना पत्र प्राप्त हुएण् जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 46 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें राजस्व विभाग के 21 पुलिस विभाग के 13विद्युत विभाग के चार, विकास विभाग के दो तथा अन्य विभागों के छह शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अंत में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाले शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना जाए, साथ ही शिकायत के सम्बंध में शिकायतकर्ताओं से चर्चा की जाए। शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पुलिस अधीक्षक कैप्टन एमएम बेग, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार पाण्डेय, उप जिलाधिकारी महरौनी मो. कमर, उप निदेशक कृषि संतोष कुमार, जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव, जिला सूचना अधिकारी पीयूष चंद्र राय के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता ने सुरक्षा को लेकर एसपी से की फरियाद

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। भूमिधरी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर आरोपियो द्वारा अधिवक्ता के साथ गाली-गलौज व मारपीट की धमकी को लेकर जेठवारा पुलिस पर कार्रवाई ना किये जाने से साथी अधिवक्ताओ मे मंगलवार को आक्रोश देखा गया। पुलिस की लापरवाही को लेकर पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र भेजकर जहां कार्रवाई की फरियाद की है। वहीं तहसील के अधिवक्ताओं ने भी लालगंज एसडीएम से मिलकर अधिवक्ता की सुरक्षा की आवाज उठाई है। जेठवारा थाना के धनसारी जूडापुर निवासिनी किरण बाला सिंह अधिवक्ता है। पीडित अधिवक्ता किरण बाला सिंह ने एसपी को दिये गये शिकायती पत्र मे कहा है कि उसकी भूमिधरी जमीन पर नापजोख के बावजूद विपक्षी जुताई मे बाधा पहुंचा रहे है। दबंग आरोपी महिला अधिवक्ता को लाठी डंडे से लैस होकर गालीगलौज करते जानलेवा धमकी दे चुके है।

# एमएलसी स्नातक क्षेत्र के प्रत्याशी कर रहे हैं जनसम्पर्क

**ललितपुर**। इलाहाबाद झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डा. मानसिंह यादव (निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा उप्र) ने ललितपुर-झांसी क्षेत्र का दौरा कर स्नातक मतदाताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने स्नातक मतदाताओं से आह्वान किया कि शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार कार्य करने का अनुभव समाजवादी पार्टी में निहित है। उन्होंने कहा कि युवाओं को तरजीह देने वाली समाजवादी पार्टी से उन्हें एमएलसी स्नातक क्षेत्र निर्वाचन में प्रत्याशी बनाया गया है। स्नातक मतदाता युवाओं से उन्होंने नाम के सामने एक लिखकर भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया।

समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डाण्रामकरन निर्मल ने कहा कि शिक्षकों, स्नातक व उच्च शिक्षा के बेरोजगार युवाओं, वित्तविहीन विद्यालय, शिक्षामित्रों, राज्य कर्मचारियों, अधिवक्ता, अनुदेशक, उर्दू शिक्षक, शिक्षा प्रेरक, कम्प्यूटर शिक्षक, आंगनबाड़ी सहित सभी वर्गों के हितार्थ नीति व नियम प्रभावी तरीके से लागू कराते हुये जनकल्याण की भावना से कार्य किया जायेगा। इसलिए उन्होंने समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी डा. मानसिंह यादव को इलाहाबाद झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से चुनने का आहवान स्नातक मतदाताओं से किया। सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव एडण् ने कहा कि ललितपुर में स्नातक मतदाताओं से सघन जनसम्पर्क किया जा रहा है। उन्होंने समाजवादी पार्टी की स्पष्टवादी विचारधारा से स्नातक मतदाताओं का रूझान समाजवादी पार्टी प्रत्याशी की ओर तेजी से बढ़ा है। उन्होंने स्नातक मतदाताओं से भविष्य को ध्यान में रखते हुये समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी डाण्मानसिंह यादव के नाम के आगे एक लिखकर भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। इस दौरान शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि स्नातक क्षेत्र के युवा मतदाताओं में खासा जोश देखा जा रहा है। जनसम्पर्क के दौरान स्नातक मतदाता समाजवादी पार्टी के कार्यों से प्रभावित है।

# वर्चस्व को लेकर एक युवक पर पिस्टल से फायर झोंका

### पिस्टल समेत आरोपी धराया, दिनदहाड़े गोली चलने से गांव में भय व दहशत का माहौल

संवाददाता। लालगंज (प्रतापगढ़)

**वर्चस्व** व दहशत कायम करने को लेकर आरोपी ने सरेआम युवक पर पिस्टल से जानलेवा फायर झोंक दिया। घटना की सूचना मिलते ही सांगीपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस गंभीर रूप से घायल को इलाज के लिए लालगंज सीएचसी ले आई। यहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे पुलिस की सुरक्षा के साथ इलाज के लिए प्रयागराज मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। युवक के कंधे पर लगी गोली के चलते अत्यधिक रक्तस्त्राव को लेकर उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई बताई जाती है। इधर पुलिस ने घायल के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस कर लिया है। पुलिस आरोपी को दबोचकर घटना के बाबत पूछताछ मे जुटी हुई है। सरेआम गोलीबारी की घटना को लेकर गांव तथा आसपास के इलाके मे भय व दहशत का माहौल भी बना हुआ दिखा। सांगीपुर थाना के वीरशाहपुर गांव मे मंगलवार की सुबह रामसजीवन वर्मा का पुत्र रमेश वर्मा (23 वर्ष) करीब साढे आठ बजे दरवाजे पर मंजन कर रहा था। इतने मे गांव का शिवम सिंह पिस्टल से लैस होकर रमेश के दरवाजे आ धमका। आरोपी शिवम ने रमेश को गाली देने लगा। रमेश ने जब आरोपी को गाली देने से मना किया तो आरोपी ने रमेश पर जानलेवा हमले के तहत पिस्टल से गोली चला दी। गोली रमेश के दायें कंधे मे लगी। गोली लगते ही रमेश घटनास्थल पर ही लहुलूहान होकर बेहोशी के चलते गिर गया।

## जिले में पुलिस ने चलाया जुआरियों के विरुद्ध व्यापक अभियान

संवाददाता। बाराबंकी

**जुआरियों** के विरुद्ध पुलिस ने जिले भर में चलाया व्यापक अभियान विभिन्न थानों की पुलिस ने 43 जुआरियों के ऊपर गैम्बलिंग एक्ट में कार्यवाई करते हुए एक लाख रुपये से अधिक की धनराशि को जब्त करके कार्रवाई की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कोतवाली नगर के बड़ेल चौकी के जयनगरी मे दरबारी समोसे के पीछे से जुआरियों की फड़ पर पुलिस ने छापा मारा, जिसमें तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार हजार रुपये व ताश पत्ते की गड्डी बरामद की है, वहीं नगर के ही राजकमल के पीछे से पुलिस ने छापा मारकर छह जुआरियों को पकड़कर 74 हजार नकद व 10 हजार रुपये जामा तलाशी में बरामद किया है। इन सभी पर भी पुलिस ने 13 गैम्बलिंग एक्ट मे कार्यवाई की है।

# निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू

### एक जनवरी को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले समस्त युवा मतदाता सूची में दर्ज कराएं अपना नाम

संवाददाता। अमेठी



**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज गौरीगंज स्थित मनीषी महिला महाविद्यालय में विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में जनपद अमेठी की समस्त विधानसभाओं की निर्वाचक नामावलियों का समय सारणी के अनुसार पुनरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण पूर्व एवं विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत 17 नवम्बर को एकीकृत निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन, 17 नवम्बर से 15 दिसम्बर दावे तथा आपत्तियों दाखिल करनाए 28 नवम्बर, पांच दिसम्बर, 22 नवम्बर व 13 दिसम्बर को पुनरीक्षण हेतु विशेष अभियान, पांच जनवरी 2021 को दावे व आपत्तियों का निस्तारणए 14 जनवरी को स्वास्थ्य मापदण्डों की जांच और अन्तिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति व अद्यतन डेटाबेस और पूरक सूचियों की छपाई तथा 15 जनवरी 2021 को निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि इस अवधि में अर्हता एक जनवरी 2021 के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नागरिक जिनका नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नही है तो उनका नाम फार्म-6 भरकर निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराया जायेगा।